माघ कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मुरादाबाद
शुक्रवार, 9 फरवरी 2024
वर्ष 4, अंक 320, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



जर्मनी में गिरा क्षुद्रग्रह, पृथ्वी से संबंधित मिलेगी जानकारी 16

झलक दिखला जा में शाहिद ने की अद्रिजा की तारीफ 15

एक नजर

दिल्ली में मेट्रो स्टेशन का हिस्सा ढहा, एक की मौत

नई दिल्ली। उत्तर-पूर्वी दिल्ली में पिंक लाइन पर गोकुलपुरी मेट्रो स्टेशन का एक हिस्सा गुरुवार को ढह गया जिससे 53 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने मृतक के परिजनों के लिए 25 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की है। इस घटना में स्टेशन के प्लेटफॉर्म की दीवार (पूर्वी तरफ) का एक हिस्सा सड़क पर गिर गया और इस दौरान व्यक्ति अपने स्कूटर पर सवार था। पुलिस ने मृतक की पहचान पास के करावल नगर इलाके की शहीद भगत सिंह कॉलोनी के रहने वाले विनोद कुमार के रूप में की है। डीएमआरसी गंभीर रूप से घायलों को पांच लाख और मामूली रूप से घायलों को एक लाख रुपये की सहायता राशि देगी। इस दुर्घटना के बाद दो अधिकारियों को भी निलंबित कर दिया गया है। बयान में कहा गया कि डीएमआरसी के एक प्रबंधक और सिविल विभाग के एक कनिष्ठ अभियंता को तत्काल रूप से निलंबित कर दिया गया है।

जालंधर में लॉरेंस बिश्नोई गैंग के 8 सदस्य गिरफ्तार

जालंधर। पंजाब के जालंधर में पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई गैंग के आठ सदस्यों को गिरफ्तार कर तीन पिस्तौल, 10 कारतूस, चार मैगजीन, एक मोटरसाइकिल, दो स्कूटर बरामद किए हैं। पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने गुरुवार को कहा कि जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने जबरन वसूली, फिरौती, धमकी और अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के आठ बदमाशों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस आयुक्त ने कहा कि 27 जनवरी, 2024 को कर्मा फैशन शोरूम के मालिक से 50 लाख रुपये मांगे थे।

हल्द्वानी में हिंसा, 3 की मौत के बाद कर्फ्यू

जिलाधिकारी ने दिए दंगाइयों को देखते ही गोली मारने के आदेश

बनभूलपुरा के मलिक के बगीचे में नजूल भूमि पर अवैध निर्माण हटाने गई थी टीम

पुलिस वाहन, सरकारी संपत्ति में लगाई आग पथराव में 250 से अधिक पुलिसकर्मी घायल

हालात काबू में करने को बुलाई गई आरएएफ

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : शहर के मुस्लिम बहुल बनभूलपुरा क्षेत्र के मलिक का बगीचा में नजूल भूमि पर बने मदरसा और मस्जिद ध्वस्त करने पर दंगा भड़क गया। उग्र भीड़ ने प्रशासन, नगर निगम टीम, पुलिस फोर्स और कवरेज कर रहे पत्रकारों पर पथराव व आगजनी कर दी। उग्र भीड़ ने बनभूलपुरा थाना फूंक दिया और दर्जनों बाइकों में आग लगा दी। अंधेरा होता ही फायरिंग और बमबाजी की घटनाएं भी सामने आई हैं। पथराव व आगजनी में 250 से ज्यादा पुलिसकर्मी, प्रशासनिक अधिकारी व लोग घायल हो गए। दंगे में तीन लोगों की मौत होने की पुष्टि हुई है। स्थिति पर नियंत्रण के लिए जिलाधिकारी ने दंगाइयों को देखते ही गोली मारने के आदेश दिए हैं। हालात पर काबू पाने के लिए देरशाम आरएएफ भी बुला ली गई है। एहतियातन पूरे शहर में कर्फ्यू लगा दिया गया है।

गुरुवार की शाम नगर निगम, प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम मलिक के बगीचे में नजूल भूमि पर निर्मित मदरसा और मस्जिद ध्वस्त करने पहुंची। जैसे ही अवैध निर्माण को ध्वस्त करने के लिए जेसीबी और नगर निगम कर्मी पहुंचे वैसे ही उग्र भीड़ ने उसे चारों तरफ से घेर लिया, नारेबाजी और धक्कामुक्की शुरू कर दी। महिलाएं भी घरों से निकल आईं और रास्ते में ही बैठ कर दुआ करने लगीं। पुलिस ने भीड़ को समझाने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं माने और बवाल शुरू कर दिया। भीड़ ने पुलिस की बैरिकेडिंग तोड़ दी। पुलिस ने भीड़ को शांत करने के लिए लाठियां फटकारी, लेकिन भीड़ बेकाबू हो गई। जैसे ही जेसीबी मदरसा व मस्जिद पर चलने लगी, चारों तरफ से पत्थरबाजी शुरू हो गई। पुलिस ने भीड़ को शांत करने के लिए कई राउंड आंसू गैस भी छोड़ी, लेकिन बवाल बढ़ता गया। जब तक आसपास के थानों से पुलिस फोर्स पहुंचती, तब तक हालात बेकाबू हो चुके थे। शाम को हल्का अंधेरा होने पर उग्र भीड़ ने पुलिस की गाड़ियों, बाइकों और बैरिकेड्स को आग के हवाले कर दिया। उग्र भीड़ ने बनभूलपुरा थाना भी फूंका दिया। देर शाम तमंचों से फायरिंग और बमबाजी की घटनाएं भी हुई हैं।

बनभूलपुरा में नगर निगम के ट्रैक्टर में आग लगाते बलवाई और सड़क पर बिखरे पड़े दंगाइयों द्वारा फेंके गए पत्थर।



दंगाइयों के पथराव के बीच मोर्चा संभाले पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

मुख्यमंत्री धामी ने बुलाई आपात बैठक

हल्द्वानी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बनभूलपुरा दंगे को लेकर उच्चस्तरीय बैठक बुलाई और पूरे घटनाक्रम की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने गुरुवार शाम को अपने आवास पर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार तथा अन्य उच्चाधिकारियों के साथ स्थिति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करते हुए अराजकतत्वों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए।

> नगर निगम व प्रशासन की टीम बनभूलपुरा में मलिक का बगीचा में नजूल भूमि पर निर्मित अवैध मदरसा और मस्जिद ध्वस्त करने गई थी। इस बीच उग्र भीड़ ने पुलिस फोर्स, प्रशासन, नगर निगम की टीम पर हमला कर दिया। आगजनी भी की गई। देर रात तक हालात को काबू करने के लिए पुलिस फोर्स मौके पर डटी हुई है। **-प्रहलाद नारायण मीणा,** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नैनीताल

दंगाइयों द्वारा फूंकी गई बाइक।

मृतकों में पिता-पुत्र भी

दंगे में तीन लोगों की मौत हो गई। खबर चार के मरने की है, लेकिन चौथे की पुष्टी नहीं है। गांधीनगर निवासी फईम (30) की गोली लगने से मौत हुई जबकि एक पिता-पुत्र की जान गई है। इसरार नाम के एक व्यक्ति की भी मौत की अपुष्ट सूचना है। जिलाधिकारी वंदना सिंह ने कहा कि दंगे में हुए नुकसान की भरपाई दंगाइयों से की जाएगी। उनके पोस्टर भी जारी किए जाएंगे। प्रशासन ने एहतियातन संपूर्ण क्षेत्र में इंटरनेट सेवा को बंद कर दिया है।

राहुल गांधी बोले-मोदी ओबीसी नहीं, सामान्य जाति में पैदा हुए

झारसुगुडा (ओडिशा), एजेंसी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्म अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से ताल्लुक रखने वाले परिवार में नहीं हुआ और वह खुद को ओबीसी बताकर लोगों को 'गुमराह' कर रहे हैं।

▸▸ जाति के नाम पर लोगों को गुमराह कर रहे प्रधानमंत्री

राहुल ने ओडिशा में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तीसरे एवं अंतिम दिन यहां एक संक्षिप्त भाषण में कहा कि मोदी का जन्म ऐसे परिवार में हुआ जो सामान्य जाति की श्रेणी में आता है। कांग्रेस नेता ने कहा कि मोदी जी का जन्म घांची जाति के परिवार में हुआ था, जिसे 2000 में गुजरात में भारतीय जनता पार्टी सरकार के कार्यकाल के दौरान ओबीसी सूची में शामिल किया गया। इस प्रकार से मोदी जी जन्म से ओबीसी नहीं हैं। कांग्रेस सांसद ने जोर दिया कि उन्होंने गुजरात का मुख्यमंत्री बनने के बाद अपनी जाति बदलकर ओबीसी कर ली। इससे पहले राहुल ने अपने संबोधन में कहा था कि मोदी तेली जाति से हैं लेकिन बाद में उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका मतलब घांची जाति था। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने यह भी दावा किया कि प्रधानमंत्री देश में कभी जाति आधारित गणना नहीं कराएंगे और उसके बिना सामाजिक न्याय हसिल नहीं किया जा सकता।

उप्र. को बीमारू राज्य बनाना राजनीतिक मानसिकता थी

- ▸▸ इंटरनेशनल ट्रेड शो के दूसरे संस्करण के कर्टेन रेजर कार्यक्रम में बोले योगी
- ▸▸ औद्योगिक आस्थानों और ओडीओपी सीएफसी के 13 प्रोजेक्ट की शुरुआत
- ▸▸ 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा में आयोजित होगा इंटरनेशनल ट्रेड शो

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य बनाना एक राजनीतिक मानसिकता थी, जिसे खत्म करके हमने इसे देश की दूसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनाया है।

परंपरागत कारीगर, शिल्पकार और युवा उद्यमी जो पहले निराश था आज उसके चेहरे पर उत्साह दिखता है। ओडीओपी योजना आज आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला बन चुकी है।

ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को लोकभवन में आयोजित इंटरनेशनल ट्रेड शो के द्वितीय संस्करण के कर्टेन रेजर सेरेमनी के आयोजन के दौरान कही। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने औद्योगिक आस्थानों और ओडीओपी सीएफसी की 13 परियोजनाओं की शुरुआत की। विभिन्न जिलों के परंपरागत हस्तशिल्पियों और कारीगरों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि उप्र. में बीते वर्ष ग्रेटर नोएडा में इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन हुआ था। फिर से 25 से 29 सितंबर के बीच ग्रेटर नोएडा में इंटरनेशनल ट्रेड शो के द्वितीय संस्करण का आयोजन होगा। कहा कि इंटरनेशनल ट्रेड शो में हमारी क्षमता को देखकर कोई उप्र. को कोई बीमार नहीं कहेगा।

19 को मोदी रखेंगे 10 लाख करोड़ के प्रोजेक्ट की आधारशिला

मुख्यमंत्री ने बताया कि 19 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी उप्र. के चतुर्थ ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का शिलान्यास करेंगे। इस अवसर पर एक ही दिन में 10 लाख करोड़ की योजनाओं की आधारशिला रखी जाएगी। इससे 33 लाख नौजवानों को सीधे नौकरी मिलेगी। ये उद्योग जहां भी लगेंगे वहां सड़क बनेगी, बिजली मिलेगी, पेयजल की व्यवस्था होगी, नए रोजगार सृजित होंगे। आवासीय सुविधाएं भी विकसित होंगी।

प्रदर्शनकारी किसानों को नोएडा में रोका

नई दिल्ली, एजेंसी

विभिन्न मांगों को लेकर दिल्ली में प्रदर्शन के लिए आ रहे किसानों को पुलिस ने नोएडा में रोक दिया। इस दौरान दिल्ली-नोएडा सीमा पर भारी जाम लगा रहा, नोएडा और ग्रेटर नोएडा में आहूत किसानों के व्यापक विरोध प्रदर्शन को देखते हुए वाहनों की जांच के लिए पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था।

राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश की कोशिश कर रहे किसानों को रोकने के लिए मयूर विहार के करीब दिल्ली-नोएडा सीमा पर आवाजाही को रोकने के लिए भारी उपकरणों के साथ पुलिसकर्मी अलर्ट पर रहे। दिल्ली-नोएडा सीमा पर मौजूद दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि वाहनों की आवाजाही की अनुमति दी गई है, किंतु जरूरत पड़ने पर सड़क को पूरी तरह से अवरुद्ध कर दिया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि सरिता विहार में कई दोपहिया और चार पहिया वाहन जाम में फंस गए, जिससे सड़कों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। दिल्ली-नोएडा राजमार्ग पर भी बड़ी संख्या में वाहनों के जाम में फंसे होने की सूचना है।

अधिकारियों ने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस ने लगभग 150 किसानों को नोएडा में महामाया फ्लाईओवर के पास रोक दिया है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में किसान समूह दिसंबर 2023 से स्थानीय विकास प्राधिकरणों द्वारा अधिग्रहीत अपनी भूमि के बदले बढ़े हुए मुआवजे और विकसित भूखंडों की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं।

दिल्ली जा रहे किसानों को नोएडा में बैरिकेड लगाकर रोकती पुलिस। ● एजेंसी

- ▸▸ प्रदर्शन को लेकर पुलिस मुस्तैद दिल्ली-नोएडा सीमा पर जाम
- ▸▸ अधिग्रहीत भूमि के बदले अधिक मुआवजा को किसान आंदोलित

रिजर्व बैंक ने छठी बार रेपो दर को 6.5 % पर बरकरार रखा

नई दिल्ली, एजेंसी

मिलेगी राहत

- ▸▸ मकान, वाहन समेत विभिन्न कर्ज की नहीं बढ़ेंगी मासिक किश्तें
- ▸▸ केंद्रीय बैंक ने मौद्रिक नीति की समीक्षा बैठक में लिया फैसला

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने लगातार छठी बार नीतिगत दर रेपो को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा। महंगाई को चार प्रतिशत पर लाने और वैश्विक अनिश्चितता के बीच आर्थिक वृद्धि को गति देने के मकसद से नीतिगत दर को यथावत रखा गया है। रेपो वह ब्याज दर है, जिस पर वाणिज्यिक बैंक अपनी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिए केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं। आरबीआई मुद्रास्फीति को काबू में रखने के लिये इसका उपयोग करता है। रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखने का मतलब है कि मकान, वाहन समेत विभिन्न कर्जों पर मासिक किस्त (ईएमआई) में बदलाव की संभावना कम है। आरबीआई को खुदरा मुद्रास्फीति दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है। रिजर्व बैंक ने फरवरी, 2023 में रेपो दर को बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत किया था। उससे पहले मई, 2022 से लगातार छह बार में नीतिगत दर में 2.50 प्रतिशत की वृद्धि की गई थी।



मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की मंगलवार से शुरू हुई तीन दिन की बैठक में किए गए निर्णय की गुरुवार को जानकारी देते हुए आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि एमपीसी ने मौजूदा घरेलू और वैश्विक परिस्थितियों पर गौर करने के बाद रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर कायम रखने का फैसला किया है। एमपीसी के छह में से पांच सदस्यों...डॉ. शशांक भिड़े, डॉ. आशिमा गोयल, डॉ. राजीव रंजन, डॉ. माइकल देबब्रत पात्रा और शक्तिकांत दास ने नीतिगत रेपो दर को बरकरार रखने के पक्ष में मतदान किया जबकि प्रो. जयंत आर वर्मा ने इसमें 0.25 प्रतिशत कमी लाने की बात कही। इसके साथ एमपीसी सदस्यों ने लक्ष्य के अनुरूप खुदरा महंगाई को लाने के लिए उदार रुख को वापस लेने के अपने निर्णय को भी कायम रखने का फैसला किया है।

दास ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद देश की अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। एक तरफ आर्थिक वृद्धि बढ़ रही है, वहीं महंगाई कम हो रही है।

सिख फॉर जस्टिस के सदस्य गुरविंदर की बेल याचिका खारिज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने खालिस्तान की मांग करने वाले प्रतिबंधित संगठन 'सिख फॉर जस्टिस' के कथित सदस्य गुरविंदर सिंह की याचिका को खारिज करते हुए कहा है कि गंभीर अपराध के मामले में सिर्फ निचली अदालत में सुनवाई में देरी जमानत का आधार नहीं हो सकता। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने दलीलें सुनने के बाद हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ अपील खारिज कर दी।

जयंत को लोस टिकट, पत्नी को रास सीट!

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ▸▸ रालोद के एनडीए में जाने की चर्चाओं के बीच सामने आया समझौते का मसौदा

अमृत विचार : राष्ट्रीय लोकदल के एनडीए में शामिल होने की सुगबुगाहट के बीच प्रस्तावित समझौते का मसौदा भी चर्चा में है। भाजपा-रालोद के इस समझौते के तहत दिलचस्प यह है कि जयंत को उप्र. से लोकसभा का टिकट और पत्नी चारू चौधरी को राज्यसभा की सीट मिलना संभव है। योगी मंत्रिमंडल में भी एक कैबिनेट तो एक राज्यमंत्री बनाया जाना प्रस्तावित है।

एक दो दिन के भीतर ही नए समीकरणों की तस्वीर सामने आ सकती है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के भव्य कार्यक्रम को देखकर रालोद मुखिया का मन बदला माना जा रहा है। वहीं, भाजपा भी मिशन 80 साधने को हर बाजी खेलना चाहती है। रालोद के लिए कांग्रेस और सपा के साथ मिलकर लोस चुनाव लड़ने से ज्यादा फायदा भाजपा से दोस्ती कर लाभ पाना रहेगा। जहां राज्यसभा की सीट घर में ही रहेगी वहीं, भाजपा में शामिल होकर मथुरा लोस का टिकट मिल गया तो क्या कहने? भाजपा की नजर से देखें तो मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद मंडल की 14 सीटों में से 2019 के चुनाव में भाजपा ने सात सीटें ही जीती थीं। रामपुर की सीट बाद में उपचुनाव में भाजपा के पास आ गई। ऐसे में अगर भाजपा-रालोद का एका हो गया तो राजग के मिशन 80 को मजबूती मिलेगी।

पुलिस की रेडियो ऑपरेटर की भर्ती परीक्षा में सॉल्वर गैंग ने लगाई सेंध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ▸▸ गैंग सरगना, सात अभ्यर्थी समेत 12 को एसटीएफ ने दबोचा
- ▸▸ ऑनलाइन पेपर सॉल्व करने को लेते थे चार-पांच लाख रुपये

अमृत विचार : उप्र पुलिस रेडियो संवर्ग में सहायक परिचालक (असिस्टेंट ऑपरेटर) की ऑनलाइन परीक्षा में सॉल्वर गैंग ने सेंध लगा दी। गैंग ने हाईटेक पुलिस के आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस को भी चुनौती दे डाली। परीक्षा केन्द्र में अभ्यर्थी कम्प्यूटर स्क्रीन के आगे बैठकर माउस हिलाता रहा और सॉल्वर गैंग ने सिस्टम का एक्सेस लेकर खेल कर दिया। बदले में गैंग ने अभ्यर्थियों से 4 से 5 लाख वसूले।

इस मामले में एसटीएफ ने गैंग के सरगना और सात अभ्यर्थी समेत 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस गिरोह के सदस्यों ने दूर बैठकर रिमोट एक्सेस सॉफ्टवेयर के जरिए प्रश्न पत्र हल किए। एसटीएफ टीम ने उनके पास से तीन लैपटॉप, डेस्क टॉप कम्प्यूटर, आठ मोबाइल फोन, स्क्रीन शॉट, आठ एडमिट कार्ड बरामद किए हैं। यह मामला बागपत जिले के बड़ौत थाना क्षेत्र का है। गिरफ्तार लोगों में गैंग का सरगना रचित चौधरी, शामली जिले के बाबरी थानान्तर्गत ग्राम भाजू का निवासी है, जबकि बागपत जिले ग्राम बिहारीपुर का रहने वाला कर्मवीर सॉल्वर है। इनके अलावा दानवीर, निवासी वृद्धा ज्योति कालोनी, थाना बड़ौत बागपत, रजनीश कुमार, निवासी बगडस थाना भगवानपुर बेगुसराय बिहार, अश्वनी निवासी कूकडा थाना नई मण्डी मुजफ्फरनगर (सभी सहयोगी) व अनिल कुमार निवासी ग्राम जरूवा कटरा थाना मलपुरा आगरा, अक्षय तवर निवासी सुनहेडा थाना खेकडा बागपत, मनीष सरोहा निवासी शेरपुर लुहारा थाना छपरौली बागपत, आलोक चौहान निवासी बावली रोड बड़ौत थाना बड़ौत बागपत, धर्मेंद्र निवासी तुमोला थाना कोसी कलॉ मथुरा, लोकेश कुमार, निवासी पुरा थाना मंगोरा मथुरा, आर्यदीप तोमर, निवासी बामनौली थाना दोघट बागपत (सभी अभ्यर्थी) को भी पकड़ा गया है।

कांग्रेस ने जारी किया ब्लैक पेपर, मोदी ने बताया काला टीका

विपक्षी दल पर कटाक्ष करते हुए कहा कि देश की समृद्धि को नजर से बचाने को यह जरूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- ▸▸ प्रधानमंत्री ने डॉ. मनमोहन सिंह के योगदान को बताया लोकतंत्र के लिए एक प्रेरक उदाहरण
- ▸▸ कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने महंगाई बेरोजगारी, किसानों की दुर्दशा आदि मुद्दों पर सरकार को घेरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की सराहना करते हुए उन्हें 'प्रेरक उदाहरण' बताया और कहा कि जब भी लोकतंत्र की चर्चा होगी तो उनके योगदान को याद किया जाएगा।

राज्यसभा से सेवानिवृत्त हो रहे सदस्यों की विदाई के मौके पर उच्च सदन में उन्होंने कांग्रेस की ओर से केंद्र सरकार के खिलाफ 'ब्लैक पेपर' जारी किए जाने का स्वागत भी किया और विपक्षी पार्टी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि देश की समृद्धि को नजर ना लगे, इसके लिए 'काला टीका' बहुत जरूरी होता है। प्रधानमंत्री ने शारीरिक अस्वस्थता के बावजूद सदन की कार्यवाही में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मनमोहन सिंह की सराहना की और उनके दीर्घायु होने की भी कामना की। मनमोहन सिंह सहित उच्च सदन के 68 सदस्य फरवरी से मई महीने के बीच सेवानिवृत्त हो रहे हैं। मोदी ने कहा कि जब भी हमारे लोकतंत्र की चर्चा होगी... कुछ सदस्यों की जो चर्चा होगी, उसमें डॉ. मनमोहन सिंह की चर्चा जरूर होगी। एक घटना को याद करते हुए कहा कि सभी को पता था कि विजय सत्ताधारी पक्ष की होने वाली है लेकिन डॉक्टर मनमोहन सिंह व्हीलचेयर में आए और मतदान किया। एक सांसद अपने दायित्व के लिए कितना सजग है, इसका वो उदाहरण थे। समिति या समिति के सदस्यों के चुनाव में भी वह व्हीलचेयर पर वोट देने आए। सवाल ये नहीं है कि वह किसको ताकत देने के लिए आए थे... मैं मानता हूं वो लोकतंत्र को ताकत देने आए थे। प्रधानमंत्री के संबोधन से कुछ देर पहले ही कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ 'ब्लैक पेपर' जारी किया, जिसमें महंगाई, बेरोजगारी, सामाजिक न्याय, किसान और कई अन्य विषयों पर सरकार की 'विफलताओं' का उल्लेख किया गया है।

वित्तमंत्री ने लोकसभा में अर्थव्यवस्था पर रखा श्वेतपत्र

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को लोकसभा में भारतीय अर्थव्यवस्था पर श्वेत पत्र रखा। संसद में इस पर चर्चा इसी सत्र में कराई जाएगी। वित्त मंत्री ने अपराह्न सदन की कार्यवाही के दौरान सदन पटल पर यह श्वेत पत्र रखा। सीतारमण ने एक फरवरी को अंतरिम बजट पेश करते हुए श्वेत पत्र लाने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि श्वेत पत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2014 से 2024 राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार और इससे पहले 2004 से 2014 के बीच की तत्कालीन संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन के दौरान अर्थव्यवस्था का तुलनात्मक चित्रा प्रस्तुत किया जाएगा।

एक नजर

अकीदतमंदों ने दरगाह पर की चादरपोशी

अगवानपुर, अमृत विचार : मोहल्ला रेलवे स्टेशन स्थित दरगाह हजरत हैदर अली साहब के उर्स में अकीदतमंदों ने चादरपोशी कर दुआ मांगी। उर्स में फातेहाख्वानी के बाद लंगर का इंतजाम किया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने शिरकत की। अकीदतमंदों ने बताया कि हर वर्ष रजब की 27 तारीख को हजरत हैदर अली साहब का उर्स मनाया जाता है। इस दौरान नासिर हुसैन, नैय्यर अब्बास, शमीम, इकबाल, सलीम, दानिश सैफी, हाजी लड्डन, छत्रपाल सिंह, सज्जन, रमेश, भूरा आदि लोग मौजूद रहे।

दो दिवसीय संगोष्ठी आज से

मुरादाबाद, अमृत विचार : हिंदू कॉलेज में शुक्रवार से दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी शुरू होगी। 9 एवं 10 फरवरी को साइबर सिक्योरिटी एंड इंडियन सोसाइटी कांसेप्ट, फंक्शन एंड बैटरमेंट विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीआरडीओ के डायरेक्टर डॉ. एसएस किरार मौजूद रहेंगे। साथ ही तकनीकी सत्र में जेएनयू के प्रो. मनोज कुमार जेना भी व्याख्यान देंगे।

नवागत नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल का स्वागत करते महापौर विनोद अग्रवाल, पार्षद डॉ. गौरव श्रीवास्तव व अन्य। ● अमृत विचार

समन्वय से महानगर को बनाएंगे स्मार्ट

मुरादाबाद, अमृत विचार: नगर निगम के टाउनहाल स्थित कार्यालय सभागार में गुरुवार को नवागत नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल के साथ पार्षदों की परिचयात्मक बैठक हुई। नगर आयुक्त ने कहा कि आपसी समन्वय से महानगर को स्मार्ट बनाएंगे। नागरिक सुविधाएं बढ़ाने में सभी सहयोग करें।

नवागत नगर आयुक्त का महापौर विनोद अग्रवाल के नेतृत्व में सभी पार्षदों ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। नगर निगम कार्यकारिणी के उपसभापति डॉ.गौरव श्रीवास्तव ने कहा कि युवा नगर आयुक्त से सभी को ढेरों उम्मीदें हैं। उप नेता सदन सुरेंद्र विश्नोई ने कहा कि आपसी समन्वय से नागरिकों की समस्या दूर करना सभी की प्राथमिकता है। वरिष्ठ पार्षद शीरी गुल, राजेश गुप्ता ने कहा कि सदन का पूरा सहयोग नगर आयुक्त को मिलेगा। नवागत अपर नगर आयुक्त अजीत सिंह का भी स्वागत किया गया। इस दौरान पार्षद रुचि चौधरी, शिखा परमार, कमला वर्मा, गीता शर्मा, कविता गुप्ता, पंकज शर्मा, कुलदीप नारायण, पंकज यादव, देश रत्न कत्याल, मोहसिन आदि मौजूद रहे।

चालक, गार्ड की ड्यूटी में मनमानी का आरोप

मुरादाबाद, अमृत विचार: रेलवे के रनिंग स्टाफ चालक, सहायक चालक और गार्ड को ट्रेन चलाने के पहले रनिंग रूम में बेवजह बैठाए जाने का मामला तूल पकड़ रहा है। क्रू-मेंबर्स को बुलाने के बाद विलंब से ड्यूटी देने के समय में अनियमितता को लेकर उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन ने रेल प्रबंधन को पत्र भेजकर शिकायत की है।

संगठन के मंडल सचिव शलभ सिंह ने इस मामले में रेल प्रबंधन से त्वरित कार्रवाई की मांग की है। शलभ का कहना है कि परिचालन विभाग के सुपरवाइजर द्वारा ऑन-काल कर्मचारियों को बुलाकर लॉबी में बैठाया जा रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि लंबी प्रतीक्षा के बाद गाड़ी पर भेजा जा रहा है, जबकि ड्यूटी ज्वाइन करने के साथ ही कर्मचारी का सीएमएस पर उपस्थिति दर्ज की जानी चाहिए। इस मामले में परिचालन के जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग संगठन की ओर से की गयी है।

युवाओं ने उत्सव की तरह मनाया दिवस, पार्टनर के साथ फिल्म का उठाया लुत्फ

प्रपोज डे पर उपहार देकर किया प्यार का इजहार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : यह सप्ताह प्यार करने वालों के लिए बेहद खास है। रोज डे के साथ शुरू हुए वैलेंटाइन वीक के दूसरे दिन प्रपोज डे मनाया। इन दिन प्रेमियों ने दिल की बात कही और अपने प्यार का इजहार किया।

प्रेमियों के लिए प्रपोज डे खास माना जाता है। इन दिन साथी को रोमांटिक या विशेष तरीके से प्रपोज करके प्यार को यादगार बनाने के लिए करते हैं। इस दिन पार्टनर को खास और यादगार बनाने के लिए प्रपोज करते है उन्हें कोई खास तोहफा देते हैं। गुरुवार को यह दिन उत्सव की तरह मना। प्रेमी-प्रेमिकाओं ने माल में पार्टनर के साथ यादगार समय बिताया। किसी ने पार्टनर के साथ मूवी देखकर लुत्फ उठाया। प्रेमियों के साथ साथ नए जोडों ने भी जीवन साथी को प्रपोज कर वादे किए। दीनदयाल नगर निवासी प्रयाग मिश्रा ने कहा कि यह दिन कॉलेज के युवाओं के लिए खास होता है। इस दिन प्रेमी अपने प्रेमिका को प्रपोज करते हैं। उन्होंने भी प्रपोज किया। हरथला निवासी हर्षित चौधरी ने बताया कि हमारी शादी को 5 साल हो गए हैं। 2 साल की बेटी भी है। मैं हमेशा पत्नी से प्यार का इजहार करता हूं। इस हफ्ते हम बाहर घूमने जाते हैं।

दीनदयाल नगर स्थित मॉल में टेडी बियर पसंद करती युवती। ● अमृत विचार

वेलेंटाइन डे को लेकर सजी दुकान।

आज मनाएंगे चॉकलेट डे

चॉकलेट दिवस पर प्यार और दोस्ती की मिठास का जश्न मनता है। जोड़े स्नेह के प्रतीक के रूप में चॉकलेट का आदान-प्रदान करते हैं, जबकि दोस्त और परिवार के सदस्य भी चॉकलेट साझा करते हैं। चॉकलेट डे एक साथ मीठे व्यंजनों का स्वाद लेने और प्रियजनों के साथ मीठी यादें बनाने का समय है।

शीतलहर से धूप बेअसर, तेज हवा ने बढ़ाई गलन

घरों के बाहर, छत और पार्क में लोगों ने धूप सेंक कर समय बिताया, 20 किमी. प्रति घंटे की गति से चली हवा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: इन दिनों सुबह से धूप निकलने के बाद भी तेज हवा से गलन बढ़ी है। शीतलहर से धूप बेअसर हो रही है। दोपहर में धूप सेंक कर लोगों ने अपना समय बिताया। धूप निकलने से हीटर, ब्लोअर का प्रयोग दिन में लोगों ने कम कर दिया है।

गुरुवार को भी सुबह से ही मौसम साफ रहा। धूप निकलने से लोग खुश हुए। लेकिन, तेज हवा ने धूप को बेअसर किया। 20 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चली हवा से लोगों को ठंड लगी। दिन में घरों के बाहर, छत और पार्क आदि में लोगों ने धूप सेंक कर समय बिताया। स्कूल कॉलेज में भी बच्चों ने दोपहर में आउटडोर गेम्स का आनंद लिया। गुरुवार को अधिकतम तापमान 19 और न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस रहा। आर्द्रता 41 प्रतिशत रही। कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर उत्तराखंड के सेवानिवृत्त प्रोफेसर मौसम वैज्ञानिक डॉ.आरके सिंह का कहना है कि हवा और शीतलहर से गलन बरकरार है। बारिश के बाद ठंड में गलन बढ़ जाती है। मौसम साफ रहेगा, बारिश नहीं होगी। आगामी दिनों में रात का तापमान भी धीरे-धीरे बढ़ेगा। जिससे गलन कम होने लगेगी। उन्होंने कहा कि फिलहाल अभी ठंड खत्म होना मानकर न चलें। सावधानी बरतने की जरूरत है।

दोपहर में धूप में कुछ इस तरह से दोपहिया वाहनों पर निकले लोग। ● अमृत विचार



रेलवे स्टेशन पर बिहार जाने वाली ट्रेन में चढ़ते यात्री। ● अमृत विचार

▸▸ आगामी दिनों में रात का तापमान भी धीरे-धीरे बढ़ेगा

दैनिक, स्पेशल और सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेनें कई घंटे लेट

मुरादाबाद, अमृत विचार : दून, सुशासन, सद्भावना, बेगमपुरा, श्रमजीवी और जलियांवाला बाग एक्सप्रेस ट्रेनों की लेटलतीफी से यात्री परेशान हैं। श्रमजीवी और अयोध्या धाम एक्सप्रेस के देरी से चलने की शिकायत रेलवे कंट्रोल तक दर्ज कराई गयी है। रेल प्रबंधन 15 दिन पहले कोहरा और मौसम को जिम्मेदार ठहराकर अपना बचाव कर रहा था। लेकिन, अचानक मौसम साफ होने के बाद भी प्रमुख ट्रेनें कई घंटे की देरी से चल रही हैं। कम दूरी की स्पेशल ट्रेनें भी समय से नहीं चल रही हैं। स्टेशन पर ट्रेनों का इंतजार दैनिक और नौकरीपेशा यात्रियों को भारी पड़ रहा है। गुरुवार को यात्रियों को उपासना एक्सप्रेस का लंबा इंतजार करना पड़ा। छह घंटे इस ट्रेन के विलंब से यात्री नाराज हो गए। जिसका रेल कर्मचारियों को गुस्सा झेलना पड़ा। सुबह लोग पूछताछ केंद्र पर शोर मचाने लगे उधर, कर्मभूमि एक्सप्रेस डेढ़ घंटा देर से पहुंची। अमृतसर मेल के यात्रियों को 2 घंटे इंतजार करना पड़ा। जननायक 1 घंटे 43 मिनट, चंडीगढ़ एक्सप्रेस 22 मिनट और मुरादाबाद स्पेशल 40 मिनट की देरी से चली। दोपहर बाद भी ट्रेनों की प्रतीक्षा से यात्रियों को राहत नहीं मिल पाई। हावड़ा से चलने वाली साप्ताहिक एक्सप्रेस 1:21 घंटा देरी से पहुंची। कोलकाता से देहरादून के बीच चलने वाली दून एक्सप्रेस करीब चार घंटे विलंबित है। रानीखेत एक्सप्रेस दोनों दिशाओं से देरी से चल रही है।

निपुण एसेसमेंट टेस्ट का मिलेगा रिपोर्ट कार्ड

मुरादाबाद, अमृत विचार: निपुण एसेसमेंट टेस्ट में हिस्सा लेने वाले बच्चों को अब रिपोर्ट कार्ड भी दिया जाएगा। इसको लेकर राज्य परियोजना निदेशक ने सूबे के सभी बेसिक शिक्षाधिकारी को पत्र लिखा है।

पत्र में जिक्र किया गया है कि निपुण आंकलन का परिणाम निपुण भारत मॉनीटरिंग सेंटर पोर्टल पर मौजूद रहे। यहां से खंड शिक्षाधिकारी कार्यालय इस पोर्टल से विद्यालयवार परीक्षा परिणाम डाउनलोड कर व्हाट्सएप के माध्यम से समस्त प्रधानाध्यापकों को भेजा जाएगा। इससे संबंधित सूचना एनबीएमसी पोर्टल पर लॉगिन करके प्रधानाध्यापक पर भी निपुण आंकलन का परिणाम एवं डिजिटल रिपोर्ट देख सकेंगे। डिजिटल रिपोर्ट कार्ड के आधार पर प्रथम पेज पर ग्रेड ए प्लस, ए, बी, सी, डी और ई अंकित किया जाएगा। इसके अलावा प्रत्येक विषय के सीखने के प्रतिफल में प्रत्येक लर्निंग आउटकम के सापेक्ष छात्रों द्वारा हासिल की गई उपलब्धि के आधार पर लर्निंग आउटकम के सामने दिए गए ईमोजी बॉक्स में संकेत अंकित किया जाएगा।

हिंदू कॉलेज में प्रेक्षागृह का उद्घाटन करते मंडलायुक्त, साथ में अन्य। ● अमृत विचार

मंडलायुक्त ने हिंदू कालेज में किया प्रेक्षागृह का उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : हिंदू कॉलेज में गुरुवार को नवनिर्मित प्रेक्षागृह का उद्घाटन मंडलायुक्त आञ्जनेय कुमार सिंह ने फीता काटकर किया।

समारोह में कॉलेज प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजीव कोठीवाल, प्रबंधक अमित कोठीवाल, समिति सदस्य, शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारी तथा विद्यार्थी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ने मां वीणावादिनी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया। जिसके बाद सरस्वती वंदना से कार्यक्रम आरंभ हुआ। मंडलायुक्त ने कहा कि यह बच्चों से संबद्ध विविध गतिविधियों के संचालन में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने आधुनिक तकनीकी युग में बच्चों में किताबी अध्ययन के प्रति घटती अभिरुचि के प्रति चिंता भी प्रकट की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को पुस्तकालय का अधिकाधिक उपयोग करने के लिए लिए प्रेरित किया जाए। कालेज समिति के अध्यक्ष, प्रबंधक व प्राचार्य ने मंडलायुक्त को स्मृति चिह्न भेंट किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक समिति की संयोजिका प्रो. प्रियंशा सिंह, प्रो. शालिनी राय, चीफ प्रॉक्टर प्रो. अनिल कुमार, प्रो. एके सिंह, प्रो. एपी सिंह, दीपक अरोरा, आरजे यादव आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. बृजेश कुमार तिवारी ने किया।

बदला मौसम का मिजाज : कोहरा और भीषण ठंड के बाद मौसम का मिजाज बदल गया है। दिन में धूप निकलने से तापमान बढ़ने लगा है। पतझड़ के मौसम की आहट भी शुरू हो गई है। हिंदू कॉलेज में तेज हवा से गिरे पत्तों के ऊपर से गुजरतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

भाषण प्रतियोगिता के विजेता छात्र पुरस्कृत

मुरादाबाद, अमृत विचार: उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड मुरादाबाद इकाई और पर्यावरण मित्र समिति के संयुक्त प्रयास से गुरुवार को सीएल गुप्ता आई इंस्टीट्यूट में भाषण प्रतियोगिता एवं पुरस्कार वितरण का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आकाश जोशी एवं डा.अतुल चौहान रहे। अध्यक्षता आरएन वाजपेयी ने की। संयोजन समिति के महामंत्री केके गुप्ता ने किया और संचालन गरिमा सिंह ने प्रतिभागियों के प्रदर्शन की चर्चा की। चंद्रमौली तिवारी प्रथम, इंशा जाकिर द्वितीय और आयुष राय तीसरे स्थान पर रहे। समारोह में मृदुल आनंद, प्रिंस राज, विमल राठौर, अरबाज, विपुल, आशिका, रितिका, राहुल, शिवानी आदि को सांत्वना पुरस्कार मिला। डा.समीर सुतार, अमृता मिश्रा, सिमरन कुमारी का विशेष सहयोग रहा।

योजना में सुस्ती पर सीडीओ नाराज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: गुरुवार को विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की समीक्षा बैठक हुई। योजना की कम प्रगति पर जहां सीडीओ ने नाराजगी जताई, वहीं गैरहाजिर जिला विद्यालय निरीक्षक से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

मुख्य विकास अधिकारी ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में अपेक्षित प्रगति न होने पर नाराजगी व्यक्त की। सर्वप्रथम जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया कि सभी खंड शिक्षा अधिकारियों से पुनः सर्वे कराते हुए प्रमाणपत्र प्राप्त करना सुनिश्चित करें। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक प्रमाणपत्र प्रस्तुत करेगें कि उनकी श्रेणियों में कोई भी पात्र लाभार्थी अवशेष नहीं है। मुख्य चिकित्साधिकारी ने आश्वासन दिया कि वह इसी माह में अपेक्षित प्रगति लाएंगे। सीडीओ ने फरवरी के लिए बेसिक शिक्षा अधिकारी का 500, जिला विद्यालय निरीक्षक का 500, जिला कार्यक्रम अधिकारी का 500 और मुख्य चिकित्साधिकारी का 3000 फार्म भरवाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने निर्देश दिया कि अपनी श्रेणियों में संबंधित अधिकारी योजना को प्राथमिकता से लेते हुए अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करें। 15 दिन बाद पुनः समीक्षा बैठक आयोजित की जायेगी। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार, डीपीएम रघुवीर सिंह, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एसके वेलवाल, डीसीपीएम चन्द्रशेखर सिंह, प्रभारी डीपीओ जानकी देवी व जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी शामिल रहे।

मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की समीक्षा करते मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव।

मंडी समिति आए युवक का ई-रिक्शा चोरी

मुरादाबाद, अमृत विचार : मझोला थाना क्षेत्र के सब्जी मंडी से ई-रिक्शा चोरी हो गई। शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर संबंधित ई-रिक्शा की तलाश और चोरी करने वाले आरोपी की पहचान करने में लगी है।

दिल्ली रोड पर मझोला में रिलायंस पेट्रोल पंप के पास रहने वाले वीर सिंह ई-रिक्शा चलाते हैं। पुलिस को तहरीर देकर वीर सिंह ने बताया कि 28 जनवरी को सुबह वह सब्जी लेने मंडी समिति गया था। वह वहां ई-रिक्शा खड़ी कर सब्जी खरीदने लगा। जब सब्जी खरीद कर लौटा तो वहां से ई-रिक्शा गायब था। उसने आसपास तलाश किया लेकिन, ई-रिक्शा का पता नहीं चला। बाद में थाने में तहरीर दी। मझोला थानाध्यक्ष संजय कुमार पांचाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

सुविधा | गजरौला में जल्द बनेगा पार्क, ऑडिटोरियम तथा हस्तशिल्प बाजार

औद्योगिक नगरी को नई पहचान देगा एमडीए

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: औद्योगिक नगरी गजरौला को विस्तार देने की मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा योजना तैयार की जा रही है। दिल्ली नेशनल हाईवे पर बसी नगर पालिका परिषद गजरौला को नया रूप देने के लिए कई कार्यों को किया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश में गजरौला औद्योगिक नगरी के रूप में बरसों से अपनी पहचान बना चुका है। गजरौला की इस बुलंदी को मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा परवान चढ़ाने का काम किया जा रहा है। आने वाले दिनों में औद्योगिक नगरी गजरौला उत्तर प्रदेश के नक्शे में अलग दिखेगी। गजरौला में फूड इंडस्ट्री के साथ-साथ कई अन्य उद्योग पैर पसार रहे हैं। लोग गजरौला की फूड इंडस्ट्रीज का जायका लेने के लिए भी दूर-दूर से आते हैं। गजरौला को गंगा नदी के किनारे व धर्म नगरी बृजघाट के नजदीक होने के चलते पहले से ही जाना पहचाना जाता था, लेकिन सबसे अधिक पहचान फूड इंडस्ट्री से गजरौला को मिली हैं। वहीं मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा औद्योगिक नगरी गजरौला को अब नया रूप देने के लिए तैयारी की जा रही है। प्राधिकरण द्वारा यहां खूबसूरत पार्क, ऑडिटोरियम के साथ किसानों के लिए बाजार स्थापित करने की तैयारी की जा रही है। जहां अमरोहा और उसके आसपास के इलाकों के किसान व हस्तशिल्प कारीगर अपनी पहचान को आगे बढ़ने का काम करेंगे। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शैलेश कुमार ने बताया कि जल्द ही प्राधिकरण द्वारा गजरौला में किसानों के लिए बाजार व कारीगरों के लिए हस्तशिल्प बाजार की स्थापना होगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए हमने अमरोहा के जिलाधिकारी से सहयोग की अपेक्षा की है। हमें पूरी उम्मीद है कि गजरौला के विकास में उनका सहयोग हमें जरूर मिलेगा।

दिल्ली हाईवे पर लगा प्राधिकरण का स्वागत बोर्ड। ● अमृत विचार

बिजली उपभोक्ताओं की दूर नहीं हो रही परेशानी

मुरादाबाद, अमृत विचार: बिजली विभाग के कर्मचारियों की शिथिलता के कारण उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही है। कॉल करने के बाद भी बिजली सुचारू नहीं होने के कारण खामियाजा उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है।

लाइन में फाल्ट होने पर उपभोक्ता बिजलीघरों के सरकारी नंबरों पर कॉल कर रहे हैं तो उनकी समस्या दूर नहीं हो रही है। स्योडारा बिजलीघर के उपभोक्ता रमेश ने बताया कि उनके क्षेत्र की बिजली बीते दो दिनों से खराब है। बिजलीघर पर कॉल की तो लाइनमैन ने सुबह आने के लिए कहा। अगली सुबह जब कॉल की तो ड्यूटी पर तैनात लाइनमैन ने आने से इनकार कर दिया। वहीं विभागीय अफसरों का कहना है कि विभागीय कर्मचारी के द्वारा शिकायत दर्ज करके आपूर्ति सुचारू की गई है।

कुष्ठ रोगियों को वितरित किए विशेष जूते

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: स्पर्श जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को डबल फाटक स्थित कुष्ठ आश्रम में रहने वाले रोगियों के पैरों के घावों से बचाव के लिए एमसीआर जूतों का वितरण किया गया। यह जूते विशेष प्रकार की मल्टीसेल्यूलर रबड़ से बने होते हैं, जिससे मरीज के पैर में घाव से बचाव होता है। इसके साथ-साथ घाव से प्रभावित व्यक्ति में घाव की देखरेख के लिए सेल्फ केयर किट प्रदान की गई।

अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. भारत भूषण ने उपस्थित व्यक्तियों को घाव के संक्रमण से बचाव के लिए शरीर की स्वच्छता को बनाए रखने की जानकारी दी। जिला कुष्ठ परामर्शदाता डा. भास्कर अग्रवाल ने घाव के बचाव के लिए हाइड्रोथेरेपी किए जाने के संबंध में जानकारी दी। जिला टीम के रामानंद वाजपेयी ने सेल्फ केयर के बारे में कुष्ठ रोगियों को बताया।

इस अवसर पर डॉ. नितिन यादव, मनोज कुमार, दानवीर सिंह, संजीव का विशेष योगदान रहा।

कुष्ठ रोगियों को एमसीआर जूते वितरित करते अतिथि। ● अमृत विचार

▸▸ स्पर्श जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत किया जूतों का वितरण

शहर में आज

- नगर क्षेत्र के गांधी पार्क सिविल लाइंस में आईसीटी लैब का उद्घाटन एडी बेसिक शिक्षा करेंगे दोपहर 1:00 बजे।
- दिल्ली रोड स्थित ब्रेड फैक्ट्री के पास श्रीराम कथामृत महोत्सव का समापन दोपहर 1:00 बजे।
- रुक्मणी क्रिकेट एकेडमी में क्रिकेट मैच सुबह 10:00 बजे।
- कालीमाता मंदिर लालबाग में सायंकालीन आरती 6:00 बजे।

एक नजर

किसानों को उन्नत फसलों की जानकारी दी

मुरादाबाद, अमृत विचार : आईएफटीएम विश्वविद्यालय में सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (एसएमएई) योजना के अंतर्गत राज्य स्तरीय कृषक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बिलासपुर, रामपुर एवं मिलक से आए 40 से अधिक किसान शामिल रहे। स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एवं इंजीनियरिंग के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह ने किसानों का स्वागत किया। डॉ. सिंह ने किसानों को विवि में हो रहे विभिन्न अनुसंधान कार्यक्रमों को विस्तार से समझाया। मुख्य रूप से उन्होंने गेहूं की उन्नत फसलों के प्रदर्शन एवं उनके उन्नत बीजों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। डॉ. सिंह ने किसानों को विवि के अनुसंधान प्रक्षेत्र में उगाई गई कृषि फसलों एवं सब्जियों के स्थलों का भ्रमण भी कराया। इस दौरान असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सत्यभान सिंह, डॉ. आदित्य नारायण चौबे, डॉ. रमेश पाल आदि मौजूद रहे।

पार्टी में मिस्टर फ्रेशर बने पुष्कर गुप्ता

मुरादाबाद, अमृत विचार : टिमिट में गुरुवार को बीबीए इन इंटरनेशनल बिजनेस की फ्रेशर पार्टी का आयोजन हुआ। आरंभ प्रिंसिपल प्रो. विपिन जैन व अन्य शिक्षकों ने किया। प्रो. जैन ने छात्रों से कहा कि आप सभी इस नए अध्याय को खुशी और उत्साह के साथ स्वीकार करें। यहां नई संभावनाएं हैं। नए द्वार खुले हैं और नई चुनौतियां भी हैं। अपने जीवन के नए अध्याय की सभी को शुभकामनाएं। यह अवसर न केवल आपके लिए, बल्कि हम सभी के लिए भी एक नए आरंभ का प्रतीक है। इस मौके पर मिस्टर फ्रेशर पुष्कर गुप्ता, मिस फ्रेशर वैष्णवी सूर्यांश, मिस्टर परफेक्ट कबीर शर्मा, मिस परफेक्ट याटिका शर्मा, मिस्टर वर्सेटाइल शुभम सिंह, मिस वर्सेटाइल ईवा रहीं। इस कार्यक्रम में प्रो. विभोर जैन आदि मौजूद रहे।

नरमू के अधिवेशन में बोलते सहायक मंडल मंत्री स्योराज सिंह, मंच पर बैठे वरिष्ठ सदस्य। ● अमृत विचार

नरमू के अधिवेशन में चुने गए पदाधिकारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ शाखा के सचिव पद पर राकेश बलोदी का हुआ निर्वाचन

अमृत विचार: नार्दर्न रेलवे मेंस यूनियन (नरमू) की मुख्यालय शाखा का त्रिवार्षिक अधिवेशन एवं शाखा कार्यकारिणी का चुनाव गुरुवार को हुआ। शाखा मंत्री स्योराज सिंह को मंडल टीम में सहायक मंडल मंत्री नामित हो जाने के बाद यह पद खाली चल रहा था।

अधिवेशन में शाखा सचिव के पद पर राकेश बलोदी को निर्वाचित घोषित किया और अध्यक्ष समीर माथुर बने। उर्मिला एवं रोहित श्रीवास्तव उपाध्यक्ष चुने गए। शुभम भंडारी, मृत्युंजय त्रिपाठी सचिव, सहायक सचिव निर्भय शर्मा, बिजेंद्र कुमार, देवेंद्र कुमार, अंशुल गुज्जर को बनाया। जबकि, कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी अनिमेष बघेल को दी गयी। संगठन के केंद्रीय उपाध्यक्ष एमपी चौबे ने निर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई देते हुए सभी को साथ में लेकर चलने का संदेश दिया। सहायक मंडल मंत्री सुहेल खालिद ने सभी को संघर्ष की याद दिलाई। मंडल मंत्री कॉ.राजेश चौबे ने शाखा को नई चुनौतियों से जीतने का आह्वान किया। चुनाव अधिकारी मंडल अध्यक्ष मनोज शर्मा एवं केंद्रीय उपाध्यक्ष एमपी चौबे की निगरानी में चुनाव हुआ। इस अवसर पर एके सिंघल, नरेंद्र त्यागी, खेमपाल सिंह, मंजू बिष्ट, नफीस खान, मोहित गुप्ता, स्टेशन शाखा के सचिव आइवन एडिशन, राजपाल सिंह, दिनेश श्रीमाली, अमरेंद्र सिंह, गौरव त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

किशोरी लापता, तीन के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

मुरादाबाद, अमृत विचार : कटघर थानाक्षेत्र निवासी 17 वर्षीय किशोरी संदिग्ध हालात में लापता हो गई। पिता ने एक युवक और उसके दो साथियों के खिलाफ बहला-फुसलाकर अगवा करने का मामला दर्ज कराया है।

थाना कटघर के दस सराय चौकी क्षेत्र के निवासी पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 17 वर्षीय बेटी सामान खरीदने के लिए बाजार गई थी। आरोप लगाया है कि रास्ते में सीतापुरी डबल फाटक निवासी छोटू उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। किशोरी को अगवा करने में आरोपी छोटू के भाई सोनू और दोस्त सोनू ने भी सहयोग किया। किशोरी के पिता के अनुसार आरोपी उसकी बेटी के साथ अनहोनी कर सकते हैं। कटघर थानाध्यक्ष तेजवीर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर तीन आरोपियों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की गई है। किशोरी की तलाश में पुलिस टीमें लगाई गई हैं।

अगवानपुर में राजस्व विभाग ने चिह्नित की 2.125 हेक्टेयर भूमि

मछली पालन का हब बनेगा मुरादाबाद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: मछली पालन को बढ़ावा देने के लिए बड़ा बाजार यहां बनने जा रहा है। प्रशासन ने इसके लिए 2.125 हेक्टेयर भूमि का प्रबंध कर लिया है यहां, तीन मंजिला बिक्री केंद्र बनेगा, इसके लिए 50 करोड़ रुपये खर्च होंगे। मछली केंद्र पूरी तरह वातानुकूलित होगा। एक भवन में पालकों और मछली के व्यापार से संबंधित लोगों के लिए सभी सुविधाएं मौजूद रहेंगी। मत्स्य पालन विभाग ने इसका खाका तैयार कर लिया है।

अगवानपुर के गोशाला के नजदीक इस केंद्र को भूमि मिली है। यह क्षेत्र रामगंगा नदी के नजदीक है। मछली बाजार लोगों की बेहतरी का आधार बने इसके लिए सरकारी पहल जारी है। भवन में 6470 वर्ग मीटर में नीलामी हॉल बनना है। 2936 वर्ग मीटर क्षेत्र में रिटेल बिल्डिंग होगी जिसमें, 23 स्टोर, 34 रेस्टोरेंट, ईक्योस्क होगा। जबकि 2114 वर्ग मीटर क्षेत्र सेंटर कांफ्रेंस हाल एवं प्रशिक्षण केंद्र तथा प्रयोगशाला के लिए रखा जाएगा। 795 वर्ग मीटर की सर्विस बिल्डिंग तैयार होगी। 86 वर्ग मीटर केंद्र के बन जाने के बाद जिले के उत्पादकों को जहां अपना उत्पादन बेचने के लिए बड़ी मंडी और बेहतर दाम मिलेंगे। इस कार्य से मछली उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। लोगों को प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार भी मिलेगा। राजस्व विभाग की टीम द्वारा भूमि की पैमाइश के बाद लोगों और विशेष रूप से मछली पालन से जुड़े लोगों के चहेरे खिल गए हैं। मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने इस विषय पर जिम्मेदारों को सतर्क किया है। मछली पालन को बढ़ावा देने की सरकार की योजना को यहां प्रभावी रूप से जमीन पर उतारने का तानाबाना बुना है।

मत्स्य पालन, बाजार संबंधी इस परियोजना को छह माह पहले शासन से स्वीकृति मिली थी लेकिन, आरंभ में समस्या भूमि उपलब्ध न होने की थी। अब मंडलायुक्त ने सदर ब्लॉक के ग्राम मुगलपुर उर्फ अगवानपुर में 2.125 हेक्टेयर भूमि का प्रबंध करा दिया है। इस भूमि को अब मत्स्य विभाग के नाम ट्रांसफर कराया जा चुका है। राजस्व विभाग के अधिकारी परियोजना को लेकर काम कर रहे हैं। विभागीय सूत्रों की मानें तो आधुनिक मछली बाजार में कई सुविधाएं होंगी।

जनपद वार मछली पालक

मुरादाबाद	956
संभल	647
अमरोहा	450
रामपुर	574
बिजनौर	996

चाची से अवैध संबंधों के चलते की थी चाचा की हत्या

ठाकुरद्वारा क्षेत्र का मामला, मृतक के बड़े भाई ने बहनोई पर संदेह जताकर कर उसके विरुद्ध दर्ज कराया था मामला

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद/ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : चाची से अवैध संबंध के चक्कर में भतीजे ने दोस्त के साथ मिलकर चाचा को मौत के घाट उतार दिया। घटनाक्रम ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र के गांव कालाझंडा का है। मंगलवार को गांव के बाहर गेहूं के खेत में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था। शव की पहचान राजीव कुमार पुत्र नारायण सिंह के रूप में हुई थी। इस मामले में पुलिस ने सुशील कुमार पुत्र पदम सिंह व इसके दोस्त गौरव शर्मा पुत्र सुशील शर्मा को गिरफ्तार किया है।

एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार ने पुलिस लाइन में घटना का पर्दाफाश करते हुए बताया कि राजीव कुमार की हत्या उसके भतीजे सुशील कुमार ने की थी। आरोपी के चाची से अवैध संबंध थे। अभियुक्त सुशील ने पुलिस को जानकारी दी है कि उसका चाची से प्यार हो गया था। एक माह पहले चाचा ने उसे और चाची को एक साथ देख लिया था। चाचा ने उसे व पत्नी को पीटा था। यह बात भतीजे सुशील को खराब लगी थी। बदला लेने की नीयत से उनकी हत्या करने की ठान ली थी। फिर सुशील ने अपने दोस्त गौरव शर्मा को पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी और चाचा को मारने की योजना बनाई। 6 फरवरी को सुशील को पता चला कि चाचा राजीव और फूफा राजेश गांव के बाहर शराब पीकर घूम रहे हैं। मौके का फायदा उठाते हुए वह तुरंत शाम करीब 7 बजे दोस्त गौरव की दुकान पर पहुंचा। आरोपी सुशील ने दोस्त गौरव से कहा कि मेरे चाचा को शराब के बहाने जंगल में ले आओ। जिस पर गौरव ने रात करीब 7.30 बजे अपने फोन से उसके चाचा राजीव को कॉल कर बुलाया।

फिर उदयवीर सिंह के गेहूं के खेत की तरफ ले गया, वहां पहले से सुशील गन्ने के खेत में छिपकर चाचा के इंतजार में था। राजीव और गौरव खेत की मेढ़ के आगे बढ़े तो सुशील ने गन्ने के खेत से निकलकर चाचा राजीव का मुंह और गला दबा दिया। गौरव ने हाथ पकड़े तो राजीव का मोबाइल उसके हाथ से छूटकर गिर गया था। इसी बीच सुशील ने अपने चाचा के माथे पर हथौड़ी से जोरदार वार किया। राजीव मौके पर ही जमीन पर गिर गया। फिर सुशील व गौरव ने राजीव को उठाकर गेहूं के खेत में डाल दिया। हालांकि, इन लोगों को लौटते समय रास्ते में फूफा (राजेश) मिला, लेकिन इन्होंने उसे कुछ भी नहीं बताया। हथौड़ी खेत में ही फेंक दी थी। राजीव के मोबाइल को गौरव ने स्कूल के पीछे फेंक दिया था।

पुलिस लाइन में हत्यारोपी के बारे में जानकारी देते एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार।

वादी का बेटा ही निकला हत्यारा

एसपी क्राइम ने बताया, राजीव की हत्या के मामले में उसके बड़े भाई पदम सिंह ने बहनोई राजेश के विरुद्ध ठाकुरद्वारा थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। चूंकि पदम सिंह ने भाई राजीव और बहनोई राजेश को एक साथ शराब पीते और घूमते देखा था। उन्हें संदेह था कि राजीव की हत्या और कोई नहीं बल्कि बहनोई ने ही की है। ऐसे में घटनाक्रम को सुलझा पाना पुलिस के लिए काफी चुनौतीपूर्ण था।

चाची के हैं तीन बच्चे

थानाध्यक्ष ठाकुरद्वारा किरनपाल सिंह ने बताया अभियुक्त सुशील की चाची के तीन बच्चे हैं। सुशील और उसके चाचा राजीव, पिता पदम सिंह शादी समारोह में खाना बनाने का काम करते हैं। जबकि, अभियुक्त सुशील का दोस्त गौरव शर्मा पैथोलॉजी में काम करता है।

कलंकित रिश्ते

▸▸ एक माह पहले पत्नी के साथ भतीजे को भी राजीव ने पीटा था तभी से वह खोज रहा था मौका

प्रशिक्षु आइपीएस और सीओ ने सुलझाई गुत्थी

प्रशिक्षु आइपीएस ऋषभ रुकनवाल और सीओ राजेश कुमार तिवारी ने बताया, अभियुक्त सुशील और उसके दोस्त गौरव शर्मा को बुधवार को ही हिरासत में लेकर पूछताछ की गई थी। उन्होंने बताया, घटनास्थल के पास अस्पताल है, जहां के स्टॉफ ने घटना के दिन शाम 7.30 बजे के दौरान गौरव और सुशील को एक साथ देखा था। राजेश कुमार ने भी सुशील-गौरव को एक साथ खेत की तरफ से लौटते देखा था। इन लोगों से पूछताछ के बाद पुख्ता हो गया था कि राजीव की हत्या किसी और ने नहीं बल्कि सुशील और उसके दोस्त गौरव ने ही की है।

गलत ट्रेड से कारोबार पर कर विभाग ने 74 लाख जमा कराए

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ अपंजीकृत फर्म से खरीदारी कर आइटीसी का भुगतान लेना पड़ा भारी

अमृत विचार: वित्तीय वर्ष के समापन के साथ ही राज्य कर विभाग ने कारोबारी फर्मों की छानबीन तेज कर दी है। ऐसे ही प्रकरण में संभल की फर्म से 73.86 लाख रुपये विभाग के खाते में जमा कराया है। जांच में कारोबारी द्वारा नियम विरुद्ध विभाग से आईटीसी (इनपुट क्रेडिट टैक्स) का भुगतान ले लिया है। इस कार्रवाई से दागी कारोबारियों में खलबली मची है।

गोपनीय सूचना और विभागीय छानबीन के आधार पर राज्य कर विभाग ने यह कार्रवाई की है। इस कार्रवाई को शासन की जीएसटी करापवंचन के विरुद्ध प्रभावी सख्ती के रूप में देखा जा रहा है। विभागीय सूत्रों का कहना है कि लोहे की विभिन्न वस्तुओं की ट्रेडिंग के लिए पंजीकृत फर्म नेशनल स्क्रैप की बीती रात जांच की गयी। यह फर्म सम्भल में कार्यरत है। जांच राज्य कर विभाग की विशेष अनुसंधान शाखा की प्रवर्तन इकाई-ए को भेजकर यह जांच कराई गई। फर्म के विस्तृत डेटा परीक्षण में करापवंचन के तथ्य पाए गए। पता चला कि फर्म द्वारा बोगस फर्मों से फर्जी आईटीसी क्लेम की गई थी।

जांच में यह बात भी प्रकाश में आयी कि कारोबारी का स्टॉक अधिक है। फर्म के रजिस्टर और पंजीयन में दर्ज विवरण से 23.82 लाख का स्टॉक अधिक पाया गया। फर्म की जांच 10 विभागीय अधिकारियों से कराई गई।

कर विभाग के अपर आयुक्त ग्रेड- एक आरए सेठ ने बताया कि जांच के समय व्यापारी की ओर से इस मामले में 73.86 लाख जमा किए गए। विभागीय जांच के बाद भारी मात्रा में करापवंचन प्रकाश में आने की सम्भावना है। मामले की जांच एसआईबी के संयुक्त आयुक्त हरि मिश्र सम्भाग-ए, मुरादाबाद के नेतृत्व में पूरी हुई। कारोबारी ने जिस फर्म से माल की खरीद की है वह विभाग में पंजीकृत नहीं है। करीब सवा करोड़ रुपये के कारोबार का दावा किया गया था।

एमडीए ने पांच बीघा जमीन पर अवैध निर्माण को कराया ध्वस्त

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने गांव डिडोरा में पांच बीघा जमीन पर की जा रही अवैध प्लाटिंग को जेसीबी से ध्वस्त कराया। एमडीए की इस कार्रवाई से अवैध निर्माण करने वालों में हड़कंप मच गया।

मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शैलेश कुमार को सूचना मिली कि गांव डिडोरा में लगभग पांच बीघा जमीन पर हरद्वारी लाल द्वारा अवैध प्लाटिंग की जा रही है। शिकायत मिलने पर उपाध्यक्ष ने प्राधिकरण के अधिकारियों को कार्रवाई के आदेश दिए। जिसके तहत गुरुवार को प्राधिकरण के सहायक अभियंता केके शुक्ला, अवर अभियंता मनोज कुमार सिंह एमडीए की प्रवर्तन टीम व पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और अवैध प्लाटिंग को जेसीबी चलवाकर ध्वस्त कराया। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शैलेश कुमार ने जनता से अपील किया कि बिना प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए कोई भी निर्माण कार्य नहीं करें। ऐसा पाये जाने पर प्राधिकरण द्वारा इस पर कार्रवाई करते हुए ध्वस्त करा दिया जाएगा।

गांव डिडोरा में अवैध निर्माण तोड़ती एमडीए की जेसीबी। ● अमृत विचार

गोवंश की हत्या कर मांस बेचने वालों पर कार्रवाई

मुरादाबाद, अमृत विचार : पाकबड़ा थाना पुलिस ने बुधवार रात गोवंश की हत्या में दो अभियुक्तों के विरुद्ध कार्रवाई की। थानाध्यक्ष राजीव कुमार शर्मा ने शानू उर्फ शाहनवाज और राकेश शर्मा पर मामला दर्ज किया है।

थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों अभियुक्त गोवंशीय पशुओं का हत्याकर उनके मांस की तस्करी करते हैं। इन अभियुक्तों का गैंग है। इसमें शानू गैंग लीडर है। पुलिस ने इन अभियुक्तों की अपराधों से अर्जित संपत्ति का पता लगाकर उसको जब्त करने की भी कार्रवाई शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों पर पहले भी कई मामले दर्ज हुए हैं। वर्तमान में ये दोनों जेल से बाहर हैं। शानू उर्फ शाहनवाज पुत्र याकूब यूसुफपुर नगलिया का रहने वाला है जबकि, इसका साथी राकेश शर्मा उर्फ लज्जाराम पुत्र परशुराम गतौरा थाना मूंढापांडे का है।

आरओ, एआरओ परीक्षा में न हो गड़बड़ी : जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को पंचायत भवन सभागार में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा संचालित समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा की तैयारी के संबंध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया कि परीक्षा को पारदर्शी तरीके के संपन्न कराने की तैयारी कर लें। किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो, इसे सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा दिए निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि जिले में 11 फरवरी को 49 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा होगी। इसमें 22 हजार अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा केन्द्रों को 16 सेक्टरों में बांटा गया है। हर सेक्टर पर सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गयी है। जिलाधिकारी ने स्टेटिक मजिस्ट्रेटों से कहा कि परीक्षा शुरू होने से एक घंटे पहले परीक्षा केन्द्र पर हर हाल में पहुंचें। केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था रहेगी। परीक्षा के दौरान अधिकारी निर्धारित समय में ही सभी कार्यों को पूरा कराएंगे। जिलाधिकारी ने चेतावनी दी कि यदि परीक्षा में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या लापरवाही हुई तो संबंधित की जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई होगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर /नोडल अधिकारी ज्योति सिंह, एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया, एसडीएम सदर जितेंद्र सिंह वीरवाल, एसडीएम बिलारी, एसडीएम कांठ, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अरुण कुमार दुबे के अलावा केंद्र व्यवस्थापक और सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे।

पंचायत भवन में अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

बोर्ड परीक्षा | परीक्षा की तैयारी कर जितना लक्ष्य तय करेंगे उतने ही नंबर आएंगे

पढ़ाई के समय फोन रखें दूर, एकांत में करें अध्ययन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : छात्र बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए सभी प्रयास करते हैं। लेकिन इस कोशिश में कई बार विद्यार्थी भ्रमित हो जाते हैं और इसका प्रभाव उनकी तैयारी पर भी पड़ता है। विशेषज्ञ शिक्षकों का कहना है कि विद्यार्थी जिस लक्ष्य के अनुरूप तैयारी करेंगे, उतने बेहतर नंबर पाएंगे।

आकांक्षा विद्यापीठ इंटर कॉलेज की शिक्षिका दीक्षा चौधरी ने बताया कि किसी भी परीक्षा में सफल होने के लिए अभ्यर्थियों को अच्छी तैयारी की जरूरत होती है। क्योंकि बिना तैयारी के किसी भी परीक्षा को पास नहीं किया जा सकता। परीक्षा के दौरान समय का इस्तेमाल करने के लिए छात्रों को टाइम टेबल जरूर बनाना चाहिए। इससे आपकी तैयारी अच्छी होगी। अपने कार्यों को प्राथमिकता देना जरूरी है। उन विषयों पर ध्यान केंद्रित करें जो आपको सबसे चुनौतीपूर्ण लगते हैं, क्योंकि इनमें सबसे अधिक समय और प्रयास की आवश्यकता होती है। कार्यों की सूची बनाएं और उनका निर्धारण समय के अनुसार करें। इससे तैयारी करने में आसानी होगी। तैयारी बेहतर होगी तो परीक्षा में अंक भी अच्छे मिलेंगे।

कैलेंडर का करें प्रयोग

परीक्षा के दौरान अपने समय का सदुपयोग करने के लिए कैलेंडर का उपयोग करना चाहिए। कैलेंडर को निश्चित समय के लिए तय करें और उस दौरान पढ़ाई पर ध्यान दें। जब आप तैयारी के दौरान थक जाएं तो ब्रेक लें। क्योंकि इससे आपको ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलेगी। साथ ही आप थकेंगे भी नहीं।

इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से बनाएं दूरी

पढ़ाई के दौरान आपका ध्यान न भटके इसलिए फोन सहित अन्य ध्यान भटकाने वाले इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को बंद रखें। कोशिश करें कि अपने लिए एक ऐसा कमरा या जगह चुने, जहां पर शोर न हो। क्योंकि, अक्सर घर के सदस्य ऊंची आवाज में बात करते हैं तो पढ़ाई से ध्यान हट जाता है।

अनुशासित रहें

किसी भी परीक्षा की तैयारी के दौरान व्यवस्थित और अनुशासित रहें। इससे आपको परीक्षा के दौरान मदद मिलेगी। अपने अध्ययन सामाग्री को साफ-सुथरा और व्यवस्थित रखें और सुनिश्चित करें कि अध्ययन शुरू करने से पहले आपके पास वह सब कुछ है जिसकी आपको आवश्यकता है।

अच्छी नींद जरूर लें

तैयारी के दौरान अच्छी नींद जरूर लें। हर रात में कम से कम सात घंटे जरूर सोएं। इससे आप ताजा महसूस करेंगे। साथ ही आपका पढ़ने में मन भी लगेगा। अगर आप रात में अच्छी नींद नहीं लेंगे तो पूरा दिन तैयारी में मन नहीं लगेगा।

नौकरी न मिलने पर युवक ने की जान देने की कोशिश

मुरादाबाद, अमृत विचार : नौकरी न मिलने और घर की आर्थिक हालत ठीक नहीं होने से अवसाद में आए युवक ने आत्महत्या का प्रयास किया। गनीमत रही कि घर वाले उसे सही समय पर अस्पताल ले आए तो इलाज मिलने से उसकी जान बच गई।

मामला मझोला थाना क्षेत्र के मानसरोवर कॉलोनी के सतीश कुमार के घर का है। इनके 23 वर्षीय बेटे शांतनु वर्मा ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। हालत बिगड़ती देख कर परिवार वाले उसे तत्काल जिला अस्पताल ले आए, जहां डॉक्टरों के प्रयास से उसकी जान बच गई है। पूछताछ करने पर शांतनु ने बताया कि वह कई हॉस्पिटल में काम कर चुका है लेकिन, उसे नियमित जॉब नहीं मिल पा रहा है। उसके घर की आर्थिक हालत भी ठीक नहीं है, इसलिए वह बहुत परेशान है।

संस्थागत प्रसव की संख्या बढ़ाने पर जोर दें चिकित्साधिकारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

बैठक

▸▸ जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में स्वास्थ्य विभाग की बैठक

▸▸ आरसीएच पोर्टल पर पंजीकरण की स्थिति खराब होने पर सुधारने के दिए निर्देश

अमृत विचार : जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में चिकित्सा एवं परिवार कल्याण, स्वास्थ्य विभाग की जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई। इसमें जिलाधिकारी ने सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर संस्थागत प्रसव शुरू कराने और संस्थागत प्रसव की संख्या बढ़ाने का निर्देश प्रभारी चिकित्साधिकारियों को दिया। पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) में बेड क्षमता रेट सुधारने और इसे बेहतर तरीके से संचालित करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि आरसीएच पोर्टल पर गर्भवती महिलाओं का 100 प्रतिशत पंजीकरण कराएं। नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और मूंढापांडे पीएचसी के एमओआईसी को आरसीएच पोर्टल पर पंजीकरण की स्थिति खराब होने पर सुधार करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत प्रभारी चिकित्साधिकारी मूंढापांडे और भगतपुर को स्थिति खराब होने पर सुधार करने की चेतावनी दी। आशाओं का भुगतान समय से कराना सुनिश्चित करने, पीपीपी परियोजनाओं के अन्तर्गत डायलिसिस, टेली रेडियोलॉजी, टेली मेडिसिन आदि व्यवस्थाओं को ठीक कराने के लिए कहा। निर्देश दिया कि चिकित्साधिकारी ग्राम प्रधानों के साथ संवाद स्थापित कर कार्य करें। टीकाकरण में डिलारी की स्थिति खराब होने पर नाराजगी जताई। लापरवाही से कार्य करने वाली आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों पर सख्त कार्रवाई करने के लिए कहा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह, जिला अस्पताल की प्रमुख अधीक्षक, प्रभारी चिकित्साधिकारी के अलावा जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

एक नजर

पीड़िता ने लगाए गंभीर आरोप, कार्रवाई के निर्देश

मुरादाबाद, अमृत विचार : कांठ थाना क्षेत्र की महिला ने पाकबड़ा थाने के दो दरोगा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इस मामले में वह गुरुवार को एसएसपी के सामने पेश हुई थी। प्रकरण में एसएसपी ने पाकबड़ा थानाध्यक्ष को महिला का मेडिकल कराकर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। महिला ने एसएसपी को पूरे घटनाक्रम की जानकारी देकर पाकबड़ा थाने में 24 जनवरी को दर्ज हुई एफआईआर की विवेचना अन्य थाने से कराने की मांग की है। महिला ने बताया कि उसकी निकाह पाकबड़ा के जुमेरात का बाजार निवासी कलुआ के बेटे मोहम्मद इमरान के साथ हुआ था। उसके दो छोटी बेटियां हैं। एसएसपी के निर्देश पर पूर्व में थाने पर दर्ज हुए मामले में पीड़िता ने पाकबड़ा थाने के दोनों दरोगा के नाम लेकर बताया है कि वह उस पर आरोपी ससुर से फैसला कर लेने का दबाव बना रहे हैं। उसका अभी तक मेडिकल तक नहीं कराया गया है। उलटे दरोगा उसके भाई को जेल भेजने की धमकी दे रहे हैं। पीड़िता भाई के साथ एक फरवरी को पाकबड़ा थाने पहुंची थी। विवेचना करने वाले दरोगा ने उसे फिर धमकाया और कलुआ से फैसला कर लेने का दबाव बनाया। पीड़िता के राजी न होने पर दरोगा उसे मेडिकल के लिए जिला अस्पताल लाया था, लेकिन डॉक्टरों ने आपत्ति लगाकर मेडिकल करने से मना कर दिया था।

कमला विहार में बिजली, पानी की समस्या

जूझ रहे 300 परिवार, लोगों ने घर के दरवाजे पर लगाया बिजली नहीं तो वोट नहीं का पोस्टर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: महानगर के कमला विहार क्षेत्र के लोगों को कई वर्षों से बिजली कनेक्शन नहीं मिला है। जिसके चलते क्षेत्रवासी बिजली और पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। परेशान लोगों ने अपने घरों के बाहर बिजली नहीं तो वोट नहीं के पोस्टर चस्पा कर अधिकारी और जनप्रतिनिधियों को सांसत में डाल दिया है।

स्मार्ट सिटी में कुछ इलाके ऐसे भी हैं जहां के हालात गांव से भी बदतर हैं। महानगर के रामपुर रोड स्थित कमला विहार क्षेत्र में रहने वाले लगभग 300 परिवार वर्षों से बिजली और पानी को तरस रहे है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि वार्ड-36 के पार्षद प्रीतम पासी, विधायक रितेश गुप्ता लेकर अधिकारियों तक ये शिकायत कर चुके है, लेकिन आज तक उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। लोगों का कहना है कि चुनाव के समय में लोग वोट मांगने आते है और समस्या का समाधान कराने के नाम पर वोट मांगते है, लेकिन बाद में भूल जाते है। इसलिए हम लोगों ने अपने घरों पर पोस्टर चस्पा कर दिए हैं। जिस पर लिखा है कि जब तक बिजली नहीं तब तक वोट नहीं। लोगों का कहना है कि आने वाले चुनाव में हम लोग वोट नहीं डालेंगे। क्षेत्र के वीरेंद्र सिंह ने बताया कि हमने मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी अपनी समस्या की शिकायत की, लेकिन हमारी कोई सुनवाई नहीं हुई है। जिससे आहत होकर हमने यह निर्णय लिया है कि अब कोई भी नेता वोट मांगने आएगा तो हम वोट नहीं देंगे।

हमने अपने घरों पर और कॉलोनी में पोस्ट लगा दिए है कि जब तक बिजली नहीं मिलेगी, तब तक हम वोट नहीं देंगे। बुजुर्ग महिला माया देवी ने बताया कि वह वर्षों से कमला विहार में अपने परिवार के साथ रह रही है। लेकिन, आज तक बिजली का कनेक्शन नहीं मिल सका है। जिसको लेकर हम लगातार अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती। राजीव कुमार ने बताया कि हम बिजली विभाग के अधिकारियों के पास जाते हैं तो वह रुपये की मांग करते हुए कहते हैं कि आप लोगों के खर्चे पर ही वहां पर खंभे लगाए जाएंगे।

कमला विहार में बिजली और पानी की समस्या के बारे में जानकारी देतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

> कमला विहार में विद्युतीकरण नहीं है। विद्युतीकरण का प्रस्ताव भेजा है। प्रस्ताव पास होने के बाद जब वहां विद्युतीकरण हो जाएगा तो क्षेत्र के लोगों को बिजली कनेक्शन दिए जाएंगे।
>
> **-प्रेम प्रकाश सिंह,** अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खंड (पीतलबस्ती)

दर्जी की हत्या में पिता-पुत्र समेत तीन को उम्रकैद

मुरादाबाद, अमृत विचार : अवैध संबंधों में बाधा बनने वाले रिश्तेदारों को फंसाने के लिए एक बेकसूर को मार डाला। इस मामले में संभल के हजरतनगर गढ़ी में दर्जी की हत्या में पिता-पुत्र समेत तीन को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है।

गुरुवार को एडीजे-11 रंजीत कुमार ने साक्ष्य के आधार पर आरोपियों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास और 50-50 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया है। अवैध संबंध व रिश्तेदारों को फंसाने का यह मामला संभल के हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र का है। मुकदमे की सुनवाई और अंतिम निर्णय में पाया गया कि दोषी ने साली की शादी रुकवाने के लिए अपने साथी की हत्या कर दी थी। दोषी पिता-पुत्र ने रिश्तेदारों के नाम की पर्ची मृतक की जेब में डाल दी थी। रुस्तमपुर खास के मेहरबान ने नौ फरवरी 2018 को अपने भाई राजू की हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को राजू की हत्या में उसके एक अन्य साथी विजय सिंह पर संदेह था। चूंकि, राजू व विजय सिंह दिल्ली में रहकर सिलाई करते थे। मृत राजू के गांव के रूप सिंह ने बताया कि आठ फरवरी की शाम विजय व श्याम सिंह व मनोज को देखा था। पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो हत्या का मामले का पर्दाफाश हुआ था।

निदेशक ने भूमि पर कब्जे को लेकर मुख्यालय भेजी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा मार्ग चौड़ीकरण मामले में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने अलग सुर अलापा है। परियोजना पर कार्य शुरू नहीं होने के लिए भूमि अधिग्रहण को विषय बनाया है। मामले में विभाग की परियोजना निदेशक ने मुख्यालय को रिपोर्ट भेजी है। इस मार्ग पर कार्य शुरू नहीं होने पर जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने सख्ती की थी। उन्होंने एई व जेई को थाने भेज दिया था।

मार्ग चौड़ीकरण की यह परियोजना इन दिनों चर्चा में है। विभाग के रिकार्ड में 38 किलोमीटर लंबी सड़क को चौड़ा किया जाना है। इसके लिए 513 करोड़ रुपये किसानों को दिया जाना है। पूरी परियोजना 624 करोड़ रुपये की है। यह कार्य दो साल में पूरा होना है। एनएचएआई का दावा है कि अभी तक एजेंसी को छह किलोमीटर भूमि पर ही कब्जा मिल पाया है जबकि, किसानों की सकल देनदारी की तुलना में मात्र 25 करोड़ रुपये का ही भुगतान हो पाया है। इस वजह से एजेंसी को परियोजना की पूरी जमीन नहीं मिल पाई है।

> 38 किलोमीटर लंबी परियोजना में भूमि अधिग्रहण के बाद विभाग को कब्जा मिलना बाकी है। मात्र छह किलोमीटर क्षेत्र में किसानों की भूमि मिली है। नियम है कि जब तक परियोजना की 90 प्रतिशत भूमि पर विभाग का कब्जा नहीं हो जाता, तब तक निर्माण एजेंसी से अनुबंध नहीं हो पाता है। बिना विभागीय अनुबंध के एजेंसी अथवा ठेकेदार कार्य शुरू नहीं करता है। इसलिए कार्य में बाधा है।
>
> **-अनुज कुमार जैन,** परियोजना प्रबंधक (एनएचएआई)

यूपी से उत्तराखंड को जोड़ने वाली इस परियोजना को लेकर शासन, जनप्रतिनिधि और क्षेत्र के लोग मुखर हैं। विभागीय सूत्रों का कहना है कि क्षेत्र के किसानों से अधिग्रहीत संपूर्ण भूमि पर कार्यदायी संस्था को कब्जा नहीं मिल पाया है। एनएचएआई और निर्माण एजेंसी के बीच जरूरी औपचारिकताएं बाकी है। सड़क निर्माण शुरू नहीं हो सका है। जिलाधिकारी ने इस परियोजना की सुस्ती को लेकर विभाग की क्लास लगाई है। सड़क चौड़ीकरण मानक और समयबद्ध कराने का संकल्प दोहराया है। सूत्रों का कहना है कि विभाग की ओर से एनएचएआई मुख्यालय को भेजी गयी रिपोर्ट से यह प्रकरण फिर चर्चा में आने वाला है।

कल से शुरु होगी माघ माह की गुप्त नवरात्रि

मुरादाबाद, अमृत विचार: माघ महीने के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से गुप्त नवरात्रि शुरू हो रही है। गुप्त नवरात्रि में साधक देवी मां की 10 महाविद्याओं की गुप्त रूप से साधना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। माघ गुप्त नवरात्रि 10 फरवरी से शुरू होगी इसका समापन 18 फरवरी को होगा।

पं. केदार मुरारी ने बताया कि इस साल माघ गुप्त नवरात्रि बहुत खास है। क्योंकि इन 9 दिनों में कई अद्भुत योग का संयोग बन रहा है। इस दौरान मां दुर्गा की पूजा, पाठ करने से साधक को शत्रु, रोग, दोष, आर्थिक संकट से छुटकारा मिलेगा। उन्होंने बताया कि माघ गुप्त नवरात्रि के 9 दिनों में छह रवि योग, दो सर्वार्थ सिद्धि, त्रिपुष्कर, सिद्धि, साध्य, शुभ, शुक्ल, इंद्र, अमृत सिद्धि, शिव योग बन रह हैं। यानी कुल 16 योग। इस दौरान माता दुर्गा की सुबह-शाम विधिवत पूजा, आरती करें। दुर्गा सप्तशती का पाठ करें।

भोजन करने से पहले प्रभु को भोग लगाएं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : बुद्धि विहार में चल रही राम कथा में पं. रमेश भाई ओझा ने बताया कि प्रत्येक प्राणी को भूख लगती है और नींद भी सभी को आती है और भोग भी प्रकृति का नियम है। परंतु मनुष्य जब भगवान को भोग लगाकर भोजन खाते हैं तो वह प्रसाद बन जाता है। यह सौभाग्य सिर्फ मनुष्य को प्राप्त है। रामकथा में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष शेफाली सिंह, डॉ. राजेश सिंह, सुरेश जैन, मनीष जैन आदि रहे।

कथा व्यास ने बताया कि धर्म के जो नियम है वह मात्र मनुष्य के लिए है पशु के लिए नहीं हैं। केवल मनोरथ करने से सिद्धि प्राप्त नहीं होती। इसके लिए तप करना पड़ता है। कोई यदि यह सोच ले कि मैं शिवजी की तपस्या करूंगा। तो जब तक तप करेंगे नहीं तपस्या नहीं कहलाएगी। सोचने मात्र से तप तपस्या नहीं होती। इच्छा पूर्ति के लिए पुरुषार्थ और मेहनत करनी पड़ती है।

बुद्धि विहार में श्रीराम कथा सुनते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

बताया कि शौर्य और धैर्य के साथ कृपा भी देखिए। भगवान राम ने तीन महायज्ञ को संपन्न कराया। प्रभु श्रीराम जब एक आश्रम में जाते हैं तो वहां देखते हैं कि एक शिला पड़ी हुई है। जब प्रभु श्रीराम शिला के बारे में गुरु विश्वामित्र से पूछते है। तब गुरु विश्वामित्र बताते हैं कि ऋषि गौतम और अहिल्या का यह आश्रम है। ऋषि विश्वामित्र ने भगवान राम से अहिल्या के बारे में बताते हुए कहा कि हे रघुवीर ये शिला आपके चरण कमल की रज चाहती है। विश्वामित्र की आज्ञा पाकर भगवान श्रीराम उस शिला को चरणों से स्पर्श करते हैं और अहिल्या का उद्धार करते हैं। व्यवस्था में विनीत कुमार गुप्ता, विभोर कुमार गुप्ता, विपिन कुमार गुप्ता, महेश चंद्र अग्रवाल, प्रवीण कुमार, अंकुर अग्रवाल रहे। मंच का संचालन संजीव आकांक्षी और रितु नारंग ने किया। इस दौरान बीना जैन, राकेश आहूजा, सतीश अरोड़ा, सर्वेश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

अटल स्कूल में प्रवेश को 17 तक आवेदन

मुरादाबाद, अमृत विचार: अटल आवासीय विद्यालय में सत्र 2024-25 के लिए कक्षा 6 व 9 में प्रवेश के लिए आवेदन पत्र भरे जा रहे हैं। आवेदन पत्र मंडल के सभी जिलों अमरोहा, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर और सम्भल के श्रम कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि 17 फरवरी है।

प्रधानाचार्य अटल आवासीय विद्यालय पीपली, बिलारी ने बताया कि प्रवेश परीक्षा 25 फरवरी को जिले में बने केन्द्र पर आयोजित होगी। जिन श्रमिकों का पंजीयन 31 दिसंबर 2020 के पहले का है वह अपने पुत्र/पुत्री के नामाकंन के लिए और कोविड संक्रमण से अनाथ हुए बच्चे जिनका महिला एवं बाल कल्याण विभाग में पंजीयन, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) में हों, भी नामाकंन के लिए आवेदन कर सकते हैं। कक्षा 6 के लिए आवेदक की जन्मतिथि 01.05.2012 के पूर्व का तथा 31.07.2014 के बाद का नहीं होना चाहिए।

नकदी और आभूषण लेकर युवती फरार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

शर्मिंदगी

- 24 फरवरी को होनी थी शादी बंट गए थे निमंत्रण कार्ड, अब शर्मिंदगी झेल रहा परिवार

अमृत विचार : शादी के 18 दिन पहले ही युवती अपने मुहल्ले के ही कुछ लोगों के साथ चली गई। घर वालों का आरोप है कि उनकी बेटी घर में रखे 1.20 लाख रुपये की नकदी और उसके लिए लाए गए गहने भी ले गई है। इस मामले में युवती के पिता ने मुहल्ले के ही सात लोगों के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज करा दी है।

मामला नागफनी थाना क्षेत्र के दौलतबाग वाल्मीकि बस्ती का है। यहां के व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी की शादी 24 फरवरी को होनी है। सभी तैयारियां हो गई हैं। निमंत्रण कार्ड भी रिश्तेदारों व मित्रों में बंट चुके हैं। आरोप है कि मंगलवार दोपहर ढाई बजे के दौरान उनकी बेटी को घर के सामने रहने वाले मनोज, राजा, प्रदीप, अशोक, सचिन और गुड़िया व अनीता उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर कहीं ले गए। पीड़ित ने इन सभी आरोपियों के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज करा दी है। युवती के पिता ने पुलिस को बताया कि आरोपी जब उनकी बेटी को बंगला गांव की ओर लिए जा रहे थे तो उनके भाई ने देखा भी और रोककर पूछा। आरोपियों ने उनके भाई से कहा कि बस बंगला गांव तक जा रहे हैं, अभी वापस लौटेंगे। युवती के पिता ने पुलिस को बताया कि उनके भाई ने आरोपियों पर किसी तरह का संदेह इसलिए नहीं किया, क्योंकि वह लोग उनके घर के सामने के ही रहने वाले हैं। लेकिन, जब दिन ढल गया और अंधेरा छाने लगा तब भी बेटी घर नहीं आई तो उन्हें चिंता सताने लगी थी। आस-पड़ोस में बेटी की तलाश की लेकिन, कहीं पता नहीं चला तो आरोपियों के घर जाकर जानकारी ली। वहां घर में मौजूद आरोपी अनीता व गुड़िया ने कह दिया कि उन्हें आपकी बेटी के बारे में कोई जानकारी नहीं है। फिर रात में आरोपी राजा, प्रदीप व अशोक भी घर लौट आए और उनकी बेटी नहीं आई तो पीड़ित ने अपनी बिटिया के बारे में इन लोगों से भी पूछा तो इन्होंने टाल-मटोल शुरू कर दी। ऐसे में पीड़ित ने आरोपियों से कहा कि उसकी बेटी आप लोगों के साथ बंगला गांव की तरफ गई थी तो आपको ही उसके बारे में पता होगा। पीड़ित ने बताया कि आरोपी उसे बेटी के बारे में कोई जानकारी नहीं दे रहे थे तो उसने उनके सामने ही कहा था कि वह थाने पर शिकायत करेगा। यह बात सुनकर आरोपी उसे धमकाने लगे कहा कि वह पीड़ित व उसके परिवार को जिंदा नहीं छोड़ेंगे। युवती के पिता ने पुलिस को बताया कि बेटी की शादी के लिए कर्ज लेकर घर में 1.20 लाख रुपये रखे थे, वह भी बेटी साथ ले गई और जो उसके लिए वह जेवर लाए थे वह भी बिटिया के पास ही हैं।

रुक्मणी सिक्सर ने नौ विकेट से जीता मैच

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : रुक्मणी क्रिकेट एकेडमी के मैदान पर चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता में गुरुवार को दो मुकाबले खेले गए। पहले मैच में रुक्मणी सिक्सर ने पाकबड़ा वारियर को नौ विकेट से हरा दिया। जबकि दूसरे मैच में स्प्रिंगफील्ड के बल्लेबाज अमित पाल ने 80 रनों की पारी खेलकर टीम को नौ विकेट से मैच जिताया।

गुरुवार को पहला मुकाबला रुक्मणी सिक्सर और पाकबड़ा वारियर के बीच खेला गया। इसमें पाकबड़ा वारियर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 24.3 ओवर में 129 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम के लिए मोहम्मद अरीब ने 38 व साहिब पाशा ने 23 रन बनाए। रुक्मणी सिक्सर के लिए आरिज, नितिन सिंह और अक्षत ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए रुक्मणी सिक्सर ने 21.4 ओवर में एक विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम के लिए नितिन सिंह ने 48 व आरिज ने नाबाद 42 रन बनाए। मैन ऑफ द मैच नितिन सिंह को चुना गया।

दूसरा मुकाबला स्प्रिंगफील्ड थंडर और दुर्गा हरिकेन के बीच खेला गया। लक्ष्य का पीछा करते हुए स्प्रिंगफील्ड थंडर 18.3 ओवर में एक विकेट खोकर आसानी से जीत हासिल कर ली। मैन ऑफ द मैच अमित पाल को चुना गया। अंपायर की भूमिका में शमशाद अल्वी व सुमित मंडल रहे। स्कोरर अशरफ रजा। इस मौके में रुक्मणी कॉलेज के चेयरमैन डॉ. सिद्धार्थ मलिक, टूर्नामेंट सचिव व क्रिकेट कोच बदरूद्दीन सिद्दीकी, मोहम्मद हसीन, सोनू कुमार, मोहम्मद उमर, मोहम्मद शाहिद, डॉ कमाल, परवेज आलम, इक्यामुद्दीन, मोहम्मद अहमद आदि मौजूद रहे।

रुक्मणी क्रिकेट एकेडमी के मैदान पर मैच खेलते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

फुटबाल लीग में डीपीजीएस ने अंजुम कॉन्वेंट को 7-0 से रौंदा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: डीपीजीएस फुटबॉल मैदान में खेली जा रही बालिका फुटबॉल लीग में गुरुवार को चार मैच खेले गए। दिन के आखिरी मैच में डीपीजीएस ने अंजुम कॉन्वेंट टीम को 7-0 से रौंद दिया। टीम के लिए अरीबा ने 3 गोल किए।

पहला मैच महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल और डीपीजीएस के मध्य खेला गया। दोनों टीम के खिलाड़ियों ने एक दूसरे पर खूब आक्रमण किए पर सफलता किसी टीम के खिलाड़ियों को नहीं मिली। डीपीजीएस की टीम को एक पेनाल्टी खेल के पहले हाफ में मिली, मगर खिलाड़ी ने उसका कोई फायदा नहीं उठाया और किक को गोल में नहीं बदल सकी। यह मैच 0-0 की बराबरी पर खत्म हुआ।

दूसरा मैच जेडएफए और सर सय्यद एकेडमी इस्लाम नगर के मध्य खेला गया। जिसमें सर सय्यद एकेडमी की खिलाड़ियों ने जेडएफए की खिलाड़ियों को खुल कर खेलने का मौका नहीं दिया। लेकिन, टीम की खिलाड़ी दुर्गा ने शानदार मैच में दो गोल करके टीम को 2-0 से जीत दिलाई। तीसरा मैच अब्दुल सलाम इंटर कॉलेज और अंजुम कॉन्वेंट के मध्य खेला गया। अब्दुल सलाम कालेज की खिलाडी अक्सा को एक मौका मिला। जिसे उन्होंने गोल में बदल कर अपनी टीम को एक गोल की बढ़त दिलाई। उसके बाद अरशुमा वारसी ने गोल कर अपनी टीम को 2-0 की बढ़त दिलाकर जीत में बदल दिया। दिन का आखिरी मैच अंजुम कॉन्वेंट और डीपीजीएस के मध्य खेला गया। जो पूरी तरह एकतरफा रहा। डीपीजीएस के खिलाड़ियों ने एक के बाद एक 5 गोल कर अपनी टीम का मनोबल ऊंचा कर दिया। खेल के दूसरे मध्यांतर में अंजुम कॉन्वेंट के खिलाड़ियों ने गोल करने के आसानी से मौके नहीं दिए पर डीपीजीएस के खिलाड़ियों ने चपलता से अंजुम कॉन्वेंट की रक्षा पंक्ति को छका कर दो गोल और कर दिए, इस तरह यह मैच डीपीजीएस ने 7-0 से जीता। इसमें 2 गोल रमिषा, 2 गोल सना और 3 गोलों का योगदान अरीबा ने दिया। निर्णायक मुहम्मद नासिर कमाल, मुहम्मद इमरान, राजकुमारी, शादाब अंसारी, फरमान अहमद रहे। इस अवसर पर नावेद सिद्दीकी सीनियर, उस्मान खान, आमिर मिर्जा, शुएब अहमद, निशा परवीन मौजूद रहे। संचालन मुहम्मद नासिर कमाल ने किया।

- सर सय्यद एकेडमी और अब्दुल सलाम इंटर कालेज ने भी जीते अपने-अपने मुकाबले

मैच जीतने के बाद जश्न मनाते विजेता खिलाड़ी। ● अमृत विचार

स्प्रिंग मेला विदेशी ग्राहकों ने की मुरादाबाद के हस्तशिल्प उत्पादों की सराहना

उमड़े विदेशी ग्राहक, निर्यातकों को मिले आर्डर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : ग्रेटर नोएडा में आयोजित आईएचजीएफ दिल्ली स्प्रिंग मेले में तीसरे दिन कई देशों के खरीदारों नेटवर्किंग और व्यापार के लिए मेले में शिरकत की। विदेशी ग्राहकों ने मुरादाबाद के उत्पादों की नई रेंज की सराहना कर ऑर्डर भी दिए।

ईपीसीएच के अध्यक्ष दिलीप बैद ने 2030 तक हस्तशिल्प निर्यात को मौजूदा स्तर से तीन गुना लक्ष्य हासिल करने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने बताया कि इस दिशा में ईपीसीएच बहु-आयामी रणनीतियों को अपना रहा है। जिसमें उत्पाद विकास, पैकेजिंग नवाचार, ब्रांड निर्माण, बढ़ी हुई उत्पादकता और नए बाजारों को लक्षित करने, गुणवत्ता और मानक, सतत विकास, अनुपालन में उभरते रुझानों और डिजाइन हस्तक्षेप पर ध्यान केंद्रित करना, नए कच्चे माल की शुरूआत और भी बहुत कुछ शामिल है। आईईएमएल के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने कहा कि हस्तशिल्प उद्योग में कारीगरों और शिल्पकारों की अपनी हिस्सेदारी है। सही प्रशिक्षण और मौलिक ज्ञान वाले कर्मी भी इसके कार्य और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ईपीसीएच के वाइस चेयरमैन द्वितीय डॉ. नीरज खन्ना ने कहा कि विविध उत्पाद क्षेत्रों में फैले प्रदर्शक स्टॉल और आगामी सीजन के लिए घर, फैशन, जीवन शैली, फर्निशिंग और फर्नीचर के संग्रह से भरे हुए और प्रचुर मात्रा में माल विभिन्न प्रकार के रंगों, बनावटों, आकारों के साथ जीवंत दिखाई देते हैं।

आईएचजीएफ दिल्ली स्प्रिंग मेले 2024 की मेला अध्यक्ष प्रिया अग्रवाल ने कहा कि हमारे सेमिनार शुरू हो गए हैं और उपस्थित लोगों ने एमर्जिंग होराइजन्स नैविगेटिंग फ्यूचर ट्रेंड्स और ड्राइविंग ग्रोथ विद प्रोडक्टिविटी एंड कैपिटल एफिशिएन्सी विषयक सेमिनारों में विषयों की गहरी अंतर्दृष्टि प्राप्त की है। इसके अलावा भी शो के दौरान और भी बहुत कुछ प्लान किया गया है।

स्प्रिंग मेले में मौजूद विदेशी ग्राहक। ● अमृत विचार

गुलबहार बने सपा मजदूर सभा के जिला महासचिव

मुरादाबाद, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर समाजवादी पार्टी मजदूर सभा की मासिक बैठक हुई। मजदूर सभा की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए गुलबहार को मजदूर सभा जिला महासचिव बनाया गया।

समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष डीपी यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में मजदूर सभा की अहम भूमिका रहेगी। मजदूर इतना परेशान हो चुका है कि केंद्र सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए मजबूर है। मजदूर ही उत्तर प्रदेश के अंदर समाजवादी पार्टी की ज्यादा से ज्यादा सीटें जीतने का काम करेंगे। मजदूर सभा के जिलाध्यक्ष शकीरा रायनी ने सभी का आभार जताया। कहा कि आज से ही लोकसभा चुनाव की तैयारी में लग जाएं। इस दौरान फहीम मंसूरी, गुलबहार लुकमान खान, अख्तर अली, महेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

जमीन न बेचने पर पिता-पुत्र को पीटा

कार्यायल संवाददाता, मुरादाबाद

- घायल किसान को छोड़ केवल उसके बेटे का ही मेडिकल कराने का पुलिस पर आरोप

अमृत विचार: बेटी के कांस्टेबल बन जाने के बाद से उसके परिवार की दबंगई गांव में सिर चढ़कर बोलने लगी है। गांव के किसान को उसकी जबरन जमीन बेचने को कह रहे हैं। तैयार न होने पर कांस्टेबल बेटी के साथ मिलकर परिवार के लोगों ने खेत पर जाकर किसान व उसके बेटे को जमकर पीटा। पीड़ित किसान राजेंद्र सिंह ने गुरुवार को एसएसपी से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

यह मामला छजलैट थाना क्षेत्र के गांव मथाना का है। राजेंद्र सिंह ने बताया कि छजलैट-नूरपुर हाईवे पर उसकी दो बीघा जमीन है। इसमें चार भाई हिस्सेदार हैं। इस जमीन को उनके गांव का ही एक परिवार जबरन लेना चाहता है। इस परिवार की बेटी कांस्टेबल है, जो आगरा में नियुक्त है लेकिन, वह इन दिनों गांव आई हुई है। पीड़ित ने बताया कि परिवार के मुखिया और उसकी पत्नी, दोनों बेटे व कांस्टेबल बेटी ने पहले 6 फरवरी के दिन उनके खेत पर आकर पौधे उखाड़ दिए। फिर अगले दिन बुधवार को दोपहर 12 बजे के दौरान आरोपी उनके खेत पर आ गए और गाली-गलौज करने लगे। गाली देने को मना किया तो आरोपियों ने उसके बेटे दीपक कुमार को खेत में ही गिराकर बुरी तरह से पीटा। बेटे को बचाने के लिए राजेंद्र सिंह उसी के ऊपर लेट गए। लेकिन, दबंग परिवार के सदस्यों ने राजेंद्र सिंह को भी बुरी तरह से पीटा। डरे-सहमे राजेंद्र बेटे के साथ छजलैट थाने पहुंचे थे। घटना की जानकारी देकर आरोपियों को नामजद करते हुए पुलिस को प्रार्थना पत्र भी दिया था। लेकिन, इस मामले में थाना स्तर से कार्रवाई नहीं हुई है। हालांकि, पुलिस ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ में घायल राजेंद्र को छोड़कर दीपक का मेडिकल करा दिया।

एसएसपी हेमराज मीना ने बताया कि छजलैट थानाध्यक्ष को प्रकरण की जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उधर, छजलैट थानाध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा ने बताया कि मामला संज्ञान में है। पीड़ित राजेंद्र सिंह कांस्टेबल और उसके परिवार के विरुद्ध मारपीट का आरोप लगा रहे हैं, जबकि घटना का जो वीडियो रिकॉर्ड है, उसमें कांस्टेबल मारपीट करती नहीं बल्कि विवाद कर रहे लोगों को दूर हटाती दिख रही है। कांस्टेबल छुट्टी पर कल (बुधवार) को ही घर लौटी है। फिर भी मामले की जांच कर रहे हैं।

एक नजर

गुप्त नवरात्रि 10 फरवरी से शुरू, 18 को समापन

बिलारी, अमृत विचार : ज्योतिष एवं वास्तु अनुसंधान केंद्र के प्रमुख आचार्य ओम शास्त्री ने बताया कि गुप्त नवरात्रि 10 फरवरी दिन शनिवार से प्रारंभ होगी एवं समापन 18 फरवरी रविवार को होगा। जिसमें साधकों के मनोरथ होंगे। सिद्ध माघ गुप्त नवरात्रि पर मां दुर्गा के नौ स्वरूप की पूजा नौ दिनों तक की जाती है। गुप्त नवरात्र में साधक देवी मां की 10 महाविद्याओं की गुप्त रूप से साधना कर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। इस बार गुप्त नवरात्रि पर रवि योग और सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहे हैं।

आचार्य ओम शास्त्री।

गृह एवं जीव विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा संपन्न

बिलारी, अमृत विचार : श्रीमती मीरा अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज अमरपुर काशी में गृह विज्ञान एवं जीव विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा संपन्न हुई। गुरुवार को यूपी बोर्ड परीक्षा संस्थागत प्रयोगात्मक परीक्षा को बदायूं जनपद के गृह विज्ञान एवं जीव विज्ञान के परीक्षक सुरेश कुमार शर्मा एवं गृह विज्ञान की अध्यापिका ने बच्चों से फाइल एवं चार्ट शीट तथा प्रश्नों को पूछताछ किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य पंडित विनोद कुमार मिश्रा भी उपस्थित रहे एवं अध्यापकों ने परीक्षा में सहयोग दिया।

सर्द हवा से बचने को अलाव का लिया सहारा

कांठ, अमृत विचार : क्षेत्र में चार-पांच दिनों से सुबह और शाम को ठंडी हवा चल रही है। इससे बचने के लिए लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं। पिछले कई दिनों से लगातार तेज धूप निकल रही है। लेकिन ठंडी हवा तेज धूप के असर को कम कर रही हैं। शाम होते-होते शीतलहर अपना रंग दिखाना शुरू कर देती है। सुबह व शाम को ठंडी हवा के कारण तापमान कम हो जाता है। सर्दी बढ़ने से लोग बेहाल नजर आ रहे हैं। शाम होते होते नगर की सड़कें सूनी हो जाती हैं।

रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, एक घायल

किसान चौक के पास नूरपुर से आ रही बस ने मारी थी टक्कर

संवाददाता, छजलैट

अमृत विचार : रोडवेज बस ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार युवक की मौत हो गई और एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए मुरादाबाद भेजा गया है।

शिवम का फाइल फोटो

थाना क्षेत्र के ग्राम फूलपुर मिठनपुर निवासी शिवम उर्फ भोलू पुत्र वोहरन (22 वर्ष) एवं इसी गांव का देवेंद्र पुत्र जगदीश बाइक से गांव से कहीं जा रहे थे। छजलैट में किसान चौक पर सुबह साढ़े आठ बजे नूरपुर की ओर से आ रही रोडवेज बस यूपी21एटी 5100 के चालक ने बस लापरवाही से चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में शिवम उर्फ भोलू की कुचलकर घटना स्थल पर मौत हो गई। जबकि दूसरा युवक देवेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया।

सूचना मिलने पर थाना अध्यक्ष सतेंद्र शर्मा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों युवकों के परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने घायल देवेंद्र को उपचार के लिए मुरादाबाद भेजा। पुलिस ने शिवम के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। थाना अध्यक्ष ने बताया कि रोडवेज बस एवं उसके चालक को हिरासत में ले लिया है। दुर्घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

कार की टक्कर से स्कूटी सवार युवती और महिला घायल

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : तेज रफ्तार कार ने स्कूटी में टक्कर मार दी। जिससे स्कूटी सवार युवती व उसकी मौसी घायल हो गयी। घटना के बाद चालक कार सहित फरार हो गया। कोतवाली क्षेत्र के गांव माधववाला निवासी धर्म पाल सिंह की पत्नी रेनू देवी अपनी बहन की बेटी कमलापुरी निवासी प्रिया पुत्री उमेश कुमार की स्कूटी से डिलारी के गांव करनपुर में भात फेरने की रस्म के लिए गयी थीं। गुरुवार दोपहर तीन बजे लौटते समय रतुपुरा में तेज रफ्तार कार ने स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों घायल हो गईं। प्रिया को मामूली चोटें आईं जबकि उसकी मौसी रेनू देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। चिकित्सकों ने रेनू देवी को हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

खेत में बोआई कराते चीनी मिल अधिकारी। ● अमृत विचार

नई प्रजाति का बीज बोएं किसान

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : त्रिवेणी चीनी मिल के अधिकारियों ने गन्ने की बसंतकालीन बोआई शुरू कराई।

गुरुवार को चीनी मिल रानी नांगल के अधिकारियों ने मिल क्षेत्र के गांव पंडितपुर के कल्लू सिंह के खेत में बसंतकालीन गन्ना बोआई कराई। खेत में प्लांटर मशीन से को-0118 प्रजाति के 0.150 हेक्टेयर में गन्ना बुआई की गई। चीनी मिल अधिकारी सीके दीक्षित, टीएस यादव, पवन चौहान ने बुआई कराई तथा किसान को जानकारी दी। इस दौरान महाप्रबंधक गन्ना टीएस यादव ने मौजूद किसानों को बताया कि उत्तम पैदावार वाली किस्म जैसे 0118, 15023 आदि प्रजाति के गन्ने की बुआई करें। प्रीतम सिंह ने मिल प्रबंधन तथा अधिकारियों से मांग की है कि किसानों को चीनी मिल उत्तम पैदावार का बीज उपलब्ध कराए। इस दौरान सोदासपुर जोनल प्रभारी राजविंदर सिंह संधू तथा सुपरवाइजर गजेंद्र सिंह, हिमांशु चौहान आदि मौजूद रहे।

6 यूनिट वाले राशन कार्ड धारकों के आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : तहसील सभागार में उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी ने राशन डीलरों के साथ बैठक की। बैठक में राशन डीलरों को छह यूनिट वाले कार्ड धारकों के आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए।

राशन डीलरों को संबोधित करते हुए उप जिलाधिकारी सचिन राजपूत ने कहा कि जिन राशन कार्ड धारकों के छह यूनिट है और उनके नाम सूची में है। ऐसे सभी लोगों के आयुष्मान कार्ड तत्काल बनाए जाएं। इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही पारदर्शिता के साथ खाद्यान्न का वितरण हो और अगर कोई समस्या है तो तहसील मुख्यालय पर इसकी सूचना दें। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड से पांच लाख रुपये तक का इलाज निशुल्क किया जाता है। आयुष्मान कार्ड बनने से अधिक से अधिक लोगों को सरकार की इस योजना का लाभ मिलना चाहिए।

इस अवसर पर क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी जितेंद्र सिंह ने कहा कि सभी राशन डीलर पारदर्शिता के साथ खाद्यान्न का वितरण करें और इस बात का पूरी तरह ध्यान रखें कि अब नई ई पॉश मशीन आ रही है और इस बार गेहूं, चावल के साथ बाजरे का वितरण भी राशन कार्ड धारकों को किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्ति लिपिक अनुज कुमार एवं क्षेत्र के राशन डीलर उपस्थित रहे।

समिति कार्यालय के बाहर नाराजगी जताते समिति कर्मचारी। ● अमृत विचार

कर्मचारी से मारपीट मामले में कार्रवाई की मांग

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : थाना क्षेत्र में सहकारी समिति के आंकिक से मारपीट मामले में थाना पुलिस के आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने पर सहकारिता विभाग के कर्मचारियों ने समिति की तालाबंदी कर प्रदर्शन किया। समिति के कर्मचारियों ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

थाना क्षेत्र के ग्राम मुख्तियारपुर नवादा निवासी अनिल कुमार पाल पुत्र सूरज पाल सहकारी समिति मौढ़ी हजरतपुर कांठ में आंकिक के पद पर कार्यरत हैं। बुधवार को सहकारी समिति में दोपहर दो बजे करीब चार व्यक्ति पहुंचे और उन्होंने अनिल कुमार पाल से गाली गलौज करते हुए मारपीट की थी। इस दौरान अन्य कर्मचारियों के साथ भी अभद्र व्यवहार किया। सहकारी समिति के कर्मचारियों ने थाना कांठ में शिकायत की थी और तहरीर दी थी। परंतु इस मामले में पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की तो गुरुवार को सहकारी समितियों की तालाबंदी कर कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों ने पुलिस पर आरोप लगाए और कार्रवाई करने की मांग की।

कार्यक्रम में बोलते मौलाना। ● अमृत विचार

नूर से नूर की मुलाकात का नाम है शबे मेराज

संवाददाता, कुन्दरकी

अमृत विचार : पैठ बाजार स्थित एक मीनार वाली मस्जिद में इज्तेमा ए शबे मेराज मनाया। जिसमें मुबल्लिगे दावते इस्लामी इन्डिया हाजी साजिद अत्तारी ने मेराजे नबी के बारे में बताया कि मेराज की रात फरिशतों के सरदार जिब्राइल अमीन नबी ए पाक के पास हाजिर हुए और मेराज की खुशखबरी हजरत मोहम्मद साहब को सुनाई और अल्लाह से मुलाकात करने के लिए उनका साथ लेकर गए।

नबी ए पाक हजरत मोहम्मद साहब ने इसी रात सातों आसमान और जन्नत दोजख की सैर की और अपने रब अल्लाह पाक का माथे की निगाहों से दीदार किया और अल्लाह पाक ने आप नबी ए पाक को नमाज का तोहफा अता किया। लिहाजा मुसलमानों को चाहिए कि नमाज और रोजे की पाबंदी करें। वतन से मुहब्बत करें और मुल्क की तरक्की में शामिल होकर देश का नाम बुलन्द करें। कार्यक्रम के आखिर में सलाम के बाद मुल्क व मिल्लत की खुशहाली के लिए दुआ कराई। इस मौके पर शारिक रजा अत्तारी, डॉ. मोहसिन रजा, कारी रफी अरकान कादरी और लोग मौजूद रहे।

महिला और बेटे को मारपीट कर घर से निकाला, तहरीर दी

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : नगर के मोहल्ला बंजारान वार्ड-12 निवासी शमीम जहां ने अपने पति नासिर हुसैन, जेठ ताहिर हुसैन और ससुर साबिर हुसैन के खिलाफ कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। इसमें कहा कि तीनों उससे बदसलूकी करने के साथ मारपीट करते हैं।

पीड़ित महिला ने बताया कि बुधवार सुबह बड़े बेटे के स्कूल जाने में देरी होने पर पति के साथ मिलकर तीनों आरोपियों ने उससे और बेटे से मारपीट की। जब उसने अपने और बेटे के साथ मारपीट का विरोध किया तो आरोप है कि उसके जेठ ताहिर और ससुर साबिर ने दहेज का ताना दिया और पति नासिर हुसैन ने तीन तलाक देकर घर से मारपीट कर घर से निकाल दिया। उसने इसकी जानकारी अपने मायके वालों की दी थी। इसके बाद वह अपने एक बेटे को साथ लेकर अपने मायके चली आई। वह अब मायके में ही रह रही है। उसने कोतवाली पुलिस को तीनों के खिलाफ तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की।

बीईओ को ज्ञापन देते प्रतिनिधमंडल के सदस्य। ● अमृत विचार

शिक्षकों ने बीईओ को दिया ज्ञापन

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने खंड शिक्षा अधिकारी ज्ञापन दिया। शिक्षकों ने टैबलेट में बिना सीयूजी सिम कार्ड और नंबर दिए विद्यालय स्तर की समस्त पंजिकाओं के डिजिटलाइजेशन और फेस रिकग्निशन उपस्थिति के विरोध में ज्ञापन दिया।

डॉ. कपिल सिरोही अध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ छजलैट के नेतृत्व में शिक्षक खंड शिक्षा अधिकारी मोहित कुमार से मिले। शिक्षकों ने ज्ञापन में मांग की है कि जब तक सरकार टैबलेट के लिए सीयूजी सिम कार्ड उपलब्ध नहीं करती है तथा प्रत्येक विद्यालय को ई-मेल आईडी उपलब्ध नहीं करती है तब तक अध्यापकों पर दवाब न बनाया जाए। प्रतिनिधि मण्डल में हेतराम सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, दुष्यंत यादव तहसील प्रभारी, मेघराज सिंह मंत्री, रिजवान अहमद कोषाध्यक्ष, कृष्णगोपाल, दिनेश सैनी, जुबैर अहमद, शमीम अहमद, लोकिंदर सिंह, गौरव चौधरी, भूपेंदर यादव, विवेक कुमार आदि शिक्षक रहे।

विशिष्ट कार्य के लिए 13 रेल कर्मचारी और अधिकारी सम्मानित

मुरादाबाद, अमृत विचार : 68वें रेल सप्ताह (नेशनल रेल म्यूजियम, नई दिल्ली) में महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने सराहनीय कार्य के लिए कर्मचारियों को व्यक्तिगत, मंडल और अन्य यूनिटों की विभिन्न शाखाओं को उत्कृष्ट कार्य पर दक्षता शील्ड से सम्मानित किया। महाप्रबंधक ने सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना कर शुभकामनाएं दीं।

मंडल के तीन अधिकारी एवं 10 कर्मचारी पुरस्कृत किये गये। जबकि, उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं उल्लेखनीय सेवा के लिए कुल चार दक्षता शील्ड से पुरस्कृत किया। इसके अतिरिक्त मंडल को बेस्ट इंप्रूवमेंट डिविजन शील्ड भी दिया। अधिकारियों में विपिन शर्मा, सुनील कुमार, अमित शर्मा रहे। कर्मचारियों में मोहित कुमार, अमित कुमार, प्रदुमन कुमार शुक्ल, राकेश कुमार राय, भारत, रिजवान, अश्वनी कुमार, मेघना सिंह, धर्मवीर सिंह, कपिल देव शर्मा हैं। मंडल रेल प्रबंधक राज कुमार सिंह ने सभी को शुभकामनाएं दी हैं।

प्रशिक्षण लखपति दीदी कार्यक्रम के तहत हुआ आयोजन

महिलाओं को ई-कामर्स के बारे में बताया

संवाददाता, कुंदरकी

अमृत विचार : गुरुवार को ब्लाक सभागार में लखपति दीदी कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण सत्र का आरंभ खंड विकास अधिकारी चैतन्य पाठक, सहायक विकास अधिकारी (आईएसबी) आलोक वर्मा, प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी विजय वर्मा ने संयुक्त रूप से किया। इस प्रशिक्षण में विकास खंड कुंदरकी की राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की विभिन्न कैडर जैसे समूह सखी, आईसीआरपी, बैंक सखी, विद्युत सखी, आजीविका सखी, विद्युत सखी आदि ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण में रिसोर्स पर्सन प्रीति गुप्ता, जेबा उमर खान, सरिता गुप्ता आदि ने समझाया कि महिलाओं को किस तरह अपना आजीविका का संवर्धन करते हुए लखपति बनना है, इसके गुण सिखाए। प्रशिक्षण में समूह की महिलाओं को लखपति दीदी बनने के लिए भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा किए जा रहे प्रयासों एवं ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से विलेज सारथी कार्यक्रम के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया गया। यह प्रशिक्षण सत्र दो दिनों तक चलेगा।

कार्यक्रम के दौरान मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

▸▸ **महिलाओं को शुक्रवार को भी दिया जाएगा प्रशिक्षण**

दो चोरों का पुलिस ने किया चालान

कुंदरकी, अमृत विचार : चोरी का सामान ले जा रहे दो चोरों को नगर वासियों ने पकड़ लिया था और पिटाई कर पुलिस के हवाले कर दिया था। गुरुवार को पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर पकड़े गए दोनों चोरों का चालान कर दिया।

तौफीक निवासी बछुआ बाग कस्बा कुंदरकी ने थाने में बताया था कि उसके प्लाट पर मकान का निर्माण हो रहा है। वहां से दो चोर सामान चुराकर ले जा रहे थे। जिनको पकड़ लिया गया था। पकड़े गए आरोपियों ने अपना नाम इब्ने हसन ग्राम बहापुर की मिलक थाना कुंदरकी और दूसरे ने अपना नाम रेहान अली निवासी मोहल्ला तकिया कुंदरकी बताया था। जिनके पास से चोरी किया हुआ माल भी बरामद हुआ था। फिलहाल पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए दोनों का चालान कर दिया है।

सड़क पार कर रहे तेंदुए की वाहन की टक्कर से मौत

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

▸▸ **ग्रामीणों ने वन विभाग को दी जानकारी**

▸▸ **तेंदुए के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

अमृत विचार : अज्ञात वाहन की टक्कर से एक तेंदुए की मौत हो गई। तेंदुए का शव देखकर आसपास के लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस और वन विभाग की टीम ने तेंदुए के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

शरीफनगर-रतूपुरा मार्ग पर ग्राम दारापुर के करीब गुरुवार शाम रोड पार करते समय तेंदुए को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे तेंदुए की मौत हो गई। सड़क किनारे तेंदुए का शव देखकर वहां लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। इस बीच ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस और वन विभाग को दी। पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तेंदुए के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वन क्षेत्राधिकारी रवि कुमार गंगवार ने बताया कि किसी वाहन की टक्कर से तेंदुए की मौत हुई है। नर तेंदुए की उम्र करीब एक वर्ष है। इस दौरान उनके साथ पीयूष जोशी, मदन सिंह, और कंचन कुमारी, राम सिह मौजूद थे।

मौके पर पड़ा तेंदुए का शव।

सार-संक्षेप

औषधि निरीक्षक ने मेडिकल स्टोरों का किया आकस्मिक निरीक्षण

कांठ, अमृत विचार : गुरुवार को औषधि निरीक्षक ने ऊमरी कलां, छजलैट एवं कांठ में कई मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण किया। औषधि निरीक्षक के आने की जानकारी पाकर अधिकतर मेडिकल स्टोर बंद हो गए। उन्होंने नगर में दो मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया। गुरुवार को औषधि निरीक्षक ने सबसे पहले छजलैट एवं ऊमरी कलां में कई मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया। औषधि निरीक्षक जैसे ही नगर पहुंचीं तो अधिकतर मेडिकल स्टोर बंद हो गए। जो मेडिकल स्टोर खुले हुए थे वहां उन्होंने निरीक्षण किया।

बंद मेडिकल स्टोर। ● अमृत विचार

पूर्व प्रधानाचार्य का हृदय गति रुकने से निधन

कांठ, अमृत विचार : पूर्व प्रधानाचार्य श्रीमती देववती का हृदय गति रुकने से निधन हो गया। मोहल्ला फकीर गंज निवासी देववती पत्नी शांति प्रसाद सन् 2003 में बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य बनीं थी। सन् 2016 में उनकी सेवानिवृत्ति हुई। वह सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेती थीं। गुरुवार को दूसरी बार हृदय का दौरा पड़ने से उनकी मृत्यु हो गई। उनके शव को कॉलेज में सम्मान दिया गया। उनके परिवार में तीन पुत्रियां एवं दो पुत्र हैं। उनके अंतिम संस्कार के दौरान भाजपा नेता अभय विश्नोई, आनंद प्रकाश, कॉलेज के प्रबंधक सुशील चौहान, प्रेम सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

बरसीम काटने को लेकर महिलाओं में मारपीट

छजलैट, अमृत विचार : देवरानी और जेठानी में खेत में बरसीम काटने को लेकर मारपीट हो गई। जिसमें एक के महिला के सिर में और एक के हाथ में दराती लगने से दोनों घायल हो गईं। ग्राम लदावली निवासी दो भाईयों की पत्नियां खेत में बरसीम काटने गई थी। बरसीम काटने को लेकर दोनों में विवाद हो गया। इस दौरान विवाद इतना बढ़ा कि एक ने दूसरी महिला के सिर में दराती मार दीं। जिससे खून बहने लगा तो दूसरी ने भी उसके हाथ पर दराती मार दी, जिससे दोनों घायल हो गयीं। दोनों महिलाओं ने थाने में तहरीर देकर न्याय की मांग की है।

दुष्कर्म के झूठे मामले में फंसाने की धमकी देने वाली युवती गिरफ्तार

भोजपुर, अमृत विचार : मोहल्ला फतेहपुर निवासी आदिल ने थाना पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि थाना भगतपुर के गांव लालपुर बराही निवासी युवती पिछले कुछ दिनों से 10 लाख रुपये की मांग कर रही है। रुपये देने से मना करने पर दुष्कर्म के मुकदमे में फसाने की धमकी देती है। पीड़ित युवक ने बताया युवती कुछ दिन पहले भोजपुर बस स्टैंड के पास मेरे कार गेराज में आई थी और चाकू से हमला किया था। मेरे विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देकर चली गई। थाना पुलिस ने बताया पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर बुधवार दोपहर आरोपित युवती को उप निरीक्षक राजनाथ सिंह, महिला कांस्टेबल रितु मलिक, कांस्टेबल रोहित कुमार ने गिरफ्तार कर लिया।

फाइनेंस कंपनी के कलेक्शन को लेकर मारपीट

मैनाठेर, अमृत विचार : मैनाठेर क्षेत्र में गुरुवार को विक्की श्रीवास्तव निवासी सरिया नगर लाइन पार थाना मझोला ने पुलिस को शिकायत पत्र दिया है। इसमें उन्होंने आरोप लगाया कि वह एक निजी फाइनेंस कंपनी में कलेक्शन एजेंट हैं। वह गुरुवार को मैनाठेर के डींगरपुर में फाइनेंस कंपनी के कलेक्शन के लिए अपने साथी के साथ गए थे। आरोप है विक्की श्रीवास्तव की डींगरपुर के व्यक्ति से फोन पर किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इसी बात की रंजिश मान कर आरोपी ने अपने साथ कई लोगों के साथ विक्की श्रीवास्तव के पास पहुंचकर गाली गलौज करने लगा। जब विक्की ने इसका विरोध किया तो आरोपी लाठी-डंडे से मारपीट करने लगे। पीड़ित ने बताया कि जैसे तैसे मौके पर मौजूद लोगों ने बीचबचाव कराया। मारपीट में विक्की श्रीवास्तव और उसका एक साथी गम्भीर रूप से घयाल हो गया। जिस पर दोनों थाने पहुंच गए। जहां से पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए कुंदरकी सीएचसी भेज दिया। आरोप है मारपीट के दौरान आरोपियों ने एजेंट से कलेक्शन के तीन लाख रुपये भी छीन लिए। डींगरपुर चौकी इंचार्ज कुलदीप कुमार ने बताया कि मामले में नसीम आफताब, मोहम्मद आजिम व एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जा रही है।

घर में घुसकर चचेरे भाइयों पर हमला और फायरिंग

काशीपुर, अमृत विचार : चचेरे भाइयों के साथ कुछ युवकों ने घर में घुसकर मारपीट की। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। आरोप है कि युवकों ने वाहनों में भी तोड़फोड़ की। मामले में पुलिस ने आठ नामजद सहित 15-20 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आईटीआई थाना पुलिस को सौंपी तहरीर में ग्राम मुकन्दपुर निवासी उत्तम सिंह पुत्र कुलदीप सिंह व इन्द्ररजीत सिंह पुत्र जगदीश सिंह ने बताया कि वह बुधवार की दोपहर वह अपने ताऊ कुलदीप सिंह के घर पर आया था। तभी वहां पर अचानक से इमरान, शाहरुख, शेफू, डम्पी, सुल्तान, अतीक, अबरार, इरफान हाजी समेत अज्ञात 15-20 लड़के जबरन घर में घुस आये। यह सभी परमानन्दपुर, घोसीपुरा व सुल्तानपुर पट्टी के रहने वाले हैं। आरोप है कि इन युवकों ने घर में घुसकर घर के बाहर खड़ी कार व दो डम्पर में तोड़फोड़ कर शीशे तोड़ दिए। बाद में उक्त लोगों ने लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से उत्तम व इन्द्ररजीत को घायल कर दिया। साथ ही तमंचे से मौके पर हवाई फायर भी किए। उत्तम सिंह की माता लक्ष्मी कौर और पिता कुलदीप सिंह बीच-बचाव में आए तो उनके भी चोटें आईं। भीड़ जमा होने पर यह सभी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

छात्रों के दो गुटों में मारपीट का वीडियो वायरल

पाकबड़ा, अमृत विचार : छात्रों के दो गुटों के बीच मारपीट का वीडियो वायरल हो रहा है। यह कुछ सेकंड का वीडियो है। पास में ही कोई कैंटीन है। छात्र को पीट कर कुछ छात्र चले जाते हैं। अभी तक इसकी कोई शिकायत नहीं की गई है। छात्रों द्वारा एक छात्र के साथ मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। मारपीट का वीडियो दिल्ली रोड स्थित निजी यूनिवर्सिटी के अंदर का बताया जा रहा है। जहां पास में कोई कैंटीन भी है। अचानक से एक छात्र के साथ दूसरे गुट के छात्र मारपीट शुरू करते हैं। लगातार उस पर थप्पड़ मारते हुए किसी ने उसका वीडियो बना लिया। वह सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पीड़ित छात्र दूसरे छात्रों को गाली देते हुए नजर आता है। यह मामला दिल्ली रोड स्थित एक यूनिवर्सिटी का है। लेकिन, अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। न ही किसी ने इस मामले में शिकायत की है। मामला कब का है यह भी अभी तक पता नहीं चल पाया है।

निलंबित शिक्षिका को बहाल करने के रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति के आदेश को किया रद

विधि संवाददाता, प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली से संबद्ध हिंदू कॉलेज मुरादाबाद की निलंबित शिक्षिका के मामले में उन्हें बहाल करने के कुलपति के आदेश को रद कर दिया है और प्रबंधन समिति को इस आदेश की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करने की तिथि से तीन सप्ताह में नए सिरे से जांच समिति का गठन करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि इसके अलावा जांच समिति ने अब तक जिन गवाहों की जांच की है उन्हें एक तारीख तय कर फिर से बुलाया जाए और डॉ. सुधा गर्ग को प्रत्येक गवाह से जिरह करने का अवसर दिया जाए। जिरह प्रक्रिया पूरी होने के बाद जांच समिति अपने गठन के तीन महीने के भीतर प्रबंधन समिति को नए सिरे से रिपोर्ट सौंपेगी। इसके साथ ही जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के एक महीने के भीतर प्रबंधन समिति द्वारा अंतिम निर्णय लिया जाएगा। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अजीत कुमार की एकल पीठ ने कमेटी ऑफ मैनेजमेंट, हिंदू कॉलेज, मुरादाबाद और उक्त कालेज में जीव विज्ञान विभाग की निलंबित विभागाध्यक्ष डॉ. सुधा गर्ग की याचिकाओं का एक साथ निपटारा करते हुए पारित किया। वर्ष 2019 में डॉ. सुधा गर्ग को निलंबित कर दिया था और उस समय उन्हें आठ आरोपों वाली चार्जशीट दी थी। डॉक्टर गर्ग ने उनके खिलाफ जांच करने के प्रबंधन समिति के अधिकार पर सवाल उठाया। उनका मानना है कि उनके खिलाफ जांच करने का या उन्हें निलंबित करने का अधिकार प्रबंधन समिति के पास नहीं है, क्योंकि उनकी नियुक्ति उच्च शिक्षा आयोग की अनुशंसा पर हुई है। अत: उनके खिलाफ कोई भी जांच राज्य सरकार के कहने पर उच्च शिक्षा निदेशक के माध्यम से ही की जा सकती है।

एक नजर

पाले ने बढ़ाई ठंड, शीतलहर ने छुड़ाई कंपकपी

गजरौला, अमृत विचार : कोहरे का प्रकोप बारिश के बाद भले ही खत्म हो गया है। लेकिन रात के समय गिर रहे पाले की वजह से ठंड और बढ़ गई है। दिन में धूप खिल रही है लेकिन सुबह शाम की ठंड और बर्फीली हवा से कंपकंपी छूट रही है। गुरुवार की सुबह भी पाले के साथ चली शीतलहर के बीच लोगों की कंपकंपी छूटती रही। बच्चे ठंड में ठिठुरते हुए स्कूल गए। दोपहर में मौसम साफ रहा। धूप निकलने के बावजूद शीतलहर के चलते ठंड से राहत नहीं मिल सकी।

हवलदार के घर के ताले तोड़कर सामान चोरी

बरेली, अमृत विचार : मेरठ कैंट में तैनात हवलदार के घर के ताले तोड़कर चोर नकदी, जेवर और अन्य सामान समेत करीब चार लाख की कीमत का सामान ले गए। रिश्तेदार ने थाना कैंट में शिकायती पत्र दिया है। दूरदर्शन केंद्र के पास स्थित चंद्रदीप कॉलोनी निवासी सुनील कुमार ने बताया कि उनके बहनोई दिनेश बाबू भी इसी कॉलोनी में रहते हैं। दिनेश सेना में हवलदार हैं और मेरठ कैंट में तैनात हैं। आठ दिन पहले दिनेश का परिवार मेरठ गया था, इसलिए मकान बंद था।

चाचा-भतीजे को बंधक बनाकर बदमाशों ने नकदी-सामान लूटा

विरोध पर बदमाशों ने तमंचे की बट मारकर तोड़ दिया हेलमेट

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

घटना

- कैलसा बॉर्डर से डिडौली गांव की ओर जाने वाले रास्ते पर हुई
- पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पुलिस को दी तहरीर

अमृत विचार : बेखौफ बदमाशों ने घर लौट रहे चाचा-भतीजे को हथियारों के बल पर बंधक बनाकर नकदी व सामान लूट लिया। विरोध करने पर बदमाशों ने तमंचे की बट मारकर उनका हेलमेट तोड़ दिया। लूट की जानकारी मिलते ही पुलिस में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पुलिस को तहरीर दे दी है।

घटना देहात थाना क्षेत्र के कैलसा बॉर्डर से डिडौली गांव की ओर जाने वाले रास्ते पर हुई। अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव कैलसा में सुलेमान का परिवार रहता है। उनका एक पुत्र इरशाद निजी स्कूल में शिक्षक है जबकि दूसरा बेटा रबीक अधिवक्ता है। रबीक अमरोहा सदर तहसील में प्रैक्टिस करते हैं। बुधवार की शाम करीब पांच बजे इरशाद अपने भतीजे अरशद के साथ स्टेशनरी का सामान खरीदने के लिए शहर आए थे। रात करीब आठ बजे दोनों बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे। जैसे ही इनकी बाइक कैलसा बॉर्डर से डिडौली गांव की ओर जाने वाले रास्ते पर पहुंची तभी दो बाइकों पर सवार होकर आए चार बदमाशों ने चाचा-भतीजे को तमंचे और चाकू के बल पर बंधक बना लिया। बदमाशों ने पहले इरशाद का मोबाइल छीनकर फेंक दिया और जेब में रखे 5700 रुपये, बाइक की चॉबी और स्टेशनरी का सामान लूट लिया। विरोध करने पर एक बदमाश ने दोनों को डराने के लिए तमंचे की बट मारकर हेलमेट तोड़ दिया। शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

लूट की सूचना मिलते ही पुलिस में हड़कंप मच गया। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। बदमाशों की धरपकड़ के लिए क्षेत्र में कांबिंग भी की लेकिन कामयाबी नहीं मिली। पीड़ित इरशाद ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

24 घंटे बाद भी नहीं हो सका लूट का खुलासा

हसनपुर, अमृत विचार : नगर में 24 घंटे के भीतर हुई लूट की दो घटनाओं को अंजाम देकर सनसनी फैला दी। 24 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। वहीं अधिकारी जल्द खुलासे की बात कह रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि सोमवार की देर रात चामुंडा मंदिर के निकट नकाबपोश बदमाशों ने चाकू दिखाकर फोटोग्राफर प्रेमपाल से कैमरा, मोबाइल एवं 900 रुपये समेत करीब 97,900 रुपये की लूट की थी। पुलिस अभी इस घटना पर काम कर ही रही थी कि मंगलवार की रात बाईपास मार्ग स्थित एक वैक्वेंट हॉल से दुल्हन के चाचा से बदमाश नगदी से भरा बैग छीन कर भाग गया। बैग में करीब डेढ़ लाख रुपए बताए जा रहे हैं।

24 घंटे में लूट की दो घटनाएं होने से नगर में दहशत है। जबकि व्यापारियों में रोष है। दोनों घटनाओं के खुलासे के लिए पुलिस की पांच टीम लगी हैं। लेकिन 24 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार लूट की दोनों घटनाओं का जल्द खुलासा करने का दावा कर रहे हैं।

पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार, तमंचे मिले

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : पुलिस ने मुठभेड़ में पोस्को व गैंगस्टर एक्ट के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए दोनों आरोपियों से तमंचे भी बरामद किए गए हैं। दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर चालान कर दिया है।

बुधवार देर रात गश्त के दौरान पुलिस ने संदिग्ध अवस्था में घूम रहे दो लोगों को रोकने की कोशिश की। मगर पुलिस जीप को देखकर दोनों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में पुलिस ने भी फायर किया तथा घेराबंदी कर दोनों को हिरासत में ले लिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि पकड़े गए आरोपी मोहरका पट्टी गांव निवासी राशिद पुत्र जमील व सिहाली मेव निवासी राशिद पुत्र इकबाल हैं। राशिद पुत्र इकबाल के खिलाफ गैंगस्टर व राशिद पुत्र इकबाल के खिलाफ पोस्को एक्ट समेत कई मुकदमे दर्ज हैं। दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके चालान कर दिया गया है।

पुलिस ने 3.85 क्विंटल मांस समेत आरोपी पकड़ा

अमरोहा, अमृत विचार : मवेसियों का अवैध कटान करने के मामले में पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 3.85 क्विंटल मांस और कटान के उपकरण व अन्य सामान बरामद किया है।

मामला नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला घेर पछईया का है। बुधवार की सुबह कोतवाली पुलिस ने मोहल्ले में बीड़ी कारखाने के पास घर में छापेमारी कर मवेसियों का अवैध कटना पकड़ा था। पुलिस ने अंदर जाकर देखा तो कुछ लोग पशुओं का कटान कर रहे थे। पुलिस को देखकर सभी दीवार कूदकर फरार हो गए। पुलिस ने घर से 3.85 क्विंटल मांस, पशुओं के अवशेष और कटान में इस्तेमाल होने वाले उपकरण बरामद किए। सीओ सिटी अरुण कुमार ने बताया कि पुलिस ने मोहल्ले के ही तैयब को मौके से गिरफ्तार कर लिया। दानिश समेत नौ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आरोपी तैयब को पुलिस ने जेल भेज दिया है।

बैठक को संबोधित करते कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओमकार कटारिया। ● अमृत विचार

चुनाव की तैयारी में जुटें : कटारिया

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार : गुरुवार को कांग्रेस की ब्लॉक पदाधिकारियों की संवाद एवं कार्यशाला का आयोजन क्षेत्र के ग्राम गनौरा स्थित ब्लॉक अध्यक्ष मानव त्यागी के आवास पर किया गया।

कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ओमकार कटारिया ने कहा कि पार्टी द्वारा राहुल गांधी के नेतृत्व में अन्याय और अहंकार के विरुद्ध निकाली जा रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा फरवरी के तीसरे सप्ताह में अमरोहा आएगी। कहा कि देश में महंगाई, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार का मुख्य कारण मोदी सरकार है। मोदी सरकार की गलत नीतियों के कारण ही देश में महंगाई बढ़ी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटने की अपील की। कहा कि हमें मिलकर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जिताकर लोकसभा में भेजना है। अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष मानव त्यागी व संचालन राजकुमार अरुण ने किया। इस अवसर धनौरा विधानसभा प्रभारी राजकुमार अरुण, ब्लॉक अध्यक्ष मानव त्यागी, डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह, आशुतोष शर्मा, नकुल पवार, हारून मलिक, जितेंद्र कुमार, हरिनन्द आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

हारा हूं बाबा पर तुझपे भरोसा है पर झूमे

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार : नगर के मोहल्ला महादेव टीचर कॉलोनी स्थित श्री नवदुर्गा शिव साईं मन्दिर पर गुरुवार को श्याम बाबा का संकीर्तन हुआ। श्री खाटू श्याम मित्र मंडल ने हारे के सहारे श्याम बाबा के संकीर्तन का आरंभ पवित्र ज्योति प्रज्वलित करके किया।

श्री खाटू श्याम बाबा का दरबार दिल्ली के फूलों से सजा होने के कारण आकर्षण का केंद्र रहा। संकीर्तन मे भजन गयक दीपक शर्मा ने सजा दिया फूलों से दरबार तेरा है, आजा खाटू वाले इंतजार तेरा है। मीनू शर्मा ने हारा हूं बाबा पर तुझ पे भरोसा है।

कृष वर्मा ने प्यारा दरबार है सुंदर श्रृंगार है। शौर्य मित्तल ने अर्जी लिख दी मैंने तेरे दरबार में, नमन रस्तोगी ने बिगड़ी बने न बाबा श्याम के बिना जैसे भजनों पर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। पंडाल बाबा के जयकारों से गूंज उठा। सेवादार दीपक शर्मा ने मोरछड़ी का झाड़ा लगाया। हारे के सहारे श्याम सरकार को खीर, चूरमें, गुड़ चने, बिस्कुट, केले, पेड़ा, बूंदी के लड्डू का भोग लगाकर अर्जियों पर मोहर लगवाने की प्रार्थना की गई। इस अवसर पर सर्वेश शर्मा, सुमित शर्मा, सुमन, धर्मेन्द्र, पारस, देवराज, प्रीती, संतोष, शर्मा, नरेंद्र, सचिन, मोहित रस्तोगी, सौरभ शर्मा, पूनम, ज्योति, विशाल, हर्ष, विनीत आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

संकीर्तन में भजन प्रस्तुत करते गायक। ● अमृत विचार

आयोजन

- आकर्षण का केंद्र रहा दिल्ली के फूलों से सजा बाबा का दरबार
- ज्योति प्रज्वलित करके किया संकीर्तन का आरंभ

बच्चों के विवाद में महिला को पीटकर किया घायल

हसनपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बच्चों के विवाद को लेकर बड़ों में मारपीट हो गई। इसमें एक महिला घायल हो गई। घायल महिला पति के साथ कोतवाली पहुंची और आरोपी के खिलाफ तहरीर दी।

मामला कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रुद्रपुर का है। गुरुवार को खेत पर किसी बात को लेकर छत्रपाल एवं सतवीर के बच्चों में विवाद हो गया था। इस बीच ग्रामीणों ने दोनों बच्चों को समझा कर घर भेज दिया। इसी से नाराज सतवीर ने खेत में गन्ना छीलने गई छत्रपाल की पत्नी रेखा को लाठी-डंडों से पीट दिया। इसमें वह घायल हो गई। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पीड़िता ने सतवीर के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस के साथ फ्लैग मार्च करते आरएएफ के जवान। ● अमृत विचार

आरएएफ के साथ पुलिस ने नगर में निकाला फ्लैग मार्च

संवाददाता, नौगावां सादात

अमृत विचार : चुनाव से पहले नगर में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस ने आरएएफ के जवानों के साथ फ्लैग मार्च निकाला। लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की।

गुरुवार को क्षेत्राधिकारी अंजली कटारिया, प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर के नेतृत्व में आरएएफ ने पुलिस कर्मियों के साथ फ्लैग मार्च किया। क्षेत्र की भौगोलिक, सामाजिक और राजनीतिक परिस्थितियों के बारे में जानकारी ली। लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की।

इस दौरान पंजतनी गेट से खेड़ी का मोड़, तहसील गेट, फातिमा गर्ल्स इंटर कॉलेज, मुख्य बाजार, बुध बाजार, जामा मस्जिद, रोडवेज स्टैंड, गंग नहर का पुल, बीलना से लेकर बिजनौर बॉर्डर तक फ्लैग मार्च किया।

महिलाओं के विकास से होगा देश का विकास

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : ग्रामीण महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक द्वारा महिला समृद्धि एवं स्वरोजगार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

गुरुवार को प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक की शाखा फतेहपुर छीतरा क्षेत्रीय कार्यालय अलीपुर चौपला द्वारा महिलाओं को स्वरोजगार के माध्यम से समृद्ध बनाने के लिए महिला समृद्धि एवं स्वरोजगार कार्यक्रम हुआ।

मुख्य अतिथि प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष संजीव भारद्वाज ने कहा कि महिलाएं देश की आधी आबादी हैं। इसलिए महिलाओं का विकास ही देश का विकास है। यदि ग्रामीण महिलाएं स्वरोजगार से जुड़कर अपने और अपने परिवारों को समृद्ध बनाएंगी तो देश खुद समृद्ध बन जाएगा। महिलाओं को मोबाइल बैंकिंग से जोड़ने के साथ ही लखपति दीदी के आह्वान पर जेएलजी द्वारा पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक तरक्की में हमेशा ग्राहक के साथ खड़ा है। क्षेत्रीय प्रबंधक राम अवतार शर्मा ने कहा कि कार्यक्रम में 200 से अधिक जेएलजी का गठन किया है। इनके माध्यम से लगभग 1000 महिलाओं को रोजगार से जोड़ रहे हैं। इस दौरान मनोज यादव, अनुज वर्मा, आकिल मलिक, संजीव भारद्वाज, मोहित चौधरी, शनि प्रकाश आदि मौजूद रहे।

लाभार्थी को ई-रिक्शा की चाभी देते प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष संजीव भारद्वाज।

कार्यक्रम

- 200 से अधिक जेएलजी का किया गया गठन
- लगभग 1000 महिलाओं को रोजगार से जोड़ा जा रहा है

पोस्टर से यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : हाशमी गर्ल्स पीजी कालेज में यातायात नियम पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं ने यातायात नियमों को समझाने के लिए विभिन्न पोस्टर बनाकर लोगों को जागरूक किया।

हाशमी एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन व कालेज प्रबंधक डॉ. सिराज उद्दीन हाशमी ने छात्राओं की हौंसला अफजाई करते कहा कि पोस्टर प्रतियागिता में जितने जोश से भाग लिया वह काबिले तारीफ है। पढ़ाई से जहां हमारा बौद्धिक विकास होता है तो वहीं इस तरह की प्रतियोगिताओं से मानसिक विकास होता है। हमारे अंदर छिपी प्रतिभा भी उजागर होती है। हमें शिक्षा के साथ अन्य कलाओं व प्रतियोगिता पर भी ध्यान देना चाहिए। इस प्रतियोगिता से छात्राओं ने लोगों को जागरूक करने का काम किया है। भविष्य में भी छात्राओं को ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहिए। ताकि उनमें आगे बढ़ने का हौंसला पैदा हो। कहा कि पोस्टर बनाना भी एक कला है। इस अवसर पर कालेज का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

पोस्टर दिखातीं छात्राएं। ● अमृत विचार

दुष्कर्म में झूठी गवाही देने पर पीड़िता को कोर्ट ने भेजा जेल

बरेली, अमृत विचार : अदालत में दुष्कर्म के मामले में झूठी गवाही देना पीड़िता को भारी पड़ गया। अपर सत्र न्यायाधीश, त्वरित न्यायालय निर्दोष कुमार ने युवती के खिलाफ ही मुकदमा दर्ज करने का आदेश दे दिया। मुकदमा दर्ज होते ही युवती को सीजेएम कोर्ट में पेश किया गया और कोर्ट ने युवती को जेल भेज दिया।

सरकारी वकील हरेंद्र सिंह राठौर ने बताया कि पीड़िता की मां ने 2 सितंबर 2019 को थाना बारादरी में तहरीर देकर सुभाषनगर नेकपुर निवासी अजय उर्फ राघव के खिलाफ बेटी को भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया था। पीड़िता ने मजिस्ट्रेट के सामने दिए बयान में कहा था कि आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी वर्ष 2019 से ही जेल में बंद है।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलेगा प्रदीप रस्तोगी की मौत का राज

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : पुराने डाकखाने के निकट बंद मकान में 65 वर्षीय प्रदीप रस्तोगी का शव एवं 87 वर्षीया उनकी मां रमा देवी घायल अवस्था में मिली थीं। प्रदीप रस्तोगी की मौत का राज पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही साफ हो पाएगा। पुलिस के अनुसार शुक्रवार की शाम तक पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिल जाएगी।

मुहल्ला होली वाला में 65 वर्षीय प्रदीप रस्तोगी अपनी मां 87 वर्षीया मां रमा देवी के साथ रहते था। प्रदीप काफी समय से कोई काम नहीं करता था। मोहल्ले वासियों के अनुसार वह शराब पीने का आदी था। लगभग दो दिन से प्रदीप व उनकी मां घर के अंदर बंद थे। बुधवार की शाम आठ बजे के बाद अनहोनी की आशंका होने पर मोहल्लेवासियों ने क्षेत्राधिकारी को सूचना दी। सीओ के निर्देश पर पुलिस मौके पर पहुंची तो कमरे में प्रदीप रस्तोगी का शव पड़ा था। दूसरे कमरे में उनकी मां बेड के नीचे बेहोश हालत में पड़ी थीं।

पुलिस ने वृद्धा को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जबकि प्रदीप के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फॉरेंसिक टीम ने भी मौका मुआयना करके जांच की। क्षेत्राधिकारी ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया और लोगों से बात भी की। गुरुवार देर शाम पोस्टमार्टम होने के कारण रिपोर्ट शुक्रवार की शाम तक आने की उम्मीद है। इसी के बाद मौत का कारण साफ हो पाएगा। प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार ने बताया कि घटनास्थल पर ऐसा कोई सबूत नहीं मिला जो हत्या की ओर इशारा करता हो। मृतक एवं घायल के शरीर पर चोट का कोई निशान नहीं है।

यूपी बोर्ड परीक्षा इस माह शुरू होंगी यूपी बोर्ड 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं

आठ से नौ घंटे पढ़ाई कर रहे छात्र

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : यूपी बोर्ड 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं इस माह में शुरू होंगी। परीक्षाएं मार्च तक चलेंगी। इसे लेकर बोर्ड परीक्षा की तैयारी में छात्र जुटे हैं। इन दिनों विद्यार्थी करीब आठ से नौ घंटे पढ़ाई कर रहे हैं। जिनका कोर्स पूरा नहीं है वह कोचिंग में अधिक समय गुजार कर तैयारी करने में जुटे हैं। यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं नजदीक हैं। इसके चलते खेल, संगीत या अन्य किसी चीज में रुचि रखने वाले छात्र भी उधर कम ध्यान दें रहे हैं। इस समय छात्र व छात्राएं पूरा ध्यान परीक्षा पर लगा रहे हैं। छात्र-छात्राएं समय सारिणी बनाकर हर विषय की तैयारी कर रहे हैं। ताकि परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर सकें।



बोर्ड परीक्षा इस माह से शुरू हो जाएंगी। इसके चलते सिलेबस में मुख्य तथ्यों पर तैयारी की जा रही है। खेलकूद छोड़ कर अब पढ़ाई पर पूरा ध्यान है। इस बार बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने हैं। इसके लिए जीतोड़ मेहनत कर रहे हैं। – अरुण कुमार, छात्र

बोर्ड परीक्षा को लेकर काफी चिंता है। कई दिन से समय सारिणी बनाकर परीक्षा की तैयारी में जुटे हैं। इसके लिए खेलकूद आदि भी पूरी तरह बंद कर दिए हैं। पढ़ाई के लिए पूरा समय दे रहे हैं। जिससे अच्छे अंक मिल सकें। – हिमांशु, छात्र

बोर्ड की परीक्षा को लेकर अभी से काफी चिंता हो रही है। परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए सभी विषयों की गहनता से तैयारी कर रहे हैं। अच्छे अंकों के लिए देर रात तक पढ़ाई की जा रही है। – सुमित कुमार, छात्र

इस बार बोर्ड परीक्षा कम दिनों में समाप्त हो जाएगी। इसलिए समय सारणी बनाकर सभी विषयों की तैयारी कर रहे हैं। परिवार के लोग भी तैयारी करने के लिए सपोर्ट कर रहे हैं। – प्रशांत, छात्र

रुहेलखण्ड मेडिकल कालेज एवं हास्पिटल
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
ROHIL KHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL RMCH BAREILLY Excellence towards profession
अब पहले से और उच्चस्तरीय सुविधायें
(आई.सी.यू. व इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देखरेख में)
मुफ्त स्वास्थ्य सेवायें * | मुफ्त भर्ती एवं पलंग * | मुफ्त फेफड़ों के टी.वी. की दवा * | मुफ्त टीकाकरण *
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन * | मुफ्त डिलीवरी व सिजेरियन की सुविधा *
विशेष कैम्प 1 से 15 फरवरी 2024 तक
हड्डी रोग विभाग | बाल रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | छाती एवं क्षय रोग विभाग | शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधायें
ओ.पी.डी. पर्चा 20/- रु. मात्र | भर्ती मरीजों की मुफ्त सामान्य जांचे * | जल्दी करें उपरोक्त सभी सुविधायें सीमित समय तक
हड्डी रोग विभाग: एक्सीडेन्ट के गम्भीर मरीजों का सबसे अच्छा एवं सस्ता इलाज अत्याधुनिक ट्रामा सेन्टर में गर्दन के समस्त ऑपरेशन। गर्दन के पीछे, कमर के समस्त दर्द एवं रोगों का इलाज।
स्त्री रोग विभाग: स्त्री रोग विभाग, जच्चा बच्चा का पूर्ण इलाज, बच्चेदानी की रसौली एवं कैंसर का इलाज, बांझपन का इलाज सभी प्रकार के स्त्री रोगों का सम्पूर्ण इलाज।
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग: अनुभवी शल्य चिकित्सकों द्वारा दूरबीन से पित्त की थैली के ऑपरेशन हार्निया गुर्दे की पथरी पित्त की पथरी तथा आंतों व गुर्दे की पथरी तथा आंतों व गुर्दे के सफल ऑपरेशन बेहद घटे दरों पर किया जाता है।
बाल रोग विभाग: बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं (PICU) की सुविधा ट्रान्सफ्यूजन सरफेक्टेंट थेरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध है। बच्चों में खून व खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा।
छाती एवं क्षय रोग विभाग: छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, फेफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. की सुविधा एवं इलाज मुफ्त।
मेडिसिन विभाग: अनुभवी चिकित्सकों द्वारा पेट, जिगर रोग एवं पीलिया, तेजाब, अलसर, ब्लड प्रेशर, फेफड़ा रोग, लीवर, शुगर एवं गुर्दे की बीमारियों के इलाज व ऑपरेशन मुफ्त।
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना 2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP) 3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन) 4. केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS) 5. सी.ए.आर.आई. (CARI) 6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS) 7. आई.वी.आर.आई. (IVRI) 8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो 2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड 3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड 4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस 5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड 6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
केवल सामान व दवाई का खर्च अतिरिक्त*
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल

एक नजर

खराब पड़ा हैंडपंप। ● अमृत विचार

मुख्य मार्ग पर हैंडपंप खराब

मुबारिजपुर, अमृत विचार : ब्लाक गंगेश्वरी क्षेत्र के गांव बीझलपुर व भूबरा लिंक मार्ग पर काफी समय से सरकारी हैंडपंप खराब है। इससे गांव के लोगों सहित राहगीरों को पानी के लिए परेशानी हो रही है। इस बारे कई बार अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है। लेकिन इंडिया मार्का हैंडपंप की मरम्मत नहीं हुई। लोगों ने जल्द खराब पड़े हैंडपंप को सही करने की मांग की है।

राशन डीलर के खिलाफ ग्रामीणों का प्रदर्शन

स्वार, अमृत विचार : गांव टाहकलां के ग्रामीण गुरुवार को तहसील पहुंचे। जहां उन्होंने डीलर के खिलाफ प्रदर्शन किया। बताया कि डीलर मशीन पर हर माह अगूंठा लगवा लेता है लेकिन राशन नहीं देता। प्रदर्शन करने वालों मे अर्जुन, अकरम, रेखा, सोनी, गुड्डी, शेरा, शरीफ, खुर्शीद आदि मौजूद रहे।

दोस्तों ने गोली मारकर की छात्र की हत्या, गिरफ्तार

दावत के बहाने बुलाकर लाए थे दोस्त, माथे पर गोली मारकर उतारा मौत के घाट

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

अमृत विचार : गांव जलालपुर खुर्द में बीए के छात्र के माथे पर गोली मारकर हत्या कर दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच की। पहले तो आरोपियों ने पुलिस को गुमराह कर किसी पर हत्या करने का आरोप लगाया। कड़ाई से पूछताछ करने पर मामा-भांजे समेत तीन आरोपियों ने जुर्म कबूल लिया। पुलिस ने तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज जेल भेज दिया है।

पुलिस में गिरफ्त में सनी के हत्यारोपी। ● अमृत विचार

घटना रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव जलालपुर खुर्द की है। बछरायूं थाना क्षेत्र के गांव सैदपुर निवासी सत्यवीर सिंह के परिवार में पत्नी पूनम के अलावा दो बेटी और एक बेटा था। परिवार का इकलौता बेटा सनी बीए की पढ़ाई कर रहा था। आरोप है कि बुधवार की रात गांव चौहड़पुर बागड़ का रहने वाला अभिराज चौधरी उर्फ अंकु, लमबिया गांव निवासी ऋषभ और रजबपुर थाना क्षेत्र के जलालपुर खुर्द निवासी नितिन ने अपने घर पर दावत होने की बात कहते हुए सनी को बुला लिया। ऋषभ और नितिन मामा-भांजे हैं। रात में करीब नौ बजे ही अभिराज चौधरी, ऋषभ और सनी, नितिन के घर की छत पर बैठकर शराब पी रहे थे। तभी किसी बात को लेकर आपस में कहासुनी हो गई। इस पर ऋषभ, अभिराज चौधरी और नितिन ने सनी को पकड़ लिया और माथे पर गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद तीनों सनी को अस्पताल ले गए। तीनों आरोपियों ने जलालपुर खुर्द के रहने वाले किसान सौरभ पर गोली मारकर हत्या करने का आरोप लगाया। सूचना मिलते ही रजबपुर एसओ अलका चौधरी मौके पर पहुंच गईं।

एसपी कुंवर अनुपम सिंह, एएसपी राजीव कुमार सिंह, सीओ सिटी अरुण कुमार सिंह ने घटनास्थल पर निरीक्षण किया।

> छात्र की हत्या के मामले में मामा भांजे समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी ऋषभ और उसका मामा नितिन सनी की हत्या में सौरभ को फंसाना चाहते थे। कड़ाई से पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूला लिया।
> –अरुण कुमार सिंह, सीओ अमरोहा

सीओ ने बताया कि जलालपुर खुर्द गांव निवासी नितिन का गांव के ही सौरभ से विवाद चल रहा है। उसे फंसाने के लिए नितिन ने अपने भांजे ऋषभ के साथ मिलकर सनी की हत्या करने का षड्यंत्र रचा था। मृतक सनी और अभिराज चौधरी उर्फ अंकु आरोपी ऋषभ के दोस्त हैं। ऋषभ के कहने पर ही उसके दोनों दोस्त नितिन के घर आए थे।

पुलिस ने मृतक सनी के पिता सत्यवीर सिंह की तहरीर पर आरोपी अभिराज चौधरी उर्फ अंकु, ऋषभ और नितिन के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करके तीनों को जेल भेज दिया है।

भाजपा के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया ने हवन पूजन कर किया। इसके बाद पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की।

बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र तथा प्रदेश सरकार की योजनाओं का प्रचार घर-घर जाकर करना है। भाजपा विकास के नाम पर जनता के बीच जाएगी तथा चुनाव में अमरोहा से जीत दर्ज करेगी। तीसरी बार मोदी सरकार में अमरोहा का भी कमल खिलेगा।

संचालन लोकसभा संयोजक बृजेश चौधरी ने किया। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी राजीव सिसोदिया ने महिला सशक्तिकरण, युवाओं को रोजगार, मुद्रा योजना के अंतर्गत सस्ती दर पर बैंक से लोन आदि के बारे में बताया। इस दौरान लोकसभा संयोजक ब्रजेश चौधरी, जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, ब्लॉक प्रमुख गुरिंदर सिंह, पूर्व विधायक कमल मलिक, राजेश कुमार चुन्नू, ममता गुर्जर, मीनाक्षी चौधरी, मोमराज सिंह गुर्जर, गिरीश त्यागी, लोकेश यादव, मनोज वर्मा आदि मौजूद रहे।

बैठक को संबोधित करते क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसौदिया।

बैठक

- तीसरी बार मोदी सरकार में अमरोहा का भी खिलेगा कमल
- क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया ने किया हवन-पूजन

मुरादाबाद को चैंपियन क्लब ने 3-2 से हराया

रामपुर, अमृत विचार : जुल्फिकार मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट में गुरुवार को पहला मैच चैंपियन क्लब रामपुर और सोनकपुर स्टेडियम मुरादाबाद क्लब के मध्य खेला गया। चैंपियन क्लब की टीम ने मुरादाबाद क्लब को 3-2 से शिकस्त दी। मैन ऑफ द् मैच मुरादाबाद हॉकी क्लब के नागेंद्र को दिया गया।

टूर्नामेंट का मैच आइडेंटिटी स्कूल के मैदान में खेला गया। चैंपियन क्लब रामपुर ने मुरादाबाद क्लब को हरा दिया। चैंपियन क्लब की ओर से 24वें और 19वें मिनट में मुदस्सर ने गोल किए। मुरादाबाद के अमित और नागेंद्र ने 23वें मिनट में और 47वें मिनट में गोल कर टीम को बराबरी पर पहुंचाया। अंत में चैंपियन क्लब के इराक ने 59वें मिनट में गोल कर 3-2 के अंतर टीम को जीत दिलाई। अंपायरिंग नवेद खान और अदीब खान ने की। टूर्नामेंट में शुक्रवार को दो मैच खेले जाएंगे।

सरकारी स्कूल में पुस्तकालय किट देते जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन के सदस्य।

50 स्कूलों में बांटे पुस्तकालय किट

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन द्वारा ब्लॉक के 50 सरकारी स्कूलों में पुस्तकालय किट का वितरण किया गया। धनौरा ब्लॉक स्थित सरकारी स्कूलों को यह किट वितरित की जा रही है।

किटों में विभिन्न विषयों की पुस्तकें, खेल-कूद और अभ्यास के उपकरण शामिल हैं। यह बच्चों की सोचने की क्षमता को विकसित करेंगी। मंडी धनौरा के खंड शिक्षाधिकारी अरुण कुमार ने इस पहल की सराहना की और छात्रों को शिक्षा के माध्यम से समृद्धि और उन्नति की दिशा में मदद करने का संकल्प जताया।

जुबिलेंट के एकाउंट हेड विनय शुक्ला ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए छात्रों को सहायक साधन उपलब्ध कराने की आवश्यकता है। हमारा उद्देश्य हर छात्र को समृद्धि की दिशा में प्रेरित करना है।

इस दौरान विकास कुमार ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य सामाजिक समृद्धि और शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाना है।

ग्रामीणों से बातचीत करते एसडीएम व सीओ। ● अमृत विचार

दूसरे दिन भी नहीं लगा गंगा में डूबे पति-पत्नी का सुराग

संवाददाता, रहरा

अमृत विचार : नाव पलटने से गंगा में डूबे गांव नानई निवासी दंपती का दूसरे दिन भी सुराग नहीं लग सका। एसडीएम व सीओ ने मौके पर पहुंचकर गोताखोरों व एसडीआरएफ टीम से वार्ता की। दूसरे दिन भी उनकी तलाश जारी रही।

रहरा थाना क्षेत्र के गांव नानई निवासी शमसू अपनी पत्नी फूल जहां के साथ बुधवार को अपनी नाव में सवार होकर गंगा पार स्थित खेत में खाद बिखेरने जा रहा था। गंगा के बीच में अचानक नाव का संतुलन बिगड़ने से वह डूब गई थी। ग्रामीणों एवं स्थानीय गोताखोरों की मदद से दंपती एवं नाव को तलाश किया। लेकिन दूसरे दिन भी दोनों का पता नहीं लग सका। गुरुवार को एसडीएम पुष्कर नाथ चौधरी, सीओ दीप कुमार पंत मौके पर पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया। गोताखोरों और एसडीआरएफ टीम से वार्ता की।

एसडीएम ने अधिकारियों को दिए नकलविहीन परीक्षा कराने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : एडीएम न्यायिक मायाशंकर यादव की अध्यक्षता में 11 फरवरी को जिले में होने वाली समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा के संबंध में कलेक्ट सभागार में बैठक हुई। इसमें एडीएम ने नकलविहीन परीक्षा संपन्न कराने के निर्देश दिए।

गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में एडीएम ने जिला विद्यालय निरीक्षक व अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। बताया कि जिले में प्रथम पाली परीक्षा सुबह 9:30 से 11:30 तक होगी। द्वतीय पाली की परीक्षा ढाई से 3:30 बजे तक चलेगी।

अभ्यर्थीयों को परीक्षा केंद्र पर 10 मिनट पूर्व प्रवेश करना होगा। गेट बंद होने के बाद प्रवेश नहीं दिया जाएगा। अभ्यर्थी अपने साथ फोटो पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, वोटर आईडी, पैन कार्ड, पासपोर्ट आदि में से कोई एक साथ लाएं। परीक्षा केंद्र के 100 मीटर की दूरी तक फोटो स्टेट की दुकान बंद रहेंगी।

कलेक्ट्रेट में बैठक लेते एडीएम न्यायिक मायाशंकर यादव।

परीक्षार्थी काले वॉल पॉइंट का प्रयोग कर सकेंगे। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा में किसी प्रकार के लापरवाही नहीं की जानी चाहिए। सभी अधिकारी समय से ड्यूटी पर तैनात रहकर कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक, उप जिला अधिकारी भगत सिंह आदि मौजूद रहे।

मारपीट कर महिला को घर से निकाला, रिपोर्ट

डिडौली, अमृत विचार : महिला ने पति समेत आठ लोगों पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने के मामले में मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुटी है।

मामला डिडौली थाना क्षेत्र का है। गांव सलारपुर माफी निवासी पूनम का आरोप है कि उसकी शादी 16 वर्ष पहले विनोद निवासी सरायतरीन संभल थाना हयात नगर से हुई थी। उसके पिता ने भरपूर दान-दहेज दिया था। शादी के कुछ दिन बाद ही ससुराल पक्ष के लोग उसके साथ मारपीट करने लगे। अगस्त 2023 में पति विनोद व ससुराल पक्ष के लोगों ने उसे धक्के देकर घर से निकाल दिया था। तभी से वह अपने पुत्र के साथ मायके में रह रही है। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि दहेज उत्पीड़न, मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने के मामले में पति समेत आठ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

क्रिकेट धनौरा महोत्सव में रुकमणि क्लब मुरादाबाद और आर्यन क्रिकेट क्लब के बीच हुआ फाइनल मुकाबला

आर्यन क्रिकेट अकादमी ने मुरादाबाद को हराया

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार : धनौरा महोत्सव में आयोजित क्रिकेट का फाइनल मैच रुकमणि क्लब मुरादबाद व आर्यन क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। इसमें आर्यन क्रिकेट अकादमी ने पांच विकेट से रुकमणि क्लब मुरादाबाद को हराया। विजेता टीम को ट्राफी दी गई।

गुरुवार को धनौरा महोत्सव के अर्न्तगत क्रिकेट का फाइनल मैच रुकमणि क्लब मुरादबाद व आर्यन क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। मुख्य अतिथि कुंदन सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज के मैनेजर सरदार जगजीत सिंह व समाजिक कार्यकर्ता तेजवीर सिंह अलूना रहे। कमेटी के सदस्यों ने उनका फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद रुकमणि क्लब मुरादाबाद ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। मुरादाबाद ने धुंआधार बल्लेबाजी करते हुए आर्यन क्लब के खिलाफ 151 रन का स्कोर खड़ा कर दिया। मुरादाबाद की ओर से सर्वाधिक संयम ने 36 व मिर्जा ने 26 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आर्यन क्रिकेट क्लब ने पांच विकेट से मैच जीतकर ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया। आर्यन क्लब के गौरव को 74 रन बनाने पर मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। मुख्य अतिथि व सामाजिक कार्यकर्ता ने संयुक्त रूप से विजेता टीम को ट्राफी दी। इस मौके पर कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. आदित्य चौहान, यतेंद्र कटारिया, प्रशांक त्यागी, गीतेश अग्रवाल, नरेंद्र कटारिया, दुजेंद्र सिंह उर्फ कोकी, गुरमीत सिंह, विकास शर्मा, लक्की चौधरी, अहमर खान आदि मौजूद रहे।

विजेता टीम को ट्राफी देते मुख्य अतिथि सरदार जगजीत सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

क्विज से दी सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा के तहत गुरुवार को रमाबाई आंबेडकर राजकीय महा विद्यालय में क्विज प्रतियोगिता हुई। क्विज के माध्यम से छात्रा-छात्राओं को सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित नियमों के बारे में अवगत कराया गया। संचालन सड़क सुरक्षा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नेहा अग्रवाल एवं डॉ. संयम ने किया। प्राचार्या डॉ.नम्रता वर्मा ने प्रतिभागी छात्रा-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की एवं विजयी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। कहा कि यदि हम सड़क पर पैदल चलते हुए अथवा वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करेंगे तो निश्चित ही हादसों में कमी आएगी। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शिविका भारद्वाज, द्वितीय स्थान रिषभ एवं तृतीय स्थान खुशी ने प्राप्त किया। निर्याणक मण्डल में डॉ. मनोज कुमार एवं डॉ. मनमोहन वर्मा रहे।

प्रतियोगिता में शामिल छात्राएं। ● अमृत विचार

सार संक्षेप

टैबलेट वितरित करते ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र सिंह खड़गवंशी। ● अमृत विचार

शिक्षकों को टैबलेट का किया वितरण

रहरा, अमृत विचार : ब्लॉक गंगेश्वरी के ग्राम पंचायत गंगवार में प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापक, विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष तथा ग्राम प्रधान, स्थानीय निकाय के सदस्यों का एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम हुआ। इसमें मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र सिंह खड़कवंशी ने अध्यापकों को टैबलेट का वितरण किया। इस दौरान खंड शिक्षाधिकारी आरती गुप्ता, प्रवक्ता श्रेयश यादव, रामवीर सिंह, राकेश शर्मा, प्रमोद नागर आदि मौजूद रहे।

जश्न में कलाम पढ़ते शायर। ● अमृत विचार

ईद-ए-मेराजे रसूल पर हुआ जश्न

सैदनगली, अमृत विचार : सैदनगली के पीर जी इमामबारगाह में शबे मेराज के सिलसिले से एक जश्न का आयोजन हुआ। देर रात जश्न का आगाज डॉ. लईक हैदर बाकरी ने खुदा की हम्द से किया। नाते रसूल फिरोज हैदर ने पेश की। इसके बाद मुहम्मद मेहंदी, अम्मार हैदर, मिसाल अब्बास, वफा हैदर, सुहैल अब्बास, रियाजुल हसन, मुहम्मद अब्बास, मुहम्मद हैदर, हैदर अब्बास, मुजम्मिल हुसैन रिजवी आदि शायरों ने रसूल अल्लाह की मेराज की शान में कलाम पढ़े। मौलाना कम्बर अली ने तकरीर में कहा कि अल्लाह ने अपने सबसे प्यारे व आखरी रसूल हजरत मुहम्मद मुस्तफा को 27 रजब को मेराज में अपने पास बुलाया था। जिसे शबे मेराज के नाम से जाना जाता है। यह मुसलमानों के लिए ईद का दिन है। इस मौके पर हसन मेहंदी, कुमैल असगर, मुहम्मद स्वालेह, हसन रजा, गुलाम सय्यदेन, मुहम्मद आदिल, हाजी तनवीर अब्बास, मुहम्मद साकिब आदि मौजूद रहे।

शहर में शोभायात्रा निकालते भक्त। ● अमृत विचार

मूर्ति स्थापना से पूर्व निकाली शोभायात्रा

हसनपुर, अमृत विचार : मंदिर में शिव परिवार मूर्ति की स्थापना से पूर्व भक्तों ने मुख्य मार्गों पर शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा का कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। नगर के रहरा बस स्टैंड के निकट स्थित आदर्श कॉलोनी के नवनिर्मित मंदिर में भगवान भोलेनाथ के परिवार की मूर्ति की स्थापना कराई जा रही है। स्थापना से पूर्व शिवाला मंदिर पर ब्राह्मणों ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। गुरुवार को शिवाला मंदिर से शोभा यात्रा प्रारंभ हुई और नगर के मुख्य मार्गों पर भ्रमण करती हुई आदर्श कॉलोनी पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा का कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इसके बाद मंदिर में मूर्तियों की स्थापना की गई। इस मौके पर पंडित देवेंद्र शर्मा, मुकेश चौहान, पुनीत राजपूत, राखी, स्वाति, पारुल, पवन आदि मौजूद रहे।

बस स्टैंड के पास लगा जाम। ● अमृत विचार

रहरा बस स्टैंड चौराहे पर जाम से राहगीर रहे परेशान

हसनपुर, अमृत विचार : नगर के व्यस्ततम चौराहा रहरा बस स्टैंड पर जाम लगने के कारण आधे घंटे तक राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। रहरा बस स्टैंड चौराहा नगर का व्यस्ततम चौराहा है। यहां जाम लगना आम बात हो गई है। जाम का मुख्य कारण अतिक्रमण एवं चौराहे से टेंपो का संचालन होना है। यहां से गजरौला एवं रहरा के लिए टेंपो का संचालन किया जाता है। सड़क पर टेंपो खड़े होने के कारण प्रतिदिन जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। गुरुवार की दोपहर दो से करीब ढाई बजे तक चौराहे पर जाम लगा रहा। इस दौरान मार्ग के दोनों तरफ वाहनों की लंबी-लंबी लाइन लग गई। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिसकर्मियों ने जाम खुलवाया। यातायात सुचारू हो सका। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से कई बार इस समस्या का निस्तारण करने की मांग की है। इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा।

बैठक में कार्यकर्ताओं को जानकारी देते वक्ता। ● अमृत विचार

किसानों ने 13 को दिल्ली कूच करने का किया ऐलान

गजरौला, अमृत विचार : एमएसपी लागू कराने व कर्ज माफी को लेकर भाकियू असली के नेतृत्व में संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक हुई। इसमें 13 फरवरी को दिल्ली कूच करने का ऐलान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि किसान दिल्ली जाने के लिए अपने ट्रैक्टर तैयार कर लें। गुरुवार को भाकियू असली के नेतृत्व में ब्लॉक के गांव सलारपुर के पूर्व प्रधान बचन सिंह के आवास पर संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक हुई। इसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष हरपाल सिंह ने एमएसपी लागू कराने और कर्ज माफी के लिए मोर्चा के आह्वान पर 13 फरवरी को दिल्ली कूच करने का ऐलान किया। कहा कि अमरोहा से भारी संख्या में किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों व अन्य वाहनों से रवाना होंगे। उन्होंने केन्द्र सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप भी लगाया। इस अवसर पर समरपाल सिंह, नरेश कुमार, डूंगर सिंह, महावीर सिंह, बचन सिंह, चौधरी जसपाल सिंह, अशोक कुमार, युद्धवीर सिंह, नेमपाल सिंह, मोहम्मद यासीन, शाहिद, युसुफ, जसवन्त सिंह आदि मौजूद रहे।

एक नजर

श्याम बाबा के दर्शन कर खुशहाली की प्रार्थना की

गुन्नौर, अमृत विचार : पशुपालन विभाग के सदस्य हितेश कुमार सिंह ने गांव रिवाड़ा स्थित श्री श्याम कृपा धाम में श्याम बाबा के दर्शन कर देश की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। इस दौरान विवेक कुमार सिंह, ठाकुर उमेश कुमार, अंकुश राघव, मनीष यादव, साहब सिंह यादव, प्रताप सिंह, विपिन यादव और राजकुमार आदि मौजूद रहे।

पशु बांधने को लेकर भाइयों में मारपीट

गुन्नौर, अमृत विचार : गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र में पशुशाला में पशु बांधने को लेकर भाइयों में हुए विवाद के बाद मारपीट हो गई। जिसमें एक भाई घायल हो गया। गांव भोजराजपुर निवासी सगे भाइयों सुलेराम, नेकपाल, छोटेलाल और गुड्डू की पशुशाला साझे में है। बुधवार शाम को नेकपाल की पुत्रवधू नीता पत्नी ज्ञान सिंह पशुशाला में पशु बांधने गई। गंदगी को लेकर कहासुनी हुई। तब लोगों ने बीच बचाव कर दिया लेकिन गुरुवार सुबह भाइयों में इसी बात पर फिर विवाद हो गया और मारपीट होने लगी। मारपीट में सुलेराम घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने छोटे लाल, गुड्डू और भतीजे ज्ञान सिंह को हिरासत में लेकर शांतिभंग करने में चालान कर दिया।

कल्कि धाम कार्यक्रम में भाजपा सक्रिय

प्रधानमंत्री का आना संभावित, शामिल होंगे बूथ तक के कार्यकर्ता, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष ने की बैठक

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : कल्कि धाम शिलान्यास कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संभावित कार्यक्रम को लेकर अब भारतीय जनता पार्टी भी सक्रिय हो गई है। भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया ने पदाधिकारियों के साथ बैठक कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम की सफलता को जुटने का संदेश दिया। कहा कि प्रत्येक विधानसभा से बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं की भागीदारी होगी।

19 फरवरी को संभल के ऐंचोड़ा कम्बोह में कल्कि धाम के शिलान्यास कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर पुलिस प्रशासन की तैयारियों के बीच अब भारतीय जनता पार्टी ने भी अपनी रणनीति का खुलासा किया है। गुरुवार को संभल में भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय एकता विहार पर बैठक में भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया ने पार्टी पदाधिकारियों से कहा कि कल्कि पीठाधीश्वर प्रमोद कृष्णम के निमंत्रण पर कल्कि धाम के शिलान्यास कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन प्रस्तावित है।

यह संभल जनपद के लिए बड़े गर्व की बात है। कहा कि गांव गांव जाकर कर बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओ से मिलकर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाना है।

सभी विधानसभाओं से जनता के कार्यक्रम में शामिल होने की व्यवस्था देखनी है। किसी कार्यकर्ता को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कितना प्रेम करती है यह जग जाहिर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जनता सुनना चाहती है। पूरे विश्व में उनके कार्यों को सराहा जा रहा है।

संभल में भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष का स्वागत करते जिलाध्यक्ष व अन्य। ● अमृत विचार

तैयारियां

▸▸ कहा, प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से बूथ स्तर तक से कार्यकर्ता जायेंगे

प्रधानमंत्री का आगमन संभल के लिए सौभाग्य का विषय : हरेंद्र सिंह

संभल, अमृत विचार : बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह ने कहा कि यह संभल के लिए बेहद गर्व का विषय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संभल की धरती पर आगमन हो रहा है। कार्यकर्ता पूरे उत्साह के साथ प्रधानमंत्री का स्वागत करेंगे। चौधरी हरेंद्र सिंह ने कहा कि 19 तारीख को कल्कि धाम शिलान्यास पर प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर हमें पार्टी के दिशा निर्देशों के अनुसार जोर शोर से तैयारी करनी है। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल ने क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया का आभार व्यक्त किया। बैठक का संचालन जिला महामंत्री अर्जुन वाल्मीकि ने किया। बैठक में भीष्म शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष डा. अनामिका यादव, गीता प्रधान, परमेश्वर लाल सैनी, अजीत उर्फ राजू, मंजू दिलेर, चंद्रपाल सिंह, पंकज गुप्ता, राजेश शंकर राजू, डा. सुगंधा, लता वार्ष्णेय, कमल कुमार कमल, अखिलेश अग्रवाल, कुलदीप चाहल सौरभ गुप्ता आदि रहे।

हाईटेंशन करंट से फुंके बिजली के उपकरण

संभल, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र में हाईटेंशन बिजली के इंसुलेटर में फाल्ट होने से घर के आगे लगा पांच किलोवाट बिजली का मीटर जलकर राख हो गया। जबकि कई घरों में बिजली के उपकरण खराब हो गए। मकान स्वामी ने बिजली की सप्लाई बाधित कराकर बिजली विभाग में शिकायत की।

कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला चौधरी सराय निवासी मुशाहिद अली घर के से होकर हाईटेंशन बिजली की लाइन गुजर रही है। गुरुवार की दोपहर दो बजे अचानक पोल पर लगे इंसुलेटर पर फाल्ट हो गया। जिससे हाईटेंशन करंट घरों में दौड़ने गया। मुशाहिद अली ने बताया कि आइसक्रीम बनाने की मशीन व घर के बिजली के उपकरण चलाने के लिए दीवार पर लगा पांच किलोवाट बिजली का मीटर आग में जलकर बर्बाद हो गया। जबकि कई घरों में फ्रिज, समरसेबल चलाने का स्टार्टर, इन्वर्टर सहित अन्य सामान खराब हो गए है। गनीमत रही कि हाईटेंशन करंट से कोई जनहानि नहीं हुई। मुशाहिद अली ने बिजली विभाग में शिकायत की है।

संभल में आग बुझाने का प्रयास करते दमकल कर्मी। ● अमृत विचार

शॉर्ट सर्किट से गोदाम में लगी आग, लाखों की क्षति

संवाददाता, संभल

▸▸ वाटर प्यूरीफायर के साथ ही उपकरण व केमिकल भी जला

अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र में संभल मुरादाबाद मार्ग पर शॉर्ट सर्किट से गोदाम में लगी आग से नए वाटर प्यूरीफायर के साथ ही उपकरण व केमिकल जल गया। आग ने विकराल रूप धारण किया तो आसपास के लोग घरों से निकलकर सड़क पर आ गये। दमकल कर्मियों ने घंटों की मशक्कत से आग पर काबू पाया।

कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला कोट पूर्वी निवासी गौरव वर्मा संभल मुरादाबाद मार्ग पर सदर कोतवाली के पास नए आरओ, पार्टस व लीकेज रोकने के लिए केमिकल की दुकान चलाते हैं। दुकान के ऊपर ही कमरे में आरओ, पार्टस व कैमिकल का स्टोर बना है। गुरुवार की देर शाम छह बजे दुकान के अंदर बैठे गौरव वर्मा को पड़ोसी दुकानदार ने गोदाम के अंदर से धुंआ निकलने की सूचना दी। गौरव वर्मा दुकान के अंदर से लगी सीढ़ी से होकर छत पर पहुंचे। देखा तो आरओ व पार्ट्स और केमिकल के प्लास्टिक के कट्टों में आग लगी थी। सूचना पर फायर ब्रिगेड कर्मी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया।

यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

संवाददाता, बहजोई

अमृत विचार : बहजोई महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के प्रथम एक दिवसीय शिविर में स्वयंसेवकों ने जागरूकता रैली निकालकर यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया।

बहजोई महाविद्यालय से जागरूकता रैली निकालकर छात्र-छात्राएं सड़क सुरक्षा को लेकर आम जन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते चल रहे थे। इसके बाद गांव श्रीनगर कनेटा के प्राथमिक विद्यालय में आयोजित गोष्ठी में सेफ्टी क्लब के नोडल अधिकारी गौरव वार्ष्णेय ने कहा कि दोपहिया वाहन को चलाते समय हेलमेट का प्रयोग आवश्यक रूप से करना चाहिए। सहायक प्रोफेसर संजय कुमार ने कहा कि हमें दुर्घटनाओं से बचने के लिए पर्याप्त रूप से सावधानी रखनी चाहिए। प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र कुमार गुप्ता ने स्वयंसेवकों से कहा कि हेलमेट का प्रयोग पुलिस से बचने के लिए नहीं बल्कि अपनी सुरक्षा के लिए करना चाहिए। इस दौरान गौरव कुमार, मनोज कुमार यादव, निधि राघव, संजय कुमार, डॉ. रामचंद्र, सलौनी रस्तोगी, श्रीनिवास सिंह यादव, पूजा शर्मा, प्रीति शर्मा, अलका धीमान, भगवान सिंह चौहान मौजूद रहे संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ गीता ने किया।

बहजोई में रैली निकालती छात्राएं। ● अमृत विचार

आयोजन

▸▸ राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के प्रथम शिविर में स्वयंसेवकों ने निकाली रैली

प्रधानमंत्री से संभल को रेलवे लाइन की उम्मीद

संभल, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी फिरोज खां ने पक्का बाग स्थित निजी कार्यालय पर बैठक की। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री हैं। उनका संभल में आगमन हो रहा है। संभल की जनता प्रधानमंत्री से बहुत कुछ चाहती है। संभल के लोग प्रधानमंत्री से रेलवे लाइन चाहते हैं, जिसकी वर्षों से मांग हो रही है।

सपा नेता फिरोज खां ने कहा कि जहां विवादित मस्जिदें अधूरी पड़ी है, उनके निर्माण की अनुमति दी जाए ताकि देश में बड़ी भागीदारी रखने वाला समाज भी उनके नेतृत्व में देश हित में फक्र महसूस करके उनकी तारीफ करे। कहा कि प्रधानमंत्री के आगमन पर प्रतिनिधिमंडल उनसे मिलने की उम्मीद भी रखता है। इस दौरान जबर सिंह, रईस प्रधान, अकील अहमद, रिजवान, शाकिर, जीशान खां आदि रहे।

संदिग्ध परिस्थिति में महिला की मौत, हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र की महिला की फरीदाबाद के बल्लमगढ़ में संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। पति महिला का शव लेकर लौटा तो मायके वालों ने हंगामा करते हुए हत्या का आरोप लगाया।

थाना क्षेत्र के गांव डुप्टा खुर्द निवासी प्रमोद कुमार एक साल से पत्नी मीना (25 वर्ष) के साथ फरीदाबाद के बल्लभगढ़ में रहता है। प्रमोद कुमार बल्लमगढ़ में गोलगप्पे बेचने का काम करता है। बुधवार को देर रात मीना की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। जिसके बाद प्रमोद कुमार मीना का शव लेकर गांव डुप्टा खुर्द पहुंच गया। गुरुवार को सुबह सूचना मिलने पर धनारी थाना क्षेत्र के गांव छपरा से मीना के मायके से लोग पहुंच गए। मायके वालों ने हंगामा किया।

मीना के चाचा गुड्डन ने ससुराल वालों पर मारपीट कर फंदे से लटका कर हत्या करने का आरोप लगाया। सूचना मिलने पर रजपुरा थाना पुलिस भी पहुंच गए। वरिष्ठ उप निरीक्षक ललित कुमार शर्मा ने बताया कि महिला का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना फरीदाबाद में हुई है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

हंगामा

▸▸ बल्लमगढ़ से महिला का शव लेकर पहुंचा पति तो मायके वालों ने किया हंगामा

सार संक्षेप

शिविर में फार्म सही कराते हज जायरीन। ● अमृत विचार

फार्म सही कराकर हज जायरीनों को दी अहम जानकारी

संभल, अमृत विचार : मरकजी मदरसा अहले सुन्नत अजमल उल उलूम में हज जायरीनों के लिए शिविर लगा। जिसमें हज जायरीनों के सही फार्म भरवाए गए और अहम जानकारी दी गई। मदरसे में लगे शिविर में जिला हज ट्रेनर अब्दुल खालिक ने हज जायरीनों को बताया कि किन बातों का ध्यान रखना है। क्या करना है और क्या नहीं करना है। हज जायरीनों को अहम जानकारी दी। कारी वसी अशरफ, हाजी नदीम, तकी अशरफ एडवोकेट ने हज जायरीनों के फार्म सही कराए। सही फार्म हज कमेटी उत्तर प्रदेश को भेजे गए। हज जायरीनों की परेशानी को दूर किया। कारी वसी अशरफ ने कहा कि अगर किसी हज जायरीन को कोई परेशानी आ रही है तो वह सुबह 9 बजे से दोपहर 12 तक मरकजी मदरसा आकर जानकारी ले सकता है। शिविर में बड़ी तादाद में हज जायरीन मौजूद रहे।

छुट्टा गोवंश से निजात को कमेटी गठित

संभल/जुनावई, अमृत विचार : बीडीओ जुनावई ने छुट्टा गोवंश पशुओं के मुद्दे पर भाकियू टिकैत कार्यकर्ताओं, प्रधानों और सचिवों के साथ बैठक की। साथ ही ग्राम पंचायत स्तर पर पशु चिकित्सा अधिकारी की निगरानी में नौ सदस्यीय कमेटी कर दी। बीडीओ अखिलेश कुमार ने ब्लॉक मुख्यालय पर भाकियू टिकैत युवा जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष नेत्रपाल सिंह यादव, ग्राम प्रधानों और सचिवों की बैठक कराई। बीडीओ ने छुट्टा गोवंश पशुओं से 15 फरवरी तक निजात दिलाने के लिए बीडीओ ने टीम गठित की। जिसमें पशु चिकित्सा अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत, ग्राम प्रधान, पूर्व प्रधान, ग्राम सचिव, लेखपाल, कांस्टेबल, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक रहेंगे। यही छुट्टा गोवंश पड़कर संरक्षित करने हेतु ईयर टैगिंग करके ग्रामीणों को सौंपने का काम करेंगे। गोवंश पशुओं को छोड़ने वालों पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा की सफलता को बनाई रणनीति

संभल, अमृत विचार : शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तौकीर अहमद के नेतृत्व में आलम सराय स्थित कार्यालय पर हुई बैठक में राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सफल बनाने के लिए रणनीति तैयार की गई। जिसमें पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को यात्रा की लोगों तक सूचना पहुंचाने और यात्रा वाले दिन उन्हें बताए प्वाइंट पर पहचानने की जिम्मेदारी सौंपी गई। कहा गया कि यात्रा को लेकर सर्वे टीम जल्द ही संभल पहुंचेगी। जिसके लिए शुक्रवार को कार्यकर्ता रूट मैप का आंशिक सर्वे करेंगे। बैठक में नवनिर्वाचित यूथ कांग्रेस के जिला कोऑर्डिनेटर मोहम्मद अंसार, विधानसभा अध्यक्ष आस मोहम्मद द्वारा विकेश कुमार को संभल विधानसभा उपाध्यक्ष मनोनीत कर नियुक्ति पत्र सौंपा गया। अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष आरिफ तनवीर ने तहसीन सैफी को जिला उपाध्यक्ष का नियुक्ति पत्र देकर स्वागत किया। बैठक में वीर सिंह सागर, अकील अहमद, मौअज्म हुसैन, सोनू कुमार, रईस मसूदी, सरफराज सैफी, गुलशन कुमार, दिनेश कुमार आदि रहे।

ओवरलोडिंग में पांच वाहन सीज, 32 वाहनों का चालान

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत एआरटीओ प्रवर्तन जयप्रकाश गुप्ता और पीटीओ एम आबदीन अहमद ने नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें ओवरलोडिंग में पांच वाहनों को सीज करने की कार्रवाई की।

चेकिंग अभियान में गलत नंबर प्लेट एवं एचएसआरपी प्लेट नहीं लगे होने पर पांच वाहनों का चालान किया। नो पार्किंग में खड़े 27 वाहनों के चालान की कार्रवाई की। वाहन चालकों को नियमों का पालन करने की हिदायत दी। रात में हाई बीम, लॉ बीम के बारे में बताया। लेन ड्राइविंग के बारे में बताकर नींद की स्थिति में वाहन नहीं चलाने, तेज गति से वाहन न चलाने, स्टंड न करने और इंडिकेटर का प्रयोग करने के प्रति जागरूक किया।

ट्रक चालक पर कार्रवाई करते एआरटीओ व पीटीओ।

▸▸ नो पार्किंग में खड़े 27 वाहनों के चालान की कार्रवाई

▸▸ वाहन चालकों को दी नियम पालन करने की हिदायत

महिला के कुंडल खींचे ट्रैक्टर की बैटरी की चोरी

संभल, अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र में बदमाश घर के बरामदे में सो रही महिला के जेवर खींचकर भाग गए साथ ही ग्रामीण के घर के बाहर ट्रैक्टर से बैटरी चोरी की। जबकि तीसरे पर स्थान जाग होने पर घटना को अंजाम नहीं दे सके।

गांव शाहपुर डसर निवासी भोलू का घर गांव के बाहरी छोर पर है। बुधवार को रात भोलू की पत्नी रूपवती और परिजन घर के बरामदे में सो रहे थे। देर रात दीवार फांदकर घर में घुसे बदमाशों ने रूपवती के कान से कुंडल और नाक से नथनी खींचकर ले गए। रूपवती ने शोर मचाया तो परिजन जागे। बदमाशों की तलाश की लेकिन वह नहीं मिले। इसी गांव के यूसुफ पहलवान के घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर से बदमाश बैटरी ले गए। गुरुवार को सुबह घटना की जानकारी हुई। इसी गांव में चोरों ने मास्टर मिसरान के घर की दीवार में नकब लगाया लेकिन आहट होने पर परिजन जाग गए।

152 युवाओं को मिला नियुक्ति पत्र

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान व जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में रजपुरा के हरि बाबा जनता इंटर कॉलेज गवां में लगे रोजगार मेले में विभिन्न कंपनियों के अधिकारियों ने साक्षात्कार लेकर 152 युवाओं का नौकरी के लिए चयन किया। युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए।

रोजगार मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि सदस्य राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग मंजू दिलेर ने फीता काटकर किया। नौ कंपनियों में 850 पदों पर भर्ती होनी थी। इनमें डीबीजी टेक्नोलॉजी इंडिया लिमिटेड, एसआईएस सिक्योरिटी देहरादून, पुखराज हेल्थ केयर पंजाब, पैडगेट इलेक्ट्रॉनिक्स नोएडा, फैशन स्क्वायर नोएडा, क्रीक इंजीनियर्स सॉल्यूशन नोएडा, बालाजी मैनपावर, फेम इंडस्ट्रीज ने हिस्सा लिया। कंपनियों के अधिकारियों ने 360 युवाओं का साक्षात्कार लिया। जिसमें 152 युवाओं का चयन किया गया। मुख्य अतिथि मंजू दिलेर ने युवाओं का नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस दौरान आईटीआई संभल नोडल प्रधानाचार्य राहुल कृष्ण शर्मा, प्रधानाचार्य हरि बाबा इंटर कॉलेज गवां हरीश पाल सिंह, सीएम फेलो रुचि, मुरारी राम, गौरव पूठिया, पवन सिंह भदौरिया, मेला प्रभारी रियाजुल हसन, महीपाल सिंह, अभिषेक कुमार आदि मौजूद रहे। मेले का संचालन गौरव पूठिया और भोजराज सिंह ने संयुक्त रूप से किया।

रोजगार मेले में युवा को नियुक्ति पत्र देतीं मंजू दिलेर। ● अमृत विचार

▸▸ रोजगार मेले में विभिन्न कंपनियों ने साक्षात्कार लेकर युवाओं का किया चयन

समीक्षा जिला पोषण समिति की बैठक में सीडीओ ने दिए निर्देश

आंगनबाड़ी केंद्रों का समय से पूरा करायें निर्माण

संवाददाता, बहजोई

अमृत विचार : जिला पोषण समिति की बैठक में सीडीओ ने किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। कार्यदायी संस्थाओं को निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्रों का कार्य समय से गुणवत्ता पूर्वक किए जाने के निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में सीडीओ भारत कुमार मिश्रा ने जिला कार्यक्रम अधिकारी धर्मेंद्र कुमार मिश्रा से प्रमुख कार्यों को लेकर समीक्षा की। जिसमें उन्होंने बताया कि विकासखंड स्तर पर तैयार हो रही लर्निंग लेव में असमोली व संभल में कार्य किया जा रहा है। जिस पर सीडीओ ने खंड विकास अधिकारियों से कहा कि शीघ्र ही कार्य को पूर्ण कराया जाए। आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण के संबंध में उन्होंने कार्यदाई संस्था आरईडी से कहा कि शीघ्र कार्य पूर्ण किया जाए।

हॉट कुक्ड मील को लेकर उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर हॉट कुक्ड मील का प्रबंध कर रहे हैं वह हाइजीन पर विशेष ध्यान दें। इस दौरान एसीएमओ कुलदीप आदिम, बीएसए चंद्रशेखर, डीआईओ बृजेश कुमार, डीएसओ शिवि गर्ग सहित जनपद के सभी खंड विकास अधिकारी व सीडीपीओ मौजूद रहे।

बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते सीडीओ भारत कुमार मिश्रा। ● अमृत विचार

चुनाव में दिव्यांगों को मतदान में भागीदारी के लिए करें प्रेरित

संवाददाता, बहजोई

▸▸ मतदान का प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिला प्रशासन सक्रिय

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में दिव्यांगों को अधिक से अधिक मतदान करने को लेकर जिला दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी ने विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। दिव्यांग जनों को मतदान के लिए जागरूक करने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए।

जिला प्रशासन द्वारा लोकसभा चुनाव की तैयारी व मतदान का प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है। लोकसभा चुनाव में दिव्यांगों की सहभागिता बड़े इसके लिए अभी से कार्य करना प्रारंभ कर दिया है। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी चंद्रभूषण ने अधिकारियों ने कहा कि चुनाव आयोग की ओर से पहल की गई है कि दिव्यांगों को मतदान के लिए अनुकूल स्थिति उपलब्ध कराई जाए। जिससे कि वह मतदान में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करें।

आयोग के द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं को लेकर दिव्यांगजन मतदाताओं को बताया जाए कि उन्हें मतदान के लिए मतदान केंद्र पर किसी प्रकार की समस्या नहीं होगी। समिति के सदस्य आस मोहम्मद ने कहा कि दिव्यांगों को अभियान चलाकर जागरूक किया जाए। इस दौरान डीआईओएस बेदराम, दिनेश कुमार, सत्येंद्र कुमार, शैलेंद्र कुमार, स्वराज सिंह, सोमपाल आदि मौजूद रहे।

संभल में मुए-ए-मुबारक का दीदार करते अकीदतमंद। ● अमृत विचार

पैगंबर साहब के मुए-ए- मुबारक की जियारत की

संभल, अमृत विचार : शहर के मुहल्ला कोट गर्वी में पैगंबर साहब के मुए ए मुबारक और कदम ए मुबारक की जियारत कराई गई। बड़ी तादाद में अकीदतमंदों ने जियारत की। गुरुवार को सुबह मुहल्ला कोट गर्वी में महफिले नात ए पाक का आयोजन हुआ और फिर दुआ कराई गई। जिसके बाद बाबा जिंदा शाह औलिया के वंशज ने तबर्रुकात की जियारत कराना शुरू किया। सुबह से ही अकीदतमंद यहां पहुंचे और पूरे उत्साह के साथ मुए ए मुबारक और कदम ए मुबारक की जियारत करने लगे। इस बीच बाबा जिंदाशाह औलिया द्वारा तकर्रुकात को संभल की जमीन पर लाने के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। यह भी बताया कि बाबा जिंदाशाह औलिया की मजार संभल की ईदगाह में है। आखिर में मौलाना कलीम अशरफ ने कौम और मुल्क की तरक्की के लिए दुआ कराई। इस दौरान सुहैल इकबाल, शान इकबाल, सईद अख्तर इसराईली, अफरोज अहमद, डॉ .हारून, फिरोज अहमद, नसीम, नासिर, शाकिर, अदनान आदि मौजूद रहे। सदारत हाजी हनीफ ने तथा संचालन निजामत हाफिज जफर ने की।

एक नजर

मामूली बात पर पत्नी व बेटे के साथ की मारपीट

संभल/सरायतरीन, अमृत विचार : हयातनगर के मुहल्ला चमुंडा मंदिर निवासी फूलसिंह की पत्नी शीला ने गुरुवार को थाना हयातनगर पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। आरोप लगाया कि फूल सिंह नशे का आदी है और आए दिन मारपीट करता है। जिसकी वजह से शीला अपने बच्चों सहित फूल सिंह से अलग दूसरे मकान में रहती है। गुरुवार को अचानक से गायब हुई बकरी की तलाश करती हुई शीला फूलसिंह के पास पहुंची और घर में बकरी होने की जानकारी की। आरोप है कि इसी बात को लेकर फूलसिंह गाली गलौज करते हुए शीला के साथ मारपीट करने लगा। मां को बचाने पहुंचे बेटे आशीष के साथ भी उसके पिता ने मारपीट की।

किसान के घर से रात में भैंस चुरा ले गए

संभल, अमृत विचार : ऐंचौड़ा कम्बोह थाना क्षेत्र के गांव पंसुखा मिलक निवासी किसान कृष्ण कुमार के घर से बुधवार को रात चोरों ने भैंस चोरी कर ली। गुरुवार को सुबह घटना की जानकारी हुई। किसान ने परिजनों के साथ खेतों में तलाश किया लेकिन भैंस नहीं मिली।

संभल-चन्दौसी की खबरें पेज 12 पर भी

राजस्व टीम से हाथापाई कर किया पथराव, तीन गिरफ्तार

पथराव में पुलिस और राजस्व विभाग की गाड़ियां हुई क्षतिग्रस्त

संवाददाता, बहजोई

बवाल

- पुलिस ने बकायेदार, उसकी पत्नी व बेटी को किया गिरफ्तार
- बकायेदार का ट्रैक्टर जब्त कर ले जा रही थी टीम

अमृत विचार : पुलिस व तहसीलदार की मौजूदगी में वसूली करने गई राजस्व विभाग की टीम के साथ बकायेदार, उसकी पत्नी व बेटी ने हाथापाई की। हाथापाई करने के साथ-साथ पथराव करते हुए गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की गई। पुलिस ने बकायेदार दंपती व उसकी बेटी को गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली पर तीनों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

राजस्व विभाग की टीम तहसीलदार धीरेंद्र कुमार नायक, नायब तहसीलदार दीपक कुमार संग्रह अमीन व नवीन पुलिस लाइन चौकी पुलिस के साथ राजस्व वसूली के लिए गांव कमालपुर गई थी। जहां पर 15 लाख के बकायेदार गोविंद राम के यहां जैसे ही वसूली के लिए टीम ट्रैक्टर जब्त कर ले जाने लगी तो संग्रह अमीन शिवकुमार और संग्रह सेवक भूप सिंह पर बकायेदार की पत्नी और उनकी बेटियों ने हमला बोल दिया। आरोप है कि उन्होंने टीम के साथ हाथापाई भी की। दोनों को बचाने गये पुलिस कर्मियों के साथ भी उन्होंने हाथापाई की। मामला इतना बढ़ गया कि तहसीलदार और पुलिस की गाड़ी पर उन्होंने पथराव कर दिया। दोनों की गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गईं। पुलिस आरोपी गोविंद राम के साथ ही उसकी पत्नी राजवती व बेटी अंजलि को गिरफ्तार कर थाने ले आई। संग्रह अमीन शिवकुमार की ओर से तीनों के खिलाफ कोतवाली बहजोई में मामला दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है कि वर्ष 2016 में गोविंद राम पर पंजाब नेशनल बैंक का 15 लख रुपए बकाया था। डेढ़ साल पहले इसकी आरसी तहसील पर भेजी गई थी। तभी से लगातार वसूली का प्रयास किया जा रहा था।

> पुलिस टीम के साथ राजस्व विभाग की टीम उनके नेतृत्व में वसूली के लिए निकली थी। कमालपुर गांव में बकायेदार गोविंद राम के यहां पहुंचे तो उनके परिवार वालों ने अचानक से दुर्व्यवहार करते हुए हाथापाई शुरू कर दी। गाड़ियों पथराव किया। जिसमें गाड़ियों के शीशे टूट गए हैं। संग्रह अमीन की ओर से मामला दर्ज कराया गया है।
> –धीरेंद्र कुमार, तहसीलदार, चंदौसी।

बुजुर्ग का शव मिलने के बाद एकत्र लोग व मौजूद पुलिस। ● अमृत विचार

13 दिन से लापता बुजुर्ग का तालाब में उतराता मिला शव

संवाददाता, संभल

अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र में तेरह दिन पहले से गायब घर से बुजुर्ग का शव मुहल्ला तुर्तीपुरा इल्हा में स्थित तालाब के पानी में उतराता मिला। शव मिलने की सूचना मिलने पर आसपास के लोगों की मौके पर इकठ्ठा हो गई। पुलिस ने मौका मुआयना किया।

थाना क्षेत्र के मुहल्ला तुर्तीपुर इल्हा के लोग गुरुवार को मुहल्ला में स्थित तालाब के पास अपने पशुओं को चरा रहे थे। पशु चरा रहे लोगों ने तालाब के किनारे पानी में उतराता हुआ एक बुजुर्ग का शव देखा। तालाब में शव होने की जानकारी होने पर आसपास के लोगों की मौके पर भीड़ इकठ्ठा हो गई। लोगों ने शव की पहचान सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला महमूद खां सराय निवासी हाजी लतीफ 90 वर्ष के रुप में की। मौत की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया और रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और पंचनामा भरकर हाजी लतीफ का शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। मोहम्मद यासीन ने बताया कि पिता हाजी लतीफ दिमागी रुप से कमजोर थे और 26 जनवरी की देर रात बिना बताए घर से चले गए थे।

सार संक्षेप

शिविर के पहले दिन छात्रों ने चलाया स्वच्छता अभियान

चन्दौसी, अमृत विचार : एसएम कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई का गुरुवार को शिविर का आयोजन गांव गुमथल में किया गया। पहला दिन स्वच्छता कार्यक्रम के रूप में मनाया गया। शिविर का आरंभ भारत माता व मां सरस्वती के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किया गया। स्वयंसेवकों ने शिविर स्थल पर स्वच्छता अभियान के तहत साफ-सफाई की। इसके उपरांत स्वयंसेवकों ने टोली का निर्माण करके गांव में साक्षरता, स्वास्थ्य व स्वच्छता व जल प्रबंधन जैसे विषयों में जागरूक किया। साथ ही ग्रामीणों से संवाद भी स्थापित किया गया। ग्रामीणों की सामाजिक व स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के विषय में जानकारी की। द्वितीय सत्र में ग्रामीणों की समस्या के समाधान के लिए विचार विमर्श किया गया। जिसमें स्वयंसेवकों ने प्रयास किया कि ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान हो सके। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विशेष कुमार पांडेय, पीयूष शर्मा, शिवम मोहन, मोहित शर्मा, रोहित कुमार, रोहित मौर्य, रामू, यश वार्ष्णेय, जतिन कुमार, अंशुल, लोकेश कुमार, बृजेश कुमार, सत्यम पाठक, अनंत कुमार, अनुराग सोनी, आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम में नृत्य की प्रस्तुति देते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

जूनियर्स ने दी कक्षा 12 के विद्यार्थियों को विदाई

चन्दौसी, अमृत विचार : एएम वर्ल्ड स्कूल में कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह आयोजन किया गया। जिसमें जूनियर्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समारोह पूर्वक सीनियर्स को विदाई दी। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। जूनियर छात्र-छात्राओं ने गीत, नृत्य, गजल व नाटक की प्रस्तुति देकर सभी का मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय प्रबंधक अनूप मंगलम ने कहा कि कक्षा 12 के विद्यार्थी हमारे विद्यालय से जाने के बाद आगे की पढ़ाई मेहनत के साथ करें। साथ ही आगे चलकर अच्छे पदों पर आसीन होकर अपने परिवार व विद्यालय का नाम रोशन करें। सीनियर्स को तिलक कर उन्हें उपहार देकर विदाई दी गई। कार्यक्रम में मिस्टर फेयरवेल क्षितिज दुबे, मिस फेयरवेल आस्था चुनी गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य कुलदीप सिंह सहित विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

मेले लगने से व्यापारियों को मिलेगा लाभ

चन्दौसी, अमृत विचार : अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल की कैथल गेट पर संपन्न हुई बैठक में दुबई कार्निवल मेले का समर्थन किया गया। नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय ने कहा कि दुबई कार्निवल मेले से व्यापारियों का भी फायदा है। बाहर से मेले देखने आने वालों से शहर का व्यापार बढ़ेगा। प्रशासन से मांग की कि मेला सुचारू रूप से चलवाया जाए। मेले में ध्वनि प्रदूषण नहीं किया जाए। इस अवसर पर राजू ठाकुर, हरेंद्र यादव, शुभम अग्रवाल, मुनाजिहर, श्रीपाल मौर्य आदि मौजूद रहे। कुछ लोग सोशल मीडिया पर कमेंट कर मेले के आयोजन के खिलाफ हैं, उनका कहना है कि सप्ताह भर बाद बोर्ड की परीक्षा शुरु हो रही है। कुछ लोग इसका समर्थन भी कर रहे है। उनका कहना है कि मेला संचालक ने अनुमति के बाद ही मेले का आयोजन किया है।

जहरखुरानी का शिकार सिपाही सड़क किनारे मिला

चन्दौसी, अमृत विचार : पुराना बाईपास पेट्रोल पंप के पास सड़क किनारे पड़े मिले जहरखुरानी के शिकार व्यक्ति को एंबुलेंस से उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। उसके पास से मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान बुलंदशहर निवासी सुमित कुमार पुत्र रिचपाल सिंह के रूप में हुई। सूचना मिलने पर पुलिस भी सीएचसी पहुंच गई और युवक के परिजनों को सूचना दी। बताया जाता कि युवक को रोडवेज बस का स्टाफ उतारकर चला गया। युवक सिपाही बताया जा रहा है। बताया जाता है कि युवक रोडवेज बस में सवार था। जहां वह जहरखुरानी का शिकार हो गया। सिपाही की पोस्टिंग कहां थी, इसका पता नहीं चल सका। रात आठ बजे तक युवक को होश नहीं आया था।

बंद घर से चोरों ने नकदी सहित सामान किया चोरी

ओबरी, अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र के गांव मवई ठाकुरान निवासी अतुल कुमार ने गुरुवार को बताया कि सोमवार की शाम घर का मुख्य दरवाजा बंदकर किसी काम से बाहर गया था। देर रात चोरों ने घर में घुसकर 29 कट्टे चावल, पांच कुंतल गेहूं, गैस सिलेंडर, पांच चांदी के सिक्के और दस हजार रुपये की नकदी चोरी कर भाग गए। मंगलवार की सुबह परिवार वालों ने घर का दरवाजा खुला देखकर अतुल कुमार को सूचना दी। सूचना मिलने पर आनन फानन में घर पहुंचे अतुल कुमार को चोरी होने की जानकारी हुई। अतुल कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर सामान बरामद कराने की मांग की।

डीपी यादव से संभल से चुनाव लड़ने की मांग

संभल, अमृत विचार : राष्ट्रीय परिवर्तन दल की बैठक श्रम प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार कश्यप की अध्यक्षता में हुई। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष डीपी यादव से संभल लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने की मांग की गई। चाहे वह किसी भी पार्टी से या किसी के साथ गठबंधन में क्यों न लड़ें। बैठक में विजय, मुन्ना, आकाश, सुभाष, राकेश, हरि, हरिकेश, सुबोध, आशु, हरिराम आदि रहे। संचालन विनोद कुमार कश्यप ने किया।

मामा के साथ हंसी मजाक करने पर की मारपीट

संभल, अमृत विचार : हजरत नगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव बराही निवासी यशपाल व गांव निवासी रिश्ते के साले राहुल गुरुवार को हंसी मजाक में दोनों आपस में गाली गलौज कर रहे थे। मौके पर पहुंचा राहुल का भांजा मोंटू ने मामा के साथ हंसी मजाक का विरोध करते हुए यशपाल के साथ मारपीट पर आमादा हो गया। थोड़ी देर बाद यशपाल गांव में घरेलू सामान खरीदने किराना की दुकान पर गया था। आरोप है कि दुकान पर पहुंचे मोंटू ने लात घूसों से मारपीट करते हुए यशपाल को चोटिल कर दिया।

बलिका को पिता के सुपुर्द करते समिति सदस्य। ● अमृत विचार

दो वर्ष के बाद परिजनों से मिली बालिका

संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव डारनी के मुरारी की 9 वर्षीय पुत्री दो वर्ष पहले अपने परिवार से बिछड़कर बिहार के जनपद किशनगंज पहुंच गई थी। जब बालिका को चाइल्ड लाइन के लोगों ने रोता देखा तो उसे कटिहार बालिका गृह में भेज दिया। जहां बालिका अपना जीवन व्यतीत करने लगी। दूसरी ओर बालिका के परिजनों ने अपनी पुत्री की कई स्थानों पर खोजबीन की, मगर कोई सफलता नहीं मिली। कुछ दिन पहले जनपद की बाल कल्याण समिति के पदाधिकारियों को बालिका के बारे में पता चला तो घटना का संज्ञान लिया।

प्रयास कर बालिका व परिजनों की तलाश की। गुरुवार को समिति पदाधिकारियों ने बालिका को उसके पिता मुरारी से मिला दिया। अपने परिजनों से मिलकर बालिका बहुत खुश नजर आ रही थी।

22 स्थानों पर पकड़ी बिजली चोरी, रिपोर्ट

चन्दौसी, अमृत विचार : विद्युत विभाग ने विजिलेंट टीम व पीएसी के साथ शहर में कई स्थानों पर विद्युत चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें 22 लोगों को बिजली की चोरी करते हुए पकड़ा गया। इसके विरुद्ध विद्युत चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही है।

बिजली चोरी रोकने के उद्देश्य से विभाग के उपखंड अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने विभाग के जेई व कर्मचारियों, विजिलेंस टीम व पीएसी के साथ शहर में कई स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विद्युत विभाग की टीम ने 22 स्थानों पर बिजली चोरी पकड़ी। उक्त लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही है। बताया कि उपभोक्ता अपने बिजली के बिल समय से जमा करें। बिजली चोरी न करें और किसी भी अप्रिय कार्रवाई से बचें। इस दौरान जेई दुर्गेश यादव, वरुण कुमार, अभिषेक कुमार, सहित कर्मचारी मौजूद रहे।

स्कूटी वाहन से टकराई, दो छात्राएं घायल

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के संभल गेट पर छात्राओं की स्कूटी फिसल कर सामने से आ रहे छोटे हाथी (वाहन) से टकरा गई। हादसे में दोनों छात्राएं गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसमें दोनों की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया। इनमें एक छात्रा जनपद मुरादाबाद के थाना बिलारी व दूसरी शहर की है।

आवास विकास कॉलोनी निवासी पूर्णिमा पुत्री मनोज कुमार बहजोई रोड स्थित एएम वर्ल्ड स्कूल में कक्षा 12 की छात्रा हैं। गुरुवार को विद्यालय में फेयरवेल पार्टी थी। मुरादाबाद के थाना बिलारी के शिवधाम कॉलोनी निवासी छात्रा अंतरा कपूर पुत्री राजेश कपूर भी पूर्णिमा के साथ गई थी। अंतरा ने हाईस्कूल तक की शिक्षा एएम वर्ल्ड से ली है। शाम साढ़े चार बजे पूर्णिमा अपनी सहेली के साथ स्कूटी पर सवार होकर जा रही थी। जब स्कूटी सवार छात्राएं संभल गेट पर पहुंची तो अचानक स्कूटी सड़क पर फिसल गई और सामने से आ रहे छोटा हाथी से स्कूटी टकरा गई। हादसे में दोनों छात्राएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। छात्राओं को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। सूचना मिलने पर दोनों के परिजन सीएचसी पहुंच गए। स्कूल स्टाफ व साथी छात्र-छात्राएं भी सीएचसी पहुंचे।

सीएचसी में घायल छात्रा को देखते परिचित। ● अमृत विचार

- संभल गेट में हुआ हादसा, पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर वाहन कब्जे में लिया

दुष्कर्म के आरोपियों पर कार्रवाई नहीं

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/बनियाठेर

- महिला ने प्रार्थना पत्र देकर पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार
- अल्ट्रासाउंड से पता चला कि चार माह की गर्भवती है युवती

अमृत विचार: बनियाठेर थाना क्षेत्र एक गांव में 10 अक्टूबर की 2023 को घर में अकेली युवती से चार युवकों ने दुष्कर्म किया था। घटना के बाद युवकों ने दुष्कर्म का वीडियो बना लिया। आरोप है कि इसके बाद भी युवकों ने युवती को अलग-अलग स्थान पर बुलाकर दुष्कर्म किया। हालत बिगड़ने पर युवती का अल्ट्रासाउंड कराया तो युवती चार माह का गर्भवती थी। परिजनों ने आरोपियों के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है। आरोप है कि पुलिस रिपोर्ट दर्ज नहीं कर रही है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने तहरीर में कहा कि दस अक्टूबर 2023 की सुबह 11 बजे उसकी पुत्री घर में अकेली थी। परिजन खेत पर कार्य करने गए हुए थे। तभी घर में थाना हयातननगर क्षेत्र निवासी दो भाई व दो अन्य युवक घर में घुस आए और युवती को पकड़कर कमरे में ले गए। आरोप है कि युवकों ने कमरा बंद करके युवती से सामूहिक दुष्कर्म किया। इस दौरान मोबाइल से युवती की वीडियो बना ली। जाते समय युवक वीडियो वायरल करने की घमकी दे गए। इसके बाद वीडियो दिखाकर कहा कि हम जहां बुलाएंगे, वहां तुझे आना पड़ेगा, नहीं आने पर वीडियो वायरल कर देंगे। डर की वजह से युवती ने परिजनों को बात नहीं बताईऔर युवकों के बुलाए स्थानों पर जाती रही। कुछ दिन पहले युवती के पेट में दर्द हुआ, तो उसने अपनी मां को बताया। इसके बाद वहअपनी मां के साथ चिकित्सक के यहां गई और पेट दर्द की दवा देने को कहा। मगर चिकित्सक ने दवा देने से इनकार कर दिया और अल्ट्रासाउंड कराने की सलाह दी। अल्ट्रासाउंड कराया तो पता चला कि युवती चार माह का गर्भवती है। पीड़ित युवती की मां की ओर से घटना की तहरीर थाने में दी गई है। मगर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों पर कार्रवाई नहीं कर रही है।

> युवती से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में तहरीर मिली है। मामला प्रेम प्रसंग का बताया जा रहा है। युवती आरोपी युवक से निकाह करना चाहती है। युवती के परिजनों ने एक सप्ताह का समय मांगा है, मगर एक सप्ताह तक युवक निकाह को राजी नहीं होता है, तो रिपोर्ट दर्ज कार्रवाई की जाएगी।
> –मोहित कुमार काजला, थाना प्रभारी, थाना बनियाठेर

15,000 रुपये का इनामी तमंचे के साथ गिरफ्तार

संभल, अमृत विचार : सदर कोतवाली में चंदौसी बाईपास के पास खड़े गैंगस्टर, गोकशी और जानलेवा हमले में फरार चल रहे 15,000 रुपये के इनामी को पुलिस ने तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया।

कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला जगत निवासी अरमान गैंगस्टर, गोकशी और जानलेवा हमले के आरोप में काफी समय से फरार था। पकड़ में नहीं आने पर पुलिस ने अरमान के ऊपर 15000 रुपये का इनाम भी घोषित किया था। गुरुवार को कोतवाली क्षेत्र में संभल मुरादाबाद मार्ग पर चंदौसी बाईपास के पास अरमान के खड़ा होने की सूचना पुलिस को मिली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और अरमान को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर पुलिस को अरमान के पास से तमंचा बरामद हुआ। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई कर अरमान का चालान कर दिया।

चोरी करते एक युवक को पकड़ा, दूसरा हुआ फरार

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/बनियाठेर

- गांव में चोरों की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत

अमृत विचार : थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव अकरौली में चोरों की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। गांव में चोर कई घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। गुरुवार की रात गृहस्वामी ने एक युवक को पकड़ पुलिस के सुपुर्द कर दिया। गांव अकरौली निवासी नन्नू पुत्र मोती राम कुछ दिनों से परिवार के साथ मुरादाबाद में रह रहे हैं। गांव में बने मकान में ताला लगा हुआ। गुरुवार की रात चोरों ने बंद मकान के छत पर बने जाल की सरिया निकाल घर में घुस गए। जब चोर घटना को अंजाम दे रहे थे, तभी नन्नू पत्नी के साथ घर पहुंच गए और दरवाजे का ताला खोला तो कमरे में सामान बिखरा देख दंग रह गए। तभी दूसरे कमरे में मौजूद दो चोरों ने भागने का प्रयास किया। जिसमें से एक चोर को नन्नू ने पकड़ लिया और जबकि दूसरा चोर महिला को धक्का देकर फरार हो गए। आरोप है कि भागने वाला चोर नकदी व जेवर लेकर गया है। शोर शराबा होने पर ग्रामीण भी पहुंच गए और पकड़े गए चोर का वीडियो बना लिया। जिसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस पहुंचने पर चोर को उनके सुपुर्द कर दिया। बताया जाता कि गुरुवार की रात ही गांव लहीक के बंद घर के ताले तोड़ लिए। मगर चोर चोरी की घटना को अंजाम नहीं दे सके। जबकि सोमवार की रात गांव के रामकुमार की छत पर रखे तीन क्विंटल लोहे को उठाकर ले गए।

टी-20 क्रिकेट | विजेता व उपविजेता टीम को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

बरेली ने नौ विकेट से जीता फाइनल

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : कैथल के मैदान में सेठ लक्ष्मी नारायण मेमोरियल आमंत्रण टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला ब्लैक पैंथर्स व इज्जतनगर बरेली की टीमों के बीच हुआ। जिसमें बरेली ने नौ विकेट से मैच जीत लिया। विजेता व उपविजेता टीमों को शील्ड व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गाय। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सचिन पाल को दिया गया।

गुरुवार को बरेली की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले खेलते हुए ब्लैक पैंथर्स के खिलाड़ियों ने निर्धारित 20 ओवर के खेल में 72 रन बनाए। जिसमें अनमोल ने 19 व सिद्धार्थ ने 11 रन की पारी खेली। बरेली के गेंदबाज अजहर खान व अनुज ने 3-3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछे करने उतरी बरेली की टीम के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए मात्र सात ओवर में 73 रन बनाकर मैच जीत लिया। सचिन पाल ने शानदार 47 व कैलाश ने 16 रन बनाए। विजेता टीम को 31 हजार व उपविजेता टीम को 21 हजार रुपये का पुरस्कार व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। जबकि मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सचिन पाल को दिया गया। मैच में अम्पायरिंग जमाल अहमद व राम ने की। इस दौरान अंशुल गुप्ता टनाटन, राहुल गुप्ता टनाटन, प्रिया गुप्ता, मोनिका गुप्ता, सूर्या गुप्ता, माधव गुप्ता, विराट, उदित, दिव्यांशु, राहुल, सुजल आदि मौजूद रहे।

विजयी टीम के कप्तान को पुरस्कृत करते अंशुल गुप्ता व राहुल गुप्ता। ● अमृत विचार

लापरवाही पर तीन सफाई कर्मचारी निलंबित

संवाददाता, बहजोई/संभल

अमृत विचार : कल्कि धाम शिलान्यास कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम को देखते हुए पूरे जनपद में मुख्य मार्गो की साफ सफाई का अभियान चलाया जा रहा है। लापरवाही पर तीन सफाई कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है जबकि चार पंचायत सचिवों का एक दिन का वेतन रोकने की कार्रवाई की गई है।

एचोडा कंबोह में श्री कल्कि मंदिर के शिलान्यास को लेकर जिला प्रशासन जहां एक ओर पूरी तैयारी में जुटा हुआ है। सभी मार्गों से कूड़े के ढेर हटाए जाने को लेकर डीपीआरओ उपेंद्र कुमार पांडे ने जनपद के सहायक विकास अधिकारियों को तैनात किया है। बहजोई से संभल मार्ग तक सहायक विकास अधिकारी बहजोई तथा पंवासा, संभल से चंदौसी मार्ग पर सहायक विकास अधिकारी पंवासा व बनिया खेड़ा, संभल बाईपास मार्ग पर सहायक विकास अधिकारी संभल, संभल से मनौटा मार्ग पर सहायक विकास अधिकारी संभल, मनौटा से एचौड़ा कंबोह तक सभी सफाई कार्य के लिए सहायक विकास अधिकारी पंवासा व संभल को तैनात किया है। निर्देश दिए की मुख्य सड़क के दोनों तरफ सड़क की पटरी पर सफाई करने के साथ ही जेसीबी एवं ट्रैक्टर ट्राली लगाकर कूड़ा हटवाना सुनिश्चित करेंगे। लापरवाही को लेकर डीपीआरओ ने कल कड़ा रुख अपनाया। निरीक्षण में गैर हाजिर मिले सफाई कर्मी संजू रजबड़िया ग्राम पंचायत मुजफ्फरपुर, सफाई कर्मचारी अलका व अमृतलाल को तत्काल प्रभाव से डीपीआरओ उपेंद्र पांडेय ने निलंबित कर दिया है। इसकी जांच सहायक विकास अधिकारियों को सौंपी है। इनके खिलाफ अन्य विभाग की कार्रवाई किए जाने को लेकर भी निर्देश दिए गए हैं।

सफाई का कार्य कराए जाने को लेकर ग्राम पंचायत अधिकारी सोहेल खान, जमालुद्दीन, सुरजीत सिंह व गौरव सागर की ड्यूटी सफाई करने को लेकर लगाई गई थी। जब डीपीआरओ ने निरीक्षण किया तो यह सभी पंचायत अधिकारी मौके से अनुपस्थित पाए गए। इनका एक दिन का वेतन अग्रिम आदेशों तक रोक दिया है। वहीं नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है।

ऐंचोड़ा कम्बोह में सफाई के काम में जुटे कर्मचारी। ● अमृत विचार

कार्रवाई

- जनपद के मुख्य मार्गों की सफाई को लेकर एडीओ पंचायत की लगाई ड्यूटी

समन वास्ते कादार उमूर तनकीह तलब

न्यायलय श्रीमान अपर प्रमुख न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय कोर्ट नं0–2 कानपुर नगर
(नमूना काबिज फरोख्त)
(आर्डर–5, कायद 1 व 5)
नम्बर मुकदमा 2287 सन् 2022
बअदालत अपर प्रमुख पारिवारिक न्यायालय /कानपुर नगर।

शोभित सोनकर आयु 32 वर्ष वयस्क पुत्र राम शंकर, नि0 ई–468 शताब्दी नगर पनकी कानपुर नगर – वादी

सरिता सोनकर उम्र 30 वर्ष पत्नी शोभित सोनकर पुत्री स्व0 मुन्ना लाल, निवासिनी ज्ञानी वाली बस्ती रेलवे स्टेशन के सामने थाना– मंडोला जिला–मुरादाबाद
–प्रतिवादिनी

हरगाह वादी/वादिनी ने आपके नाम नालिश अदालत अन्तर्गत धारा–13 हि0 वि0अधि0 दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप तारीख 19 माह 02 सन् 2024 ई0 बरवक्त 10 बजे दिन असालतन जवाबदावा, वाद बिन्दु हेतु हाजिर हो और लाजिम है कि उसी रोज जुगला दस्तावेज पेश करेंगे जिस पर आप बताईद अपनी जवाबदेही के इश्तदलाल करना चाहते है।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजबूर हाजिर न होंगे तो मुकतमा गैर हाजिरी आपके मसमुअ फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के तारीख 20 माह 12 सन् 2023 ई0 जारी किया गया।

आज्ञा से
अपर प्रमुख पारिवारिक न्यायालय कोर्ट नं.–2 कानपुर नगर

शैले शैले न माणिक्यं,मौक्तिम न गजे गजे।
साधवो नहि सर्वत्र,चंदन न वने वने।।

प्रत्येक पर्वत पर अनमोल रत्न नहीं होते, प्रत्येक हाथी के मस्तक में मोती नहीं होता। सज्जन लोग सब जगह नहीं होते और प्रत्येक वन में चंदन नही पाया जाता ।

संपादकीय

जैव ईंधन पर जोर

पश्चिम एशिया में भूराजनीतिक तनाव के चलते जीवाश्म ईंधन की आपूर्ति श्रृंखला संकट का सामना कर रही है। ऊर्जा और जलवायु परिवर्तन राजनीतिक रूप से ध्रुवीकरण करने वाले मुद्दे बने हुए हैं। जबकि अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने कहा है कि शहरीकरण और औद्योगीकरण के कारण वर्ष 2030 तक भारत की ऊर्जा मांग प्रति वर्ष तीन प्रतिशत से अधिक तक बढ़ सकती है। तेजी से उभर रही अर्थव्यवस्था में परिवहन ईंधन के लिए भारत में मांग का बढ़ना जारी रहेगा। जबकि अन्य देशों में यह स्थिर है या इसमें गिरावट आ रही है। भारत अपनी तेल आवश्यकताओं के 80 प्रतिशत भाग का आयात करता है और दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता है। इसके साथ ही, भारत की ऊर्जा खपत के अगले 25 वर्षों तक प्रत्येक वर्ष 4.5 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान किया जाता है। यानि 2030 तक भारत दुनिया का सबसे बड़ा तेल आयातक बन सकता है। 2030 तक भारत में प्रतिदिन तेल की खपत 66 लाख बैरल हो जाएगी। कहा जा सकता है कि सरकार ने जीवाश्म ईंधन के विकल्पों पर जोर देकर सही किया है। गौरतलब है कि जी-20 शिखर सम्मेलन के मौके पर भारत के नेतृत्व वाले समूह, ग्लोबल बायोफ्यूल एलायंस ने पेट्रोलियम जैसे जीवाश्म ईंधन के विकल्प के रूप में जैव ईंधन के उत्पादन और उपयोग को बढ़ावा देने का निर्णय लिया था। जैव ईंधन बायोमास से बने ईंधन हैं, जैसे कि पौधे या अपशिष्ट पदार्थ जिन्हें ऊर्जा में परिवर्तित किया जा सकता है। जैव ईंधन के समर्थकों का तर्क है कि वे जीवाश्म ईंधन के विपरीत ऊर्जा का एक स्थायी और नवीकरणीय स्रोत हैं जो सीमित हैं और अंततः समाप्त हो जाएंगे। इसके अतिरिक्त, यह भी कहा जाता है कि जैव ईंधन जीवाश्म ईंधन की तुलना में कम ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन करता है, जिससे यह अधिक पर्यावरण-अनुकूल विकल्प बन जाता है।

जीवाश्म ईंधन दुनिया भर में 70 प्रतिशत कार्बन डाई आक्साइड उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार है। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि वायु प्रदूषण प्रतिवर्ष होने वाली 80 लाख मौतों के लिए जिम्मेदार है। इस परिदृश्य में ऊर्जा सुरक्षा के निरंतर जोखिमों को कम करने के लिए नवीकरणीय स्रोतों की ओर संक्रमण में तेजी लाना और जीवाश्म ईंधन की प्रमुखता को तेजी से समाप्त करना भारत की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है। हालांकि सरकार का लक्ष्य तेल की खोज में निजी क्षेत्र का निवेश बढ़ाने का है। ऐसे में भारत घरेलू उत्पादन और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला मजबूत करने पर ध्यान दे।

जातियां किसने बनाईं, धर्म किसने बनाए

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

लोक जीवन चारों ओर से चिंताओं से घिरा है, समस्याओं से संत्रस्त है-मंहगाई, बेरोजगारी, पर्यावरण-प्रदूषण, भ्रष्टाचार, देश के प्राकृतिक-संसाधनों की लूट, बैंकों की लूट, लोकतांत्रिक संस्थाओं का क्षरण, शिक्षा और चिकित्सा जैसे क्षेत्र माफिया से आक्रांत हैं और देश की संसद हाहाकार कर रही है?

देश की जनता अपने प्रतिनिधियों को चुन कर संसद में भेजती है कि देश की प्रत्येक समस्या पर वहां खुल कर चर्चा हो क्योंकि देश की सबसे बड़ी पंचायत संसद है लेकिन संसद नहीं चल पाती और ऐसा आज से नहीं, बरसों से हो रहा है। जितना गहन विचार-विमर्श होना चाहिए वह नहीं हो पाता। सवाल यह है कि क्या संसद और विधानसभाएं जनमत का प्रतिनिधित्व कर पा रही हैं या जनमत के नाम पर सत्ता और पैसे के संगठित स्वार्थ द्वारा संचालित हो रही हैं? क्या सचमुच वहां देश के सच्चे प्रतिनिधि लोग हैं? क्या सचमुच वहां देश की मेधा पंहुच पाती है?

संसद सदस्यों के आडंबर, इनकी सुख-सुविधा, इनके सांमती खर्च, इनकी पल-पल बदलने वाली वेशभूषा, इनके वेतन भत्ते इस विकासशील और गरीब देश पर भार नहीं बन चुके हैं? प्रतिदिन हजारों करोड़ रुपया इन नए सामंतों पर खर्च नहीं हो रहा है? लोकतंत्र के संचालन के लिए लोक ने जिन्हें अपना प्रतिनिधि चुना है, वे अपने को लोक के अंतर्गत मानते हैं या अपने को लोक के ऊपर समझते हैं? क्या यह संसद की महिमा का ही क्षरण नहीं है? ये देश की सेवा है? क्या संविधान निर्माताओंने ऐसी ही संसद की परिकल्पना की थी? क्या भीड़तंत्र को लोकतंत्र बतलाना, जनता को धोखा देना नहीं है?

लोक जीवन चारों ओर से चिंताओं से घिरा है, समस्याओं से संत्रस्त है-मंहगाई, बेरोजगारी, पर्यावरण-प्रदूषण, भ्रष्टाचार, देश के प्राकृतिक-संसाधनों की लूट, बैंकों की लूट, लोकतांत्रिक संस्थाओं का क्षरण, शिक्षा और चिकित्सा जैसे क्षेत्र माफिया से आक्रांत हैं और देश की संसद हाहाकार कर रही है? बैंकों की लूट का सिलसिला जारी है। चर्चा के लिए संसद है किंतु संसद में गंभीर चर्चा कहां होती हैं?

उन चैनलों पर जो निहित-स्वार्थ के द्वारा संचालित होते हैं। जहां विमर्श की आवश्यकता है, वहां तमाशा किया जा रहा है। जातियुद्ध और मजहबी-उन्माद को हवा देने के लिए लोकतंत्र का तमाशा। उनके कार्यक्रमों के नाम ही उनकी प्रवृत्ति को उजागर कर सकते हैं, किसी का नाम है-दंगल तो किसी का नाम है-मुकाबला और कोई हल्ला बोल है। दूरदर्शन और आकाशवाणी

> जाति और धर्म किसने बनाए? इस सवाल को लेकर किताबों को देखने की जरूरत नहीं है, उनको बहुत देखा जा चुका है। आज जरूरत है आदिवासियों और जनजातियों के जीवन के अध्ययन की। जाति किसने बनाई और धर्म किसने बनाया? इसके प्रत्यक्ष सूत्र हमें आदिवासियों और जनजातियों के जीवन में मिल जाएंगे।

इतिहास बन चुके हैं। जाति और मजहब को लेकर जनता की एकता को निरंतर तोड़ते रहने का सदाव्रत, इसी सदाव्रत का नाम आज राजनीति बन चुका है। चर्चा उठी है कि जातियां किसने बनाईं, धर्म किसने बनाए?

ये दोनों सवाल राजनीति के नहीं, समाजशास्त्र के हैं, मानव शास्त्र के हैं, संस्कृति शास्त्र के हैं, इतिहास के हैं। ये दोनों सवाल विश्वविद्यालयों और दूसरी राष्ट्रीय अनुसंधान-संस्थाओं के हैं। मुश्किल यह है कि विश्वविद्यालय मौन हैं और जिनका क्षेत्र राजनीति है, वे वितंडा कर रहे हैं।

जहां तक अनुसंधान की बात है, तो मेरे अध्ययन में जाति को लेकर जितना स्पष्ट चिंतन बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर का है, उतना किसी का नहीं। जन्मना जाति के सिद्धांत को उन्होंने स्वयं भोगा था। उन्होने लिखा है कि-'मेरे स्कूल में एक मराठा जाति की स्त्री नौकरी पर थी। वह स्वयं अशिक्षित थी, लेकिन छूआछूत मानती थी। मुझे छूने से बचती थी। मुझे याद है कि एक दिन मुझे बहुत प्यास लगी थी। नल को छूने की मुझे अनुमति नहीं थी। मैंने मास्टरजी से कहा-मुझे पानी चाहिए। उन्होंने चपरासी को आवाज देकर नल खोलने के लिए कहा। चपरासी ने नल खोला और तब मैंने पानी पिया। चपरासी गैरहाजिर होता तो मुझे प्यासा ही रहना पड़ता।' जाति को लेकर डॉ. भीमराव आंबेडकर का महत्वपूर्ण अनुसंधान है। जब कोई बुद्धिजीवी किसी मिशन को लेकर खड़ा हो जाता है, तब वह कितनी प्रचंड शक्ति बन जाता है, डॉ. भीमराव आंबेडकर इसके उदाहरण थे। भारतीय समाज के सताए हुए वर्ग से जो बुद्धिजीवी पैदा हुआ, उसने अधिकार की सत्ता को विचार-शक्ति का दमखम दिखा दिया। उनके विरोधी भी उनके तर्कों की धार को मान गए थे। डा भीमराव आंबेडकर की जाति की अवधारणा को गहराई से समझना होगा।

अभी कुछ दिन पहले ही इतिहास के प्रोफेसर डा. रामेश्वरदास का शोधपत्र सुना, उन्होंने बतलाया कि शूद्र एक कबीले का नाम था, शूद्र नामक कबीले में क्रमशः अन्य कबीले समाते रहे और वह एक बड़ा वर्ण बन गया।

जाति और धर्म किसने बनाये? इस सवाल को लेकर किताबों को देखने की जरूरत नहीं है, उनको बहुत देखा जा चुका है। आज जरूरत है आदिवासियों और जनजातियों के जीवन के अध्ययन की। जाति किसने बनाई और धर्म किसने बनाया? इसके प्रत्यक्ष सूत्र हमें आदिवासियों और जनजातियों के जीवन में मिल जाएंगे। ईसाई मिश्नरी अवश्य वहां पहुंची थीं किन्तु पुरोहित-प्रपंच अभी भी वहां से दूर है।

मानव-शास्त्रियों ने मनुष्य-जीवन को समझने के लिए आदिवासी-जीवन का अध्ययन प्रारंभ किया था, जिसका निरन्तर विकास हो रहा है। सभ्यता के कितने सोपान हैं? लेकिन मनुष्य मनुष्य ही है और आदिवासियों को भी मनुष्य के रूप में ही पहचाना जा सकता है। संसार के विभिन्न देशों की तरह भारत में भी आदिवासियों का बहुत विस्तार है और अध्येताओं ने उनका वर्गीकरण भी किया है।

आदिवासी-संस्कृति के अध्येताओं ने एक तथ्य को देखा है कि आदिवासी मानते हैं कि नारी और प्रकृति एक ही तत्त्व है। जंगल और प्रकृति उनकी मां है। समुद्र देवी का रूप है, हवा और बादल भी दिव्य हैं। उनके लोकनृत्य प्रकृति और जीवन की एकता की अवधारणा पर ही आधारित हैं। वे मानते हैं कि वृक्ष दिव्य शक्ति हैं। उनका जीवन आवश्यकता पर आधारित है, लालच या तृष्णा पर नहीं। प्रकृति का सहज साहचर्य, आनन्द और नृत्य उनका जीवन है। उनके पास लिखित साहित्य नहीं है। लेकिन वाचिक-परंपरा से उन्होंने सामाजिक विवेक की धरोहर को संजो कर रक्खा है। चेतना और आत्मा में वे भरोसा करते हैं। रोग- मातृका की पूजा करते हैं। मृत्यु के समय भी वे नृत्य करते हैं क्योंकि यह भी भगवान की लीला है।

हम उनको मनुष्य नहीं मानते, उनकी भाषा को भाषा नहीं मानते, उनकी कला को कला नहीं मानते। हां, जहां दाव लग जाता है, उनका शोषण करते हैं, उनके जंगल और प्राकृतिक-संसाधन छीनना विकास का सहज स्वभाव है। विकास की इस अवधारणा का केन्द्रीय तत्व तृष्णा या लालच है। बहुत से शोधार्थी अरुणाचल प्रदेश की जनजातियों पर शोध कर रहे हैं, मात्र चौदह लाख के आस-पास की आबादी वाले इस अकेले प्रदेश में ही जो शताधिक जनजातियां निवास करती हैं, इनमें लाख से ऊपर की जनसंख्यावाली जनजातियां भी हैं, तो कुछ ऐसी भी जनजातियां हैं, जिनकी गिनती सैकड़ों तक ही सिमटकर रह जाती है। मूलतःजनजातीय स्वरूप वाले इस राज्य में निवास करने वाली जो सौ से अधिक जनजातियां हैं, इनमें से 25 या 26 की पहचान प्रमुख जनजातियों के रूप में की गई है। इन सबकी अपनी अलग-अलग बोली-बानी, कला-साहित्य, सामाजिक-सांस्कृतिक वैशिष्ट्य आदि। ऐसे में किसी एकरेखीय पद्धति से इनकी लोक-संस्कृति का विवेचन करना कोई आसान काम नहीं।

यह जाति और धर्म के उद्भव की एक कहानी है। भारत में हजारों ही जनजातियां हैं और उनके हजारों ही लोकदेवता हैं और अलग अलग धर्म-रीतियां हैं, कोई यह दावा नहीं कर सकता कि इन जातियों की रचना अमुक जाति ने की है। इन लोगों के पास आज भी न वेद हैं, न पुराण, न मनुस्मृति और न रामचरित मानस फ़िर भी इनके पास इनका देवता है, ईश्वर का एक समरूप, इनके पास जातियों के अनन्त भेद हैं। विविध बोलियाँ हैं और विविध विश्वास। राजनैतिक-निहित स्वार्थों को पर्दे के पीछे छिपा कर भाषण देने या भारतीय-चिन्तन को नकारने से जाति-समस्या का समाधान नहीं हो सकता। क्या जन्म को आधार बना कर आज नई-नई जातियां पैदा नहीं हो रहीं? जैसे-जन्मना जातिः नेता का बेटा नेता? अफ़सर का बेटा अफ़सर।

प्रसंगवश

धर्म की प्रकृति

राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

अक्सर लोगों को कहते सुनता हूं कि धर्म अज्ञान की उपज है। पर यह विचार तथ्यों से परे है, क्योंकि संसार के जितने भी धर्म हैं, चाहे वह जैन धर्म हो, बौद्ध धर्म हो, ईसाई धर्म हो, इस्लाम हो या अन्य कोई धर्म हो, सभी अपने समय के महानतम विचारकों और ज्ञानियों द्वारा शुरू किए गए हैं। वास्तविकता यह है कि सारे धर्म अपने उद्भव काल में उतने ही ज्यादा क्रांतिकारी थे और व्यवस्था के विरोधी थे जितना कि 19वीं सदी में मार्क्स द्वारा प्रतिपादित साम्यवाद के सिद्धांत।

धर्म की उत्पत्ति का मुख्य कारण समाज का शासक और शोषित वर्गों में विभाजित होना और परिणामस्वरूप जीवन में वैषम्य और दुख का आगमन होना रहा। जीवन में दुख का मुख्य कारण धन का अभाव नहीं बल्कि असमानता की उपस्थिति है। एक सर्व शक्तिमान ईश्वर की कल्पना कर के शोषित वर्ग ने धरती के शासकों को मानों खुली चुनौती दी कि तुमसे भी बड़ा कोई और है जिसके हम अनुयाई हैं। स्वर्ग की कल्पना इस बात का प्रमाण है कि इस दुनिया में दुख है। यह आदमी के इस आकांक्षा की अभिव्यक्ति है कि वह दुख विहीन समाज का स्वप्न पाले हुए है। चूंकि ऐसा समाज उसके तमाम प्रयासों के बावजूद धरती पर उसे नहीं मिल पाता तो वह मरणोपरांत इसे पाने की कल्पना कर सुख की अनुभूति करता है। कार्ल मार्क्स ने धर्म के सटीक अवधारणा दी कि धर्म दुनिया के वास्तविक दुखों की अभिव्यक्ति है और इसके खिलाफ विरोध भी।

इतिहास में हमेशा ऐसा हुआ है कि शासक वर्ग जब किसी नए क्रांतिकारी विचार से लड़ने में अक्षम होता है तो वह उसे अपने अनुकूल बनाकर उसको अपने हथियार के रूप में प्रयोग करने लगता है। व्यवस्था विरोधी बुद्ध और ईसा मसीह दोनों को शासक वर्ग ने बाद में इसी तरह अपना बना लिया। आजकल धर्म का जो रूप है और उसमें जो व्याप्त कुरीतियां, ढकोसले, अंधविश्वास आदि हैं, ये सभी शासक वर्गों तथा पंडों-पुजारियों, पादरियों और मुल्लाओं द्वारा बाद में पैदा किए हुए उत्पाद है जिनका धर्म के मौलिक स्वरूप से कोई संबंध नहीं। ये सभी अज्ञानी जनता को ठगने और अंधविश्वासों में उलझाए रखने के साधन हैं। निष्कर्ष यह है कि जीवन में जब तक विषमताएं हैं और दुख है, तब तक धरती पर धर्म रहेगा।

मुक्त बाजार का सिद्धांत संदेहों के दायरे में

डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

1990 के दशक में, जब हमारे बैच या उसके कुछ आगे-पीछे के बैच के लोग पढ़-लिख कर रोजगार की दुनिया में जगह तलाशने निकले तो उन्हें अपने सामने एक वीराना के सिवा कुछ नजर नहीं आया। कहीं कोई वैकेंसी नहीं। अखबारों में रोज खबरें छपा करती थीं कि सरकार की माली हालत बेहद खस्ता है और इस कारण सरकारी भर्त्तियों पर अघोषित रोक है। तत्कालीन वित्त मंत्री मनमोहन सिंह अपने वक्तव्यों में उम्मीद जताते थे कि आर्थिक उदारीकरण अपना असर दिखाने में कुछ समय लेगा और उसके बाद रोजगार के क्षेत्र में अवसरों की भरमार होगी।

बिहार-यूपी के हमारे जैसे छात्रों-नौजवानों को बचपन से ही अभिभावक और शिक्षक सरकारी नौकरी के लिए तैयार करने में लगे रहे थे। हम लोग भी यही सोच कर मिड्ल स्कूल से एमए तक की पढ़ाई में लगे रहे कि एक दिन कलक्टर-प्रोफेसर-बीडीओ से लेकर क्लर्क-मास्टर तक बन जाएंगे। लेकिन, यहां तो सन्नाटा था। संघ और राज्य लोक सेवा आयोगों में हर साल वैकेंसीज कम होती जा रही थी, विश्वविद्यालयों के कर्ता-धर्ता कसम खाए बैठे थे कि भर्त्तियां नहीं करनी हैं। कभी-कभार कोई छोटी-मोटी वैकेंसी आई नहीं कि अभ्यर्थियों का रेला टूट पड़ता था।

मीडिया उदारीकरण के पक्ष में माहौल बना रहा था और मध्य वर्ग, जो अपने बच्चों को सरकारी नौकरी में देखना चाहता था, जो अपनी बेटियों के लिए किसी भी तरह सरकारी नौकरी वाला दामाद चाहता था, उदारीकरण और निजीकरण का न सिर्फ स्वागत कर रहा था, बल्कि इसके पक्ष में बहस तक करने को

> रोजगार का मतलब सरकारी नौकरी नहीं'...यह सिर्फ सरकार का ही प्रिय वक्तव्य नहीं था, मध्यवर्गीय सयाने लोग भी इस तरह की बातें करते मिलते थे।

उतारू नजर आता था। एक माहौल बन गया था कि सरकारी कंपनियां देश के लिए बोझ हैं, सरकारी कर्मी सरकार के लिए बोझ हैं, और कि सरकारी पद जितने खत्म किये जाएंगे, देश का उतना भला होगा।

'रोजगार का मतलब सरकारी नौकरी नहीं'...यह सिर्फ सरकार का ही प्रिय वक्तव्य नहीं था, मध्यवर्गीय सयाने लोग भी इस तरह की बातें करते मिलते थे। तो, बैंकों में, रेलवे में, पब्लिक सेक्टर की अन्य इकाइयों के साथ ही एसएससी आदि में भी वैकेंसी या तो नदारद थी या बहुत कम आ रही थी।

1996-97 आते-आते हालात ऐसे बन गए थे कि अच्छे-खासे यूनिवर्सिटी टॉपर्स प्राइमरी स्कूल की मास्टरी की लाइन में लग गए थे, बीटेक किए लोग बैंक क्लर्की की फार्म निकलने का इंतजार कर रहे थे। और, जो सरकारी प्राइमरी मास्टर बन गए उनके यहां बड़े-बड़े अधिकारी गण भी अपनी बेटियों की शादी के लिए दौड़ लगाने लगे थे। उस दुःकाल में, जब बड़े सरकारी पद वाले अविवाहित युवाओं का अकाल सा पड़ गया था, स्कूल टीचर की डिमांड भी काफी बढ़ गई थी। बस, उसे सरकारी होना था। हालांकि, प्राइवेट नौकरियों का भी अकाल सा ही था तब। लेकिन, उम्मीद जताई जा रही थी कि खुलता हुआ बाजार रोजगार के क्षेत्र में क्रांति लाएगा एक दिन। आज अगर बाप की पीढ़ी इस संक्रमण काल में दिक्कतों का सामना कर रही है तो कल बेटे की पीढ़ी के सामने रोजगार की विकट समस्या नहीं होगी।

तब से ढाई-तीन दशक बीते। आज के रोजगार परिदृश्य को देखें। सरकारी भर्त्तियों पर लगभग ताले लगे हुए हैं, प्राइवेट सेक्टर में रोजगार के क्षेत्र में भी मंदी है। जनवरी, 2020 को याद करें। देश में बेरोजगारी का स्तर पिछले 45 वर्षों में अधिकतम हो गया था। बाद में हालात कुछ सुधरे लेकिन फिर...

आज भी मध्य वर्गीय सयाने लोग निजीकरण की मुहिम का गुणगान कर रहे, हालांकि, तब की तरह आज भी उन्हें बेटे के लिए सरकारी नौकरी चाहिए, दामाद तो सरकारी नौकरी वाला चाहिए ही। तो... तब और अब के बीच में फर्क क्या आया? सरकारी कर्मियों से पेंशन छीन ली गई, प्राइवेट कर्मियों को मालिकान के रहमोकरम पर छोड़ने वाले तथाकथित 'श्रम सुधार कानून' पारित किए गए, परमानेंट की जगह कांट्रेक्ट और आउट सोर्सिंग को प्रोत्साहित किया जाने लगा। यानी बाप से बड़ा संकट बेटे की पीढ़ी के सामने है। तीन दशकों की यात्रा के बाद मुक्त बाजार का सिद्धांत संदेहों के दायरे में आ गया है। इसकी अमानवीयता जैसे-जैसे उजागर हो रही है, विचारक गहन मंथन के दौर से गुजर रहे हैं। तीन दशक कम भी तो नहीं होते।

सोशल फोरम

आस्था विश्वास और अस्तित्व

धीरेंद्र वीर सिंह धीरू
बरेली

इतिहासकार इरफान हबीब मानते हैं कि मथुरा और काशी में भी मंदिर तोड़कर मस्जिद बनाई गई है इसका प्रमाण है और इसके लिए किसी सर्वे या कोर्ट कचहरी की जरूरत ही नहीं है। यह सच है कि औरंगजेब ने मथुरा और काशी में मंदिरों को तुड़वाया। अगर आप काशी या मथुरा जाएं तो देख कर ही पता चल जाता है क्या हुआ होगा। मुगलों से पहले भी जो आक्रांता आए उन्होंने अपने निशान छोड़े। दिल्ली का लालकिले की बात हो या पुराना किले की या कुतुबमीनार की सब अवशेष गवाही देते हैं और बताते हैं कि वह क्या थे और क्या कर दिए गए। अमेरिका आज विश्व शक्ति है वह भी गुलाम था कभी, जब वह आजाद हुआ तो उसने सबसे पहले अपने देश में गुलामी के सभी चिन्ह मिटा दिए। और भारत अपने 75 साल आजादी के बाद भी अपने चिन्हों के लिए संघर्षरत है। भारतीयों में सहिष्णुता नाम का गुण भी अवगुण हो जाता है। कश्मीर से कन्याकुमारी तक ऐसे हज़ारों स्थान है जो तोड़कर बनाए गए हैं। उनमें से सिर्फ तीन स्थान ऐसे थे जिनका पुनर्निर्माण आवश्यक था यह आस्था विश्वास और अस्तित्व के चिन्ह है। जिसमें से एक अयोध्या का संकल्प पूरा हुआ। अब मथुरा और काशी के लिए सभी को एक मिसाल कायम करनी चाहिए। इतिहास गवाह है भारत में दुनिया की दूसरी मस्जिद बनी थी कूबा के बाद। पैगंबर मोहम्मद साहब के जीवन काल में यह मस्जिद बनी। दुनिया में जुम्मे की नमाज़ भी यहीं से शुरू हुई। 629 ईसवी में यह मस्जिद बनी जिसे हिंदू राजा चेरामन ने बनवाया था और उसका नाम भी चेरामन मस्जिद है।

केरल में बनी इस मस्जिद पर शायद ही कोई लुटेरा तुगलक, क़ासिम या मुगल नमाज को पहुंचा हो। दुर्भाग्य है भारत के मुसलमानों ने लुटेरों को इस्लाम का मान लिया जबकि इसमें से मुग़ल तो चंगेज़ ख़ान और हलाकू के खानदान के थे जिन्होंने मक्का और मदीना भी लूटा। भारत के मुसलमानों को अल्लाह के इस्लाम पर चलना चाहिए न कि मुल्ला के बताए गए पर। यही वजह है अखंड भारत के मुसलमानों को सऊदी प्रिंस ने अल हिंदी मुस्कीन कहा यानी दोयम दर्जे के मुसलमान।

- फेसबुक वॉल से

पेयजल हेतु जागरूकता की आवश्यकता

दिनेश चंद्र शर्मा
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

आजकल सरकार की ओर से भी जन-जन को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने पर पूरा ध्यान दिया जा रहा है। विभिन्न गैर सरकारी संगठन भी इस दिशा में कोशिश कर रहें हैं। यद्यपि अभी बहुत कुछ किया जाना शेष है किन्तु यदि आमजन में पेयजल के रखरखाव संबंधी पर्याप्त जागरूकता न हो तो ये प्रयास सफल नहीं हो सकते।

देश में जल जीवन मिशन जारी है, जिसकी शुरुआत अगस्त 2019 में सभी ग्रामीण परिवारों को सुरक्षित और पर्याप्त पेयजल प्रदान करने के लिए समर्पित एक परिवर्तनकारी पहल के रूप में हुई थी। पिछले चार वर्षों में, इस मिशन ने महत्वपूर्ण सफलताएं प्राप्त की हैं। नल जल कनेक्शन को 13.91 करोड़ घरों तक पहुंचाया गया है। इस अभूतपूर्व कार्यक्रम ने ग्रामीण क्षेत्रों में करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव किया है। इस मिशन की प्रशंसा विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी की है और उम्मीद जताई है कि इससे देश में प्रति वर्ष डायरिया के कारण होने वाली चार लाख मौतों को रोका जा सकता है। साथ ही अन्य जलजनित बीमारियों और उनसे से संबंधित लगभग 1.4 करोड़ विकलांगता को भी रोका जा सकता है ।

जल की गुणवत्ता को सुनिश्चित करना जल जीवन मिशन के मुख्य उद्देश्यों में से एक है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि आपूर्ति किए गए जल में पर्याप्त गुणवत्ता है- कार्यक्रम स्रोत और वितरण बिंदुओं पर पानी के नमूनों के नियमित परीक्षण को बढ़ावा देता है। देश में कुल 2,113 जल परीक्षण प्रयोगशालाएं हैं। महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए, प्रत्येक गांव में कम से कम पांच महिलाओं को ग्रामीण स्तर पर पानी गुणवत्ता का परीक्षण करने हेतु फील्ड टेस्ट किट (एफटीके) का उपयोग करने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। अब तक 4.97 लाख गांवों में 23.50 लाख से ज्यादा महिलाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

इसके बाबजूद आज भी हमारे देश की लगभग 50 प्रतिशत जनसंख्या को शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं है। यूनिसेफ की एक जानकारी के अनुसार देश में 1.96 करोड़ आवासों में फ्लोराइड और आर्सेनिक युक्त पानी उपलब्ध हो पा रहा है । विश्व स्वास्थ्य संगठन देश के 19 राज्यों के करोड़ों लोगों को मानक से अधिक फ्लोराइड युक्त पेयजल उपलब्ध होने की जानकारी दी है। इसके अतिरिक्त देश के कुल जिलों में से दो तिहाई पानी के अत्याधिक अभाव से प्रभावित हैं।

एक विशेष बात और है कि यदि यदि सभी को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो भी जाए तब भी पानी के रखरखाव में होने वाली लापरवाही के कारण शुद्ध जल भी अशुद्ध हो जाता है। अतः आमजन में पानी के रखरखाव संबंधी जागरूकता फैलाना अति आवश्यक है।

राहुल के आरक्षणास्त्र के मायने

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

लोकसभा के चुनाव अब कभी भी घोषित हो सकते हैं। इसे दृष्टिगत रखते हुए राजनीतिक दल नए नए वायदे, पैंतरे और गठबंधन कर रहे हैं। इस क्रम में देश और दुनियां ने अभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रामास्त्र देखा, जिसका भारी प्रभाव पड़ता दिख रहा है। कांग्रेस मुख्य विपक्षी दल और 'इण्डिया' गठबंधन का प्रथम दृष्ट्या अगुवा है। अयोध्या में राम और उनके मंदिर, प्राण प्रतिष्ठा आदि का कोई दल खुलकर विरोध नहीं कर सकता और जो करेगा वह घाटे में रहेगा, अतः भाजपा की इस बढ़त का तोड़ निकालने के लिए विपक्ष तरह-तरह के उपाय कर रहा है।

इसमें से एक राहुल गांधी की सद्यः कृत यह घोषणा है कि यदि उनका गठबंधन सत्ता में आया, तो वे आरक्षण की सुप्रीमकोर्ट द्वारा तय 50 प्रतिशत की अधिकतम सीमा को समाप्त कर देगा। ऐसा कहकर उन्होंने कथित पिछड़ी जातियों का अधिक वोट प्रतिशत अपने पक्ष में करने का प्रयास किया है। बताते चलें कि सर्वोच्च न्यायालय ने वर्ष 1992 के इंदिरा साहनी केस में अपने निर्णय में यह सीमा निर्धारित की है, जिसे अधिक्रांत करना दुरूह और झंझट भरा है। इसके लिए यदि अपेक्षित बहुमत से कानून पारित कर किसी तरह संविधान की नवीं अनुसूची तक पहुंचा भी दिया गया, तो भी सुप्रीमकोर्ट कह चुकी है कि ऐसे नवीं सूची वाले कानून का भी वह न्यायिक पुनरीक्षण कर सकेगी, यदि इससे मौलिक अधिकारों या संविधान की मूल संरचना का उल्लंघन होता है। ऐसे में यह घोषणा मतदाता को केवल सब्ज़बाग दिखाना ही है। साथ ही इससे जाति विद्वेष बढ़ेगा। प्रतिभा के असम्मान में वृद्धि होगी, जिससे राष्ट्रीय क्षति होगी। सामान्य वोट बैंक नाराज होकर दूरी बनाएगा। यानी राहुल और उनकी कांग्रेस छब्बे बनने की बजाय दुबे रह जाएंगे। वे बार-बार भारत जोड़ो यात्राएं कर रहे हैं, किंतु जातीय आरक्षण की वृद्धिकारक नीति तो भारत तोड़ो के समतुल्य होगी। कांग्रेस कह रही है, 'जितनी आबादी उतना हक'।

तो ऐसे में फिर भारत एक सुगठित राष्ट्र कैसे माना जायगा? तब तो यह तमाम जातियों को जोड़ कर पैबंद लगी कथरी ही होगा। हम राहुल को याद दिला दें कि जिस सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश की बदौलत ही वे आज सांसद पद पर टिके हैं,उसकी नौ जजों की पीठ के बहुमत निर्णय को पलटने की वे सोच ही कैसे रहे हैं? समय की मांग तो यह है कि शुरू में केवल 10 साल के लिए की गई आरक्षण व्यवस्था की अब समीक्षा की जाय और संविधान का अनुच्छेद 14 सही मायने में प्रभावी हो, जिसमें 'समानता' का सिद्धांत संरक्षित है। ज्ञातव्य है कि वर्तमान में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी और उसके मातृ संगठनों जनसंघ और संघ का कभी नारा था 'सब हैं भारत मां के लाल। आरक्षण का कौन सवाल'। कुछेक वर्ष पहले संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा भी था कि इसकी समीक्षा होनी चाहिए, लेकिन अब कहीं किसी कोण से इस बिंदु पर विचार होता नहीं परिलक्षित हो रहा है, जो दुःखद है।

आपका पत्र

कानूनी एकता का वाहक सीएए

समान नागरिक संहिता कानून को लागू कर उत्तराखंड ने देश की राजनीति में एक महत्वपूर्ण स्थान बनाया है। यह कानून सबके हित में रहेगा। समान नागरिक आचार संहिता समय की आवश्यकता भी है, क्योंकि भारत के अधिकांश प्रदेशों में विभिन्न धर्म, संप्रदाय, जाति के लोगों का संगम है। ऐसे में जाति/धर्म के आधार पर अलग-अलग व्यक्तियों के लिए अलग-अलग कानून किसी भी दृष्टिकोण से उचित एवं न्यायिक नहीं कहा जा सकता। इसलिए जरूरी है कि समान नागरिक संहिता को प्रदेश में सत्ताधारी भाजपा सरकार के अलावा विपक्ष के विधायकों द्वारा भी स्वेच्छा से स्वीकार करना चाहिए। हर किसी बात पर अनावश्यक रूप से राजनीति करना उचित नहीं है। सही को सही और गलत को गलत कहना चाहिए, चाहे वह किसी भी दल के नेता हो। वर्तमान में राजनीति की स्थिति ऐसी हो गई है कि भाजपा की केंद्रीय सरकार जनता के फायदे में जो भी फैसला लेती है, विरोधी दल के नेता किसी न किसी बहाने उनके लिए गए जनहित के फैसलों पर भी आलोचना अथवा कमियां निकालने लगती है। हमारा मानना है कि जनता के फायदे व राष्ट्र के हित के लिए यदि कोई भी सरकार देश हित के लिए फैसले लेती है तो बिना किसी राजनीतिक प्रतिद्वंता के सभी दलों को इस प्रकार के निर्णय और कानून का न केवल स्वागत करना चाहिए वरन उनका पालन करने में भी जनता को भी जागरूक चाहिए। समान नागरिक संहिता कानून के तहत बिना रजिस्ट्रेशन लिव इन रिलेशन में रहने से पर जेल जाने का प्रावधान वास्तव में बहुत ही अच्छा का निर्णय है। सरकार का कानून युवक और युक्तियां में अनावश्यक रूप से बढ़ रही चरित्रहीनता के कदमों को रोकने में महत्वपूर्ण साबित होगा। साथ ही समान नागरिक संहिता से देश में कानूनी एकरूपता आएगी।

- डॉ. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी, कपिल कॉलोनी मुखानी हल्द्वानी ।

एक नजर

कुत्तों को इंसानी पैर का अवशेष नोचते देख सनसनी

नजीबाबाद, अमृत विचार : गुरुवार की सुबह मालन नदी के तट पर किसी इंसान से पैर के अवशेष को कुत्ते नोच रहे थे। यह देख लोग सन्न रह गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पैर के अवशेष को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामला सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद सामने आये डॉ. राजाउद्दीन ने बताया कि वह सर्जन हैं। पांच फरवरी को उन्होंने सत्यपाल निवासी ग्राम छजीपुरा नहटौर के पैर का ऑपरेशन किया था। इसमें युवक का पैर घुटने से निकाला गया था। इसके बाद मालन नदी के तट पर दफना दिया गया था। इस संबंध में डॉक्टर ने सीओ अनिल कुमार व थानाध्यक्ष को भी सूचित कर दिया है।

महिला की तहरीर पर चार के खिलाफ रिपोर्ट

स्योहारा, अमृत विचार : नगर के मोहल्ला पटवारियान निवासी कहकशा ने पुलिस को तहरीर दी है। इसमें बताया कि उसका पति पत्नी फहीम और बड़ बेटा सऊदी में काम करते हैं। वह बच्चों के साथ यहां अकेली रहती है। ससुराल वाले उसे घर से निकालने की फिराक में हैं। इसके चलते आए दिन उसके और उसके बच्चों के साथ मारपीट करते हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तस्लीम अहमद, मुकीम, सलीम, शादाब के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

वाशिंग मशीन में लगी आग से गृहस्वामी की मौत

अफजलगढ, अमृत विचार : शॉर्ट सर्किट से धमाके के साथ फटी वाशिंग मशीन में आग लग गई। इसकी चपेट में आकर गृह स्वामी की जुलस कर मौत हो गई। कालागढ़ स्थित मार्केट में रहने वाले आकाश गोयल के निवास पर बुधवार की सायं लोगों ने तेज धमाके की आवाज के साथ आग की लपटें उठती देखीं। लोगों ने जब घर के भीतर जाकर देखा तो आकाश बुरी तरह झुलसा हुआ जमीन पर तड़प रहा था। पास ही रखी वाशिंग मशीन के चिथड़े उड़े हुए थे। सूचना पर पहुंची पुलिस आकाश को लेकर अस्पताल दौड़ी। मगर रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच की जा रही है।

गोशालाओं में पर्याप्त मात्रा में रखें भूसे का भंडारण : जिलाधिकारी

सभी गोशालाओं में मानक के अनुसार क्रियाशील रहने चाहिए सीसीटीवी कैमरे

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

अमृत विचार : गुरुवार को जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में गोशालाओं की व्यवस्था से संबंधित बैठक की। इसमें उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को जिले की सभी गोशालाओं में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच करने के निर्देश दिए। कहा कि सभी कैमरे मानक के अनुसार क्रियाशील रहें। जिले में चरागाह एवं खलियान की भूमि का राजस्व अधिकारियों के माध्यम से चिन्हिकरण कराएं। वहां संरक्षित गोवंश के लिए

बैठक करते जिला अधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल। ● अमृत विचार

नेपियर घास अथवा हरा चारा बोने की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराएं। सभी गोशालाओं में पर्याप्त मात्रा में भूसे का भंडारण सुनिश्चित रखें। ताकि उसका उपयोग चारे की अनुपलब्धता के समय किया जा सके। जिले में कहीं भी छुट्टा गोवंश सड़कों अथवा अन्य स्थानों पर घूमता हुआ मिलने पर तत्काल गोशाला में संरक्षित करें।

उन्होंने खंड विकास अधिकारियों को क्षमता से

बैठक

▸▸ सड़कों पर घूम रहे छुट्टा गोवंश को तत्काल गोशाला में संरक्षित करें

अधिक गोवंश वाली गोशालाओं का विस्तार करते हुए अतिरिक्त शेड का निर्माण कराने को कहा। पशुधन विभाग के अधिकारियों को सभी गोशालाओं में पशु चिकित्साधिकारियों द्वारा गोवंश का नियमित चेकअप कराने के निर्देश दिए। बीमार गोवंश के उपचार की उचित व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, सभी खंड विकास अधिकारी तथा अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

गो आधारित प्राकृतिक खेती की दी जानकारी

नगीना, अमृत विचार : कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से प्रेमपुरी व अफजलगढ में गो आधारित प्राकृतिक खेती पर एक दिवसीय जागरुकता प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया गया।

इसमें कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. केके सिंह ने गो आधारित प्राकृतिक विधि से फसलों की उत्पादन तकनीकी की विस्तृत जानकारी दी। मृदा की उर्वरता सुरक्षित बनाए रखने एवं जीवांश की मात्रा सुरक्षित रखने के लिए घन जीवामृत, जीवामृत आदि बनाने के बारे में बताया। डॉ. पिन्टू कुमार ने प्राकृतिक रसायन बनाने की तकनीक बतायी। गन्ना मिल अफजलगढ के मुख्य महाप्रबंधक एसपी सिंह ने गन्ना प्रजाति बदलाव के बारे में जागरूक किया। गन्ना विभाग से एससीडीआई वीएम पाठक ने विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। प्रगतिशील किसान अमरीक सिंह ने कहा कि अब समय गो आधारित प्राकृतिक खेती का है। सभी किसानों को इसे अति शीघ्र अपनाने की आवश्यकता है।

सार संक्षेप

दीनी जलसे के दौरान गिरी मदरसे की दीवार, बच्चे घायल

धामपुर, अमृत विचार : मदरसे में दीनी जलसे के दौरान तेज हवा से छज्जे की दीवार बच्चों के ऊपर गिर गई। इसकी चपेट में आकर मदरसे में पढ़ रहे रहे करीब छह बच्चे घायल हो गए। परिजनों ने आनन-फानन में बच्चों को निजी अस्पतालों में भर्ती कराया। ग्राम किरार खेड़ी में मदरसा इस्लामिया इस्लामिया में दीनी जलसे का आयोजन किया जा रहा था। इस दौरान मदरसा प्रबंधक ने टैंट भी लगवाया था। मजदूर ने टैंट की एक रस्सी छज्जे के ऊपर बनी दीवार पर बांध दी थी। टैंट के नीचे बच्चे जलसे का आयोजन कर रहे थे। अचानक तेज हवा के झोंके से टैंट की रस्सी बंधी दीवार गिर गई। इससे बच्चों में चीख-पुकार मच गई। इस घटना में 10 वर्षीया रेहाना को फेक्चर हुआ है। जबकि 9 वर्षीय आवेस तथा 12 वर्षीय शाइस्ता पुत्री खस, 12 वर्षीय अलीम पुत्र फरीद सहित अन्य बच्चों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

रोटरी क्लब ने की जर्जर सड़क बनवाने की मांग

बिजनौर, अमृत विचार : रोटरी क्लब के सदस्यों ने खस्ता हाल बैराज रोड को बनवाने की मांग को लेकर एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि मित्तल पेट्रोल पंप से लेकर मीरापुर तक की 26 किलोमीटर लंबी सड़क बेहद खराब स्थिति में है। फलस्वरूप पंजाब व हरियाणा से आने वाले वाहनों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। बिजनौर तथा उत्तराखंड से दिल्ली जाने वाले लोगों को भी इस जर्जर मार्ग से गुजरना पड़ता है। पूर्व में भी इस सड़क पर अनेकों बार पैच लगाए जा चुके हैं। मगर भारी यातायात एवं बरसात में सड़क पर पानी इकट्ठा होने के कारण यह जल्दी ही जर्जर हो जाते हैं। इसके कारण आवागमन में परेशानी होती है। इस मौके पर रोटेरियन सुमन चौधरी, अरुणा मित्तल, अनिल जैन, प्रति अग्रवाल, राकेश गुलाटी, रमेश गोयल समेत रोटरी इंडस्ट्रीज क्लब के सदस्य भी मौजूद रहे।

शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज

नांगल सोती, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि लगभग तीन वर्ष पूर्व उसका फोन पर अजय नामक युवक से सम्पर्क हुआ था। अजय ने बहला- फुसलाकर उसे प्रेमजाल में फंसा लिया था। तीन फरवरी को अजय उसे शादी का झांसा देकर घर से बाइक पर बैठाकर ले गया। इसके बाद अजय उसे मुरादाबाद में किराये के कमरे पर ले गया। आरोप है कि वहां उसने पीड़िता से दुष्कर्म किया। इसके बाद बस अड्डे के पास बाइक से धक्का देकर भाग गया। पुलिस ने उसे परिजनों तक पहुंचाया। युवती की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है। थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि पीड़िता का मेडिकल तथा अदालत में बयान दर्ज कराए गए हैं।

स्वयंसेविकाओं ने मतदान के लिए किया जागरूक

नजीबाबाद, अमृत विचार : ग्राम ततारपुर लालू में एक दिवसीय मतदान शिविर का आयोजन डॉ. अनिल कुमार राजपूत के निर्देशन में किया गया। इसमें साहू जैन कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई की छात्राओं ने मतदान के लिए लोगों को जागरूक किया। अनिल कुमार ने स्वयंसेविकाओं को मतदान का महत्त्व बताया। डॉ. नीलम बालियान ने राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। शिविर को मतदाता दिवस के रूप में मनाया। छात्राओं ने इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर अपने क्षेत्र में साफ-सफाई की। इस अवसर पर मुबाशरीन, निशा, संजना, मुस्कान, सानिया, शमा, सादमा, रूपाली, शवानी, मोनिका, सोनिका, लक्ष्मी, वंशिका, पलक, दिवांशी, सलोनी, अनु, निशु, अंकेश, डॉ. बलराम सिंह, डॉ. गौतम बनर्जी, डॉ. रीना, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. शैलेंद्र पाल, डॉ. दीपक त्रिपाठी, डॉ. जयेश कुमार, डॉ. गुरप्रीत सिंह, डॉ. सूर्यकांत भारती आदि शिक्षक मौजूद रहे।

भाषण प्रतियोगिता में अक्षिति सिंघल रहे प्रथम

किरतपुर, अमृत विचार : सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में अक्षिति सिंघल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। एसएम अकादमी किरतपुर में सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर भाषण प्रतियोगिता हुई। इसमें साइबर क्राइम और इंटरनेट का सही प्रयोग कैसे किया जाए आदि विषयों पर भाषण प्रतियोगिता हुई। अक्षिति सिंघल ने साइबर क्राइम में अंग्रेजी में भाषण दे कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रीतियोगिता के निर्णायक शाहाना, हैदर और जितेंद्र रहे। प्रतियोगिता जैनब के निर्देशन में संपन्न हुई। अक्षिति सिंघल को अकादमी के प्रबंधक राजीव चौहान और प्रिंसिपल प्रेमराज राजपूत ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

रामलला के दर्शन करने तीन बसों से भक्त रवाना

नजीबाबाद, अमृत विचार : गुरुवार को रामलला दर्शन के लिए नगर से तीन बस रवाना हुईं। मंडल अध्यक्ष नकुल अग्रवाल ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भक्तों में रामलला दर्शन के लिए उत्साह दिखा। बसों को कृष्ण टॉकीज चौराहे से अयोध्या के लिए रवाना किया गया। पुरुषों के साथ बच्चे व महिलाएं भी रामलला दर्शन के लिए रवाना हुईं। दर्शन को जाने वालों में हिमांशु तायल, हार्दिक अग्रवाल, उदित अग्रवाल, सागर सिंघल, आदित्य कुमार, संजय सैनी, मोनिका, अभिनव, जमुना देवी, कमलेश, आशीष जैन, कविता जैन, दिनेश खन्ना, आदि शामिल रहे।

उद्यमियों से किया पर्यटन को बढ़ावा देने का आह्वान

बिजनौर, अमृत विचार : मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिले में पर्यटन विकास के लिए एमओयू के संबंध बैठक की। उन्होंने उद्यमियों से जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने का आह्वान किया। कहा कि जिले का वातावरण पर्यटन उद्योग के लिये अनुकूल है। पर्यटकों की रुचि के लिए वन्य जीव एवं सम्पदा, ऐतिहासिक, धार्मिक एवं प्राकृतिक स्थान पर्याप्त संख्या में मौजूद हैं। उन्होंने जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उद्यमियों से होटल, रिसॉर्ट्स, हैरिटेज होम स्टे, रेस्टोरेन्ट, एम्युजमेंट पार्क आदि का निर्माण कर योगदान देने की अपील की। उन्होंने उद्यमियों से कहा कि वह आगे बढ़ें, शासन-प्रशासन उनके साथ खड़ा है। कहा कि जिला एक नई कारपोरेट का गेट बनकर उभर रहा है। नई पर्यटन नीति में कई सेक्टर हैं। बिजनौर संभावनाओं से भरा जिला है। इस अवसर पर जयेन्द्र सिंह संयुक्त सचिव (पदेन दायित्व), नोडल अधिकारी/जिला सूचना अधिकारी जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद, उपायुक्त उद्योग, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी आदि मौजूद रहे।

बैठक लेते मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण सिंह बोरा।

बजाज ग्रुप की कठपुतली बना जिला प्रशासन : विकास

हल्दौर, अमृत विचार : क्षेत्र के ग्राम वाजिपुर, कड़ापुर, बाटपुरा के गन्ना तौल केंद्र बजाज शुगर मिल बिलाई से हटाकर किसी अन्य शुगर मिल को देने की मांग को लेकर ग्राम कड़ापुर में भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट का धरना चल रहा है। बृहस्पतिवार को भाकियू चढ़ूनी के जिलाध्यक्ष विकास कुमार उर्फ नूरी एवं युवा प्रदेश अध्यक्ष विकास चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ कार्यकर्ता छोटन सिंह के आवास पर बैठक की। इसमें युवा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जिला प्रशासन बजाज ग्रुप की कठपुतली बन गया है। काफी समय से चल रहे धरने के बावजूद किसानों की समस्या का समाधान नहीं किया गया है। गन्ना अधिकारी बिलाई मिल से क्रय केंद्रों को न काटकर सौतेला व्यवहार कर रहे हैं। इन गांवों के किसान बजाज शुगर मिल बिलाई को गन्ना देने के लिए कतई तैयार नहीं हैं। बैठक में युवा प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा 12 फरवरी को लखनऊ में गन्ना आयुक्त से मुलाकात करने का निर्णय लिया गया।

युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फंदा लगाकर की आत्महत्या

संवाददाता, धामपुर

अमृत विचार : निकटवर्ती ग्राम करनावाला में युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

गुरुवार को थाना क्षेत्र के ग्राम करनावाला निवासी भूपेंद्र सिंह के खेत में खड़े पेड़ से एक युवक का शव फंदे से लटका देख लोगों ने पुलिस को सूचना दी। कार्यवाहक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अता मोहम्मद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को नीचे उतरवाया।

मौके पर जुटी भीड़ ने मृतक की शिनाख्त रायपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदपुर त्रिलोक उर्फ चमरौला निवासी अशोक सैनी (32) के रूप में हुई। इस बीच मौके पर

दुखद

▸▸ मृतक के भाई ने पुलिस पर लगाया नाजायज परेशान करने का आरोप

▸▸ तीन फरवरी से बहन की ससुराल में रह रहा था अशोक सैनी

पहुंचे मृतक के भाई जयपाल सिंह ने रायपुर पुलिस पर एक मामले में दबिश देकर उसके भाई को नाजायज परेशान करने का आरोप लगाया। कहा कि भाई अशोक सैनी तीन फरवरी से अपनी बहन की ससुराल करनावाला गांव में रह रहा था।

पुलिस द्वारा पकड़े जाने व बेइज्जती के डर से उसने आत्मघाती कदम उठाया है। पहुंचकर मृतक के शव को पेड़ से नीचे उतारकर उसकी शिनाख्त करवाई और उसके बाद पोस्टमार्टम हेतु बिजनौर भेज दिया।

मरीजों को समय से दिलाएं समुचित सुविधा : एडी

स्योहारा, अमृत विचार : अपर निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य डॉ. रेखा रानी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अधीक्षक डॉ. बीके स्नेही समेत अन्य स्टाफ भी मौजूद रहा।

एडी हेल्थ ने अधीक्षक को निर्देश दिए कि मरीजों को समुचित स्वास्थ्य सुविधाएं समय पर मिलनी चाहिए। इमरजेंसी में आने वाले मरीजों को समुचित स्वास्थ्य सेवाएं समय पर दी जाएं। ओपीडी में मरीजों को निशुल्क दवाएं उपलब्ध कराकर, आवश्यक जांच भी कराई जाएं। उन्होंने फार्मेसी, दवा वितरण कक्ष, टीबी जांच रूम, इमरजेंसी रूम, लेबर रूम और पीएनसी वार्ड आदि का निरीक्षण किया। ऑक्सीजन सप्लाई की व्यवस्था आदि भी देखी। इस दौरान स्टेनो लकी गहलोत, डॉ. विनय सैनी, रहमत, वीर सिंह, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

युवकों को छोड़ने के बदले में रिश्वत मांगने वाला सिपाही गिरफ्तार

संवाददाता, चांदपुर

अमृत विचार : बकरा चोरी के आरोप में पकड़े गये दो युवकों को छोड़ने के बदले सिपाही ने 50 हजार रुपए मांगे। इसकी विडियो वायरल होने के बाद पुलिस अधीक्षक ने आरोपी सिपाही को निलंबित कर दिया। रिश्वत मांगने की पुष्टि होने पर आरोपी सिपाही के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके उसे गिरफ्तार कर लिया है।

मामला चांदपुर थाने के गांव रवाना का है। यहां पुलिस चौकी पर तैनात सिपाही राजन ने बकरा चोरी के आरोप में वाजिद व तोहिद को पकड़ा था। दोनों युवकों को चांदपुर थाने में चार दिन तक रखा गया। परिजनों ने उन्हें निर्दोष बताते हुए छोड़ने की गुहार लगाई। इस पर सिपाही राजन ने दोनों युवकों को छोड़ने के एवज में पचास-पचास हजार रुपए की मांग की। वाजिद के ताऊ हनीफ खान ने पुलिस अधीक्षक को फोन करके

पुलिस की गिरफ्त में सिपाही राजन।

मामले की जानकारी देकर न्याय दिलाने की गुहार लगाई। इसके बाद पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन ने जांच कराई। पुष्टि होने पर सिपाही राजन के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की जांच सीओनगीना को सौंपी गई है। गौरतलब है कि नियमानुसार किसी भी अभियुक्त को थाने में 12 घंटे से अधिक समय तक नहीं रोका जा सकता है। जबकि दोनों युवकों को थाने में चार दिन तक रखा गया। चर्चा यह भी है कि थाना प्रभारी की बिना जानकारी के युवकों को चार दिन तक थाने में रोकना सम्भव नहीं था।

अंतर्राज्यीय चोर गिरोह के सात सदस्य गिरफ्तार

संवाददाता स्वार

अमृत विचार: पुलिस ने सात चोरों को गिरफ्तार अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। कार की तलाशी के दौरान आरोपियों के पास तमंचे, कारतूस, चाकू, मोबाइल टावर की बैटरी आदि सामान मिला। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

कोतवाल संदीप त्यागी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के आदेश पर अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ सघन अभियान चलाया जा रहा है। गुरुवार सुबह वह बिलासपुर मार्ग स्थित गांव शिवनगर असालतपुर तिराहे पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान मुखबिर ने उन्हें सूचना दी कि कार सवार कुछ लोग गांव इमरताराय जाने वाले मार्ग पर घूम रहे हैं। कोतवाल पुलिस बल के

▸▸ आरोपियों के पास से तीन तमंचे, चार चाकू, एक कार और चोरी का सामान मिला

साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस को देख आरोपी कार से भागने लगे, लेकिन पुलिस ने कार को रोक कर सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान तीन तमंचे, चार चाकू, एक कार व चोरी किया गया सामान, पांच बैटरी मोबाइल टावर, एक बैटरी लिवगार्ड, एक इन्वर्टर एवं बैटरी खोलने के उपकरण बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम जिला मुरादाबाद के थाना भोजपुर के गांव सरदार नगर निवासी वसीम, फईम अहमद, मोहम्मद इस्लाम, मुर्तजा, उस्मान, नगर के मोहल्ला चक स्वार निवासी जावेद व जिला बागपत के थाना खेकड़ा के मोहल्ला नई बस्ती निवासी अकील रशीद बताएं हैं।

मुंबई कार्यालय में हुई शिकायत, दिल्ली की टीम ने की थी जांच

रामपुर, अमृत विचार: पूर्व मंत्री मोहम्मद आजम खां ने जौहर विश्व विद्यालय बनाने के दौरान शत्रु संपत्ति पर कब्जा किया था। इसकी शिकायत तत्कालीन जिलाधिकारी मोहम्मद मुस्तफा ने कस्टोडियन मुंबई कार्यालय में दी थी। इसके बाद जांच में पता चला कि आजम खां ने करीब 13.842 हेक्टयेर शत्रु संपत्ति को कब्जे में कर लिया है।

आजम खां और उनके परिजनों समेत कई लोगों के खिलाफ अजीमनगर थाने में मामला दर्ज हुआ था। शत्रु संपत्ति की जमीन होने के कारण दिल्ली तक से एक टीम ने आकर इसका सर्वे किया था। तत्कालीन एसडीएम व अधिकारियों ने भी जाकर सर्वे किया। इसमें शत्रु संपत्ति 13.842 हेक्टयेर पाई गई थी। इस जमीन पर विश्वविद्यालय के सुरक्षा अधिकारी और कार म्यूजियम की इमारतें बनी हुई हैं।

शत्रु संपत्ति कब्जाने में आजम खां, दोनों बेटों चमरौआ विधायक समेत 14 पर आरोप तय

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : शत्रु संपत्ति को जौहर यूनिवर्सिटी में शामिल करने के मामले में गुरुवार को एमपी-एमएलए (मजिस्ट्रेट ट्रायल) कोर्ट ने चमरौआ विधायक नसीर अहमद खां, पूर्व मंत्री आजम खां, उनके दोनों बेटे अदीब, अब्दुल्ला, पत्नी डॉ. तजीन फातिमा और बहन निकहत अफलाक समेत 14 लोगों के खिलाफ आरोप तय किए हैं। जेल में बंद आरोपी वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये कोर्ट में रूबरू हुए। बाकी आरोपी कोर्ट में पेश हुए। अब इस मामले में 23 फरवरी को सुनवाई होगी। मुकदमे की सुनवाई के दौरान दो लोगों की मौत हो चुकी है।

सपा शासन काल में आजम खां ने अपने ड्रीम प्रोजेक्ट मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय का निर्माण कराया था। आरोप था

निर्णय

▸▸ आजम खां की पत्नी और बहन भी शामिल, मुकदमे के दौरान दो लोगों की हो चुकी है मौत

कि आलिया गंजा स्थित 13.842 हेक्टेयर शत्रु संपत्ति को जौहर विश्वविद्यालय में मिला लिया था। भाजपा शासन ने इस मामले में जांच के आदेश दिए थे।

आरोप सही मिलने पर अजीमनगर थाने में मामला दर्ज हुआ था। इसमें बताया गया था कि जौहर यूनिवर्सिटी का संचालन जौहर ट्रस्ट करता है। इसके बाद पुलिस ने जौहर ट्रस्ट के चेयरमैन पूर्व मंत्री आजम खां समेत अन्य सदस्यों को नामजद किया था। गुरुवार को कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। कोर्ट ने आजम खां, उनके बड़े बेटे अदीब आजम, छोटे बेटे अब्दुल्ला आजम, डॉ. तजीन

> शत्रु संपत्ति के मामले में कोर्ट ने आजम खां, उनके दोनों बेटे, पत्नी डॉ. तजीन फात्मा, चमरौआ विधायक सहित 14 लोगों पर आरोप तय कर दिए है। अब इस मामले में 23 फरवरी को सुनवाई होना है। –नीरज कुमार, **सहायत अभियोजन अधिकारी**

फात्मा, चमरौआ से विधायक नसीर अहमद खां, डीसीबी के पूर्व चेयरमैन सलीम कासिम, मुख्ताक अहमद सिद्दीकी, निकहत अफलाक, जेडआर सिद्दीकी, सैयद वसीम रिजवी, गुड्डू मसूद, मोहम्मद फसीह जैदी, उबैदल उल हक, सैयद गुलाम रिजवी, मुनव्वर सलीम, रहमत हुसैन सिद्दीकी के खिलाफ आरोप तय कर दिए।

इस मामले में अजीमनगर थाने की पुलिस ने 16 लोगों को आरोपी बनाया था। हालांकि डीसीबी के पूर्व चेयरमैन सलीम कासिम और मुनव्वर सलीम की मौत हो चुकी है।

किशोरी के अपहरण में सात पर रिपोर्ट

रामपुर, अमृत विचार: किशोरी का अपहरण करने में मुरादाबाद के सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने किशोरी और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

टांडा थाना क्षेत्र के गांव जालपुर निवासी शराफत ने पुलिस को बताया कि पांच फरवरी को उसकी 16 साल की बेटी किसी काम से जालपुर मांटेसरी जा रही थी। तभी रास्ते में अमान और उसके साथी उसे जबरन कार में डालकर ले गए। शाम को ग्रामीण की बेटी घर नहीं आई तो उनके होश उड़ गए। उसके बाद काफी समय तक पीड़ित ने अपनी बेटी को तलाश किया। बाद में पता चला कि मुरादाबाद के रहने वाला अमान अपने साथियों के साथ उसे कार में डाल कर ले गया। इसके बाद पीड़ित थाने पहुंच गया। उसने आरोपी अमान, समीर, छोटू, सुहेल, इल्मा, अदनान, सलीम के खिलाफ तहरीर दी। इस मामले में पुलिस ने सातों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

भाई की मौत का खौफ दिखा छात्र को उठाया

संवाददाता, मिलक

अमृत विचार : गांव हिम्मतपुर से कॉलेज गए छात्र को भाई की मौत का खौफ दिखाकर बदमाश अपहरण कर ले गए। जाम में फंसे बदमाश वाहन छोड़ फरार हो गए। छात्र को हरिद्वार में पाकर परिजनों को राहत मिली।

शाहबाद थाना क्षेत्र के गांव हिम्मतपुर निवासी दीपांशु और उसका बड़ा भाई कौशतव अपनी ननिहाल मिलक क्षेत्र के बेगमाबाद निकट अशोकपुर गांव में रहकर पढ़ाई करता है। वह नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कक्षा नौ का छात्र है। बुधवार को वह कॉलेज गया था। यहां साइकिल खड़ी कर वह गायब हो गया। शाम चार बजे तक वह घर नहीं पहुंचा। छात्र के नाना और मां ने प्रधानाचार्य व अध्यापक को फोन किया तो बताया कि उनका पुत्र बुधवार को कॉलेज नहीं आया।

दीपांशु के पिता की 10 वर्ष पूर्व हो चुकी है मृत्यु

दीपांशु की मां ने बताया कि 10 वर्ष पूर्व उसके पति की बीमारी से मृत्यु हो चुकी है। वह अपने दोनों पुत्रों को पढ़ाने में असमर्थ थी। इस कारण उसने दोनों पुत्रों को पढ़ाई करने के लिए नाना-नानी के पास भेज दिया है। वह वहां रहकर पढ़ाई करते हैं। कोतवाली में महिला ने भगवान से उसकी सलामती की कामना की।

सहपाठी से होता है झगड़ा

दीपांशु के बड़े भाई ने बताया कि कक्षा में आगे बैठने को लेकर उसके कुछ सहपाठियों से झगड़ा होता रहता है। उसने कुछ सहपाठियों के नाम उसे बताए थे। लेकिन उसने सब कुछ सहन कर पढ़ाई में ध्यान लगाने को कहा था।

इसके बादग परिजनों ने रिश्तेदारों में फोन कर दीपांशु के बारे में जानकारी ली। लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका। रात नौ बजे परिजन कॉलेज पहुंचे। सीसीटीवी फुटेज देखी तो दीपांशु सुबह नौ बजे कॉलेज में साइकिल खड़ी कर भागता दिखाई दिया। परिजन रात्रि 11 बजे कोतवाली पहुंचे और उसके अपहरण की तहरीर दी। दो बजे दीपांशु की मां के पास फोन आया कि हरिद्वार थाने से बोल रहा हूं, आपका पुत्र हरिद्वार में है। वह अपने पुत्र को थाने आकर ले जाए। सूचना के बाग मिलक पुलिस व परिजन गुरुवार सुबह हरिद्वार रवाना हुए। हरिद्वार में मां और भाई को देख दीपांशु की आंखों में आसूं छलक आए और फूट-फूटकर रोने लगा। वह बहुत घबराया हुआ था। मां कुसमा देवी ने बताया कि जब उसने अपने पुत्र से हरिद्वार पहुंचने की जानकारी ली तो दीपांशु ने बताया कि मिलक पहुंचने पर रास्ते में उसे एक कार मिली। कार में सवार लोगों ने उसे बुलाया और

> छात्र के परिजनों ने सूचना दी थी कि उनका पुत्र हरिद्वार चला गया था। अब वह हरिद्वार में मिल गया है। – अनुपम शर्मा, कोतवाल

कहा कि उसके बढ़े भाई को वे लोग मार देंगे। अगर लौट कर उनके पास नहीं आया तो उसे भी जान से मार देंगे। इससे घबराहट होने पर वह अपनी साइकिल कॉलेज में खड़ी कर कार सवारों के पास गया। जैसे ही वह कार के पास गया तो सवार बदमाशों ने उसे कार में बैठा लिया और नशा सुंघा दिया। कार जब चिड़ियापुर पहुंची तो उसे होश आने लगा। देखा कि सड़क पर जाम है। कार सवार सभी बाहर निकल कर खड़े हुए थे। मौका पाकर वह कार से बाहर निकला। सड़क पर खड़ी एक रोडवेज की बस में बैठ गया। रोडवेज हरिद्वार बस स्टेशन पर रुकी तो वह उतर गया। बस स्टेशन पर रोते-बिलखते देख हरिद्वार पुलिस की नजर उस पर गई।

पांच भाइयों के घर चोरी के मामले में तीन दिन बाद भी रिपोर्ट नहीं

ढकिया, अमृत विचार: गांव बंदार में पांच सगे भाइयों के घर में चोरी के मामले में तीन दिन बाद भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। हालांकि पीड़ितों ने कोतवाली में तहरीर दी थी।

शाहबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव बंदार निवासी बलवीर कश्यप, ब्रजलाल कश्यप, लालाराम कश्यप, नन्हे कश्यप और सौराज कश्यप पांचों भाई एक ही मकान में रहते हैं। पांचों भाई दिल्ली में काम करने चले गए। बताया गया कि तीन दिन पहले सौराज घर आया तो देखा कि पांचों भाइयों के कमरों की कुंडी टूटी हुई थी। संदूकों के ताले तोड़कर चोरों ने बर्तन, कपड़े व अन्य सामान गायब था। इसके बाद उसने अपने भाइयों को फोन कॉल करके चोरी की सूचना दी। वे सभी घर पहुंचे और उन्हेंने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने गांव में पहुंचकर घटनास्थल का मौका मुआयना किया।

चोरी हुई बाइक मिली दो आरोपी गिरफ्तार

भोट, अमृत विचार : पुलिस ने पांच दिन पूर्व कस्बा स्थित एक होटल से चोरी की गई बाइक को बरामद कर दो युवकों को गिरफ्तार किया है। दोनों चोर घुमंतू जाति के बताये जा रहे हैं। कस्बा स्थित नाहिद चिकन कॉर्नर के बाहर पांच दिन पूर्व देर शाम एक ग्रामीण की बाइक चोरी हो गई थी। पुलिस ने आसपास के प्रतिष्ठानों में लगे सीसीटीवी खंगाले थे। गुरुवार शाम पुलिस ने किशनपुर के बाग के पास उत्तराखंड जनपद के हरिद्वार थाना क्षेत्र के विष्णुघाट निवासी भारत व ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र के सेक्टर 2 निवासी अजय को गिरफ्तार कर लिया।

न्यायालय तहसीलदार महोदय नजीबाबाद, जिला बिजनौर

वाद संख्या 01254 सन् 2020

कु. वंशिका वादी बनाम मीनू

अंतर्गत धारा 35 राजस्व संहिता 2006

मौजा कशीरामपुर तहसील व परगना, नजीबाबाद

चूंकि उपनामांकित प्रार्थिनी मीनू संरक्षिका ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि उपरोक्त वाद हेतु एतेव आपको (तृतीय पक्ष का जगवती पत्नी सुरेंद्र सिंह) निवासनी ग्राम काशीरामपुर तहसील व परगना नजीबाबाद हेतु एतेव आपको एत्तद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उपरोक्त आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्भित करने के लिए 15 दिवस के अंदर दस बजे पूर्वाह्न में स्वयं पर समयक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा।

नियत दिवस:- 15 दिवस के अंदर

आज्ञा से

न्यायालय तहसीलदार

नजीबाबाद जिला बिजनौर

एक नजर

सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल

संभल/जुनावई अमृत विचार : धनारी थाना क्षेत्र के गांव कीरतपुर निवासी राजू और सुनील कुमार बाइक से जुनावई आ रहे थे। जुनावई थाना क्षेत्र में पतरिया मार्ग पर गांव बसीटा पहुंचने पर सामने से आई दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में सुनील कुमार और राजू घायल हो गए।

ग्राम प्रधान ने दी जान देने की चेतावनी

संभल/जुनावई अमृत विचार : विकास खंड जुनावई की ग्राम पंचायत बघोई के प्रधान रवि कुमार ने बीडीओ समेत कर्मचारियों पर कमीशन लेने के आरोप लगाए हैं। प्रधान ने कहा कि काफी समय पहले विकास कार्य हुए हैं लेकिन उनका भुगतान नहीं हो रहा है। अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो पेट्रोल छिड़क कर जान दे देंगे। खंड विकास अधिकारी अखिलेश कुमार ने कहा कि कुछ पेमेंट हो गया है और कुछ बाकी रह गया है। बाकी पत्रावली प्राप्त होने पर करा दिया जाएगा।

एमबीबीएस के परीक्षा फार्म 13 से भरे जाएंगे

बरेली, अमृत विचार : एमबीबीएस के परीक्षा फार्म 13 फरवरी से ऑनलाइन भरे जाएंगे। फार्म भरने की तिथि निर्धारित कर दी है। एमबीबीएस प्रथम प्रोफेशनल पूरक परीक्षा, द्वितीय प्रोफेशनल एवं तृतीय प्रोफेशनल भाग एक और दो के मुख्य परीक्षा फार्म 13 से 20 फरवरी तक ऑनलाइन भरे जाएंगे।

बनभूलपुरा के लोगों ने किया दंगा, महिलाएं और बच्चे भी शामिल

मस्जिदों से चलाये गये पत्थर, प्राइवेट और सरकारी वाहनों को जलाया, पूरा क्षेत्र अराजक तत्वों के हाथों में, पुलिस और प्रशासन नाकाम

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: नगर निगम और प्रशासन की संयुक्त टीम पुलिस बल के साथ मलिक का बगीचा में अवैध मस्जिद और मदरसा को ढहाने पहुंचे। स्थानीय लोगों ने पहले तो विरोध किया और बाद में हिंसा पर उतारू हो गए। पत्थर बरसाए, वाहनों में आग लगाई। पुलिस और प्रशासन के साथ ही पत्रकार भी घायल हुए। यहां तक की पत्रकारों को भी मारा गया।

बनभूलपुरा में अपरान्ह चार बजे मस्जिद और मदरसा और गिराने के लिए नगर निगम और प्रशासन की टीम पहुंच गई। साथ ही पुलिस बल भी पहुंच गया। मुसलमानों ने इसका विरोध करना शुरू किया जबकि हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी साबित हो गया कि मस्जिद और मदरसा सरकारी भूमि में अवैध रुप से बनाए गए हैं।

पहले तो मुस्लिम महिलाओं समेत अन्य लोगों ने मौखिक तौर पर विरोध जताना शुरू किया लेकिन बाद में स्थिति खराब हो गई। मलिक के बगीचे की तरफ आने वाली सभी गलियों को मुसलमानों ने घेर लिया और पत्थर बरसाना शुरू कर दिये। पहले तो पत्थरों से हमला होता रहा। पत्थरों की चपेट में आकर कई पुलिस, नगर निगम और प्रशासन के कर्मचारी घायल हो गये। पत्थरों की हो रही बारिश को रोकने के लिए पुलिस ने शील्ड का सहारा लिया लेकिन भीड़ पूरी तरह से बेकाबू हो गई। घरों और मस्जिदों से भी पत्थर आने लगे। पत्थर मारने वालों में महिलाएं, लड़कियों के अलावा बच्चे भी शामिल थे। इधर मस्जिद और मदरसा को ढहाने के लिए जेसीबी को लगा दिया गया। जेसीबी ने मस्जिद और मदरसा को ढहाने का काम नहीं रोका। हालांकि पत्थरबाज पत्थर बरसाते रहे। साथ ही आगजनी भी शुरू कर दी गई। नगर निगम के ट्रैक्टर को आग लगा दी गई। बाइकों को उठाकर उन्हें आग के हवाले कर दिया गया। धर्म के नशे में पूरी तरह से पागल हो गए लोग जान लेने पर भी उतारू गए। लोगों को निशाना बना-बनाकर पत्थर बरसाये जा रहे थे। पुलिस ने आंसू गैस के गोले भी छोड़े लेकिन दंगाई भीड़ पर कुछ भी असर नहीं हो रहा था। लग रहा था बनभूलपुरा के सभी लोगों ने मलिक के बगीचा को घेर लिया। बाद में कार्रवाई पूरी होने के बाद पुलिस फोर्स के साथ नगर निगम, प्रशासन के कर्मचारियों के साथ ही अन्य लोग भी निकलने। इसके बाद भी पत्थर बरसाये जाना जारी रहे। बहुत मुश्किल से हिंसा पर उतारू हो चुकी भीड़ से बचते हुए पुलिस फोर्स के साथ लोग किसी तरह निकले। रास्ते में दंगाई पत्थर बरसाते रहे।

पत्रकारों को चिन्हित करके मारा : बनभूलपुरा के दंगाइयों ने पत्रकारों को चिन्हित करके और उनके वाहनों को नुकसान पहुंचाया। प्रेस लिखे वाहनों को आग के हवाले कर दिया। जिन पत्रकारों के गले में प्रेस कार्ड लटके थे उन पर निशाना बनाकर पत्थर बरसाये। दो पत्रकारों को घेर कर बुरी तरह मारा। दो कैमरामैनों के कैमरे तोड़ दिए गए और उन्हें मारा भी गया। संभावना है कि बनभूलपुरा के उन लोगों का भी हाथ रहा जो लोग पत्रकारों को जानते थे। दंगाइयों को पत्रकारों की निशानदेही करवाकर हमला कराया गया है।

स्टांप पर खरीदी सरकारी जमीन और धौंस जमींदारों वाली : मलिक का बगीचा में नगर निगम और प्रशासन की कार्रवाई के दौरान यहां रहने वाले लोग जमीन और मकान के मालिकाने हक का कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाए। जमीनों के अवैध कब्जेदारों ने इनको लाखों रुपये में जमीन बेची और अब जब प्रशासन अतिक्रमण हटा रहा है तो अवैध कब्जेदार जमींदारों की तरह धौंस दिखा रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार यहां बड़े पैमाने में सरकारी जमीनों पर कब्जा करके उन्हें बेचा गया है और करोड़ों रुपयों की कमाई की गई है। अब परेशान वे लोग हैं, जिन्होंने उन खरीदी गई जमीनों पर भवन बना लिए हैं और अब उनके भवन अतिक्रमण की जद में आ रहे हैं। यहां लोगों ने बताया कि यहां कुछ रसूखदारों लोगों के पास यहां सालों से जमीनों के कब्जे थे। उन्हें राजनीतिक शह भी थी। वही लोग लोगों से लाखों रुपये लेकर जमीन पर उन्हें कब्जा दे देते थे। औपचारिकता के तौर पर एक स्टांप पर इस इकरारनामे को लिखा जाता था। हालांकि उस स्टांप की नोटरी भी नहीं कराई जाती थी। नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय का कहना है कि कोई भी व्यक्ति सरकारी जमीन पर अपना स्वामित्व कैसे बता सकता है। फिलहाल तो यहां सरकारी जमीन को बेचने का खेल सालों से चल रहा है। देखते ही देखते भवन पर भवन बनते हुए। सरकारी जमीनें बेचकर करोड़ों रुपये कमाने वालों का कोई नाम नहीं बता पा रहा है। यहां तक की जिन्होंने जमीनें खरीदी हैं वह भी ठीक से नाम और पता नहीं बता पा रहे हैं।

अतिक्रमण हटवाने के दौरान हल्द्वानी के बनभूलपुरा में बवाल को नियंत्रित करती पुलिस। ● अमृत विचार

'जा जाहिल कुर्बान हो जा'

हल्द्वानी, अमृत विचार : मलिक का बगीचा के पास से एक घर से आवाज रही थी। एक महिला अपने पति को लताड़ते हुए बोल रही थी कि जाहिल सोये पड़ा है। पुलिस आ गई है, जेसीबी आ गई है। जा जाकर कुर्बान हो जा, देख नहीं रहा है कि और लोग गाजी बनकर पहुंच रहे हैं। इसी तरह एक महिला अपने बच्चों के साथ घर के बाहर खड़ी हो गई। जब उससे पुलिस वालों ने कहा कि बच्चों को लेकर अंदर चली जाओ तो वह महिला बोली हम अपने बच्चों को भी कुर्बान कर देंगे। हमें कोई अफसोस नहीं है।

अपनी सीट जीतने को पार्टियां अवैध कब्जा करवाती रहीं

हल्द्वानी, अमृत विचार : हल्द्वानी दंगे की भेंट चढ़ गया। निर्दोष लोगों के वाहन चला दिये गये। चिन्हित करके लोगों को मारा गया। यह सब इस वजह से हुआ है क्योंकि कुछ राजनीतिक दल और नेताओं के लिए यह जगह वोट बैंक है। उनके यहां से हजारों की तादाद में वोट मिलते हैं। जिसके बाद वह चुनाव जीतकर माननीय बनते हैं। अतिक्रमण करवाने में भी वोट बैंक की राजनीति करने वाले इन्हीं दलों और नेताओं का हाथ है। जब बनभूलपुरा में अवैध तौर पर अतिक्रमण हो रहा था, तब इन्हीं नेताओं और दलों ने पुलिस और प्रशासन को मूक बनवा दिया। जिससे उनके वोट प्रतिशत में बढ़ोत्तरी हो सके।

ज्ञानवापी को लेकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: ज्ञानवापी पर आए फैसले को लेकर जहां बरेली के मौलाना तौकीर रजा खां ने जेल भरो आंदोलन का ऐलान किया हैं वहीं, नगर में कुछ लोगों ने साम्प्रदायिक माहौल बिगाड़ने की साजिश रच दी। जुमे से ठीक एक दिन पहले तराई की फिजा खराब करने के लिए शहर से सटे मुस्लिम बाहुल्य चिड़ियादाह गांव में कुछ खुराफाती लोगों ने ज्ञानवापी से जुड़े भड़काऊ और विवादित पोस्टर चस्पा कर दिए। जानकारी मिलने पर एएसपी, सीओ सिटी पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे। ग्रामीणों से शांति व्यवस्था बनाए रखने और किसी के बहकावे में न आने की अपील की। पोस्टरों को हटवाकर फेंक दिया। पुलिस बल तैनात कर दिया है। खुराफात करने वालों की सुरागरसी कराई जा रही है।

आपत्तिजनक

▸▸ सुनगढ़ी क्षेत्र के शहर से सटे चिड़ियादाह गांव में जुमे से एक दिन पहले की खुराफात

घटना गुरुवार सुबह की है। सुनगढ़ी थाना क्षेत्र का शहर से सटा गांव चिड़ियादाह मुस्लिम बाहुल्य इलाका है। गुरुवार सुबह ग्रामीण घरों से बाहर निकलकर कामकाज पर जा रहे थे। इस बीच उनकी नजर दीवारों और बिजली के खंभों के साथ मकानों के बाहर लगे पोस्टरों पर गई। जिसमें सेव ज्ञानवापी समेत कोर्ट के फैसले का विरोध करने की बातें लिखी थीं। ये पोस्टर देखकर खलबली मच गई। काफी लोग जमा हो गए। पोस्टरों को लेकर चर्चाएं शुरू हो गईं। सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) विक्रम दहिया, सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी, सुनगढ़ी इंस्पेक्टर संजीव कुमार शुक्ला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीण जमा हो गए थे, हालांकि किसी तरह के तनाव के हालात नहीं हैं। ग्रामीणों ने यही बताया है कि पोस्टरों के बारे में उन्हें कुछ पता नहीं लगा है, सुबह घरों से निकले तो पोस्टर चस्पा थे। ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने पोस्टरों को हटवा दिया है। अधिकारियों ने गांव की गलियों में गश्त की। अन्य क्षेत्रों में भी पोस्टर की जांच की जा रही है। माना जा रहा है कि पोस्टर बुधवार की देर रात लगाए गए।

> सूचना मिलने पर पुलिस बल के साथ मौका मुआयना किया। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जांच कराई जा रही है। गांव में किसी तरह का तनाव नहीं है। एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। पोस्टर चस्पा करने वालों का पता लगाकर सख्त कार्रवाई की जाएगी। -**संजीव शुक्ला**, इंस्पेक्टर सुनगढ़ी

अतिसंवेदनशील गांव है चिड़ियादाह

शहर से सटा मुस्लिम बाहुल्य मिश्रित आबादी क्षेत्र चिड़ियादाह गांव पुलिस रिकॉर्ड में अति संवेदनशील श्रेणी में दर्ज है। वहां पर बीते सालों में कई बार खुराफातें सामने आ चुकी हैं। फिजा खराब की कोशिश की गई हैं। धार्मिक जुलूसों के साथ त्योहारों के मौके पर कई बार टकराव की स्थिति तक बन चुकी है। हालांकि गांव में शांति व्यवस्था बनी है।

आपत्तिजनक पोस्ट पर युवक पर रिपोर्ट

संभल, अमृत विचार: गुजरात के मौलाना की भड़काऊ आपत्तिजनक पोस्ट सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के मामले में नखासा थाना पुलिस ने एक युवक पर रिपोर्ट दर्ज की है।

गुजरात के मौलाना मुफ्ती सलमान अजहरी के खिलाफ एक भड़काऊ आपत्तिजनक बयान व पोस्ट को लेकर गुजरात में मुकदमा दर्ज किया गया था। संभल में नखासा थाना क्षेत्र के केशोपुर भंडी गांव निवासी खान सैफी पुत्र हसनुद्दीन ने मौलाना मुफ्ती सलमान अजहरी की विवादित पोस्ट को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए स्टैंड विद सलमान अजहरी लिखा था। इस पोस्ट को देखकर लोगों ने आपत्ति जाहिर करते हुए पुलिस को सूचना दी थी। इसके बाद नखासा थाना के दरोगा रघुराज किशोर की ओर से खान सैफी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

आचार्य प्रमोद कृष्णम ने स्मृति ईरानी को दिया कल्कि धाम शिलान्यास का न्योता

संवाददाता, संभल

अमृत विचार: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बाद अब आचार्य प्रमोद कृष्णम ने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को कल्कि धाम के शिलान्यास का निमंत्रण दिया है।

आचार्य प्रमोद कृष्णम से निमंत्रण पाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 फरवरी को कल्कि धाम शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होने का संकेत दिया तो आचार्य प्रमोद कृष्णम ने भाजपा खेमे के सभी दिग्गजों को आमंत्रित करने का सिलसिला शुरु किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को उन्होंने दिल्ली में निमंत्रण दिया तो अगले दिन लखनऊ में प्रदेश के मुख्यमंत्री को आमंत्रण देने के लिए वह पहुंचे। गुरुवार को आचार्य प्रमोद कृष्णम ने दिल्ली में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को कल्कि धाम के शिलान्यास का निमंत्रण दिया।

दिल्ली में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को निमंत्रण देते आचार्य प्रमोद कृष्णम।

विवेचना के नाम पर महिला आरक्षी को टरका रही पुलिस

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

▸▸ महिला आरक्षी रामपुर जिले में तैनात है

अमृत विचार: जिला रामपुर में तैनात नगर निवासी एक महिला आरक्षी ने दरोगा पर चार्जशीट लगवाने के नाम पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाते हुए एसपी से न्याय की गुहार लगाई थी। महिला आरक्षी का कहना है कि विवेचना बदली गई या नहीं उसे कुछ पता नहीं चल रहा है। विवेचक ने अभी तक उसके बयान तक नहीं लिए हैं।

महिला आरक्षी ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि 14 नवंबर वर्ष 2019 में उसका विवाह जिला बिजनौर के गांव संसारपुर निवासी अंकुल कुमार के साथ हुआ था। पीड़िता ने अपने पति पर दूसरी शादी करने, जेठ अंकित कुमार पर दुराचार का प्रयास करने का आरोप लगाने सहित नौ लोगों के खिलाफ घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, बिना तलाक दिए शादी करने सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। महिला आरक्षी ने

एसपी को भेजे शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि इस मामले में कोतवाली में तैनात एक दरोगा ने चार्जशीट लगाने के नाम पर दो लाख रुपये रिश्वत के मांगे थे। रिश्वत न देने पर दरोगा ने आरोपियों से साठगांठ कर मुकदमे में दर्ज 494 धारा का विलोपन कर दिया। पीड़िता ने एसपी से न्याय की गुहार लगाते हुए चेतावनी दी है कि यदि उसे न्याय नहीं मिला तो वह नौकरी से त्यागपत्र देकर आत्महत्या कर लेगी। कोतवाल इंद्रजीत सिंह ने बताया कि महिला आरक्षी ने एसपी को प्रार्थना पत्र दिया था, दोबारा विवेचना शुरू की जाएगी।

हाईवे किनारे लगे रेत-बजरी के ढेर दे रहे हादसे को निमंत्रण

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : शहर से बाहर निकलने पर हाइवे किनारे बजरी व रेत के ढेर लगे रहने से हादसा होने का खतरा बना रहता है। कई बार दोपहिया वाहन चालक गिरकर चुटैल तक हो चुके हैं। प्रशासन की ओर से सड़क किनारे रेत व बजरी के ढेर लगाने वाले लोगों पर कार्रवाई नहीं होने से नागरिकों में रोष है।

व्यापारियों द्वारा हाइवे किनारे रेत व बजरी डालकर बेचा जाता है। रेता व बजरी सड़क किनारे तक पहुंच जाती है। इस कारण तेज रफ्तार वाहन चालकों के साथ हादसा होने का खतरा बना रहता है। कई बार दोपहिया वाहन चालक फिसलकर गिर जाते हैं। एक वर्ष पूर्व एसडीएम से नागरिकों ने शिकायत की थी। तब प्रशासन की ओर से हाइवे किनारे रेत व बजरी डालने वालों के विरुद्ध अभियान चलाया गया था। प्रशासन की चेतावनी के बाद लोगों ने हाइवे किनारे रखा रेत व बजरी को हटा लिया था। मगर एक बार फिर वही हालत बनी है। हाइवे किनारे जगह-जगह रेत व बजरी के ढेर लगे हैं।

बदायूं रोड पर सड़क किनारे लगा बजरी का ढेर। ● अमृत विचार

दिक्कत

▸▸ मुरादाबाद व बदायूं रोड पर व्यापारी सड़क किनारे डाल रहे हैं बिल्डिंग मैटीरियल

करीबियों पर है एटीएस की नजर

संवाददाता, हापुड़

अमृत विचार : आईएसआई को देश की गोपनीय जानकारी भेजने के आरोपी थाना देहात क्षेत्र के गांव श्यामपुर का सतेंद्र सिवाल रूस के मास्को स्थित भारतीय दूतावास में इंडिया बेस्ट सिक्योरिटी असिस्टेंट (आइबीएसए) के पद पर कार्यरत था। देश से गद्दारी करने पर एटीएस ने उसे गिरफ्तार किया है।

गांव में उसके माता-पिता के अलावा भाई व चाचा का परिवार रहता है। उसकी गिरफ्तारी के बाद से वह गांव से चले गए हैं। उधर, एटीएस यह पता करने में जुटी है कि जासूसी के बदले मिलने वाले रुपयों से सतेंद्र ने कितनी संपत्ति अर्जित की है। देश विदेश में खुले उसके बैंक खाते से किस-किस व्यक्ति को रुपये भेजे गए हैं। इतना ही नहीं कॉल या मैसेज के जरिए किस-किस के संपर्क में था। अगर परिजन या अन्य किसी परिचित व आरोपियों के बीच रुपयों के लेनदेन का इनपुट मिलता है तो निश्चित ही एटीएस कार्रवाई कर रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी।

▸▸ आईएसआई के लिए जासूसी करते पकड़ा गया था सतेंद्र

अनुमान लगाया जा रहा है कि पूछताछ में वह कई राज उगल सकता है। जिसके बाद कुछ अन्य लोगों की भी धरपकड़ होनी है। हालांकि, स्थानीय अधिकारियों से भी अभी तक एटीएस ने कोई जानकारी साझा नहीं की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस सतेंद्र के परिवार पर नजर जमाए हुए है। तीन साल बाद गांव आया था सतेंद्र किशोर अवस्था से ही सतेंद्र गांव में नहीं रहा है। अधिकांश पढ़ाई उसने दिल्ली में की है। ऐसे में स्वजन या परिवार के अन्य सदस्यों के अलावा कोई खास दोस्त या परिचित नहीं है। नौकरी के दौरान वह कभी- कभार ही गांव आता था।

तीन साल बाद वह 28 जनवरी छुट्टी लेकर को अपने गांव आया था। ग्रामीणों का कहना है कि सतेंद्र के परिवार को बिल्कुल भी अंदाजा नहीं था कि वह पाकिस्तानी जासूस बनकर पूरे परिवार पर ऐसा बदनुमा दाग लगा देगा।पिता खेती-बाड़ी कर सम्मान के साथ पूरे परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं। मगर, सतेंद्र की गिरफ्तारी के बाद से पूरा परिवार भय के माहौल में जीने को मजबूर है।

15 से होंगी पूर्व मध्यमा से उत्तर मध्यमा की परीक्षाएं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं से पहले संस्कृत बोर्ड की पूर्व मध्यमा द्वितीय से उत्तर मध्यमा द्वितीय तक की परीक्षाएं शुरू हो जाएंगी। यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 22 फरवरी से होंगी।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार उत्तर मध्यमा द्वितीय स्तर की परीक्षाएं 15 से 29 फरवरी तक चलेंगी। जिले में पांच संस्कृत स्कूलों के करीब 90 छात्र इस परीक्षा में भाग लेंगे। रामभरोसे लाल बालिका इंटर कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। पहले दिन पूर्व मध्यमा द्वितीय और उत्तर मध्यमा द्वितीय के छात्र अनिवार्य संस्कृत की परीक्षा देंगे। डीआईओएस देवकी सिंह ने बताया कि परीक्षा को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश केंद्र व्यवस्थापक को दे दिये गए हैं। परीक्षा पूरी तरह नकल विहीन कराई जानी है।

सम्बन्ध विच्छेद

मेरा पुत्र मौ० युसुफ गलत संगत में पड़ गया है। जो शराब पीकर मेरे एवं मेरे परिवार के सदस्यों के साथ गाली-गलौच व मार-पीट करता रहता है। मैं अपने पुत्र मौ० युसुफ से सम्बन्ध विच्छेद करते हुए अपनी चल-अचल सम्पत्ती से बेदखल करता हूँ। उसके द्वारा किये गये कुकृत्यों का वह स्वंय उत्तरदायी होगा।
मौ० उमर पुत्र सलीमुल्ला मौ०- पृथ्वीगंज, थाना व तह० कांठ, जि० मुरादाबाद

सम्बन्ध विच्छेद

मेरा पुत्र अर्पित गलत चाल-चलन में पड़ने के कारण वह मेरे व परिवार के सदस्यों के साथ दुर्व्यवहार करता रहता है। मैं स्वेच्छा से अपने पुत्र से सम्बन्ध विच्छेद करते हुए चल-अचल सम्पत्ती से बेदखल करता हूँ उसके द्वारा किये गये कुकृत्यों का वह स्वंय उत्तरदायी होगा।
विनोद कुमार पुत्र लालमन निवासी-ग्राम नवादड़ी, वार्ड न0 2 तह0 व थाना-कांठ, जि० मुरादाबाद,

कार्यालय नगर पालिका परिषद, सम्भल

पत्रांकः 380/जलकल/2024 दिनांकः- 07/02/2024

अतिअल्पकालीन निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद, सम्भल के जलकल विभाग द्वारा राज्य वित्तीय आयोग/बोर्ड फण्ड के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु निविदा आमन्त्रित की जानी है। अनुभवी इच्छुक फर्म/ठेकेदार दिनॉक 13/02/2024 को समय अपराहन 02:00 बजे तक निविदा क्रय कर सकते है, निविदाये निविदा बॉक्स में दिनॉक 13-02-24 को समय अपराहनः 04:30 बजे तक डाली जायेगी, जो दिनॉक 14/02/2021 को अध्यक्ष महोदय नगर पालिका परिषद, सम्भल के समक्ष समय दोपहर12:00बजे खोली जायेगी।

क्र0 सं0	कार्य का विवरण	कार्य की लागत (रू० लोख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य जी०एस०टी सहित (रू० मे)	धरोहर धनराशि 02 प्रतिशत (रु० में)	कार्य की अवधि
1.	वार्ड न० 05 मौहल्ला हयातनगर उमेदराय इण्टर कालेज के पीछे मिनी नलकूप के रिबोरिंग का कार्य।	4.97	590	10000.00	15 दिन
2.	वार्ड न0 07 मौहल्ला कटरा मूसा खां (नहर के पास) में मिनी नलकूप के रिबोरिंग का कार्य।	4.96	590	10000.00	15 दिन
3.	वार्ड न0 18 घंटाघर पर वाटर कूलर (मशीन) की स्थापना का कार्य।	2.13	255	4300.00	15 दिन
4.	वार्ड न0 18 घंटाघर पर समरसेबिल मोटर पम्प की स्थापना का कार्य।	1.36	175	2750.00	15 दिन
5.	15 एच०पी० 04 नग समरसेबिल मोटर पम्प सैट एवं 10 sqmm 200 मी० केबिल व 100 एम.एम. 06 नग जी०आई० पाईप 03 मी० की आपूर्ति का कार्य।	4.82	590	10000.00	15 दिन
6.	15 एच०पी० 01 नग समरसेबिल मोटर पम्प सैट एवं 10 sqmm 150 मी0 केबिल व 100 एम.एम. 04 नग जी०आई० पाईप 03 मी० की आपूर्ति का कार्य।	1.96	250	4000.00	15 दिन

निविदा की शर्तेः- 1- निविदा के साथ निम्नलिखित पठनीय अभिलेख / प्रपत्र संलग्न करना अनिवार्य है। अन्यथा निविदा निरस्त कर दी जायेगी।

01. जिलाधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र जिसमें वैद्यता तिथि अंकित होना अनिवार्य है। 02. जिलाधिकारी द्वारा जारी हैसियत प्रमाण पत्र। 03. जी०एस०टी० रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र । 04. ई०पी०एफ० पंजीकरण प्रमाण पत्र । 05. ई०एस०आई० पंजीकरण प्रमाण पत्र। 06. ठेकेदार/फर्म/निविदादाता का पैन कार्ड, आधार कार्ड। 07. श्रम विभाग मे पंजीकरण प्रमाण पत्र। 08. निविदा शुल्क पालिका के जमा करने का साक्ष्य (बैंक स्लिप) को निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। यदि निविदा शुल्क जमा करने का साक्ष्य संलग्न नही किया जाता है, तो निविदा निरस्त कर दी जायेगी। 09. निविदादाता/ठेकेदार का 100 रूपये के स्टाम्प पर नोटरी शपथ पत्र इस आशय का प्रस्तुत करना होगा कि उसके विरूद्ध कोई आपराधिक मुकदमा पंजीकृत नही है तथा उसे किसी मा० न्यायालय से दण्डित नहीं किया गया है, साथ ही यह भी स्पष्ट करना होगा कि ठेकेदार/फर्म/निविदादाता किसी भी विभाग ब्लैक लिस्टेड नही है एवं बैंक द्वारा दीवालिया घोषित नही है। 10. आगणन धनराशि का 02 प्रतिशत धरोहर / जमानत धनराशि निम्नलिखित विवरण के अनुसार जमा कर जमा करने की बैंक रशीद निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

आगणन धनराशि का 02 प्रतिशत धरोहर / जमानत धनराशि व निविदा शुल्क अलग अलग जमा करने का विवरण निम्नवत है।

S. N.	Account Holders Name	Bank Name	Account Number	IFSC Code
01	Nagar Palika Parishad Sambhal	State Bank Of India (Sambhal)	39736436769	SBIN0000711

11. 10 रूपये के स्टाम्प पर उपरोक्त (बिन्दु 01 से 10 तक) सभी तथ्य/अभिलेख सत्य होने सम्बन्धी नोटरी शपथ पत्र। उपरोक्त बिन्दु संख्या एक से लेकर बिन्दु संख्या दस तक के सभी अभिलेख / प्रपत्र निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

कार्य की शर्तेः-1- चयनित निविदादाता का पंजीकरण निविदा के अनुबन्ध गठन से पूर्व नगर परिषद, सम्भल के जलकल अनुभाग मे होना अनिवार्य होगा। 02- जमानत धनराशि कार्य समाप्ति के एक वर्ष बाद कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर वापस की जायेगी। 3- कार्य को समय से प्रारम्भ न करने की स्थितिं जमानत धनराशि को जब्त करते हुए निविदा को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार पालिका की शाक्तियों में निहित होगा। 4-निविदा स्वीकृति के उपरान्त अनुबन्ध से पूर्व शेष जमानत धनराशि (08 प्रतिशत) एन० एस०सी०/एफ०डी०आर/ पालिका के खाते में रूप मे जो कि अधिशासी अधिकारी न०पा०परि० सम्भल के नाम बन्धक हो, जमा करना अनिवार्य होगा। 5- कार्य को बिना किसी कारण समयान्तर्गत पूर्ण न करने के स्थिति में अवशेष कार्यों की लागत का 01 प्रतिशत प्रतिदिन की दर से परिनिर्धारित क्षति (Liquidated Damages) अध्यारोपित की जायेगी। 6- जी०एस०टी०/आयकर / ई०पी०एफ० इत्यादि नियमानुसार जमा करने की पूर्ण जिम्मेदारी निविदादाता की होगी। 7- कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व चयनित ठेकेदार / फर्म को पालिका से निर्धारित स्टाम्प पर नियमानुसार अनुबन्ध करना अनिवार्य होगा। 8- कार्य सन्तोषजनक / गुणवत्ता ठीक होने पर ही भुगतान की कार्यवाही की जायेगी। 9- समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशो का शत प्रतिशत अनुपालन करना अनिवार्य होगा। 10- विभागीयं दरों से कम निविदा आने पर नियमानुसार परफारमेन्स गारन्टी ली जायेगी। 11- किसी भी निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत अथवा बिना कारण बताये निविदाओं को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार पालिका की शाक्तियों मे निहित है। 12- समस्त प्रकार के विवाद हेतु न्यायिक क्षेत्र सम्भल होगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, सम्भल

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, सम्भल

सदन में गूंजा निकायों में वित्त आयोग को आवंटित धनराशि का मामला

नगर विकास मंत्री ने कहा-निकाय संस्थाओं के विकास पर खर्च होने वाली धनराशि में कटौती नहीं हुई, जवाब से असंतुष्ट सपा सदस्यों ने किया वाकआउट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य विधानसभा में गुरूवार को समाजवादी पार्टी के सदस्य कमाल अख्तर, मनोज पांडेय और रविदास मेहरोत्रा ने शहरी और ग्रामीण निकायों के क्षेत्रों में राज्य वित्त आयोग द्वारा आवंटित होने वाली धनराशि को घटाए जाने व इस मद का पैसा दूसरी मदों में लगाए जाने का मामला उठाया।

नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने सपा सदस्यों द्वारा उठाए गये इस मुद्दे को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि राज्य वित्त आयोग द्वारा निकाय संस्थाओं के विकास पर खर्च होने वाली धनराशि में कोई कटौती नहीं हुई। नगर विकास मंत्री के जवाब से असंतुष्ट होकर सपा के सदस्यों ने सदन से वाकआउट किया।

प्रश्न प्रहर के बाद शून्य प्रहर में सपा के सदस्य कमाल अख्तर सहित अन्य सदस्यों ने कहा कि राज्य के अस्सी हजार जनप्रतिनिधियों के अधिकारों का राज्य वित्त आयोग द्वारा हनन किया जा रहा है। शहरी और निकाय संस्थाओं के विकास, उसके कर्मचारियों को मिलने वाले वेतन आदि की जो धनराशि राज्य वित्त आयोग द्वारा दी जाती है उस धनराशि का उपयोग अन्य मदों में किया जा रहा है।

सपा सदस्य कमाल अख्तर ने सरकार पर निकाय संस्थाओं के चुने गए जनप्रतिनिधियों के अधिकारों में भी कटौती की जा रही है। सपा के ही वरिष्ठ सदस्य मनोज कुमार पांडेय ने कहा कि जिस हिसाब से निकाय संस्थाओं का क्षेत्रफल बढा है उस हिसाब से राज्य वित्त आयोग द्वारा मिलने वाली धनराशि पर्याप्त होना तो दूर उसमें भी कटौती हो रही है। वित्त आयोग से मिलने वाली धनराशि का उपयोग अन्य मदो में किया जा रहा है। सपा के ही वरिष्ठ सदस्य रविदास मेहरोत्रा ने कहा कि तेरह साल से आबादी के हिसाब से धन आवंटन नहीं किया गया है। उन्होने कहा कि राजधानी लखनऊ में धनाभाव में नालों और सीवरों की सफाई नहीं हो पा रही है।

इस मुद्दे पर सपा के ही सदस्य इरफान ने मांग की कि प्रधानों के अधिकाधिक धन आवंटन किया जाए ताकि ग्रामीण क्षेत्रों का सर्वागीण विकास हो सके। जवाब में नगर

विकास मंत्री ए के शर्मा ने कहा कि राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों के अनुरूप ही 6 नगरीय और 40 ग्रामीण निकायों को क्षेत्र में विकास कार्यो के लिए पर्याप्त धनराशि दी जा रही है। निकाय संस्थाओ के विकास के लिए राज्य सरकार ने सीएमएनएसवाई योजना शुरू की है। जहां तक विपक्ष के सदस्यों का आरोप है कि निकाय संस्थाओं के विकास की धनराशि का गौशालाओं में किया जा रहा है तो ऐसा नहीं है। उसके लिए अलग से प्राविधान है।

केवल डिग्री बांटने का काम कर रहे निजी विश्वविद्यालय : गुरुवार को ही सपा के सदस्य इंजीनियर संचिन यादव ने राज्य सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक प्रस्तुत होने से पूर्व कहा कि निजी विश्वविद्यालय केवल डिग्री बांटने का काम कर रहे है। इन निजी विश्वविद्यालों में प्रवेश और नियुक्तियों में आरक्षण नियमों की अनदेखी हो रही है। इन निजी विश्वविद्यालयों यूजीसी के मानकों की अनदेखी हो रही है। सरकार को चाहिए ऐसी व्यवस्था इन निजी विश्वविद्यालयों में होनी चाहिए कि इनमें अध्ययन का भी कार्य होना चाहिए। कांग्रेस की विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि 27 निजी विश्वविद्यालय स्थापित किए जा चुके है। निजी विश्वविद्यालय अनियंत्रित हो गए है। मनमानी नियुक्तियां हो रही है और भारी भरकम फीस ली जा रही है। यूजीसी के नियमों की अवहेलना हो रही है। कांग्रेस सदस्य ने कहा कि निजी विश्वविद्यालयों पर सरकार का नियंत्रण होना चाहिए। सरकार को इस तरह की प्रभावशाली कमेटी बनानी चाहिए जो नियुक्तियों के साथ फीस निर्धारण का भी कार्य देखे। सपा के सदस्य अतुल प्रधान ने कहा कि निजी विश्वविद्यालयों पर सरकार अपना नियंत्रण होना चाहिए। उन्होने कहा कि शासन से यदि स्कालरशिप न मिले तो यह निजी विश्ववविद्यालय बंद हो जायेगे।

विधान परिषद में मदरसा शिक्षकों के उत्पीड़न और मजदूरों की मजदूरी का मामला उठा

लखनऊ, अमृत विचार : विधान परिषद में गुरुवार को मदरसा आधुनिकीकरण योजना के तहत मदरसा शिक्षकों के उत्पीड़न, ग्रामीण एवं असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की मजदूरी का मामला गूंजा। वहीं सपा के आशुतोष सिन्हा ने फार्मासिस्टों के रिक्त पदों पर नियुक्ति के सवाल उठाया, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया, प्रदेश में फार्मासिस्टों के 7080 पदों के सापेक्ष 6396 पद भरे हैं, 684 रिक्त पदों पर नियुक्ति व नव स्थापित 50 बेडेड अस्पतालों के लिए नियमानुसार अधियाचन भेजा है। सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह के सभापतित्व में सपा सदस्य शाहनवाज खान के एक सवाल का जवाब देते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा दवाएं प्रत्येक मरीज की जरूरत के अनुसार डाक्टर द्वारा अपने विवेक से लिखी जाती हैं। दवाएं कहीं से भी खरीदी जा सकतीं हैं। वैसे राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों में डॉक्टर द्वारा जेनरिक दवा ही लिखी जाती है। भोजनावकाश बाद डॉ .जयपाल सिंह व्यस्त के सभापतित्व में सदन के कार्यसूची के मदों को निपटाया गया। सपा के लाल बिहारी यादव ने समाजवादी पेंशन बंद करने व अन्य खामियां गिनाते बजट का विरोध किया। वहीं मत्सय मंत्री संजय निषाद ने मछली उत्पादन में वृद्धि की जानकारी देते हुए कहा कि मछुआ कोष की स्थापना की गई है। उन्होंने बजट का समर्थन किया। शाम 05 .05 बजे अधिष्ठाता ने सदन शुक्रवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। **धार्मिक स्थलों के पास से मांस की दुकानें हटाई जाए :** शून्य प्रहर में नियम 115 में भाजपा सदस्य विजय बहादुर पाठक ने धार्मिक स्थलों के पास से मांस की दुकानें बन्द करने के उच्च न्यायालय के आदेश को सुनिश्चित कराने की सूचना दी। जिसमें कहा गया कि धार्मिक स्थलों के 50 मीटर के आस-पास मांस बिक्री की दुकानों को चिहिंत कर तत्काल हटवाया जाये। न्यायालय के इस आदेश का अभी अनुपाल नहीं हो पाया है। **मदरसा शिक्षकों की समस्या उठी :** शून्य प्रहर में सपा के लाल बिहारी यादव, स्वामी प्रसाद मौर्या, आशुतोष सिन्हा, डॉ .मानसिंह यादव, शहनवाज खान, मो .जासमीर अंसारी और मुकुल यादव ने प्रदेश में मदरसा के आधुनिकीकरण योजना के तहत मदरसा शिक्षकों के केन्द्रांश की राशि जारी कराने का मामला कार्य स्थगन के रूप में उठाया। उन्होंने कहा कि मदरसा शिक्षकों को निर्धारित वेतन का 60 प्रतिशत नही मिल रहा है। स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा सरकार धर्म एवं पंथ के नाम पर भेदभाव कर रही है। जांच के नाम पर लगातार प्रताड़ना ठीक नहीं। लाल बिहारी यादव ने कहा मदरसा शिक्षक भीषण ठंड में भी बीती 18 दिसम्बर से इको गार्डेन में धरने पर बैठे हैं। सरकार की उपेक्षा से 21 हजार शिक्षक भुखमरी की कगार पर हैं। सत्ता पक्ष होने की वजह से भाजपा के मोहसिन रजा को पीठ ने बोलने से रोक दिया।

ससुर ने पुत्रवधू से की शादी, पत्नी ने दिया शिकायती पत्र

फिरोजाबाद, अमृत विचार : फरिहा स्थित नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात सफाईकर्मी ने अपनी पुत्रवधू से ही शादी कर ली। उसे लेकर चार महीने से शहर में रह रहा है। मामले की जानकारी होने के बाद पत्नी ने उसके विरुद्ध पुलिस को शिकायती पत्र दिया गया है। वहीं बेटा भी रो-रोकर पुलिस से गुहार लगा रहा है।मूल रूप से जसराना के गाड़ीवान निवासी 45 वर्षीय शिल्पी वाल्मीकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सफाईकर्मी है। उसने 25 वर्ष पहले पहली पत्नी की मृत्यु होने के बाद रज्जो देवी से दूसरी शादी की थी। उससे उसके दो बेटे हुए। बड़े बेटे आकाश की शादी उसने पांच वर्ष पहले बिहार के सिवान निवासी युवती से की थी। एक साल पहले बेटा पत्नी को घर पर छोड़ कर प्रयागराज काम करने चला गया। कुछ माह पहले जब वह लौट कर आया तब पता चला कि उसके पिता व बहू के बीच अवैध संबंध हैं। आकाश ने बताया कि उसके पिता ने चार माह पहले उसकी पत्नी से कोर्ट मैरिज कर ली है। कर्मचारी की दूसरी पत्नी रज्जो देवी ने थाने में शिकायती पत्र दिया है। इंस्पेक्टर बैजनाथ सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

बच्चों की खुशी से अधिक सामाजिक प्रतिष्ठा को महत्व देना चिंताजनक

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आम जनमानस की गुलाम मानसिकता पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह समाज का काला चेहरा दिखाता है, जहां माता-पिता अपने बच्चों के प्रेम विवाह को अस्वीकार करते हुए पारिवारिक तथा सामाजिक दबाव में झूठी प्राथमिकी दर्ज कराते हैं। यह एक परेशान करने वाली प्रवृत्ति है कि आजादी के 75 साल बीत जाने के बाद भी हम सामाजिक पिछड़ेपन से उबर नहीं पा रहे हैं।

उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार की एकलपीठ ने सागर सविता के खिलाफ आईपीसी की 363, 366 और पाक्सो एक्ट की धारा 7/8 के तहत दर्ज मामले की पूरी कार्यवाही रद्द करने की मांग वाली याचिका को स्वीकार करते हुए की। याची के

अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि याची विपक्षी के साथ विवाह करने के बाद खुशी-खुशी पति-पत्नी के रूप में रह रहा था, लेकिन लड़की के पिता इस शादी से खुश नहीं थे, इसलिए उन्होंने याची के खिलाफ उपरोक्त धाराओं के अंतर्गत पुलिस स्टेशन नदीगांव, जिला जालौन में प्राथमिकी दर्ज कराई। जांच के बाद आरोप पत्र दाखिल किया गया और और याची के खिलाफ समन भी जारी हुआ। इस मामले में कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि सामाजिक प्रतिरोध को संबंधों के निर्वहन में सबसे बड़ी बाधा

▸▸ माता-पिता पारिवारिक तथा सामाजिक दबाव में अक्सर झूठी प्राथमिकी दर्ज कराते हैं

माना जा सकता है। बच्चों की खुशी में ही माता-पिता की खुशी होती है। जब दोनों पक्ष सहमति से पति-पत्नी के रूप में खुशी से रह रहे हैं तो उनकी शादी को परिवार द्वारा भी अनुमोदन मिलना ही चाहिए। ऐसे में अगर परिवार बच्चों की खुशी से ज्यादा सामाजिक प्रतिष्ठा को महत्व देता है तो यह वास्तव में चिंता का विषय है और इससे बेवजह की मुकदमेबाजी को बढ़ावा मिलता है। वैसे भी उस व्यक्ति की स्वतंत्रता का सम्मान करना चाहिए, जिसने वयस्कता की आयु प्राप्त कर ली हो। अंत में कोर्ट ने यह माना कि याची पर मुकदमा चलाने से किसी उद्देश्य की प्राप्ति नहीं होगी। अतः मामले की पूरी कार्यवाही को रद्द करने का निर्देश दिया।

स्वामी प्रसाद का मानसिक संतुलन ठीक नहीं: मनोज पांडेय

लखनऊ, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य को लेकर उनकी ही पार्टी के अंदर खींचतान है। इस बीच सपा नेता मनोज पांडेय ने स्वामी प्रसाद मौर्य को निशाने पर लिया। पत्रकारों से बात करते हुए सपा नेता मनोज पांडेय ने गुरुवार को स्वामी प्रसाद मौर्य की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि उनके अनर्गल बयानों को लेकर पार्टी द्वारा उन्हें कई बार हिदायत दी जा चुकी है। लेकिन विक्षिप्त आदमी जब नहीं सुन रहा तो उसके लिए कोई कुछ नही कर सकता। वहीं अयोध्या धाम को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि भारत में रहने वाले हर सनातनी का, हर हिंदू का सब धाम है। उन्होंने कहा कि जो आस्था रखता है, धाम उसका ही है। उन्होंने कहा कि धाम किसी की विरासत नहीं हुआ करती है।

जांच की आंच में यूपी के कई मदरसे, नहीं भेजी गई आख्याएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ लखनऊ और बरेली मण्डल से जुड़े दो जनपदों के कुछ मदरसों में घालमेल सामने आए

अमृत विचार : यूपी मदरसा बोर्ड के रडार पर प्रदेश के जनपदों में संचालित कई मदरसे हैं। जानकारों का मानना है कि मदरसों की जांच के दौरान कुछ तथ्य सामने आए है। इसी को लेकर बोर्ड के जिम्मेदार गुणा-भाग में जुट गए हैं। हाल - फिलहाल बड़ी कार्रवाई को लेकर चचाएं गर्म हो चली हैं।

उप्र मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त मदरसों की जांच को लेकर गत माह पूर्व अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की निदेशक जे. रीभा की ओर से एक आदेश जारी किये गए। जिसमें कहा गया कि मदरसों के प्रबंधक, शिक्षक, कर्मी और संचालित शिक्षण संस्थान का सत्यापन और भौतिक जांच कराई जाए। 73 जनपदों के जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को एक समय सीमा देकर जांच की आख्या भेजने के लिए बोर्ड रजिस्ट्रार प्रियंका अवस्थी द्वारा निर्देशित किया गया। सूत्रों की मानें तो जांच के बढ़ते दायरे के बीच लखनऊ और बरेली मण्डल से जुड़े दो जनपदों में संचालित कुछ मदरसों में घालमेल सामने आए हैं, ऐसे में गुरुवार को लेकर विभागीय मंथन किया गया। रजिस्ट्रार कहती हैं कि जांच को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

कोडीन युक्त कफ सीरप का व्यौरा देना होगा हर हफ्ते

▸▸ अपर मुख्य सचिव ने सीरप के दुरुपयोग की रोकथाम के लिए सख्त निर्देश जारी किए

लखनऊ, अमृत विचार : दवा विक्रेताओं को कोडीनयुक्त कफ सीरप के स्टॉक का विवरण हर सोमवार को जिले के औषधि निरीक्षक को देनी होगी। अन्य प्रदेश में निर्मित सीरप को मंगाने या दूसरे राज्यों में बिक्री करने की दशा में भी संपूर्ण विवरण ड्रग कंट्रोलर को देना होगा। यह निर्देश अपर मुख्य सचिव अनीता सिंह ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के आयुक्त को लिखित दिए हैं। अफीम के पौधे से तैयार होने वाले कोडीन का उपयोग नशे के रूप में न हो सके, इसके लिए शासन ने कोडीन युक्त कफ सीरप का दुरपयोग रोकने व अवैध बिक्री पर नियंत्रण रखने के निर्देश दिए हैं। एसीएस ने स्पष्ट किया है कि सीरफ को रखने वाले औषधि विक्रेता, स्टॉकिस्ट व सीएंडएफ एजेंट व हॉस्पिटल्स को हर हाल में हर सप्ताह के सोमवार को कफ सीरप का विवरण उपलब्ध कराना है। कितनी मात्रा में मंगाई और कितनी बिक्री हुई और मौजूदा स्टॉक का व्यौरा उपलब्ध कराना होगा। निर्देशों का अनुपालन न करने की दशा में दोषी विक्रेता फर्म के लाइसेंस को निरस्त कर दिया जाएगा।

सार-संक्षेप

आर-वॉलेट से ले सकेंगे अनारक्षित टिकट

लखनऊ, अमृत विचार : समय बचाने के साथ ही टिकट काउंटर पर फुटकर पैसे की समस्या को दूर करने के लिए रेलवे यात्रियों को ऑनलाइन पेमेंट के माध्यम से अनराक्षित टिकट उपलब्ध करा रहा है। इसके लिए रेलवे गुरुवार को चारबाग रेलवे स्टेडियम पर जागरुकता अभियान चलाया और वहां मौजूद लोगों को इसकी जानकारी दी। बेहतर यात्री सेवा और डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के लिए रेलवे आर वॉलेट के माध्यम से यात्रियों को टिकट उपलब्ध करा रहा है। खास बात यह है कि आर वॉलेट के माध्यम से टिकट खरीदने पर यात्रियों को 3 फीसदी टिकट सस्ता उपबल्ध होगा। रेलवे स्टेशन पर लगे डिस्प्ले बोर्ड पर भी इसकी जानकारी प्रसारित की जा रही है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक उत्तर रेलवे लखनऊ रेखा शर्मा के अनुसार यदि यात्री टिकट लेने के बाद यदि उसे रद्द करता है तो भी कोई दिक्कत नहीं होगी। टिकट निरस्त होते ही धनराशि आर वालेट में वापस पहुंच जाएगी।

रामलला दर्शन को पहुंचा इटली से दंपति

अयोध्या, अमृत विचार : अयोध्या धाम में आस्था के पग थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। इटली से एक दंपति गुरुवार को यहां रामलला का दर्शन करने पहुंचा। अल्बर्टो अपनी पत्नी इलोनोरा के साथ आए हुए हैं। उन्होंने कहा कि हम दोनों यहां दो दिन रहकर अयोध्या को जानने का प्रयास करेंगे। इटालियन नागरिक अल्बर्टो ने अयोध्या धाम में आकर बहुत खुशी जाहिर की।

जो जीतने की स्थिति में होगा उसे टिकट मिलेगा: अखिलेश

लखनऊ, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि गठबंधन का प्रत्याशी जीत के आधार पर तय होगा। इंडिया गठबंधन जीत का गठबंधन है। जो जीतने की स्थिति में होगा उसे टिकट मिलेगा। देश की जनता भी यही चाहती है। जो जीत सके वहीं प्रत्याशी मैदान में आये। सपा प्रमुख ने गुरुवार को जारी एक बयान में कहा कि, भाजपा सरकार में अपराध, भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी लगातार बढ़ती जा रही है। कानून व्यवस्था पर जीरो टॉलरेंस का दावा जीरो हो चुका है।

सिद्धार्थनगर में कुत्तों ने बालिका को नोच-नोचकर मार डाला

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

▸▸ बकरियां चराते समय कुत्तों के झुंड ने किया हमला

अमृत विचार : जिले में आवारा कुत्तों ने एक बालिका पर हमला कर उसकी जान ले ली। इस घटना के बाद से गांव के लोगों में आक्रोश है। परिवारीजनों ने बताया कि तरन्नुम (10) गांव के पास खेत में बकरियां चरा रही थी, तभी उस पर कुत्तों ने हमला कर दिया। मौके पर मौजूद रहे बच्चों ने भागकर जब तक गांव में और घर में सूचना दी और लोग पहुंचते तब तक तरन्नुम की मौत हो चुकी थी। पुलिस के अनुसार यह दर्दनाक घटना इटवा थाना क्षेत्र के बरगदवा पश्चिम गांव की है।

यहां के निवासी आबिद की पुत्री तरन्नुम (10) कक्षा चार की छात्रा थी। गुरुवार शाम स्कूल से लौटने के बाद तरन्नुम गांव के पूरब सीवान में खेतों में बकरियों को चराने के लिए चली गई। साथ में कुछ अन्य बच्चे भी अपनी बकरियां चरा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शी बच्चों के अनुसार तरन्नुम बकरियां चराने के दौरान खेत में बकरियों के लिए घास छांटने लगी, तभी एक कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया। वह जब तक उसे भगाती उसके साथ के सात आठ अन्य कुत्ते भी उस पर झपट पड़े। इसके बाद वह शोर मचाते हुए मदद की गुहार करते हुए भागी लेकिन डर के चलते अन्य बच्चे उसकी मदद नहीं कर सके। बच्चों ने भागकर घटना की जानकारी गांव में दी। इसके बाद ग्रामीण भाग कर मौके पर पहुंचे और कुत्तों को भगाया।

वर्ग पहेली-337

बाएं से दाएं

1. छोटा लोटा। (मु.) -डुबो देना : बहुत बड़ी हानि कर बैठना।-डूब जाना : (कोई काम) बुरी तरह से बिगड़ जाना।

3. 1. नगरमोथा 2. जलीय भूमि में होने वाला एक क्षुप 3. उक्त की जड़ जो औषध के काम आती है।

5. 1. गांव में रहने वाला 2. खेती करने वाला किसान 3. ग्रामीण, गांव में रहने वाला व्यक्ति, देहाती।

7. 1. कागज़

8. रेल द्वारा भेजे जाने वाले सामान या माल की रसीद जिसे प्रस्तुत करने पर वह सामान मिलता है, जावकपत्र।

ऊपर से नीचे

2. 1. टिके होने की अवस्था या भाव, स्थायित्व 2. स्थिरता से टिकने की जगह, पड़ाव।

4. 1. सरल या आसान काम 2. ठट्ठा

5. 1. एक प्रकार की घास जिसकी जड़ सुगंधित होती है, जिसे खस कहते हैं 2. एक दूब 3. गंडदूर्वा नामक घास।

6. 1. पूछताछ 2. रोककर पूछने की क्रिया या भाव 3. रोक, मनाही, निषेध।

7. 1. जो सुडौल न हो 2. भद्दा, कुरूप, भद्दी बनावट का, बेढंगा।



वर्ग पहेली - 336 का हल

1 टँ	का	ई	■	2 ध	■
■	■	■	3 ट	प	रा
■	■	4 बु	ला	ना	■
■	■	■	ट	■	5 के
6 को	ख	7 ज	ली	■	ला
■	■	ड़े	■	■	सी
8 अँ	धि	या	री	■	य

सुडोकू-54

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	1			7		6	8	
3		2	4					9
			5		1		7	
	9			2		4		
7								5
		8		9			2	
	5		8		3			
4	6					9		8
		7		4			1	

सुडोकू - 53 का हल

2	5	3	9	7	6	3	1	8
8	6	1	2	3	5	9	7	4
3	9	7	4	1	8	6	2	5
6	1	8	7	4	3	2	5	9
4	7	2	1	5	9	8	3	6
5	3	9	8	6	2	7	4	1
1	8	3	6	2	4	5	9	7
9	4	5	3	8	7	1	6	2
7	2	6	5	9	1	4	8	3

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 9 फरवरी, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 08 .02 तक तत्पश्चात अमावस्या।

आज का पंचांग



दिशाशूल- पश्चिम। ऋतु-शिशिर। चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-श्रवण 23 .29 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

मेष — आज जॉब में आपके ऊपर लक्ष्यों को पूर्ण करने का दबाव रहेगा। संतान की शिक्षा में आ रही बाधा दूर होगी। करियर को लेकर एकाग्रचित्त रहेंगे। कार्यक्षेत्र में अनुकूल स्थान-परिवर्तन हो सकता है। परोपकार के कार्यों में आप धन खर्च करेंगे।

वृष — आज विदेश में रह रहे परिजनों से कुछ अच्छी सूचना मिल सकती है। अपना लक्ष्य पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। गुरुजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। बच्चों की उन्नति से उत्साहित रहेंगे। जीवनसाथी के साथ आप कहीं घूमने जा सकते हैं।

मिथुन — आज प्रेम संबंधों को लेकर ज्यादा गंभीर होना फिलहाल आपके लिए उपयुक्त नहीं है। कारोबार में भी अत्यधिक लालच के कारण ग्राहक नाराज हो सकते हैं। जॉब में आपका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहेगा। संकोच के कारण आप अपनी परेशानियों को भी शेयर नहीं कर पा रहे हैं।

कर्क — आज जीवनसाथी से अपने विचारों को साझा कर सकते हैं। वाणी में मधुरता की प्रशन्सा होगी। छोटी-मोटी बातों को ज्यादा महत्व न दें। शारीरिक रूप से चुस्त-दुरुस्त रहेंगे। परिवार में मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। विरोधी आपका अहित करने का प्रयास करेंगे।

सिंह — आज कारोबार की अधूरी पड़ी योजनाओं को लेकर थोड़े चिन्तित हो सकते हैं। विद्यार्थियों को परीक्षा परिणामों में उत्तम सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। कानूनी विवादों को तीव्र बुद्धि और सूझबूझ से आप सुलझा लेंगे।

कन्या — आज आत्मविश्वास के साथ सभी कार्यों में आगे बढ़ेंगे। विदेश में व्यापार कर रहे लोगों की आय में वृद्धि होगी। संतान के व्यवहार से आप दुखी हो सकते हैं। दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए आप ख़रीदारी करने जा सकते हैं।

तुला — आज जॉब में आपका प्रदर्शन बहुत ही शानदार रहने वाला है। संतान की तरफ से शुभ समाचार मिलेंगे। किसी कारणवश आपकी बदनामी हो सकती है। इसीलिए ऐसी स्थितियों को लेकर सावधान रहें। व्यापार में आप नये प्रयोग कर सकते हैं।

वृश्चिक — आज कारोबार में विस्तार कर सकते हैं। स्वादिष्ट व्यञ्जनों का आनन्द उठायेंगे। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों की सैलरी बढ़ सकती है। आपके सभी रुके हुये काम एक के बाद एक पूरे होते जायेंगे। कार्यक्षेत्र में आपका यश बढ़ेगा।

धनु — आज कार्यक्षेत्र में थोड़ी अस्थिरता हो सकती है। आपको किसी के साथ भी अभद्रता नहीं करनी चाहिए। अपने से बड़ों की बात न टालें। माता-पिता की सलाह से नया काम शुरू करना आपके लिए शुभ होगा। सर्दी और कफ बढ़ने की समस्या हो सकती है।

मकर — आज घर का वातावरण बहुत ही अच्छा रहेगा। निर्माण संबंधी कार्यों में सफलता मिलेगी। दांपत्य संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। गृहस्थ जीवन में शांति रहेगी। लोग आपके विचारों से काफी सहमत रहेंगे। कोई रुकी हुई डील आज फाइनल हो सकती है।

कुंभ — आज जीवनसाथी की कोई बात बुरी लग सकती है। गुस्से पर नियंत्रण रखें। शारीरिक रूप से कमजोर महसूस करेंगे। व्यवसाय में आपको कुछ प्रयोग करने से बचना चाहिए। भावनात्मक रूप से कमजोर महसूस कर सकते हैं।

मीन — आज आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। सोशल मीडिया पर आप काफी सक्रिय रहेंगे। पारिवारिक परिस्थितियां आपके पक्ष में रहेंगी। बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा। उधार दिया हुआ धन आपको प्राप्त होगा। घर में बच्चों की किलकारी गूंजेगी।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
दिल ही तो है — सुबह : 09 .00
इंडियन — रात : 09 .00

SONY SMAX
पति पत्नी और वो — सुबह : 11 .28
मेजर — रात : 09 .40

Utsav Gold
ओ तेरी — सुबह : 10 .00
यारियां — रात : 07 .00

ZEE CINEMA
चालबाज — सुबह : 09 .00
अनाड़ी नम्बर वन — रात : 07 .00

colors CINEPLEX
दोस्ताना — सुबह : 11 .34
स्वदेश — शाम : 06 .58

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर रात-09 .40 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पप्पू - इतना परेशान क्यों है?
गप्पू - अरे यार, मैंने अपनी गर्लफ्रेंड को दो बड़े-बड़े टेडी बियर गिफ्ट किए थे...
पप्पू - तो इसमें परेशान होने की क्या बात है?
गप्पू - उसकी मम्मी ने दोनों की रुई निकलवाकर दो तकिए भरवा लिए!

साला (जीजा से)-जीजा जी! मेरी बहन तो गाय है गाय, जीजा-फिर साले गौशाला में ही छोड़ आते, मेरे साथ क्यों बांध दी...

मैथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 990 फ्लैग 1110 डीएमओ 825 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव- दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85रुपये अरहर : 118 से 125रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 - 106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 चना कावली : 145 से 160 राजमा लाल : 155 राजमा चित्ता : 145 लोबिया लाल : 94 रुपये लोबिया सफेद : 98 रुपये।

एक नजर

सरकार ने गेहूं भंडार की सीमा बनाई सख्त

नई दिल्ली। सरकार ने जमाखोरी पर अंकुश लगाने और कीमत वृद्धि को रोकने के लिए बृहस्पतिवार को थोक विक्रेताओं, बड़ी श्रृंखला के खुदरा विक्रेताओं और प्रसंस्करणकर्ताओं (प्रोसेसरों) के लिए गेहूं भंडार रखने के मानदंडों को सख्त कर दिया है। खाद्य मंत्रालय के अनुसार, व्यापारियों और थोक विक्रेताओं को अब 1,000 टन के बजाय 500 टन तक गेहूं का स्टॉक रखने की अनुमति है। बड़ी श्रृंखला के खुदरा विक्रेता प्रत्येक बिक्री केन्द्र में पांच टन और अपने सभी डिपो में 1,000 टन के बजाय कुल 500 टन गेहूं स्टॉक रख सकते हैं।

कोल इंडिया लिमिटेड में निदेशक बने मुकेश

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने मुकेश अग्रवाल को निदेशक (वित्त) के पद पर नियुक्त किया है। सीआईएल ने बृहस्पतिवार को कहा कि अग्रवाल ने निदेशक (कारोबार विकास) देबाशीष नंदा से अपना कार्यभार संभाला। नंदा के पास निदेशक (वित्त) की अतिरिक्त जिम्मेदारी थी।

अगले वित्त वर्ष में वृद्धि दर रहेगी 7 प्रतिशत

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास बोले-उपभोक्ता मांग, निजी निवेश में हो रहा सुधार

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक का अनुमान है कि परिवारों का उपभोग बढ़ने और निजी निवेश में सुधार से अगले वित्त वर्ष 2024-25 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7 प्रतिशत रहेगी। हालांकि, यह राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के चालू वित्त वर्ष (2023-24) के 7.3 प्रतिशत के अनुमान से कम है।

भारतीय अर्थव्यवस्था 2022-23 में 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने बृहस्पतिवार को द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए कहा कि ग्रामीण मांग में तेजी जारी है, शहरी खपत मजबूत बनी हुई है और पूंजीगत व्यय में वृद्धि के कारण निवेश चक्र रफ्तार पकड़ रहा है। निजी निवेश में भी सुधार के संकेत दिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि रबी बुवाई में सुधार, विनिर्माण क्षेत्र के लाभ में सतत वृद्धि और सेवा क्षेत्र में अंतर्निहित मजबूती से 2024-25 में आर्थिक गतिविधियों को समर्थन मिलेगा। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर सात प्रतिशत रहने का अनुमान है।

बैंकरों ने रिजर्व बैंक की 'संतुलित' मौद्रिक नीति का स्वागत किया

बैंकरों ने नीतिगत ब्याज दर स्थिर रखने के भारतीय रिजर्व बैंक के निर्णय को 'संतुलित' बताते हुए इसका स्वागत किया। उनका कहना है कि इसमें मुद्रास्फीति की चुनौती के साथ-साथ अर्थव्यवस्था की वृद्धि जरूरतों को भी ध्यान में रखा गया है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन दिनेश खारा ने कहा, "मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) का दरों और रुख को यथावत बनाए रखने का निर्णय अपेक्षित था। लेकिन नियामकीय निर्णय में डिजिटल मजबूती, ग्राहक केंद्रितता और मूल्य खोज की तलाश में एक व्यावहारिक और दृढ़ दृष्टिकोण रखा गया है।" सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन बैंक के प्रमुख एस एल जैन ने नीतिगत दर को यथावत रखने के आरबीआई के निर्णय को 'संतुलित' बताते हुए इसका स्वागत किया।

रेपो दर को स्थिर रखना व्यावहारिक कदम टिकाऊ वृद्धि सुनिश्चित करेगा: विशेषज्ञ

विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने नीतिगत ब्याज दर स्थिर रखने के रिजर्व बैंक के निर्णय को व्यावहारिक बताते हुए कहा कि यह फैसला टिकाऊ आर्थिक वृद्धि को सुनिश्चित करेगा। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने वैश्विक अनिश्चितता और खुदरा मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत पर लाने की जरूरत को देखते हुए लगातार छठी बार रेपो दर को अपरिवर्तित रखने का फैसला किया है। उद्योग मंडल एसोचैम के महासचिव दीपक सूद ने टिकाऊ आर्थिक वृद्धि के इस फैसले को व्यावहारिक बताया। कोटक आल्टरनेट एसेट मैनेजर्स की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (निवेश एवं रणनीति) लक्ष्मी अय्यर ने कहा कि मुद्रास्फीति के मोर्चे पर कोई बड़ी चिंता न जताना राहत देने वाली बात है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की दिल्ली इकाई के चेयरमैन पुनीत कौरा ने आरबीआई का यह कदम उम्मीदों के अनुरूप ही है।

रिजर्व बैंक की मौद्रिक समीक्षा के बाद बाजार में सेंसेक्स 724 अंक लुढ़का

मुंबई, एजेंसी

▸▸ सेंसेक्स ने शुरुआती लाभ गंवाया, निफ्टी भी 212 अंक गिरा

स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 723 अंक से अधिक लुढ़क गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समीक्षा के बाद नीतिगत दर में कटौती के समय को लेकर अनिश्चितता बढ़ने से बैंक और वाहन शेयरों में बिकवाली से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में बढ़त में था, लेकिन बाद में यह 723.57 अंक यानी एक प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,428.43 अंक पर बंद हुआ। आरबीआई की मौद्रिक नीति की घोषणा के बाद बाजार नुकसान में आया और एक समय यह 921.38 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 212.55 अंक यानी 0.97 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,717.95 अंक पर बंद हुआ।

रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने बृहस्पतिवार को द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में लगातार छठी बार प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा। ब्याज दर से संबंधित बैंक और वित्तीय सेवाएं, वाहन, रियल्टी और जिंस कंपनियों के शेयर दबाव में रहे जबकि ऊर्जा तथा आईटी शेयरों में तेजी रही।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-हालांकि, वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जीडीपी वृद्धि दर अनुमान को बढ़ाया गया है, पर केंद्रीय बैंक मुद्रास्फीति और बैंक नकदी को लेकर सतर्क बना हुआ है। रेपो दर में मई, 2022 से छह बार में 2.5 प्रतिशत की वृद्धि का लाभ अभी पूरी तरह नहीं मिला है और मुद्रास्फीति लक्ष्य से ऊपर बनी हुई है। इससे नीतिगत दर में कटौती के समय को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। इसका असर सरकार के 10 साल के बॉन्ड प्रतिफल पर दिखा और यह बढ़ गया है। उन्होंने कहा, ''बाजार का बड़ा हिस्सा नुकसान में रहा। इसमें दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी), बैंक और वाहन कंपनियां शामिल हैं।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	72,000
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,350
गिन्नी (प्रति नग)	47,900-48,100
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,400
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	64,250
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	72,200
चांदी तैयार	72,300
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	64,100
सोना जेवरात गिन्नी	63,100
चांदी पक्की	714(अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,250
चांदी आभूषण	72,100।

इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश दो साल के उच्चस्तर पर पहुंचा

नई दिल्ली। इक्विटी म्यूचुअल फंड में जनवरी, 2024 में शुद्ध रूप से 21,780 करोड़ रुपये का निवेश आया है। यह लगभग दो साल में किसी भी महीने में हुआ सबसे अधिक मासिक निवेश है। इस दौरान निवेशकों ने स्मॉल-कैप फंड को प्राथमिकता देना जारी रखा। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) की ओर से बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। दिसंबर, 2023 में इस श्रेणी में लगभग 17,000 करोड़ रुपये का निवेश आया था। जनवरी में निवेश प्रवाह मार्च, 2022 के बाद से सबसे अधिक था।

सरसों का दाम एमएसपी से नीचे आया, तो सरकार करेगी खरीद : मुंडा

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और जनजातीय कार्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा है कि सरसों का दाम न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से नीचे जाता है, तो सरकार एमएसपी पर किसानों से इसकी खरीद करेगी।

उन्होंने कहा कि इसके लिए जरूरी व्यवस्था की गई है। मुंडा ने एक बयान में कहा-केंद्र सरकार द्वारा रबी विपणन सत्र के दौरान मूल्य समर्थन योजना या पीएसएस के अंतर्गत सरसों की खरीद की तैयारियां की गई हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के लिए किसानों का हित सर्वोपरि है। यदि सरसों का दाम एमएसपी से नीचे जाता है तो सरकार ने किसानों से एमएसपी पर इसकी खरीद के लिए आवश्यक व्यवस्था की है। उन्होंने बताया कि रबी विपणन सत्र (आरएमएस) के लिए, केंद्रीय नोडल एजेंसियों को पहले से ही मूल्य समर्थन योजना के तहत सरसों की खरीद के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया गया है, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो।

एलआईसी बनी पांचवीं सबसे मूल्यवान कंपनी

नई दिल्ली। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के शेयरों में बृहस्पतिवार को छह प्रतिशत से अधिक का उछाल आने के बाद इसका बाजार मूल्यांकन 6.99 लाख करोड़ रुपये हो गया और यह देश की पांचवीं मूल्यवान कंपनी बन गई। देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी का शेयर बीएसई पर 5.86 प्रतिशत चढ़कर 1,106.25 रुपये के भाव पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 9.51 प्रतिशत बढ़कर 1,144.45 रुपये के अपने रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गया था। एनएसई पर कंपनी का शेयर 6.46 प्रतिशत की उछाल के साथ 1,112 रुपये के भाव पर बंद हुआ।

पेटीएम ऐप पर निर्देशों का नहीं पड़ेगा कोई असर : स्वामीनाथन

मुंबई, एजेंसी

▸▸ आरबीआई के डिप्टी गवर्नर ने की टिप्पणी

भारतीय रिजर्व बैंक ने बृहस्पतिवार को कहा कि नियामकीय कार्रवाई पेटीएम पेमेंट बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) के खिलाफ हुई है और पेटीएम ऐप इससे प्रभावित नहीं होगा।

आरबीआई के डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन जे ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा-एक स्पष्टीकरण देना है, यह विशेष कार्रवाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ है और इसे पेटीएम ऐप के साथ न जोड़ें। ऐप पर इस कार्रवाई का प्रभाव नहीं पड़ेगा। यह पूछने पर कि क्या दूसरे बैंक पेटीएम वॉलेट के साथ साझेदारी कर सकते हैं, उन्होंने कहा कि यह एक व्यावसायिक निर्णय है और बैंकों को अपने निदेशक मंडल से मंजूरी प्राप्त नीति के अनुरूप जरूरी प्रक्रिया पूरी करनी होगी। उन्होंने कहा-मुझे पूरा भरोसा है कि अगर उन्हें साझेदारी करनी है, तो वे जरूरी प्रक्रिया को पूरा करेंगे। वहीं गवर्नर शक्तिकांत दास ने बृहस्पतिवार को कहा कि पेटीएम मामले में व्यवस्था के स्तर पर चिंता की कोई बात नहीं है।

राष्ट्रीय

अंतरिम बजट एवं वित्त विधेयक को मिली संसद की मंजूरी

वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट को पारित करने की प्रक्रिया पूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

संसद ने बृहस्पतिवार को अंतरिम बजट 2024-25, वित्त विधेयक, 2024 और जम्मू कश्मीर के अंतरिम बजट 2024-25 को मंजूरी प्रदान कर दी और इस तरह वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट को पारित करने की प्रक्रिया पूरी हुई।

उच्च सदन में अंतरिम बजट 2024-25, वित्त विधेयक, 2024 और जम्मू कश्मीर के अंतरिम बजट 2024-25 और अनुदान की अनुपूरक मांगों एवं इससे संबंधित विधेयक पर हुई संयुक्त चर्चा पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के जवाब के बाद इन्हें ध्वनिमत से लौटा दिया गया। लोकसभा इन्हें कल ही पारित कर चुकी है। इसी के साथ संसद ने केंद्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के लिए 1.8 लाख करोड़ रुपये के बजट को भी मंजूरी दे दी। वित्त मंत्री सीतारमण ने आज उच्च सदन में अर्थव्यवस्था को लेकर एक श्वेत पत्र भी प्रस्तुत किया। वित्त मंत्री ने एक फरवरी को लोकसभा में अंतरिम बजट 2024-25 रखा था। इस बार चुनावी वर्ष होने के कारण अंतरिम बजट लाया गया है।

संविधान (अनुसूचित जातियां एवं अनुसूचित जनजातियां) आदेश (संशोधन) विधेयक 2024 पारित: लोकसभा ने संविधान (अनुसूचित जातियां एवं अनुसूचित जनजातियां) आदेश (संशोधन) विधेयक 2024 को गुरुवार को ध्वनि मत से पारित कर दिया। जनजातीय मामलों की राज्य मंत्री भारतीय प्रवीण पवार ने विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि यह विधेयक आंध्र प्रदेश तथा ओडिशा की उन जातियों के लिए महत्वपूर्ण होगा जिन्हें आज तक न्याय नहीं मिला। उनका कहना था कि उन्हें न्याय दिलाने के लिए यह संशोधन विधेयक लाया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल से देश में जनजातियों का विकास हो रहा है।

जल संशोधन विधेयक 2024 को भी संसद में मंजूरी

संसद ने बृहस्पतिवार को 'जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) संशोधन विधेयक 2024' को मंजूरी दी, जिसमें जल प्रदूषण से संबंधित छोटे अपराधों को जेल की सजा की श्रेणी से बाहर करने, केंद्र को राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों के अध्यक्षों की सेवा शर्तों को निर्धारित करने में सक्षम बनाने और औद्योगिक संयंत्रों की कुछ श्रेणियों को वैधानिक प्रतिबंधों से छूट देने का प्रावधान किया गया है। लोकसभा में आज विधेयक पर चर्चा और पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव के जवाब के बाद इस विधेयक को ध्वनिमत से मंजूरी दी गई। लोकसभा में विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि राज्यों के प्रदूषण बोर्डों के लिए कुछ नियम तय किए जा रहे हैं।

लोकतंत्र के मंदिर को प्रासंगिक बनाए रखने का किया गया प्रयास: धनखड़



राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि लोकतंत्र के इस मंदिर को संवाद, बहस और विचार-विमर्श का मंच बनाकर प्रासंगिकता बनाए रखने का प्रयास किया गया है। श्री धनखड ने गुरुवार को राज्यसभा में सेवानिवृत्त हो रहे सदस्यों के विदाई कार्यक्रम में कहा कि यह हम सभी के लिए एक भावनात्मक अवसर है। सदन के 68 सहयोगियों को विदाई दी जा रही है। ये सदस्य अपना कार्यकाल पूरा होने के बाद फरवरी से मई के बीच सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि सेवानिवृत्त होने वाले सदस्य भी भारत और प्रत्येक भारतीय के हित को आगे बढ़ाने के अपने प्रयासों के लिए गहन संतुष्टि की भावना के साथ जाएंगे।

भारत-म्यांमा सीमा पर मुक्त आवागमन व्यवस्था खत्म

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया मंच पर दी जानकारी

▸▸ कहा-देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए लिया गया फैसला

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि केंद्र ने देश की आंतरिक सुरक्षा और पूर्वोत्तर राज्यों की जनसांख्यिकीय संरचना को बनाए रखने के लिए भारत-म्यांमा मुक्त आवागमन व्यवस्था (एफएमआर) को खत्म करने का फैसला किया है। शाह ने कहा, चूंकि विदेश मंत्रालय फिलहाल इसे खत्म करने की प्रक्रिया में है, गृह मंत्रालय (एमएचए) ने एफएमआर को तत्काल निलंबित करने की सिफारिश की है। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने इस कदम के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री शाह को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह कदम आंतरिक सुरक्षा के लिये अहम है। एफएमआर भारत-म्यांमा सीमा के करीब रहने वाले लोगों को बिना किसी दस्तावेज के एक-दूसरे के क्षेत्र में 16 किमी तक जाने की अनुमति देता है।

शाह ने एक्स पर कहा-हमारी सीमाओं को सुरक्षित करना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का संकल्प है। गृह मंत्रालय (एमएचए) ने फैसला किया है कि देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने और म्यांमा की सीमा से लगे भारत के पूर्वोत्तर राज्यों की जनसांख्यिकीय संरचना को बनाए रखने के लिए भारत और म्यांमा के बीच मुक्त आवाजाही व्यवस्था (एफएमआर) को खत्म कर दिया जाएगा। यह घोषणा शाह के इस बयान के दो दिन बाद आई कि भारत ने पूरी 1,643 किलोमीटर लंबी भारत-म्यांमा सीमा पर बाड़ लगाने का फैसला किया है। मिजोरम, मणिपुर, नगालैंड और अरुणाचल प्रदेश से होकर गुजरने वाली भारत-म्यांमा सीमा वर्तमान में एफएमआर है। इसे 2018 में भारत की 'पूर्वोन्मुख नीति' के हिस्से के रूप में लागू किया गया था। मणिपुर के मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा-हमारी सीमाओं को सुरक्षित करने की प्रतिबद्धता के लिए माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी और माननीय गृह मंत्री अमित शाह जी का बहुत आभारी हूं। जैसा कि भारत के गृह मंत्री ने सिफारिश की है।

एक नजर

सड़क दुर्घटना में चार की मौत, 15 घायल

रायगंज। पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले में एक तेज रफ्तार ट्रक दो वाहनों से टकराकर पलट गया, जिससे एक स्वयंसेवी सहित चार लोगों की मौत हो गई और कम से कम 15 लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह दुर्घटना बुधवार देर रात राष्ट्रीय राजमार्ग-12 पर करणदिघी में तुंगीदिघी बस स्टैंड के पास हुई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, ''तेज रफ्तार ट्रक पहले दो चलती गाड़ियों से टकराया और इसके बाद पलट गया। इस हादसे में एक साइकिल सवार समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि अन्य 15 लोग घायल हो गए।

फर्जी पहचान से यात्रा कर रहे 2 गिरफ्तार

इंदौर (मध्यप्रदेश)। चेन्नई से इंदौर आए दो लोगों को पुलिस ने फर्जी पहचान पत्रों के आधार पर यात्रा करने के आरोप में यहां के देवी अहिल्याबाई होलकर हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) आदित्य मिश्रा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहम्मद उमर (43) और जाकिर हुसैन (30) के रूप में हुई है।

नक्सलियों के साथ पुलिस की मुठभेड़ डेटोनेटर और विस्फोटक सामग्री जब्त

गढ़चिरौली। महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में पुलिस ने नक्सलियों से मुठभेड़ के बाद कुछ विस्फोटक सामग्री, डेटोनेटर और अन्य चीजें जब्त की हैं। गढ़चिरौली के पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने कहा कि उन्हें बुधवार शाम को जानकारी मिली थी कि सशस्त्र नक्सली कैडर कांकेर-नारायणपुर-गढ़चिरौली सीमा पर वांगेतुरी से सात किलोमीटर पूर्व में हिद्दुर गांव में डेरा डाले हुए हैं। इसके बाद गढ़चिरौली पुलिस की विशेष लड़ाकू इकाई सी-60 यूनिट के जवानों की एक टीम को इलाके में तलाशी अभियान पर भेजा गया। उन्होंने कहा कि इस दौरान शाम करीब सात बजे हिद्दुर गांव से करीब 500 मीटर दूर नक्सलियों ने उन पर गोलीबारी की।

कांग्रेस को झटका, पूर्व मंत्री सिद्दीकी ने दिया इस्तीफा

मुंबई, एजेंसी

▸▸ अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा में शामिल होंगे

महाराष्ट्र की राजनीति में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस नेता एवं महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा जियाउद्दीन सिद्दीकी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्होंने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है और वह अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा में शामिल होंगे।

बाबा जियाउद्दीन सिद्दीकी को 'बाबा सिद्दीकी' के नाम से भी जाना जाता है। पूर्व केंद्रीय मंत्री मिलिंद देवड़ा के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल होने के एक महीने के भीतर शहर के दूसरे नेता ने कांग्रेस को अलविदा कहा है। सिद्दीकी के बेटे जीशान शहर से कांग्रेस विधायक हैं। बाबा सिद्दीकी ने हालांकि कहा कि वह (जीशान) अपना फैसला खुद लेंगे। सिद्दीकी (66) ने कांग्रेस छोड़ने के अपने फैसले का कोई कारण नहीं बताया है। पार्टी पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि कहने के लिए बहुत कुछ है लेकिन कुछ चीजों को अनकहा छोड़ दिया।

उत्कृष्ट सेवा के लिए भगत सिंह सहित कई कर्मचारी सम्मानित

उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी, अपर महाप्रबंधक अजय कुमार सिंघल, कार्मिक अधिकारी प्रमिला हिंगोरानी भार्गव की उपस्थिति में भगत सिंह को पुरस्कृत किया गया।

नई दिल्ली, ब्यूरो

उत्तर रेलवे का 68वां रेल सप्ताह

▸▸ पांचों मंडलों में राजधानी दिल्ली सबसे आगे

अमृत विचार: उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए उत्तर रेलवे के मुख्य टिकट निरीक्षक भगत सिंह सहित कई रेल कर्मचारियों को रेल सप्ताह के अंतर्गत सम्मानित किया गया है। जबकि लखनऊ, मुरादाबाद, अंबाला, फिरोजपुर व दिल्ली मंडलों में दिल्ली को सर्वश्रेष्ठ मंडल के लिए शील्ड प्रदान की गई है।

चाणक्यपुरी स्थित रेल संग्रहालय में आयोजित रेल सप्ताह समारोह के अंतर्गत उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने उत्कृष्ठ सेवा के लिए रेल कर्मियों को पुरस्कृत किया इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक अजय कुमार सिंघल, विभिन्न विभागों के प्रमुख विभागाध्यक्ष एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी, उत्तर रेलवे के कर्मचारी, यूनियनों, एसोसिएशनों और फेडरेशनों के सदस्यगण, उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष सन्नीति चौधुरी व उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन की सदस्याएं उपस्थित थीं। कार्य-निष्पादन मानकों के आधार पर महाप्रबंधक द्वारा 54 रनिंग शील्डें प्रदान की गईं। सभी क्षेत्रों में 'सर्वश्रेष्ठ कार्य निष्पादन' के लिए दिल्ली मंडल को ओवरॉल उत्कृष्टता शील्ड प्रदान की गई। फिरोजपुर मंडल को मितव्ययिता शील्ड प्रदान की गई। बेस्ट इम्प्रूव्ड डिवीजन शील्ड मुरादाबाद मंडल को प्रदान की गई।

विपक्षी सरकारों के खिलाफ युद्ध छेड़ रहा केंद्र : केजरीवाल

▸▸ जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान दिल्ली के मुख्यमंत्री ने लगाया आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन, भगवंत मान, फारूक अब्दुल्ला और अन्य लोगों ने भाजपा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए उस पर विपक्षी दलों के नेतृत्व वाली राज्य सरकारों के खिलाफ युद्ध छेड़ने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के नेतृत्व में केरल के वाम लोकतांत्रिक मोर्चा के नेताओं और सांसदों ने बृहस्पतिवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। केजरीवाल ने विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया।

प्रदर्शन में शामिल हुए केजरीवाल ने कहा-विपक्षी दलों के नेतृत्व वाली सरकारें देश के 70 करोड़ लोगों का प्रतिनिधित्व करती हैं। भाजपा ने विपक्ष शासित राज्यों के खिलाफ जंग छेड़ रखी है। उन्होंने हमारे लिये भारत-पाकिस्तान जैसी स्थिति बना दी है। केंद्र सरकार विपक्षी सरकारों को परेशान करने के लिए हर हथकंडा अपना रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र राज्य सरकारों को निधि देने से वंचित कर रहा है, राज्यपालों और उपराज्यपालों के माध्यम से काम में बाधा डाल रहा है तथा विपक्षी नेताओं के पीछे केंद्रीय एजेंसियों को लगा रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा-वह (केंद्र सरकार) उन्हें निधि देने से वंचित कर रही है, राज्यपालों और उपराज्यपालों के माध्यम से काम में बाधा डाल रही है। वह विपक्षी नेताओं को गिरफ्तार करने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का उपयोग करके उन्हें परेशान भी कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनकारी यहां अपने परिवारों के लिए भीख मांगने या कुछ मांगने नहीं आए हैं।

ईडी ने तेल कंपनी के दो प्रमोटरों को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय ने 300 करोड़ रुपये से अधिक के कथित बैंक धोखाधड़ी मामले में धन शोधन के आरोप में दिल्ली स्थित एक तेल एवं गैस एकीकृत सेवा प्रदाता कंपनी के दो प्रवर्तकों को गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि एसवीओजीएल ऑयल गैस एंड एनर्जी लिमिटेड के प्रेम सिंघी और पदम सिंघी को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया है। दोनों को राष्ट्रीय राजधानी की एक स्थानीय अदालत में पेश किया जाएगा जहां ईडी हिरासत में पूछताछ के लिए उनकी रिमांड मांगेगी।

इंग्लैंड के स्पिनरों की सफलता का श्रेय कप्तान को: अहमद

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के दौरे पर इंग्लैंड के स्पिनरों ने शुरुआती दो टेस्ट मैचों में उम्मीदों से कही बेहतर प्रदर्शन किया है और युवा गेंदबाज रेहान अहमद ने इस सफलता का श्रेय टीम के माहौल और बेन स्टोक्स के नेतृत्व को दिया है। पांच मैचों की श्रृंखला इस समय 1-1 से बराबर है, लेकिन इसका आश्चर्यचकित करने वाला पहलू यह है कि इंग्लैंड के अनुभवहीन स्पिनरों ने भारतीय स्पिनरों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया है।

रेहान, टॉम हार्टले और शोएब बशीर की स्पिन गेंदबाजों की तिकड़ी दो मैचों में 33 विकेट चटकाए हैं तो वहीं रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव जैसे बेहद अनुभवी स्पिनरों ने आपस में 23 विकेट साझा किए हैं। 19 साल के अहमद ने कहा कि इससे पता चलता है कि टीम का माहौल कितना बढ़िया है। उन्होंने कहा कि अपने देखा होगा कि हार्टले और बशीर यहां आने के बाद दबाव में नहीं दिखे और इसका श्रेय टीम को जाता है।

रेहान ने कहा कि हमारी टीम में माहौल और नेतृत्व ऐसा है कि आप यह भूल जाते हैं कि आप किसके खिलाफ खेल रहे हैं। आपका ध्यान सिर्फ इस बात पर होता है कि आपको क्या करने की जरूरत है। टीम की नेतृत्व इकाई में स्टोक्स और मैकुलम जैसे दिग्गजों की मौजूदगी में रेहान ज्यादा दबाव लेने से बचना चाहते है। उन्होंने कहा कि उन्हें (स्टोक्स और मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम) इसकी परवाह नहीं है कि चीजें कितनी बुरी हो सकती हैं। यह हमेशा इस बारे में होता है कि आप इससे क्या हासिल कर सकते है।

टी-20 विश्व कप में सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज होंगे बुमराह : वेर्नोन

सभी प्रारूपों में बुमराह के प्रदर्शन से प्रभावित हुए दक्षिण अफ्रिका के पूर्व मध्यम गति के तेज गेंदबाज

जोहानिसबर्ग, एजेंसी

सभी प्रारूपों में जसप्रीत बुमराह के हालिया प्रदर्शन से प्रभावित दक्षिण अफ्रीका के पूर्व मध्यम गति के तेज गेंदबाज वेर्नोन फिलैंडर ने कहा है कि वह इस साल होने वाले टी-20 विश्व कप में भारत की सफलता की कुंजी रहने के साथ सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज भी साबित होंगे। इंग्लैंड के खिलाफ विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट में 9 विकेट लेकर भारत को 91 रन से जीत दिलाकर श्रृंखला में 1-1 से वापसी कराने वाले बुमराह आईसीसी टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज बन गए हैं। इससे पहले कपिल देव दिसंबर 1979 से फरवरी 1980 के बीच दूसरे नंबर पर पहुंचे थे। फिलैंडर ने कहा कि बुमराह इस समय मुकम्मिल गेंदबाज है। उनके पास जबर्दस्त कौशल है और उन्होंने सटीक गेंदबाजी का हुनर सीख लिया है, जिससे टेस्ट क्रिकेट में इतनी सफलता मिल रही है। पहले वह हर समय विकेट लेने वाली गेंद फेंकना चाहते थे जिससे महंगे साबित होते थे लेकिन अब उनके प्रदर्शन में निरंतरता है। उन्होंने कहा कि वह ऐसे गेंदबाज हैं जिन्हें टी-20 क्रिकेट में भी कमतर नहीं आंका जा सकता । वह नई गेंद से स्विंग कराते हैं और बल्लेबाज को आगे बढ़कर खेलने के लिए मजबूर करते हैं। उनके यॉर्कर काफी धारदार होते हैं और टी-20 क्रिकेट में यही तो चाहिए। मुझे लगता है कि वह टी-20 विश्व कप में सबसे कामयाब तेज गेंदबाज होंगे। टी-20 विश्व कप जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जाएगा।

बुमराह से पहले आईसीसी टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में दिसंबर 1979 से फरवरी 1980 के बीच दूसरे नंबर पर रहे कपिल देव

उन्होंने मोहम्मद शमी के लिए कहा कि वह गेंद को बखूबी स्विंग कराते हैं। दक्षिण अफ्रीका के लिए 64 टेस्ट में 224 विकेट लेने वाले इस गेंदबाज ने कहा कि बुमराह के अलावा मोहम्मद शमी भी हैं जो सीम का बखूबी इस्तेमाल करते हैं। दक्षिण अफ्रीका में गेंदबाजी करना आसान नहीं होता लेकिन भारत की सपाट पिचों पर गेंदबाजी करने के बाद उन्होंने जिस तरह यहां गेंदबाजी की, वह काबिले तारीफ है।

खेल डायरी

मेस्सी की मौजूदगी में इंटर मियामी को विस्सेल ने हराया

तोक्यो, एजेंसी। हांगकांग में प्रशंसकों को निराश करने के बाद लियोनेल मेस्सी यहां विस्सेल कोबे के खिलाफ इंटर मियामी के प्रदर्शनी मैच के आखिरी 30 मिनट के लिए मैदान में उतरे लेकिन उनकी मौजूदगी टीम को जीत नहीं दिला सकी। मेस्सी के पास इस मैच में गोल करने के दो मौके थे लेकिन उनका प्रयास विफल रहा। मैच के 80वें मिनट में गोलकीपर शोता आरिया ने उनके प्रयास को विफल कर दिया जबकि उनके दूसरे प्रयास को विस्सेल कोबे की रक्षापंक्ति ने असफल कर दिया। नियमित समय में मुकाबला गोलरहित छूटने के बाद पेनल्टी शूटआउट में विस्सेल कोबे ने 4-3 से जीत दर्ज की। मेस्सी ने हालांकि पेनल्टी किक नहीं लगाया जिससे स्टेडियम में मौजूद 29 हजार दर्शक ने निराशा में हूटिंग की। यह हूटिंग हालांकि हांगकांग से कम थी जहां प्रदर्शनी मैच में मेस्सी मैदान पर नहीं उतरे थे। वहां मेस्सी और इंटर मियामी को नाराज प्रशंसकों और सरकार दोनों की तीखी प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ा था। मेस्सी ने मंगलवार को ही संकेत दिया था कि वह चोट से उबर कर अच्छा महसूस कर रहे हैं और फिटनेस हासिल कर इस मैच के लिए मैदान पर उतरेंगे।

मुंबई ओपन के दूसरे दौर में कोर्नीवा से हारीं श्रीवल्ली

मुंबई, एजेंसी। भारतीय टेनिस खिलाड़ी श्रीवल्ली भादिमिपति एलएंडटी मुंबई ओपन के दूसरे दौर के मुकाबले में रूस की 16 वर्षीय अलीना कोर्नीवा से हार गईं। भारतीय खिलाड़ी से 380 पायदान ऊपर रैंकिंग वाली कोर्नीवा ने बुधवार को क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया (सीसीआई) परिसर में श्रीवल्ली को दो घंटे 25 मिनट तक चले मुकाबले में हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। मुंबई ओपन की शीर्ष पांच वरीयता प्राप्त खिलाड़ी प्रतियोगिता से बाहर हो गई हैं, जिससे छठी वरीयता प्राप्त दारजा सेमेनिस्टाजा टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी हैं। लातविया की दारजा ने फ्रांस की अमांडाइन हेसे को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। चौथी वरीयता प्राप्त अरीना रोडियोनोवा और पांचवीं वरीयता प्राप्त लौरा पिगोसी बुधवार को एकल स्पर्धा से बाहर हो गईं। युगल मुकाबलों में सहजा यमलापल्ली और वैष्णवी अदकर की भारतीय जोड़ी दूसरी वरीयता प्राप्त सबरीना सांतामारिया और डेलिला जाकुपोविच से हार गई।

पटियाला में होगी आयु वर्ग की राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप

नई दिल्ली, एजेंसी। अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप का आयोजन अब 28 फरवरी से पटियाला में होगा। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के संचालन के लिए गठित तदर्थ समिति ने गुरुवार को यह घोषणा की। पहले इस प्रतियोगिता का आयोजन 11 से 17 फरवरी के बीच ग्वालियर में होना था लेकिन कुछ राज्य संघ ने समय कम होने पर इसमें भाग लेने में असमर्थता जताई थी। इसके बाद तदर्थ समिति ने इसे स्थगित कर दिया था। तदर्थ समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बाजवा ने कहा कि अंडर-15 और 20 वर्ग की फ्रीस्टाइल, ग्रीको रोमन और महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन अब 28 फरवरी से 5 मार्च तक पटियाला में नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान में होगा। राज्य संघों ने चैंपियनशिप की तैयारी के लिए अधिक समय देने के लिए कहा था जिसके बाद यह फैसला किया गया। बाजवा ने कहा कि इस चैंपियनशिप में 18 से 20 राज्यों के 1200 से 1400 खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है।

जेनेसिस इनविटेशनल में पहला मैच खेलेंगे वुड्स

लॉस एंजिलिस, एजेंसी। टाइगर वुड्स अगले हफ्ते रिवेरा में 'जेनेसिस इनविटेशनल' में भागीदारी के साथ सत्र का आगाज करेंगे। वह इसकी मेजबानी कर रहे हैं। वह पिछले साल मास्टर्स टूर्नामेंट के बाद पहली बार प्रतिस्पर्धी मुकाबले में उतरेंगे। वुड्स ने सोशल मीडिया पर लिखा कि वह 15 फरवरी से शुरू होने वाले 20 मिलियन डॉलर (1.66 अरब रुपये) पुरस्कार वाले पीजीए टूर के अगले आयोजन का 'मेजबान बनने को लेकर उत्साहित' है। रिवेरा गोल्फ कोर्स पर वुड्स ने बिना जीत दर्ज किए सबसे ज्यादा 12 मुकाबलों में भाग लिया है। वह पिछले सत्र में यहां संयुक्त 45वें स्थान पर थे। जेनेसिस इनविटेशनल में शानदार प्रदर्शन कर रहे खिलाड़ियों को भी भागीदारी का मौका मिलता है लेकिन वुड्स प्रायोजक से मिली छूट के साथ खेलेंगे।

पाकिस्तान को हराकर फाइनल में ऑस्ट्रेलिया, भारत से होगी भिड़ंत

अंडर-19 विश्व कप के दूसरे सेमीफाइन में टॉम ने लिए 6 विकेट और हैरी का अर्धशतक

बेनोनी (दक्षिण अफ्रीका), एजेंसी

टॉम स्ट्रेकर के 6 विकेट और हैरी डिक्सन के अर्धशतक के दम पर आस्ट्रेलिया ने गुरुवार को सेमीफाइनल में पाकिस्तान पर एक विकेट की रोमांचक जीत हासिल कर आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के फाइनल में प्रवेश किया, जिसमें उसका सामना गत चैम्पियन भारत से होगा। फाइनल रविवार को इसी स्टेडियम में खेला होगा।

पाकिस्तान के खिलाड़ी तेज गेंदबाज स्ट्रेकर (24 रन देकर 6 विकेट) के आगे संघर्ष करते रहे, जिससे टीम बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद महज 179 रन ही बना सकी। अराफात मिन्हास (52 रन) और अजान अवेस (52 रन) ने अर्धशतक लगाए। वहीं आस्ट्रेलियाई टीम भी पाकिस्तानी गेंदबाजों के आगे जूझती दिखी, इसके बावजूद 49.1 ओवर में 9 विकेट पर 181 रन बनाकर मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। इसमें डिक्सन (75 गेंद में 50 रन, 5 चौके) और ओलिवर पीके (75 गेंद में 49 रन, 3 चौके) की पारियां खेलीं। उधर, भारतीय टीम नौवां तो आस्ट्रेलिया अपना छठा फाइनल मैच खेलेगी। भारत ने रिकॉर्ड 5 खिताब जीते हैं जबकि आस्ट्रेलिया के नाम तीन ट्राफियां रही हैं। आस्ट्रेलिया ने 2010 में यह ट्राफी पाकिस्तान को हराकर जीती थी। आस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज डिक्सन और सैम कोन्सास (14) ने मिलकर 33 रन जोड़े लेकिन टीम ने 6.2 ओवर में 26 रन जोड़कर 4 विकेट गंवा दिए, जिससे टीम मुश्किल में थी। वहीं आस्ट्रेलिया के मध्यक्रम ने एक दो रन लेने के अलावा बीच-बीच में बाउंड्री से रन जुटाने पर ध्यान दिया। टूर्नामेंट में तीसरा अर्धशतक जड़ने वाले डिक्सन और पीके ने मिलकर पांचवें विकेट के लिए 43 रन जोड़े, लेकिन बाएं हाथ के स्पिनर मिन्हास ने डिक्सन के स्टंप उखाड़ दिए। पीके और टॉम कैम्पबेल (25 रन) ने कोई जोखिम उठाए बिना 44 रन बनाए। अराफात ने आर्म गेंद से कैम्पबेल के ऑफ स्टम्प उखाड़कर इस साझेदारी का अंत किया। 15 वर्षीय तेज गेंदबाज अली रजा ने पीके को आउट कर आस्ट्रेलिया को झटका दिया। रजा ने मांसपेशियों में खिंचाव के बावजूद गेंदबाजी की। उन्होंने अपने अंतिम ओवर में स्ट्रेकर और माहली बर्डमैन के विकेट लेकर आस्ट्रेलिया का स्कोर 9 विकेट पर 164 रन कर दिया। आस्ट्रेलिया का एक विकेट बचा था और जीत के लिए 16 रन चाहिए थे। राफ मैकमिलन (नाबाद 19 रन) और कैलम विडलर (नाबाद 3 रन) ने अंतिम ओवर में टीम को जीत दिलाई। गेंद से शानदार प्रदर्शन करने वाले पाकिस्तान ने पहले बल्ले से निराशाजनक प्रदर्शन किया। शैमिल हुसैन और शाजेब खान पहले पावरप्ले में पवेलियन लौट गए। आस्ट्रेलियाई गेंदबाज स्ट्रेकर, बर्डमैन और विडलर ने पिच से अच्छा उछाल हासिल कर पाकिस्तानी बल्लेबाजों को मुश्किल में डाला, जिससे वे पहले 10 ओवर में केवल 27 रन ही बना सके। पाकिस्तान के अवेस और मिन्हास ने छठे विकेट के लिए 54 रन की साझेदारी की थी। अवेस और मिन्हास ने मैदानी शॉट तथा एक या दो रन से स्कोर को आगे बढ़ाया। दोनों ने 14 ओवर तक बल्लेबाजी की। दोनों ने खुलकर खेलने का प्रयास किया तो स्ट्रेकर ने अवेस को आउट कर दिया। पाकिस्तान की सीनियर टीम के लिए तीन टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेल चुके मिन्हास ने जल्द 58 गेंद में अर्धशतक पूरा किया, लेकिन ऑफ स्पिनर कैम्पबेल के खिलाफ शॉट लगाने की कोशिश में ओलिवर पीके को आसान कैच देकर आउट हुए।

स्कोर बोर्ड

पाकिस्तान अंडर-19 179/10 (48.5 ओवर)

खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
शमील हुसैन कैच पीक बोल्ड स्ट्राकर	17	23	3/0
शाहजेब कैच वेइबगेन बोल्ड विडलर	04	30	0/0
अजान अवैस कैच हिक्स बोल्ड स्ट्राकर	52	91	3/0
साद बेग कैच डिक्सन बोल्ड स्ट्राकर	03	11	0/0
अहमद हसन पगबाधा मैक्मिलन	04	18	0/0
हारून अरशद बोल्ड बियर्डमैन	08	27	0/0
अराफात मिन्हास कैच पीक कैंपबेल	52	61	9/0
नवीद अहमद खान नाबाद	09	21	0/0
उबैद शाह कैच डिक्सन बोल्ड स्ट्राकर	06	05	1/0
मोहम्मद जीशान बोल्ड स्ट्राकर	04	06	1/0
अली रजा बोल्ड स्ट्राकर	00	01	0/0

अतिरिक्त: 20, **विकेट पतन:** 1-25, 2-27, 3-43, 4-53, 5-79, 6-133, 7-164, 8-173, 9-179, 10-179, **गेंदबाजी:** महली बियर्डमैन 10-0-38-1, कैलम विडलर 9-0-43-1, टॉम स्ट्राकर 9.5-1-24-6, राफ मैकमिलन 10-1-29-1, हरजस सिंह 4-0-16-0, टॉम कैंपबेल 6-0-23-1

ऑस्ट्रेलिया 181/9 (49.1 ओवर)

खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
हैरी डिक्सन बोल्ड अराफात मिन्हास	50	75	5
सैम कोन्स्टास बोल्ड अली रजा	14	31	2/0
ह्यू वेइबगेन कैच हारुन बोल्ड नावीद	04	12	0/0
हरजस सिंह रन आउट (अराफात /बेग)	05	06	0/0
रयान हिक्स बोल्ड उबैद शाह	00	01	0/0
ओलिवर पीक स्टंप बेग बोल्ड अली रजा	49	75	3/0
टॉम कैंपबेल बोल्ड अराफात मिन्हास	25	42	2/0
राफ मैकमिलन नाबाद	19	29	2/0
टॉम स्ट्राकर स्टंप बेग बोल्ड अली रजा	03	14	0/0
महली बियर्डमैन बोल्ड अली रजा	00	03	0/0
कैलम विडलर नाबाद	02	09	0/0

अतिरिक्त: 10, **विकेट पतन:** 1-33, 2-43, 3-54, 4-59, 5-102, 6-146, 7-155, 8-164, 9-164, **गेंदबाजी:** उबैद शाह 10-0-44-1, मोहम्मद जीशान 6.1-0-40-0, नावीद अहमद खान 10-0-25-1, अली रजा 10-2-34-4, अहमद हसन 2-0-8-0, हारून अरशद 1-0-7-0, अराफात मिन्हास 10-1-20-2

चुनौतीपूर्ण होगा पेरिस ओलंपिक: पीवी सिंधु

नई दिल्ली, एजेंसी

चोटिल होने से पिछले कुछ समय से बाहर रहने के बाद अब वापसी के लिए तैयार दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु का मानना है कि पेरिस ओलंपिक चुनौतीपूर्ण होगा और उन्हें स्वर्ण पदक हासिल करने के लिए अधिक होशियार होना होगा। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधु पिछले कुछ समय से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रही है। पिछले 18 महीनों में उन्हें चोटों और खराब फॉर्म से जूझना पड़ा। राष्ट्रमंडल खेल 2022 के दौरान उनके बाएं टखने में चोट लगी थी जबकि पिछले साल अक्टूबर में फ्रेंच ओपन के दौरान उनका बायां घुटना चोटिल हो गया था। सिंधु ने कहा कि इस बार ओलंपिक में अलग तरह का अनुभव मिलने वाला है क्योंकि 2016 और 2020 के ओलंपिक पूरी तरह से भिन्न थे। पेरिस ओलंपिक अधिक चुनौतीपूर्ण होगा लेकिन मैं अब अधिक अनुभवी हो गई हूं और इस बार मुझे अधिक होशियारी से खेल खेलना होगा।

यकीन है विश्व कप जीतेंगे : सहारन

बेनोनी, एजेंसी

लगातार पांचवीं बार अंडर-19 विश्व कप फाइनल में पहुंची भारतीय टीम के कप्तान उदय सहारन ने इसका श्रेय खिलाड़ियों के आपसी तालमेल को देते हुए कहा है कि फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके उनकी टीम इतिहास में नाम दर्ज कराने के लिए लालायित है। भारत का अंडर-19 विश्व कप में दबदबा इसी बात से साबित होता है कि पिछले 9 में से 7 बार टीम फाइनल में पहुंची है। हर बार किसी खिलाड़ी ने जिम्मेदारी लेकर टीम को जीत तक पहुंचाया है। सहारन ने विलोरमूर पार्क पर टीम के अभ्यास सत्र से इतर दिए इंटरव्यू में कहा कि हमारी टीम के अच्छे प्रदर्शन का राज आपसी तालमेल है। हमारी बॉडिंग इतनी अच्छी है कि ड्रेसिंग रूम का माहौल बहुत दोस्ताना है। सभी एक दूसरे पर भरोसा करते हैं और एक दूसरे की मदद को तत्पर रहते हैं। इसी से प्रदर्शन ग्राफ लगातार अच्छा रहा है। श्रीगंगानगर से निकले इस खिलाड़ी ने कहा कि बहुत गर्व की बात है कि हम लगातार पांचवीं बार फाइनल में पहुंचे हैं।



12 जुलाई को आएगी जॉन की 'वेदा'

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम की आने वाली फिल्म वेदा 12 जुलाई को रिलीज होगी। जॉन अब्राहम ने इंस्टाग्राम पर फिल्म वेदा के दो पोस्टर रिलीज किए हैं, जिसमें से पहली तस्वीर में जॉन गन और बंदूक लिए खड़े दिख रहे हैं. लेकिन चेहरा नजर नहीं आ रहा है, वहीं दूसरे पोस्टर में फिल्म के नाम के साथ जॉन अब्राहम और श्रावरी नजर आ रही हैं। निर्देशक निखिल आडवाणी ने बताया, 'वेदा' सिर्फ एक फिल्म नहीं है। यह रियल लाइफ स्टोरी से प्रेरित है और हमारे समाज का आईना भी है। जॉन, शरवरी और अभिषेक बनर्जी के साथ काम करना एक शानदार अनुभव बताया। उन्होंने कहा- मुझे आखिरकार रिलीज की तारीख की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। जी स्टूडियोज, एम्मे एंटरटेनमेंट और जेए एंटरटेनमेंट द्वारा प्रोड्यूस और निखिल आडवाणी द्वारा निर्देशित, असीम अरोड़ा द्वारा लिखित, 'वेदा' 12 जुलाई, 2024 को रिलीज होगी।

पवन सिंह की फिल्म जियो मेरी जान का मोशन पोस्टर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह की आने वाली फिल्म जियो मेरी जान का मोशन पोस्टर रिलीज हो गया है। जेपी स्टार पिक्चर्स प्रस्तुत फिल्म जियो मेरी जान के मोशन पोस्टर को जेपी स्टार भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज भी किया गया है। मोशन पोस्टर के अंत में पवन सिंह का लुक भी आउट होता है, जिसमें उनके चेहरे पर कट्स और माथे पर खून लगा हुआ नजर आ रहा है। मोशन पोस्टर जारी होने के बाद फिल्म को लेकर पवन सिंह ने कहा कि यह फिल्म बेहद धमाकेदार होने वाली है। हमने इस फिल्म में शानदार काम किया है, लेकिन अंतिम फैसला दर्शकों का होगा। फिर भी हम इस बात का दावा करते हैं कि इस फिल्म में जो एक्शन देखने को मिलेगा।

'झलक दिखला जा' में शाहिद ने की अद्रिजा की तारीफ



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर ने झलक दिखला जा के मंच पर अद्रिजा सिन्हा की तारीफ की है। इस वीकेंड, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर झलक दिखला जा के 'लव स्पेशल' एपिसोड में सभी प्रतियोगी मनमोहक परफॉर्मेंस के जरिए प्यार की अपनी परिभाषा व्यक्त करेंगे। जावेद जाफ़री, विशेष अतिथि के रूप में इस एपिसोड की शोभा बढ़ाएंगे, जबकि शाहिद कपूर और कृति सैनन भी फिल्म, 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' को प्रमोट करने के लिए मौजूद होंगे। कोरियोग्राफर आकाश थापा के साथ, अद्रिजा सिन्हा, शाहिद और कृति की आगामी फिल्म के गीत लाल पीली अंखियां पर अपने प्रदर्शन के साथ एक बार फिर जादू जगाने के लिए तैयार हैं। शाहिद कपूर ने अद्रिजा की तारीफ करते हुए कहा, मैं केवल इतना कह सकता हूं कि आज वह दिन है जब फैन एक्ट से बेहतर डांस करता है; पूरे एक्ट के दौरान मेरी नजरें अद्रिजा से हट ही नहीं रही थीं। अद्रिजा, आप इसके मालिक हैं। आपकी हर धड़कन, हर कदम, हर अभिव्यक्ति, मैं आपके भीतर से फूटते डांस को महसूस कर सकता हूं। आपमें अपार प्रतिभा है और आप डांस फ्लोर के लिए ही पैदा हुए हैं। आज आपको देखकर मैंने बहुत कुछ सीखा है, इसके लिए आपका शुक्रिया। कृति सैनन ने कहा, यह अविश्वसनीय था, क्या परफॉर्मेंस है! मुझे इसका हर पल बेहद पसंद आया। आपने जिस तरह से डांस किया, आपकी ऊर्जा और आपके चेहरे के भाव अद्भुत थे। मैं सचमुच एक फैन हूं। 'लाल पीली अंखिया' में, एक पल में, आप अपनी जीभ बाहर निकालकर चंचल थीं, और अगले ही पल, आप एक पटाखे की तरह थीं। मैं इस गाने पर कभी इस तरह के एक्ट की कल्पना भी नहीं कर सकती थी।

सोनम कपूर बनीं ब्लेंडर्स प्राइड ग्लासवेयर फैशन नेक्स्ट का शो स्टॉपर

नई दिल्ली, एजेंसी। ब्लेंडर्स प्राइड ग्लासवेयर फैशन नेक्स्ट के पहले संस्करण में फैशन डिज़ाइनर रिमज़िम दादू ने युवा दिल की आज़ादी को अपनाने की ओर समर्पित चयनशील कैप्सूल कलेक्शन को प्रदर्शित किया, जिसका शो स्टॉपर अभिनेत्री सोनम कूपर रहीं। वैश्विक फैशन और लाइफस्टाइल ट्रेंड्स के प्रभावों को प्रस्तुत करते हुए, फैशन नेक्स्ट को तीन अनूठी थीम्स पर क्यूरेट किया गया है जो उभरते फैशन के शीर्ष पर हैं: हॉलिडे वियर में लक्ज़री फैशन के प्रभाव का प्रतिनिधित्व करने वाला, वांडरलक्स; हाई फैशन में ग्लैमर की आधुनिक व्याख्या का प्रतिनिधित्व करने वाला, ग्लॉस ऐंड ग्लैम; और भविष्यवाद से प्रेरित फैशन का प्रतिनिधित्व करने वाला, इंटरग्लैमैटिक। अपने शोकेस में इन तीन थीम्स को बुनते हुए, फैशन डिज़ाइनर रिमज़िम दादू ने ऐसा कलेक्शन पेश किया, जो ग्लैमर के साथ फ्यूचरिस्टिक फैशन के सार को जोड़ता है। इसकी पहचान दादू की नवीन टेक्सटाइल और तकनीकें हैं। स्कल्प्टेड मैटेलिक कॉर्ड्स और मेश को फ्यूचरिस्टिक फैब्रिक में ट्रांसफॉर्म किया गया हैं, जो उनके कल के दृष्टिकोण को स्पष्ट करता है।

खुशी कक्कर और लवली काजल का लोकगीत 'ससुरा में राज करी बनके रानी' हुआ रिलीज

मुंबई, एजेंसी। गायिका खुशी कक्कर और अभिनेत्री लवली काजल का भोजपुरी लोकगीत 'ससुरा में राज करी बनके रानी' रिलीज हो गया है। भोजपुरी लोकगीत 'ससुरा में राज करी बनके रानी' की, वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है, जिसके वीडियो में लवली काजल नाचते और ठुमका लगाते हुए खूब अपनी बड़ाई कर रही है। इसको खुशी कक्कड़ ने गाया है। गाने के वीडियो में लवली ठुमका लगाते हुए कहती है कि... 'हमर बलमुआ हवें हो इकलौता, दादा दादी के दुलारा हवे पोता, नाही देवरानी न घर मे जेठानी, करी ससुरा में राज हम बनके रानी..' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी लोकगीत 'ससुरा में राज करी बनके रानी' निर्माता रत्नाकर कुमार है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

यूसीसी... कितना नफा कितना नुकसान

दशकों से, भारत में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की अवधारणा गरमागरम बहस और चर्चा का विषय रही है। यूसीसी के पीछे मूल विचार विवाह, तलाक, विरासत और गोद लेने जैसे व्यक्तिगत मामलों को नियंत्रित करने वाले कानूनों का एक सेट स्थापित करना है, जो सभी नागरिकों पर उनकी धार्मिक संबद्धता की परवाह किए बिना लागू हो। हालांकि, भारत के विविध धार्मिक परिदृश्य को देखते हुए, इस तरह के कोड को लागू करने की राह जटिलताओं और संवेदनशीलता से भरी हुई हैं। आइए जानते हैं यूसीसी लागू करने पर कितना नफा और कितना नुकसान होगा।

समान नागरिक संहिता पर क्या कहता है भारतीय संविधान

भारत का संविधान, अनुच्छेद 44 के तहत, निर्देशक सिद्धांत को स्थापित करता है कि राज्य अपने नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता को सुरक्षित करने का प्रयास करेगा। फिर भी, मुद्दे की जटिल प्रकृति को देखते हुए, यूसीसी को अधिनियमित करने का निर्णय सरकार पर छोड़ दिया गया। वर्षों से कई चर्चाओं के बावजूद, एक के बाद एक सरकारें अपनी विवादास्पद और राजनीतिक रूप से संवेदनशील प्रकृति के कारण यूसीसी को लागू करने की चुनौती से जूझ रही हैं।

हिंदू विवाह अधिनियम

हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 और हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 जैसे अधिनियमों द्वारा शासित, हिंदू व्यक्तिगत कानून प्राचीन धार्मिक ग्रंथों और रीति-रिवाजों से निकले हैं। ये कानून हिंदू महिलाओं के लिए समान विरासत अधिकार सुनिश्चित करते हैं, जो लैंगिक समानता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

मुस्लिम पर्सनल लॉ

भारत में मुसलमान शरिया सिद्धांतों पर आधारित मुस्लिम पर्सनल लॉ का पालन करते हैं। मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरीयत) एप्लीकेशन एक्ट, 1937, मुसलमानों के बीच विवाह, तलाक, विरासत और रखरखाव जैसे मामलों को नियंत्रित करता है।

भारत में विभिन्न नागरिक संहिताएं

भारत में, जीवन के विभिन्न पहलुओं को नियंत्रित करने वाले व्यक्तिगत कानून धार्मिक ग्रंथों और रीति-रिवाजों में गहराई से निहित हैं, जिसके परिणामस्वरूप विभिन्न धार्मिक समुदायों के लिए अलग-अलग नागरिक कोड बने हैं।

अन्य समुदाय

ईसाई, पारसी और यहूदी 1925 के भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम द्वारा शासित होते हैं, जिनमें से प्रत्येक के विवाह, विरासत और संबंधित मामलों से संबंधित अपने प्रावधान हैं।

यूसीसी से जुड़े विवाद

समान नागरिक संहिता पर बहस बहुआयामी है, जो भारत की धार्मिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक विविधता को दर्शाती है।

धार्मिक और सांस्कृतिक विविधता

आलोचकों का तर्क है कि यूसीसी एक समान संहिता के साथ व्यक्तिगत धार्मिक कानूनों को प्रतिस्थापित करके भारत की समृद्ध धार्मिक और सांस्कृतिक विविधता को कमजोर कर सकता है। उन्हें डर है कि यह धार्मिक स्वतंत्रता पर आघात कर सकता है और देश के सांस्कृतिक ताने-बाने को नष्ट कर सकता है।

अल्पसंख्यक अधिकारों का संरक्षण

विरोधी अल्पसंख्यक समुदायों पर प्रभाव के बारे में चिंता व्यक्त करते हैं, जिनके व्यक्तिगत कानून उनकी धार्मिक पहचान का अभिन्न अंग हैं। उन्हें चिंता है कि यूसीसी उनके अधिकारों और सांस्कृतिक स्वायत्तता को कमजोर कर सकता है, जो भारत जैसे बहुलवादी समाज में आवश्यक है।

राजनीतिक विचार

यूसीसी अक्सर राजनीतिक पैंतरेबाजी का एक उपकरण बन जाता है, पार्टियां इसका उपयोग अपने मतदाता आधार को आकर्षित करने के लिए करती हैं। हालांकि इसकी खूबियों और कमियों पर वास्तविक चर्चा अक्सर राजनीतिक गणनाओं में पीछे रह जाती है।

लैंगिक समानता और महिलाओं के अधिकार

समर्थकों का तर्क है कि यूसीसी कुछ व्यक्तिगत कानूनों में भेदभावपूर्ण प्रथाओं को समाप्त करके लैंगिक समानता को बढ़ावा देगा। हालांकि विरोधियों का मानना है कि धार्मिक स्वतंत्रता से समझौता किए बिना मौजूदा ढांचे के भीतर लैंगिक न्याय हासिल किया जा सकता है।

एक नजर

श्रीलंकाई नौसेना ने 19 भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार

कोलंबो। श्रीलंका ने उत्तरी जाफना प्रांत में डेफ्ट द्वीप के पास अपने जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में 19 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर उनकी दो नौकाओं को जब्त कर लिया है। श्रीलंका की नौसेना ने बताया है कि, यह एक महीने के भीतर इस तरह की दूसरी घटना है। श्रीलंका की नौसेना ने एक बयान में कहा कि उसने तटरक्षक बल के साथ एक अभियान में बुधवार को श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ रहे 19 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार करने के साथ-साथ उनकी दो नौकाओं को भी जब्त कर लिया। पकड़े गए मछुआरों और उनकी दो नौकाओं को कांकेसंथुराई बंदरगाह ले जाया गया।

आइसलैंड में ज्वालामुखी विस्फोट

ग्रिंडाविक (आइसलैंड)। दक्षिण-पश्चिमी आइसलैंड में दिसंबर के बाद से तीसरी बार फटा ज्वालामुखी, जिससे आकाश में धुएं का गुबार छा गया। द्वीपीय राष्ट्र के सबसे बड़े पर्यटक केंद्रों में से एक ब्लू लैगून स्पा को खाली कराना पड़ा। आइसलैंड के मौसम विज्ञान कार्यालय ने कहा कि विस्फोट माउंट सुंधनुकुर के उत्तर-पूर्व में तीन किलोमीटर दरार आने के साथ शुरू हुआ। ज्वालामुखी फटने की यह घटना 3,800 लोगों की आबादी वाले तटीय शहर ग्रिंडाविक से लगभग चार किलोमीटर उत्तर-पूर्व में हो रही है, जिसे 18 दिसंबर को पिछले विस्फोट से पहले खाली करा लिया गया था।

अमेरिकी सेना के हमले में हिजबुल्लाह का कमांडर ढेर

वाशिंगटन। इराक में अमेरिका की सेना के हमले में कताइब हिजबुल्लाह के एक कमांडर की मौत हो गई। अमेरिकी राष्ट्रपति प्रशासन ने गुरुवार को बताया कि अमेरिकी बलों ने गुरुवार देर रात हमला किया, जिसमें बगदाद के कताइब हिजबुल्लाह कमांडर को मारा गया। यह कमांडर क्षेत्र में अमेरिकी सेनाओं पर हमलों की सीधे योजना बनाने और उनमें शामिल होने के लिये जिम्मेदार था। इस हमले में कोई आकस्मिक क्षति या नागरिक हताहत नहीं हुआ ।अमेरिका अपने लोगों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कार्रवाई करना जारी रखेगा।" गौरतलब है कि यह हमला 28 जनवरी को जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य अड्डे पर ड्रोन हमले के खिलाफ जारी अमेरिकी जवाबी कार्रवाई का हिस्सा था।

अमेरिका में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त पांच नौसैनिकों की मौत

वाशिंगटन। अमेरिका के कैलिफोर्निया में एक हेलीकॉप्टर हादसे में पांच नौसैनिकों की मौत हो गयी है। यूएस मरीन कॉर्प्स ने गुरुवार को पुष्टि की कि मंगलवार को कैलिफोर्निया में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में पांच नौसैनिकों की मौत हो गई। मरीन कॉर्प्स की ओर जारी बयान में कहा गया है, छह फरवरी को सीएच-53ई हेलीकॉप्टर दुर्घटना के बाद तीसरी मरीन एयरक्राफ्ट विंग के मरीन एयरक्राफ्ट ग्रुप 16 के मरीन हेवी हेलीकॉप्टर स्क्वाड्रन 361 के पांच नौसैनिकों की मौत हुई है। बता दें, प्रशिक्षण उड़ान के दौरान यह घटना घटी है। दुर्घटना की जांच चल रही है।

पाकिस्तान में आतंकी घटनाओं के बीच हुआ मतदान, इंटरनेट सेवाएं ठप रहीं

हाइब्रिड सरकार के आसार, सेना के हाथ में होगी नए पीएम की कमान

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान में छिटपुट हिंसा के बीच आम चुनाव के लिए गुरुवार शाम मतदान पूरा हो गया और मतगणना शुरू हो गई, शुक्रवार दोपहर तक ज्यादातर परिणाम आने की उम्मीद है।

चुनाव सर्वे में पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) को आगे माना जा रहा है। नवाज को सेना का समर्थन भी माना जा रहा है। बता दें, नवाज की पार्टी पीएमएलएन के नेतृत्व वाली हाइब्रिड सरकार बनने के आसार हैं। हाइब्रिड इसलिए क्योंकि पहले सरकारें सत्ता में आने के बाद सेना से समझौता करती थीं, लेकिन इस बार चुनाव से पहले की सेना और राजनीतिक दलों का गठजोड़ हो गया है। मतगणना संचालित कराने वाले पीठासीन अधिकारी ही रिटर्निंग ऑफिसर के जरिये चुनाव प्रबंधन व्यवस्था को सूचित करेंगे और परिणाम की घोषणा करेंगे।

चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से पूरा कराने के लिए मतगणना स्थलों के आसपास छह लाख सुरक्षाकर्मी मौजूद रहे। बता दें, नई सरकार बनाने के लिए किसी भी पार्टी को कुल 265 सीटों में से 133 सीटों पर जीत दर्ज करनी होगी।

मतगणना स्थलों के आसपास मौजूद रहे सुरक्षाकर्मी दूसरी तरफ मतदान करते पूर्व पीएम नवाज शरीफ।

चार पुलिसकर्मियों की मौत, 2 अन्य घायल

आतंकवादियों ने गुरुवार दोपहर को आम चुनाव के बीच खैबर पख्तूनख्वा के डेरा इस्माइल खान जिले के कुलाची में एक पुलिस मोबाइल वैन को निशाना बनाया। आतंकवादियों ने पहले यहां आईईडी ब्लास्ट किया और उसके बाद अंधाधुंध गोलियां बरसाईं, जिससे चारों ओर चीख-पुकार मच गई। खैबर पख्तूनख्वा में हुए इस आतंकी हमले में चार सुरक्षाकर्मियों की जान चली गई और 2 अन्य घायल हो गए। गृह मंत्रालय ने सुरक्षा कारणों के चलते चुनाव के दिन पूरे पाकिस्तान में मोबाइल सेवाओं को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया। कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा उपाय आवश्यक है।

सरकार का तख्तापलट और सेना का दखल

पाकिस्तान में चुनी हुई सरकार का तख्तापलट आम बात है, लेकिन इस बार चुनाव प्रक्रिया में भी सेना का दखल जारी है। सेना नवाज शरीफ को चौथी बार पीएम बनाना चाहती है लेकिन उन्हीं नवाज की सरकार का जनरल परवेज मुशर्रफ से तख्तापलट किया था। सेना, राष्ट्रपति और कोर्ट का दखल इतना है कि 1988 के बाद पाक में कोई भी निर्वाचित पीएम अपना 5 साल का कार्यकाल पूरा नहीं कर पाया।

निर्वाचित पीएम	कार्यकाल	सरकार क्यों गई
बेनजीर भुट्टो	1988-1990	राष्ट्रपति द्वारा सरकार भंग
नवाज शरीफ	1990-1993	इस्तीफा देना पड़ा
बेनजीर भुट्टो	1993 से 1996	राष्ट्रपति द्वारा बर्खास्त
नवाज शरीफ	1996 से 1999	मुशर्रफ द्वारा तख्तापलट
1999 से 2008 तक सैन्य तानाशाह सरकार के पीएम रहे		
युसुफ रजा गिलानी	2008 से 2012	सुप्रीम कोर्ट द्वारा अयोग्य
नवाज शरीफ	2013 से 2017	सुप्रीम कोर्ट द्वारा अयोग्य
इमरान खान	2018 से 2022	अविश्वास प्रस्ताव

पेस सैटेलाइट लॉन्च मौसम का पूर्वानुमान लगाने में मिलेगी मदद

केप केनवेरल। गर्म होती धरती के महासागरों और वायुमंडल का अंतरिक्ष से विस्तृत सर्वेक्षण करने के लिए अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा का जलवायु उपग्रह स्पेसएक्स के फॉल्कन राकेट से गुरुवार को रवाना हो गया। इस मिशन के तहत अंतरिक्ष से धरती पर मौजूद महासागरों, झीलों और नदियों का सर्वेक्षण किया जाएगा। मिशन का नाम प्लैंकटन, एरोसोल, क्लाउड, ओशन इकोसिस्टम (पेस) है। विज्ञानियों को उम्मीद है कि एक या दो महीने में डाटा मिलना शुरू हो जाएगा।

जेलों में गर्भवती हो रहीं महिला कैदी, हाईकोर्ट में याचिका दायर

▸▸ याचिका में कहा गया कि महिला बैरक में पुरुष कर्मियों पर लगे रोक

कोलकाता, एजेंसी। कलकत्ता उच्च न्यायालय में गुरुवार को एक जनहित याचिका दायर (पीआईएल) की गई। जिसमें जानकारी दी गई कि राज्य की जेलों में महिला कैदी गर्भवती हो रही हैं। याचिका में कहा गया है कि, सजा काटने के दौरान महिला कैदी गर्भवती हो रहीं हैं।

यह जानकारी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति टीएस शिवगनामन और न्यायमूर्ति सुप्रतिम भट्टाचार्य की पीठ के सामने लाई गई। याचिका में अदालत से सुधार गृहों के पुरुष कर्मचारियों के उन बाड़ो में काम करने पर रोक लगाने का अनुरोध किया गया, जहां महिला कैदियों को रखा जाता है। इसमें कहा गया कि यह एक बहुत ही गंभीर मामला है। न्याय मित्र ने अदालत को बताया कि जेलों में अब तक कम से कम 196 शिशुओं ने जन्म लिया है। यह मामला जेल के अंदर बंद महिलाओं की सुरक्षा से जुड़ा है। उन्होंने अदालत से आग्रह किया कि सुधार गृहों के पुरुष कर्मचारियों का उन बाड़ों में प्रवेश पूरी तरह रोका जाए, जहां महिला कैदियों को रखा जाता है। मुख्य न्यायाधीश शिवगनामन ने इस मामले में एक आदेश पारित किया और कहा, हमारे संज्ञान में लाया गया यह मुद्दा बहुत गंभीर है। हम इन सभी मामलों को आपराधिक मामलों की सुनवाई करने वाली पीठ को स्थानांतरित (ट्रांसफर) करना उचित समझते हैं।

मोदी को आगामी चुनाव में मिलेगा विदेश से भी समर्थन

वाशिगटन, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरा टर्म दिलाने के लिए देश ही नहीं विदेशों से भी अभियान चलाए जाने की तैयारी है। इसके लिए ओवरसीज फ्रेंड्स आफ बीजेपी ने कई योजनाएं बनाई हैं। इसमें देशभर में 25 लाख लोगों को फोन कर प्रधानमंत्री को एक बार फिर से जिताने के वोट देने की अपील की जाएगी।

साथ ही तीन हजार भारतवंशियों का प्रतिनिधिमंडल भारत भेजा जाएगा। यह देशभर में कई स्थानों पर भाजपा और उनके उम्मीदवारों के समर्थन में कैंपेन चलाएंगे।

▸▸ देशभर में होगी 25 लाख लोगों को फोन कर वोट देने की अपील

काल करने और विभिन्न राज्यों और भाषाओं के अनुसार रणनीति विकसित करने में मदद करने के लिए पूरे अमेरिका में दो दर्जन से अधिक टीमें भी बनाई गई हैं। संस्था की ओर से कहा गया है कि इसके लिए दिसंबर से तैयारियां जारी हैं।

ओएफबीजेपी यूएसए के अध्यक्ष अदापा प्रसाद ने बताया कि फरवरी में हम पूरे अमेरिका में एक कार्यक्रम शुरू कर रहे हैं। हम न केवल ओवरसीज फ्रेंड्स आफ बीजेपी के समर्थकों और स्वयंसेवकों को इकट्ठा करने की कोशिश कर रहे हैं, बल्कि आम समुदाय, समुदाय के नेताओं और उन्हें इकट्ठा करने की कोशिश कर रहे हैं।

विवि में भारतीय छात्र ने की थी आत्महत्याः अमेरिकी अधिकारी

न्यूयॉर्क, एजेंसी। इंडियाना राज्य में स्थित प्रतिष्ठित पड्र्यू विश्वविद्यालय में डॉक्टरेट की पढ़ाई कर रहा एक भारतीय छात्र इस हफ्ते मृत पाया गया था। इस मामले में अधिकारियों ने बताया कि छात्र ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या की है। उसके सिर में गोली लगी है। मीडिया के अनुसार, समीर कामथ को पांच फरवरी की शाम को मृत पाया गया था।

उनका शव विश्वविद्यालय के क्रो ग्रोव में मिला था, जो एक प्रकृति संरक्षित क्षेत्र है। वॉरेन काउंटी के कोरोनर जस्टिन ब्रुमेट ने बुधवार को बताया था कि इंडियाना के क्रॉफड्संविले में छह फरवरी को कामथ का फोरेंसिक पोस्टमार्टम किया गया था। ब्रुमेट के कार्यालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि कामथ की मौत सिर में गोली लगने की वजह से हुई है। यह आत्महत्या का मामला है। उसने खुद को गोली मारी है। हालांकि, एक रिपोर्ट इस मामले में अभी और सामने आनी है।

फेसबुक लाइव पर उद्धव गुट के नेता को मारी गोली, हमलावर ने भी की आत्महत्या

मुंबई, एजेंसी

मुंबई के उपनगर दहिसर में शिवसेना (यूबीटी) के पूर्व सभासद अभिषेक घोसालकर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हमले के बाद हमलावर ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि पैसों के विवाद में अभिषेक पर हमला किया गया।

अभिषेक(फाइल)।

अभिषेक शिवसेना के पूर्व विधायक विनोद घोसालकर के पुत्र थे। शिवसेना (यूबीटी) के पूर्व सभासद अभिषेक घोसालकर को गुरुवार को मारिस नामक व्यक्ति ने अपने दहिसर स्थित कार्यालय में आयोजित महिलाओं के सांस्कृतिक कार्यक्रम में आमंत्रित किया था। कार्यक्रम में देररात तकरीबन साढ़े आठ बजे मारिस ने अभिषेक के साथ फेसबुक लाइव किया और कहा कि वह अभिषेक के साथ सामाजिक कार्य करना चाहता है। फेसबुक लाइव में अभिषेक कहते नजर आ रहे हैं कि हम दोनों के बीच मतभेद की खबरें आती रहती हैं, लेकिन अब हम लोग मिलकर क्षेत्र के गरीब लोगों के लिए काम करेंगे। यह कहकर अभिषेक हंसते हुए खड़े होते हैं और तभी मारिस ने अभिषेक पर गोलियां दाग दीं। फेसबुक लाइव के दौरान घटना को बड़ी संख्या में लोगों ने देखा। अभिषेक को गोली मारने के बाद कमरे से बाहर आकर मारिस ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। इधर, आनन-फानन अभिषेक को गंभीर हालत में नजदीकी करुणा अस्पताल ले जाया गया, जहां कुछ देर बाद उनकी मौत हो गई।

जम्मू-कश्मीर : श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर सारावल गांदरबल में हिमस्खलन हुआ है। किसी प्रकार का जान माल का नुकसान नहीं हुआ है। हिमस्खलन निर्माणाधीन जोजिला सुरंग से कुछ ही दूरी पर हुआ है। घाटी में अगले 24 घंटे तक चेतावनी जारी कर पहाड़ी हिस्सों में जाने की अनुमति नहीं दी गई है। ● एजेंसी

भारतवंशी वरुण श्रीमद् भगवद्गीता पर शपथ लेने वाले पहले सीनेटर बने

मेलबर्न, एजेंसी। भारतीय मूल के बैरिस्टर वरुण घोष, प्रतिष्ठित हिंदू धर्मग्रंथ भगवद गीता पर पद की शपथ लेने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई सीनेटर बन गए हैं।

लेबर पार्टी के 38 वर्षीय घोष ने मंगलवार को पार्टी की सीनेट सीट भरी, जो पिछले महीने स्वास्थ्य कारणों से पैट्रिक डोडसन की सेवानिवृत्ति के बाद खाली हो गई थी। ऑस्ट्रेलियाई विदेश मामलों के मंत्री और दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के सीनेटर पेनी वोंग ने एक्स पर कहा, पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के हमारे नवीनतम सीनेटर वरुण घोष का स्वागत है। सीनेटर घोष श्रीमद् भगवद्गीता पर शपथ लेने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई सीनेटर हैं। उन्होंने मंगलवार को कहा, मैंने अक्सर कहा है कि जब आप किसी चीज में प्रथम होते हैं, तो आपको यह सुनिश्चित करना होता है कि आप आखिरी नहीं हों। घोष 1980 के दशक में अपने माता-पिता के भारत से चले जाने और डॉक्टर के रूप में काम करने के बाद 17 साल की उम्र में पर्थ में लेबर पार्टी में शामिल हो गए थे।

विज्ञान पृथ्वी के वातावरण में टकराने के दौरान व्यवहार का पता देगी घटना, 21 जनवरी को गिरा था क्षुद्रग्रह

जर्मनी में गिरा क्षुद्रग्रह, पृथ्वी से संबंधित मिलेगी जानकारी

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचारः जर्मनी में गिरा क्षुद्रग्रह पृथ्वी के उत्पत्ति में प्रकाश डालने में मददगार साबित हो सकता है। यह क्षुद्रग्रह 21 जनवरी को गिरा था। इस घटना से क्षुद्रग्रह के पृथ्वी के वातावरण में टकराने के दौरान व्यवहार संबंधित कई नई जानकारियां मिल सकती है।

इस क्षुद्रग्रह को दुर्लभ अंतरिक्ष चट्टान माना जा रहा है। घटना के पांच दिन बाद यह क्षुद्रग्रह बरामद किया गया था। क्षुद्रग्रह का नाम 2024 बीएक्स1 है। वैज्ञानिकों द्वारा जांच करने के बाद पता चला कि चट्टान का यह टुकड़ा ऑब्राइट नामक दुर्लभ श्रेणी का है। इस तरह के टुकड़े सौर मंडल के पुराने दुर्लभ उल्कापिंड होने की पुष्टि करते हैं। अमेरिकी संस्था सेटी इंस्टीट्यूट के उल्का खगोलशास्त्री पीटर जेनिस्केंस व उनकी टीम ने इस घटना का अध्ययन किया और पाया कि यह वास्तव में पूर्व में पृथ्वी पर गिरे चट्टानों की पुष्टि करता है।

इस तरह के उल्कापिंड गिरने के केवल 11 उदाहरण अभी तक पाए गए हैं। खास बात यह है कि दुर्लभ क्षुद्रग्रह के नमूने एक ऐसे परिवार से हैं जो हमारे सौर मंडल के ज्ञात उल्कापिंडों का केवल 1 प्रतिशत है। 2024 बीएक्स1 के ऑब्राइट उल्कापिंड अन्य उल्कापिंडों से भिन्न हैं। क्योंकि उनमें काले कांच की मोटी परत के बजाय पारभासी कांच की परत है और उनका रंग ग्रे ग्रेनाइट जैसा है। इस घटना का दिलचस्प पहलु यह है कि इसकी कक्षा को समझ चुके है। जिससे पता चलता है कि इस उल्कापिंड का स्रोत क्षेत्र कहां था। वे संभवतः मंगल और बृहस्पति के बीच क्षुद्रग्रह बेल्ट के अंदरूनी हिस्से से आया था। यह एक ऐसी जगह है जहां संभवतः बहुत सारा मलबा है, एक टक्कर से बहुत सारे छोटे-छोटे टुकड़े बने जिन्हें क्षुद्रग्रह परिवार कहा जाता है।

जर्मनी में गिरे क्षुद्रग्रह की तस्वीर।

उल्कापिंड पृथ्वी के अतीत और भविष्य की कुंजी

2024 बीएक्स1 जैसे मुख्य बेल्ट क्षुद्रग्रहों का निर्माण सौर मंडल के ग्रहों के निर्माण के दौरान लगभग 4.5 अरब साल पहले हुआ था। तब सूर्य के आसपास की सामग्री से जो ग्रहों के निर्माण के दौरान नष्ट नहीं हुई थी। क्षुद्रग्रह 2024 बीएक्स1 के अवशेषों का अध्ययन न केवल पृथ्वी के अतीत को समझने में बल्कि मानवता के भविष्य की सुरक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण हो सकता है।

भारत और फ्रांस की नौसेना के बीच समुद्री सुरक्षा पर चर्चा

नई दिल्ली। भारत और फ्रांस की नौसेना के बीच नई दिल्ली में 17वीं स्टाफ वार्ता आयोजित की गई। बैठक में दोनों देशों की नौसेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने शिरकत की। इस दौरान परिचालन, प्रशिक्षण और सूचना का आदान-प्रदान समेत वर्तमान में नौसेना के सामने आ रही समस्याओं पर चर्चा की गई। गौरतलब है कि 17वीं भारत-फ्रांस नौसेना स्टाफ वार्ता छह से सात फरवरी तक दिल्ली में आयोजित की गई थी।

भारतीय नौसेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए कहा कि दोनों देशों की नौसेना के बीच समुद्री क्षेत्र के अपने अनुभवों को साझा किया। साथ ही कहा कि समुद्री क्षेत्र के खतरों पर भी वार्ता में चर्चा की गई। इस दौरान परिचालन, प्रशिक्षण समेत सहयोग के तरीकों पर बातचीत हुई। समुद्री क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की।

भारत को अमेरिका के नेतृत्व पर भरोसा नहीं, रूस के करीब

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में काफी कम समय रह गया है, जिसके कारण राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की उम्मीदवार बनने की रेस में शामिल निक्की हेली ने बाइडन का नाम लिए बिना तंज कसा है।

निक्की हेली ने कहा कि भारत अमेरिका के साथ भागीदार बनना चाहता है, लेकिन अभी उन्हें अमेरिकियों के नेतृत्व पर भरोसा नहीं है। भारतीय-अमेरिकी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की रेस में शामिल निक्की ने यह भी कहा कि नई दिल्ली ने मौजूदा वैश्विक स्थिति में चतुराई से खेला है और रूस के साथ करीब रहा है। मीडिया को दिए साक्षात्कार में 51 साल की हेली ने कहा कि फिलहाल भारत अमेरिका को कमजोर मानता है। उन्होंने कहा कि मैंने भारत के साथ भी डील की है। मैंने मोदी से बात की है। भारत हमारे साथ पार्टनर बनना चाहता है और वो रूस के साथ पार्टनर नहीं बनना चाहता। निक्की हेली ने कहा कि समस्या यह है कि भारत को हमारे नेतृत्व पर भरोसा नहीं है। वे अभी देख रहे हैं कि हम कमजोर हैं। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा चतुराई से खेला है और वे तभी रूस के साथ करीबी रूप से टिके हुए हैं, क्योंकि यहीं से उन्हें अपने बहुत सारे सैन्य उपकरण मिलते हैं। रिपब्लिकन नेता ने फॉक्स बिजनेस न्यूज से कहा कि भारत ने चीन पर कम निर्भर होने के लिए खुद को एक अरब डॉलर का प्रोत्साहन दिया।

▸▸ निक्की बोलीं अमेरिका का भागीदार बनना चाहता है भारत लेकिन बाइडन पर भरोसा नहीं

नक्सलियों के साथ पुलिस की मुठभेड़ विस्फोटक सामग्री जब्त

मुंबई। महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में नक्सलियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ के बाद क्षेत्र की तलाशी ली गई, जहां से विस्फोटक सामग्री, डेटोनेटर और अन्य सामान बरामद किया गया।

गढ़चिरौली के पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने बताया कि बुधवार देर रात को खुफिया जानकारी मिली थी कि कांकेर-नारायणपुर-गढ़चिरौली तिराहे पर वांगेतुरी से सात किलोमीटर पूर्व हिदुर गांव में सशस्त्र नक्सली डेरा डाले हुए हैं। सूचना पर गढ़चिरौली पुलिस की विशेष लड़ाकू इकाई सी-60 यूनिट के जवानों की एक टीम को इलाके में तलाशी के लिए भेजा गया। तलाशी में नक्सलियों ने जवानों पर गोलीबारी की। इस पर पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिसके बाद नक्सली घने जंगल और अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। विस्फोटक सामग्री, आईईडी बरामद किए गए हैं।